सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:57
अधिकतम तापमान : 30.0
न्यूनतम : 26.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-24 पेज-12
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 12 जुलाई 2024
05 मोहर्रम 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com

पूर्व अग्निवीरों को लेकर केंद्र सरकार का बड़ा फैसला

मिलेगा दस फीसदी आरक्षण

- बीएसएफ और सीआईएसएफ की भर्तियों में पूर्व अग्निवीरों को मिलेगा आरक्षण
- शारीरिक मानदंड में भी छूट मिलेगी
- वर्ष 2022 में आयी थी अग्निवीर योजना

तोहफा

नई दिल्ली। पूर्व अग्निवीरों के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। पूर्व अग्निवीरों को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की भर्तियों में दस फीसदी आरक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा उन्हें शारीरिक मानदंड (फिजिकल) में भी छूट दी जाएगी। बीएसएफ और सीआईएसएफ के प्रमुखों ने गुरुवार को इस बात की जानकारी दी है। यह फैसला केंद्रीय रक्षा मंत्रालय द्वारा लिया गया है। सीआईएसएफ महानिदेशक नीना सिंह और बीएसएफ के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने इस बात की जानकारी दी है। आपको बता दें कि हाल ही में अग्निवीर योजना को लेकर देश की संसद में काफी हंगामा मचा था। इसके ठीक बाद रक्षा मंत्रालय ने ये बड़े फैसले लिए हैं।

आपको बता दें कि हाल ही में अग्निपथ और अग्निवीर योजना को लेकर देश की संसद में काफी हंगामा मचा था। इसके ठीक बाद रक्षा मंत्रालय ने ये बड़े फैसले लिए हैं। सीआईएसएफ की महानिदेशक नीना सिंह ने बताया कि आगामी भर्तियों में पूर्व अग्निवीरों को दस प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा शारीरिक मानदंड (फिजिकल) और आयु में भी पूर्व अग्निवीरों को छूट दी जाएगी। पहले वर्ष में भर्ती के दौरान अग्निवीरों को आयु में पांच वर्ष की छूट दी जाएगी। इसके बाद, अगले वर्ष की भर्ती के दौरान आयु में तीन वर्ष की छूट मिलेगी। नीना सिंह ने आगे कहा कि इस तरह से सीआईएसएफ को भी पूर्व प्रशिक्षित सैन्य कर्मी मिल सकेंगे, जो कि बहुत फायदेमंद रहेगा। इससे पहले कई सरकारी एजेसियों द्वारा भी पूर्व अग्निवीरों की भर्ती घोषणा की गई है।

देश के सभी सुरक्षा बलों को फायदा मिलेगा: नितिन

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने कहा, 'पूर्व अग्निवीरों के पास चार वर्ष का अनुभव होगा। वे पूरी तरह से अनुशासित और प्रशिक्षित होंगे। यह बीएसएफ के लिए काफी मददगार साबित होगा। छोटे से प्रशिक्षण के बाद उन्हें देश की सीमाओं पर तैनात किया जाएगा। देश के सभी सुरक्षा बलों को फायदा मिलेगा। उन्होंने आगे कहा,'पूर्व अग्निवीरों को बीएसएफ भर्ती में 10 फीसदी आरक्षण मिलेगा। उन्हें आयु में भी छूट दी जाएगी।

युवाओं को चार साल के लिए सेना में भर्ती करने का है प्रावधान

वर्ष 2022 के जून महीने में केंद्र सरकार ने अग्निपथ योजना की शुरुआत की थी। इस योजना के तहत 17.5 वर्ष से 21 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं को चार साल के लिए सेना में काम करने का अवसर प्रदान किया गया। इसमें यह प्रावधान भी जोड़ा गया था कि इनमें से 25 फीसदी अग्निवीरों को अगले 15 वर्ष के लिए नौकरी पर बरकरार रखा जा सकता है। इसके बाद कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों ने केंद्र सरकार को घेरा था। यह आरोप लगाया गया था कि अगर 25 फीसदी अग्निवीरों को सेना में बनाए रखने के बाद बाकी 75 फीसदी अग्निवीरों का क्या होगा?

पूरी तैयारी रखें, कोई भूखा न रहे: योगी

सीएम योगी ने बाढ़ प्रभावित श्रावस्ती और बलरामपुर का किया हवाई सर्वे

आपदा

- पीड़ित परिवारों से की बातचीत
- उत्तर प्रदेश में 12 जनपद बाढ़ प्रभावित हैं
- राहत सामग्री वितरित की

बलरामपुर/श्रावस्ती। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को बाढ़ प्रभावित श्रावस्ती और बलरामपुर का हवाई सर्वे किया। उन्होंने अधिकारियों से बाढ़ प्रभावित इलाकों की जानकारी ली। साथ ही राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। सीएम ने दोनों जिलों के बाढ़ प्रभावित इलाकों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने आपदा से प्रभावित बच्चों और महिलाओं से मुलाकात की। साथ ही बाढ़ प्रभावितों को राहत सामग्री वितरित की। सीएम ने अपनों को खोने वाले परिजनों को 4 लाख रुपये की सहायता राशि का चेक भी प्रदान किया। उन्होंने बाढ़ प्रभावितों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने वाले पीएसी के जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इस बार भारी तैयारी होनी चाहिए ताकि कोई भूखा प्यासा न रहे। बाढ़ व कटान प्रभावित गांव में सर्पदंश व जानवरों के काटने की घटनाएं हो सकती है। इसके लिए सभी सीएचसी में एंटी स्नेक वेनम व एंटी रैबीज उपलब्ध कराने को कहा गया है। सरकार ऐसी स्थिति में तत्परता से कार्य कर रही है। हमने उन परिवारों से भी मुलाकात किया जो सात व आठ जुलाई की रात बाढ़ में फंस गए थे। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश में 33 तहसील, 633 गांव व 17 लाख 97 हजार आबादी बाढ़ की चपेट में आई है। जहां 18 हजार से अधिक पशु व एक लाख 45 हजार हेक्टेअर कृषि भूमि अचानक जलप्लावन के कारण प्रभावित हुई है। सभी गांवों में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, फ्लड पीएसी व स्थानीय स्तर पर नौकाओं की व्यवस्था की गई है।

116 गांव बाढ़ से प्रभावित

1,033 से अधिक बाढ़ शरणालय स्थापित किए गए हैं, जहां बाढ़ से प्रभावित लोग रह रहे हैं। श्रावस्ती में 116 गांव बाढ़ प्रभावित हैं या आंशिक रूप से प्रभावित हैं। यहां 15 गांवों में कटान की स्थिति है, जिसकी 76,000 की आबादी प्रभावित है। साथ ही 23,000 से अधिक हेक्टेयर कृषि भूमि प्रभावित है। राज्य सरकार पूरी ताकत के साथ राहत कार्य संचालित कर रही है। यही वजह है कि प्रदेश में अब तक जनहानि-धनहानि काफी कम है।

यूपी में बाढ़ का कहर

- लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर यातायात बंद
- खाली कराया गया मेडिकल कॉलेज पलायन को मजबूर लोग

शाहजहांपुर। यूपी के शाहजहांपुर में खन्नौत के बाद अब गर्रा नदी ने रौद्र रूप दिखाया है। खतरे के निशान से सौ सेमी ऊपर चल रहा गर्रा नदी का पानी लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर आने से यातायात बंद कर दिया गया है। राजकीय मेडिकल कॉलेज में पानी घुस जाने से सेवाएं ठप हो गई हैं। लगभग 250 सौ मरीज दूसरे अस्पतालों में शिफ्ट किए गए हैं तो आसपास की 15-20 कॉलोनियों में बाढ़ का पानी घुसा हुआ है। लोग जरूरी सामान लेकर पलायन कर गए हैं।

तिलहर और जलालाबाद के भी लगभग 25 गांवों में बाढ़ का पानी कहर बरपा रहा है। खन्नौत नदी का जलस्तर बृहस्पतिवार को स्थिर रहा। इससे शहर के मोहल्लों में पानी कम हो गया। वहीं, बुधवार शाम से गर्रा नदी का जलस्तर बढ़ने से पानी आसपास के इलाकों में फैलने लगा। रात में पानी राजकीय मेडिकल कॉलेज में भरने लगा और सुबह तक अंदर भी भर गया। ऐसे में राजकीय मेडिकल कॉलेज को खाली कराने का निर्णय लिया गया। ओपीडी से लेकर इमरजेंसी सेवाएं बंद रहीं। मरीजों को वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के साथ ही निजी अस्पतालों में शिफ्ट किया जाना शुरू हुआ। कम गंभीर मरीजों को पीएचसी ले जाया गया। राजकीय मेडिकल कॉलेज कॉलोनी, साउथ सिटी, बालाजी नगर, आवास विकास समेत करीब 15 कॉलोनी के लोग पलायन के लिए मजबूर हो गए। लोग जरूरी सामान लेकर घर से निकले और रिश्तेदारों के यहां शरण लीं। तमाम लोग छत पर चले गए। बाढ़ग्रस्त क्षेत्र की बिजली काटे जाने से लोग उमस भरी भीषण गरमी में बेहाल रहे।

प्रधानमंत्री मोदी ने की प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक

- सीतारमण भी रहीं मौजूद
- बजट सत्र 23 जुलाई से होगा शुरू

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को देश के प्रमुख अर्थशास्त्रियों और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ आम बजट के संदर्भ में बैठक की। इस बैठक में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी मौजूद थीं। आपको बता दें कि बजट सत्र 23 जुलाई से शुरू होगा और 12 अगस्त को समाप्त होगा।

इस बार आम बजट में उद्योग के साथ मध्य और निम्न मध्यवर्ग को बड़ी राहत मिलने की संभवना जताई जा रही है। दरअसल, सरकार की योजना अधिक से अधिक निवेश हासिल करने के लिए आर्थिक सुधारों की रफ्तार तेज करने की है। बीते सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दोनों सदनों को संबोधित करते हुए कहा था कि सरकार तीसरे कार्यकाल में सुधारों को तेज गति देगी। सरकार की रणनीति अधिक निवेश हासिल कर विकास दर बढ़ाने और रोजगार के अवसर बढ़ाने की है।

बैठक में पीएम विशेषज्ञों से यह जानना चाहेंगे कि किस क्षेत्र में किस स्तर पर सुधार की आवश्यकता है। मोदी सरकार ने 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। आम बजट के जरिए सरकार की इच्छा विकसित भारत का रोडमैप तैयार करने की है। इसके लिए विशेषकर इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में विशेष प्रयास की जरूरत है। बैठक में पीएम विकसित भारत के रोडमैप पर भी विशेषज्ञों के सुझाव जानेंगे। राजनीतिक दृष्टि से सरकार की मुख्य चिंता गरीब, मध्य और निम्न मध्यवर्ग है। अर्थशास्त्रियों के साथ विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ भी इनके लिए राहत की मांग कर रहे हैं। सरकार की योजना आय कर, होम लोन मामले में मध्य और निम्न मध्य वर्ग को राहत देने की है। गरीब वर्ग के सशक्तिकरण के लिए नई योजना शुरू करने की भी योजना है। ऐसे में इस बैठक में इन वर्गों के लिए राहत पर भी पीएम विशेषज्ञों की राय से रूबरू होंगे।

नीट पेपरलीक केस में रॉकी गिरफ्तार

पटना। नीट पेपर लीक केस में सीबीआई को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पिछले कई दिनों से सीबीआई की टीम जिसे तलाश रही थी, वो आखिरकार पकड़ा ही गया। सीबीआई ने झारखंड से रॉकी उर्फ राकेश को गिरफ्तार किया है। आज उसे पटना में अदालत के समक्ष पेश किया गया। कोर्ट ने रॉकी को 10 दिन अपने रिमांड में रखने की इजाजत सीबीआई को दी है। बताया जा रहा है कि रॉकी नेपाल भागने की तैयारी में थी। इसी बीच गुप्त सूचना के आधार पर सीबीआई ने उसे दबोच लिया। पेपर लीक गैंग के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया के भांजे राकेश उर्फ रॉकी ने झारखंड से नीट के पेपर उड़ाने की साजिश रची थी। रॉकी उर्फ राकेश मूलरूप से नवादा का रहने वाला है। वह रांची में अपना रेस्टोरेंट चलाता था। सीबीई की पूछताछ में चिंटू, मुकेश, मनीष और आशुतोष ने कई बड़े खुलासे किए थे। जांच में पता चला था कि पेपर लीक गैंग के मास्टरमाइंट संजीव मुखिया के भांजे राकेश उर्फ रॉकी ने झारखंड से नीट के पेपर उड़ाने की साजिश रची थी। वह रांची में रेस्टोरेंट चलाता है।

आचार संहिता के उल्लंघन मामले में जयाप्रदा बरी

राहत

- रामपुर कोर्ट का फैसला
- दो मामले दर्ज हुए थे

रामपुर। रामपुर की एक अदालत ने आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में पूर्व सांसद जयाप्रदा को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने उनको साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। केमरी थाने में 2019 में पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ आचार संहिता का उल्लंघन का मामला दर्ज हुआ था। यह मामला कोर्ट में विचाराधीन था। गुरुवार को पूर्व सांसद जयाप्रदा कोर्ट में पेश हुई। कोर्ट ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए पूर्व सांसद को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया।

पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ 2019 में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान स्वार और केमरी थाने में आचार संहिता के उल्लंघन के दो मामले दर्ज किए थे। ये दोनों मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं। एक मामले में अभियोजन की गवाही पूरी होने के बाद पूर्व सांसद के बयान दर्ज होने थे, जबकि दूसरे मामले में गवाही चल रही थी लेकिन पूर्व सांसद कोर्ट में पेश नहीं हो रही थीं। इसके चलते कोर्ट ने पूर्व सांसद के खिलाफ सात बार गैर जमानती वारंट जारी किए। साथ ही जमानतियों की पत्रावलियों को खोल दिया गया था।



सहायता पाना आपका अधिकार
हर मुश्किल में साथ खड़ी सरकार

बाढ़ प्रभावित परिवारों की मदद के लिए अनुमन्य सहायता

- मृतक के परिजन के लिए : ₹4 लाख
- 40% से 60% अपंगता पर : ₹74,000
- 60% से अधिक अपंगता पर : ₹2.50 लाख
- चिकित्सा हेतु : ₹16,000 (1 सप्ताह से अधिक भर्ती पर)
- चिकित्सा के लिए : ₹5,400 (1 सप्ताह से कम भर्ती पर)
- घरेलू सामान एवं कपड़ों की क्षति पर : ₹2,500-₹2,500

फसल की क्षति पर-

- ₹8,500/हेक्टेयर (वर्षा सिंचित क्षेत्र)
- ₹17,000/हेक्टेयर (सिंचित क्षेत्र)
- ₹22,500/हेक्टेयर (बारहमासी फसल)
- रेशम पालन/मूंगा उत्पादन की क्षति पर : ₹6,000-7,500/हेक्टेयर

- दुधारू बड़े पशु की क्षति पर : ₹37,500 (भैंस, गाय, ऊंट)
- दुधारू छोटे पशु की क्षति पर : ₹4,000 (भेड़, बकरी, सूअर)
- गैर दुधारू बड़े पशु की क्षति पर : ₹32,000 (ऊंट, घोड़ा, बैल)
- गैर दुधारू छोटे पशु की क्षति पर : ₹20,000 (बछड़ा, गधा)
- कुक्कुट की क्षति पर : ₹100/मुर्गा/मुर्गी, अधिकतम ₹10,000
- मत्स्य व्यवसाय में नाव एवं जाल की आंशिक क्षति पर : ₹6,000-₹3,000
- मत्स्य व्यवसाय में नाव एवं जाल की पूर्ण क्षति पर : ₹15,000-₹4,000
- पक्के/कच्चे घर की अधिकांश/पूर्ण क्षति पर : ₹1,20,000/प्रति घर
- घर की आंशिक क्षति पर : ₹6,500 (पक्का), ₹4,000 (कच्चा)
- झोपड़ी एवं पशु बाड़ा की क्षति पर : ₹8,000 एवं ₹3,000

बाढ़ राहत खाद्यान्न किट (प्रथम पैकेट)

5 किलो लाई, 2 किलो भुना चना, एक किलो गुड़, 10 पैकेट बिस्किट, 1 पैकेट माचिस, 1 पैकेट मोमबत्ती, 2 नहाने का साबुन, 20 लीटर की जरीकेन, 1 तिरपाल (12X10 वर्ग फीट एवं मोटाई न्यूनतम 110 जीएसएम)

बाढ़ राहत खाद्यान्न किट (द्वितीय पैकेट)

10 किलो आटा, 10 किलो चावल, 2 किलो अरहर दाल, 10 किलो आलू, 200 ग्राम हल्दी, 100 ग्राम मिर्च, 200 ग्राम सब्जी मसाला, 1 लीटर सरसों का तेल एवं 1 किलो नमक

महिलाओं/किशोरियों के लिए डिग्निटी किट

20 सैनिटरी पैड, 2 साबुन, तौलिया, 1 मीटर सूती कपड़ा, 20 डिस्पोजेबल बैग एवं मग



राहत आयुक्त कार्यालय, उत्तर प्रदेश
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

प्रशासन ने एडीआरएफ की मदद से समदहा में 18 व नयापुरवा के 06 लोगों का कराया रेस्क्यू

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देशन में गुरुवार को धौरहरा तहसील प्रशासन ने एनडीआरएफ के 30 सदस्यीय दल की मदद से धौरहरा तहसील के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ग्राम समदहा में विषम परिस्थितियों में फंसे 18 लोगो रेस्क्यू कराया और तहसील गोला प्रशासन ने एनडीआरएफ की मदद से गोला तहसील क्षेत्र के करसौर के मजरा नयापुरवा के छह लोग को रेस्क्यू कर सकुशल बचाया गया गुरुवार सुबह से एसडीएम राजेश कुमार ने धौरहरा तहसील के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ग्राम समदहा में विषम परिस्थितियों में 18 लोगों के फसे होने की सूचना मिली। सूचना पर क्विक रेस्पॉन्ड करते हुए फसे लोगो को सुरक्षित बचाने का राष्ट्रीय आपदा मोचन बल(एनडीआरएफ) की मदद से ऑपरेशन चलाया। ह्ष्ठक्रस्न के 30 सदस्यीय इस दल ने मोटर बोट की मदद से सभी फसे लोगो को रेस्क्यू किया। एसडीएम राजेश कुमार ने तहसीलदार आदित्य विशाल के साथ रेस्क्यू किए गए लोगों को भोजन राहत सामग्री और बिस्किट वितरित किए गोला तहसील क्षेत्र के करसौर के मजरा नयापुरवा के छह लोग भैंस चराने के लिए गए थे, जलस्तर बढ़ने पर वह वहीं फंस गए। निकटवर्ती ऊंचे स्थान पर शरण ली। आज प्रशासन को सूचना दी। सूचना मिलते ही एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता ने एनडीआरएफ दल को बुलाकर छह लोग (हेमनाथ, राधेश्याम, सूबेदार, राम बिलास, युवराज सिंह, अवधेश निवासीगण करसौर) को न केवल रेस्क्यू कराया। इस दौरान एसडीएम विनोद गुप्ता ने तहसीलदार सुखबीर सिंह के साथ रेस्क्यू किए गए व्यक्तियों को खाद्यान्न प्रदान कर सुरक्षित उनके घरों तक भिजवाया। वहीं एसडीएम ने तहसीलदार सुखबीर सिंह के साथ ग्राम गुजरा की ढाई सौ प्रभावित परिवारो से भेंटकर उनका कुशल क्षेम जाना एवं उन्हें राशन किट वितरित कर सांत्वना दी पलिया में एसडीएम कार्तिकेय सिंह की अगुवाई में गुरुवार को तहसील प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित ग्राम मकनपुर, श्रीनगर, गजरौरा, सरखना पूरब, बसंतपुर कला, बिजौरिया, पटिहान, भनपुरी, कमलापुर, संपूर्णानगर, मिर्चिया, हंसनगर, पंजाब घाट, बमनगर, मेहंदीपुर, बेला, नगला, पटवारा, बिलैया, अतरनगर, चंबरबोज में लंच वितरण किया। एसडीएम कार्तिकेय सिंह, तहसीलदार आरती यादव ने भ्रमणशील रहकर प्रभावित गांव का दौरा किया।

इस दौरान उन्हें निकटवर्ती बाढ़ चौकियों में शिफ्ट होने का भी अनुरोध किया। ग्रामीणों से संवाद किया निघासन तहसील प्रशासन द्वारा तिकुनिया में बाढ़ प्रभावित गांव नया पिंड एवं जनकपुरी के प्रभावित परिवारों को खाद्यान्न किट का वितरण किया गया। एसडीएम राजीव निगम ने प्रभावित परिवारों से उनका दुख दर्द जानते हुए खाद्यान्न किट प्रदान की। हर राशन सामग्री किट में लाई (धान की) 05 किग्रा, भूना चना 02 किग्रा, गुण (प्लास्टिक पैक में) 01 किग्रा, बिस्कुट 10 पैकेट (50 ग्राम प्रति पैकेट), मचिस 01 पैकेट (06 पीस प्रति पैकेट),मोमबत्ती मोटी 50 ग्राम प्रति पैकेट 01 पैकेट, नहाने के साबुन 02, जरीकेन 01 (20 लीटर), तिरपाल 01, आटा और चावल 10-10 किग्रा, अरहर दाल 02 कि0ग्रा0, आलू 10 किग्रा, हल्दी 200 ग्राम, मिर्च 100 ग्राम, सब्जी मसाला 200 ग्राम, सरसों का तेल एक लीटर, नमक आयोडाइज्ड एक किग्रा दी जा रही है। उप जिलाधिकारी (सदर) अश्विनी सिंह एवं तहसीलदार (सदर) सुशील प्रताप सिंह सदर तहसील प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित गांव मंगलीपुरवा के प्रभावित परिवारों को बाढ़ चौकी मिलपुरवा और सिंधिया के प्रभावित परिवारों को खमरिया बाढ़ चौकी पर खाद्यान्न किट वितरित की। प्रशासन ने प्रभावित ग्राम रेहरिया खुर्द, रेहरिया कला, गल्होरा, जंगल नंबर 11, नरहर, इच्छाराम पुरवा, जदीदपुरवा, पिपरागूम, गोपलापुर आदि ग्रामों में भोजन पैकेट को दोनों टाइम वितरण किया जा रहा है।

खीरी जिले में कार्य करने का अवसर मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है: अनिल

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जिले में सफल कार्यकाल के उपरान्त स्थानान्तरित होने वाले सीडीओ अनिल कुमार सिंह को जिले के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा विकास भवन सभागार में पुष्पगुच्छ व पुष्पमाला पहनाकर भावभीनी विदाई दी। अधिकारियों ने उनके कार्यकाल को सराहा। कार्यक्रम की शुरुआत में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम संजय कुमार सिंह समेत सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने निवर्तमान सीडीओ को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह, बुके एवं अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए निवर्तमान सीडीओ ने सबसे पहले उन लोगों के प्रति आभार जताया, जिन्होंने उनके साथ टीम भावना के साथ काम किया। उन्होंने अपने कार्यकाल की कुछ यादों को साझा करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से जिलें में कार्यो का संचालन किया। निवर्तमान सीडीओ ने कहा कि जनपद लखीमपुर खीरी की यादें उनके साथ सदा रहेंगी। साम्प्रदायिक सौहार्द के अपनी अलग पहचान रखने वाले जिले में कार्य करने का अवसर मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने जनपदवासियों, जिले के अधिकारियों, कर्मचारियों, मीडिया प्रतिनिधियों, धर्मगुरूओं, जनप्रतिनिधियों के सहयोग व स्नेह के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि निवर्तमान सीडीओ ने सौम्यता के साथ अपने पद को सुशोभित किया। उनसे सौम्यता सीखने वाली है। उनके कार्यों की जिलेभर में चहुओर प्रशंसा होती है। उनका कार्यकाल सकारात्मक दृष्टिकोण व यादगार पारी के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने जो जड़े तैयार की है। निश्चित रूप से वर्तमान सीडीओ के नेतृत्व में पूरी टीम उन्हें आगे तक ले जाएगी। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि %निवर्तमान सीडीओ एक आदर्श व्यक्तित्व के धनी व कुशल प्रशासक है। उन्होंने संयम, सूझबूझ से पूरी टीम भावना के साथ जिले को बेहतरीन नेतृत्व प्रदान किया। अपने कार्यों से उन्होंने सभी के दिलों में अमिट छाप छोड़ी है। वह जिले के लिए मिसाल एवं प्रेरणा स्रोत है।%सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि निवर्तमान सीडीओ हमको विरासत देकर जा रहे है। आपके पदचिन्हों पर चलकर प्रयास करते हुए जिले के विकास कार्यों को आगे बढ़ायेगे। एडीएम ने सीडीओ के कार्यकाल की ना केवल सराहना की बल्कि बताया कि उनका सौभाग्य है कि उन्हें उनके नेतृत्व में काम करने का मौका मिला। पूरा जिला उनके कार्यकाल को स्वर्णिम नेतृत्व के रूप में याद रखेगा।पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी ने कहा कि निवर्तमान सीडीओ से उन्होंने विभिन्न प्रशासनिक दक्षताओं व विधाओं को सीखा है। उनके पास प्रशासनिक व सामाजिक अनुभवों का अपार भंडार है। इस दौरान सभी जिला स्तरीय अधिकारी, सभी एसडीएम, खंड विकास अधिकारी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की

अवधनामा संवाददाता

मोहम्मदी खीरी। मोहर्रम की तारीख नजदीक आने के बाद भी ताजिया लेकर निकलने वाले रूटों पर भीषण गंदगी और जल भराव के चलते लोगों का गुस्सा फूट गया उन्होंने समय रहते व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है सुन्नी कमेटी के अध्यक्ष इलियास ने बताया शासन द्वारा मोहर्रम के त्यौहार को लेकर आने वाली सभी अड़चनों को दूर करने के निर्देश के बाद भी स्थानीय प्रशासन की उपेक्षा के रवैया के चलते लोगों में गुस्सा है। जिसके चलते त्योहार पर बड़ी समस्या उत्पन्न होने की लोगों ने चेतावनी दी है। ताजिया लेकर निकलने वाले रास्तों में भीषण गंदगी और जल भराव के चलते लोगों को निकालना दूभर बना हुआ है। कस्बा के तमाम लोगों ने स्थानीय प्रशासन के रवैया की शिकायत उच्च अधिकारियों को भी भेजी गई है।

विकास की रैंकिंग में खीरी जिला यूपी में 5वें स्थान पर

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। चुनाव बाद सरकारी योजनाओं पर जिले मेँ तेजी से काम हुआ है। इसका नतीजा यह रहा कि विकास की रैंकिंग में खीरी जिला यूपी में 5वें स्थान पर आ गया है। वहीं पड़ोसी जिला पीलीभीत सातवें स्थान पर आया है। सीएम डैश बोर्ड पर सभी योजनाओं की प्रगति की रैंकिंग की जाती है। जून महीने की जारी हुई रैंकिंग में जालौन पहले स्थान पर रहा है वहीं महराजगंज दूसरे स्थान पर आया है। सीडीओ अभिषेक कुमार का कहना है कि जिन योजनाओं में सी, डी व ई ग्रेड आई है उनकी समीक्षा कर सुधार कराया जाएगा। सीएम डैश बोर्ड पर सभी योजनाओं की प्रगति की फीडिंग सभी विभाग करते हैं। इन्हीं आंकड़ों के अनुसार विभागों की योजनाओं की प्रगति को मिलने वाले नम्बर के आधार पर ग्रेड निर्धारित की जाती है। जून महीने की जारी हुई रैंकिंग में 77.7 प्रतिशत अंक हासिल करके खीरी जिला यूपी में 5वें स्थान पर आया है। वहीं पहले स्थान पर रहे जालौन जिले को 81.1 प्रतिशत अंक मिल हैं। चुनाव से पहले फरवरी महीने की रैंकिंग में खीरी जिला 41वें स्थान पर रहा था। चुनाव के बाद जून महीने की रैंकिंग जारी हू इसमें खीरी जिले का बेहतर प्रदर्शन रहा है। इससे अफसर गदगद हैं। वैकल्पिक ऊर्जा, , स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास योजना और मनरेगा को ए प्लस ग्रेड मिली है। वहीं कई विभाग ऐसे हैं जिनकी प्रगति नहीं सुधरी। पड़ोसी जिलों की अगर बात की जाए तो पीलीभीत सातवें स्थान पर रहा है। बरेली 16वें, बदायूं 18वें और शाहजहांपुर जिले को 25वां स्थान मिला है।

बाढ़ का कहर जारी 150 गांव बाढ़ की चपेट में

लखीमपुर खीरी। बाढ़ का कहर जारी है शारदा-घाघरा नदियां उफनाने से करीब 150 गांव बाढ़ की चपेट में हैं धौरहरा तहसील के गांव रैनी समदहा के 250 ग्रामीण शारदा नदी के उस तलहटी में फंस गए। इसका पता चला तो प्रशासन ने बाढ़ से घिरे ग्रामीणों को रेस्क्यू कराना शुरू किया एनडीआरएफ टीम ने गुरुवार 11 बजे तक 18 ग्रामीणों को रेस्क्यू किया है। करीब 20 वर्ष पहले आई बाढ़ के समय समदहा गांव के कटान पीड़ित शारदा नदी के पार बस गए थे। इस बार की बाढ़ में यह ग्रामीण फंस गए। ग्रामीणों के रेस्क्यू को लेकर एसडीएम राजेश कुमार मौके पर मौजूद हैं। पीड़ित परिवारों को लंच पैकेट पहुंचाए जा रहे हैं पानी में बही निर्माणाधीन पुलिया, संपर्क मार्ग भी कटा सम्पूर्णानगर थाना क्षेत्र को पीलीभीत के हजारा से जोड़ने वाली सड़क पर निर्माणाधीन पुलिया बाढ़ के पानी में बह गई। इससे सम्पूर्णानगर चीनी मिल से थाना हजारा के रामनगर, शांतिनगर,गांधी नगर, कबीरगंज आदि का आवागमन मुश्किल हो गया है। कुछ दिन पूर्व ही लोक निर्माण विभाग ने पुलिया निर्माण शुरू कराया था उधर, सम्पूर्णानगर के ही विशेनपुरी, सुमेरनगर, घोला, निषाद नगर गांव से पटिहन-पलिया जाने वाले मार्ग पर तेज धार पानी चलने से बुधवार देर शाम पुल के पास सम्पर्क मार्ग कट गया इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। संपर्क मार्ग कटने से आठ गांवों का संपर्क पलिया से कट गया है।

कैम्प लगाकर/घर घर जाकर इलाज एवं दवा का कराया गया वितरण

लखीमपुर-खीरी। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा भारत नेपाल बॉर्डर पर चलाये जा रहे कवच योजना के अंतर्गत के निर्देशन में लोगों की कुशलता, स्वास्थ्य व सुरक्षा के लिए नेपाल बॉर्डर स्थित अति बाढ़ प्रभावित ग्राम कीरतपुर में प्रभारी निरीक्षक गौरीफंटा अवधेश कुमार यादव द्वारा करजरिया सीएचसी अधीक्षक डा0 अब्बास मय टीम व गौरीफंटा रेंजर श्री विकाश कुमार वर्मा के साथ ट्रेक्टर से जाकर कैम्प लगाकर/घर घर जाकर इलाज एवं दवा का वितरण कराया गया।

इमाम हुसैन की करबला और इमाम.हुसैन. की शहादत के बारे में बताया

मोहम्मदी खीरी। मोहर्रम की तीसरी तारीख को इमामबाड़ा बाजार खुर्द और शुकलापुर में आयोजित हुई, जिसमे पैगंबर के नबासे और हजरत अली के बेटे इमाम हुसैन की करबला और इमाम.हुसैन. की शहादत के बारे में बताया, हुसैन की हिंदुस्तान से मोहब्बत और हिंदुस्तान आने की चाहत के बारे में जिक्र किया गया, इमाम हुसैन ने हक इंसानियत भाईचारे और मोहब्बत का पैगाम दिया वही सब्र करने का भी पैगाम दिया,इमाम हुसैन ने अपनी और अपने परिवार की शहादत पेश कर दुनिया को दहशतगर्द से समझौता न कर अपने परिवार की शहादत पेश कर नाना के दीन को बचाया, इमाम, इमाम हुसैन की शहादत सुन सभी की आखों से आसू निकल पडे, अंजुमन हुसैनिया के मातम दारो ने नौहाख्वानी और मातम किया, देर रात मजलिस समाप्त हुई, मजलिस मे अंजुमन के अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास नकवी,जहीर हसन, आलिम रजा सब्बन जैदी,मो.हसन नकवी,सोहराब जैदी,लकी जैदी,मो.अकरम रिजवी,जमीर रिजवी,हसन जैदी,भोला जैदी सहित सभी अंजुमन के मातम दार मौजूद रहे,मातम देर रात तक चलता रहा।

पंचायती राज सफाई कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश पंचायती राज सफाई कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष सतीश कुमार वर्मा, विजय सोनी, जिला मंत्री सोमेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया कि कई बार मांग पत्र दिए गए लेकिन लंबित मांगों का निस्तारण नहीं किया गया है। ज्ञापन में कहा कि रिसीट हेड के अन्तर्गत बाधित वेतन प्रकरण निस्तारित किए जाएं। मृतकसफाई कर्मियों की पारिवारिक पेंशन, नगदीकरण, बीमा आदि देयकों का भुगतान समय सेकिया जाए। सफाई कर्मियों का पूर्व में बकाया एसीपी, डीए आदि का भुगतान किया जाए। सफाईकर्मियों को काम करने के लिए उपकरण व किट दी जाए। सफाई कर्मियों को पहचान पत्र जारीकिए जाएं। महिला, दिव्यांग कर्मचारियों को रोस्टर से अलग रहकर अपनी नियुक्ति राजस्व गांव में काम करने दिया जाए।

20 जुलाई तक कर सकते हैं आवेदन

लखीमपुर खीरी। जिला ग्रामोदयोग अधिकारी डीके श्रीवास्तव ने बताया कि उत्तर प्रदेश खाद्य तथा ग्रामोद्योग बोर्ड से उत्पाद विकास मानकीकरण एवं गुणवत्ता विनिश्चय योजना (हनी मिशन योजना) में हनी बॉक्स एवं संबंधित टूल किट्स वितरण के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है। आवेदक बोर्ड की वेबसाइट ह्वश्चद्म1द्वस्न.द्दश1.द्बठ्ठ की ऑनलाइन सेवाओं के अंतर्गत ऑनलाइन ट्ल किट्स पंजीकरण एवं आवंटन पर आवेदन कर सकते हैं। हनी बाक्स वितरण के लिए परंपरागत एवं स्वरोजगार में रुचि रखने वाले 18 से 50 वर्ष तक की आयु के अनुसूचित जाति वर्ग के एक ही गांव, नजदीकी गांव या समूह के आवेदक 20 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं।

नाले में डूबे युवक का मिला शव

लखीमपुर खीरी। कोतवाली क्षेत्र में खैरटिया के चक्करपुर गांव निवासी 38 वर्षीय कृपाल सिंह शाम करीब साढ़े छह बजे अपने घर के पास गहरे नाले में घुसी अपनी भैंस हांककर बाहर लाने गया था। तभी उसका पैर फिसल जाने से वह गहरे पानी में पहुंचकर डूब गया। काफी खोजबीन के बाद गुरुवार को उसका शव बरामद हुआ। सूचना पाकर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

प्रवेश लेने की अन्तिम तिथि 15 जुलाई

लखीमपुर खीरी। युवराज दत्त महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ हेमंत पाल ने बताया कि स्नातक प्रवेश के लिए प्रवेश विवरणिका वितरण करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 जुलाई कर दी गई है। जो छात्र-छात्राएं विद्यात्रय में प्रवेश लेना चाहते हैं वह 15 जुलाई तक महाविद्यालय से विवरणिका प्राप्त कर महाविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। वही परास्नातक में प्रवेश प्रक्रिया यथावत जारी रहेगी।

पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव सहदेवा में पीड़ित के छोटे भाई की ससुराल के लोगों ने घर में घुसकर मारपीट कर और उसके भाई को जान से मार डालने की धमकी देते हुए उसकी पत्नी को जबरन ले जाने का विरोध करने पर पिटाई कर दी शोर गुल सुनकर पड़ोसियों के ललकारने पर चले गए थे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जांच कर सभी नामित आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।गांव सहदेवा निवासी सलीम ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया सोमवार शाम 6 बजे करीब उसका छोटा भाई मोहसिन बाहर गया हुआ था। उसके साले नौशाद, सास छुट्टकन्ना, और भोगियापुर थाना उचौलिया निवासी शरीफ, नरहरा मोहम्मदी निवासी रबिन्ना पत्नी जुबेर और दो लोग अज्ञात अचानक गाड़ी से आकर घर में घुस पड़े और गाली गलौज करने लगे विरोध करने पर पिटाई शुरू कर दी और उसके छोटे भाई को तलाशते हुए जान से मार डालने की धमकी देने लगे थे। पड़ोसियों के ललकारने पर छोटे भाई की पत्नी को जबरन गाड़ी में बिठाकर लेकर चले गए थे।

नकली सोने के सिक्के को असली बताकर लाखों की ठगी करने वाले 8 अभियुक्त गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। नकली सोने के सिक्कों को असली बताकर लोगों से लाखों की ठगी करने के मामले में थाना जनकपुरी व स्वाट सर्विलांस की संयुक्त टीम ने 08 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 577 नकली सिक्के, मोबाइल, नगदी व अन्य सामग्री बरामद की है। पुलिस ने सभी आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया है। पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों के समक्ष ठगी का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि विगत् सात जुलाई को संजय सैनी पुत्र रतन सैनी निवासी मौ.हीरालाल मकदूमपुर रोड कस्बा व थाना मवाना जनपद मेरठ की तहरीर पर अज्ञात व्यक्तियों नकली सोने के सिक्को को असली बताकर 25 लाख रुपये लेने तथा विगत् 10 जुलाई को सिराजुद्दीन पुत्र असलम निवासी तुगलपुर कम्हेडा थाना पुरकाजी जनपद मुजफ्फरनगर की तहरीर पर भी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा नकली सोने के सिक्को को असली बताकर 05 लाख रुपये ले लेने के सम्बन्ध में थाना जनकपुरी पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि आज थाना जनकपुरी प्रभारी प्रमोद कुमार, स्वाट टीम प्रभारी संजीव कुमार, सर्विलांस सेल प्रभारी जावेद, उपनिरीक्षक विवेक वैद्यवान, सुबोध कुमार, ब्रहम सिंह व विजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने खुर्द गांव के रास्ते से 08 आरोपियों मृत्युंजय पुत्र साधन बाग्दी, सोमनाथ दत्त पुत्र बुद्धदेव दत्त व शेख वैरूल पुत्र अब्दुल सालिक निवासीगण भंवरकुल थाना सैथिया जिला वीरभूम पश्चिम बंगाल, किरन मिद्धा पुत्र औलीउल्ला मिद्धा निवासी ग्राम हथिया थाना लाभपुर जिला वीरभूम पश्चिम बंगाल, शेख रफीकुल ईस्लाम पुत्र शेख मुसत्फा निवासी धोनडांगा थाना लाभपुर जिला वीरभूम पश्चिम बंगाल व इस्माईल शेख उर्फ सागर पुत्र मुकीत शेख निवासी बद्दीनाथपुर थाना बुडवा जिला मुर्शीदाबाद पश्चिम बंगाल, सौरभ सैनी पुत्र सुरेश मिस्त्री निवासी इन्द्रा कालोनी पेपर मिल रोड थाना सदर बाजार, राकेश पुत्र नगीना सिंह निवासी हसनपुर चुंगी दिल्ली रोड थाना सदर बाजार को गिरफ्तार कर लिया।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की बैठक संपन्न

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन में की। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2024 में अधिसूचित धान, उर्द,ज्वार,अरहर,मुंगफली, केला,पान, मिर्च पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। खरीफ वर्ष 2024 के लिए फसलवार प्रस्तावित बीमित धनराशि एवं प्रीमियम की दरों पर उन्होंने चर्चा करते हुए कृषि उपनिदेशक को निर्देश देते हुए कहा कि सूखा, बाढ़, ओला, भूस्खलन, तूफान, चक्रवात, जलभराव, आकाशीय बिजली आदि से होने वाले नुकसान से बचाव के लिए किसानों को फसलों का बीमा कराने के लिए जागरूक किया जाए। इसके लिए व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की तीन वर्षों की प्रगति की भी समीक्षा की।

डीएम ने जनपद की रैंकिंग ठीक न होने पर अधिकारियों को लगाई फटकार

अवधनामा संवाददाता

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बचत भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। समीक्षा का उद्देश्य विभागों द्वारा संचालित सेवाओं, योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति जाना था। उन्होंने बारी-बारी से सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि कार्य को समय से पूरा किया जाए। साथ ही कहा कि कार्य गुणवत्ता परक होने चाहिए। जिलाधिकारी ने डैशबोर्ड में जनपद की रैंकिंग ठीक नहीं होने पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने निर्देश दिया कि जो भी अधिकारी अपने कार्यों में उदासीनता दिखा रहे हैं पर विभागीय कार्यवाही की जायेगी। इसके अतिरिक्त उन्होंने यह भी कहा कि जो भी विकास कार्य कराये जा रहे है उनकी फोटोग्राफ भी उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि विभागीय अधिकारी आईजीआरएस पोर्टल पर मिल रही शिकायतों का समय पर निस्तारण भी कराते रहे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) अमृता सिंह, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार सहित अन्य विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी व कार्यदायी संस्थानों के कर्मचारी उपस्थित रहें।

जिलाधिकारी ने किया रामपुर मनिहारान तहसील का औचक निरीक्षक

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने रामपुर मनिहारान में निर्माणाधीन तहसील भवन का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी ली तथा संबंधित कार्यदायी संस्था को गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य को पूर्ण करने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही होने पर कार्यदायी संस्था तथा ठेकेदार के विरूद्ध कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

जिलाधिकारी मनीष बंसल आज दिल्ली यमनोत्री नेशनल हाइवे पर स्थित रामपुर मनिहारान तहसील के निर्माणाधीन भवन पर पहुंचे, जहां उन्होंने निर्माण कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की गुणवत्ता की जांच भी करायी। उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्था को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही होने पर कार्यदायी संस्था व ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन तहसील के नजदीक स्थित तालाब का सौन्दर्यीकरण करने तथा तालाब के किनारे पेड पौधे रोपित करने के निर्देश दिए, ताकि इससे तहसील और अधिक आकृषक लगे। मनीष बंसल ने उपजिलाधिकारी को निरंतर कार्य की प्रगति देखने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि समय-समय पर निरीक्षण कर गुणवत्ता को भी देखा जाए। तहसील परिसर में आवासीय भवनों का निर्माण पीडब्ल्यूडी तथा अनावासीय भवनों का निर्माण सीएनडीएस द्वारा किया जा रहा है। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने तहसील रामपुर मनिहारान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने साफ-सफाई एवं पटल पर व्यवस्थित तरीके से पत्रावलियों का रख-रखाव करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि पत्रावली में बाहर ही संबंधित कार्य का नाम अंकित किया जाए जिससे उपर से ही देखने पर पत्रावली के बारे में पता चल जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रमेश यादव, उप जिलाधिकारी रामपुर मनिहारान सुरेन्द्र कुमार, तहसीलदार रामपुर मनिहारान राधेश्याम शर्मा सहित कार्यदायी संस्था के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

पुरानी पेंशन बहाली समेत कई मांगों को लेकर शिक्षक गरजे

सहारनपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ से जुड़े शिक्षकों ने विभिन्न समस्याओं के खिलाफ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर समस्याओं का समाधान कराने की मांग की।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ से जुड़े शिक्षक जिलाध्यक्ष संदीप सिंह पंवार के नेतृत्व में एकत्र होकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। शिक्षक-शिक्षिकाओं की कैशलेस चिकित्सा सुविधा, स्थानान्तरण, पदोन्नति वेतन विसंगति, विद्यालयों में लिपिक व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति संबंधी लम्बित मांगों के साथ-साथ पुरानी पेंशन बहाली की भी मांग की। शिक्षकों का कहना था कि विभागीय अधिकारियों द्वारा बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षक व शिक्षिकाओं के साथ दोहरा मापदण्ड अपनाते हुए विद्यालय पंजिकाओं का डिजिटलाइजेशन व डिजिटल उपस्थिति के निर्देश जारी किए गए है, जो पूरी तरह अव्यवहारिक है। उनका कहना था कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भी ऐसा किया जाना व्यक्ति की निजता का हनन माना गया है, जबकि सचिवालय कर्मचारी, राज्य कर्मचारी, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा समेत अन्य विभागों में भी उपस्थिति की अन्य प्रणाली लागू की गई है। ज्ञापन सौंपन वालो में वरिष्ठ उपाध्यक्ष सेठपाल सिंह, संयुक्त मंत्री ब्रिजेश पुण्डीर, कोषाध्यक्ष अब्दुल नासिर, जिला मंत्री संजय सैनी समेत कई पदाधिकारी व शिक्षक मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने किया गौशाला का औचक निरीक्षण

सहारनपुर। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने रामपुर मनिहारान तहसील के ग्राम नंदपुर में अस्थाई गौ आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौ सेवा भी की। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने अस्थायी गौ स्थल का निरीक्षण किया तथा उन्होंने गौ सेवा करने के साथ गाय को गुड़, केला और हरा चारा भी खिलाया। मनीष बंसल ने गौशाला में व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद की अन्य गौशालाओं में भी ऐसे ही बेहतर व्यवस्था हो। उन्होंने गौशालाओं में भूसा, हरा चारा, छाया एवं पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश् दिये। इसी के साथ गोवंश को गर्मी से बचाव के दृष्टिगत बेहतर उपाय करने की बात कही। इसके बाद जिलाधिकारी ने विकास खंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण किया। निरीक्षण में 3 कर्मचारी अमित कुमार बीओपी आरडी, सुधीर सिंह स्थापना सहायक, अंकुर कपिल लेखाकार अनुपस्थित मिले।

निर्माणाधीन आईटीआई कालेज भलुही समेत सात चोरियों का अहिरौली पुलिस ने किया खुलासा

अवधनामा संवाददाता

अहिरौली बाजार, कुशीनगर। स्थानीय थाना क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों व पंचायत भवनों में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए चार शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अभियुक्तों के पास से चोरी की लगभग 23 लाख रूपए का सामान बरामद कर जेल भेज दिया। इस अभियान में स्वाट व सर्विलांस की टीम भी शामिल रही।

गुरुवार को घटना का खुलासा करते हुए एडिशनल एसपी अभिनव त्यागी ने बताया कि अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के पकड़ी बावन तिराहे के निकट निर्माणाधीन आईटीआई कालेज भलुही में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने चार शातिर अभियुक्तों को दबोचा है। पुलिस द्वारा पुछताछ के दौरान अभियुक्त सुग्गन गौड़ का एक लम्बा अन्तर्जनपदीय चोरी का आपराधिक इतिहास है। सुग्गन गौड़ की ससुराल व रिश्तेदारी थाना क्षेत्र अहिरौली बाजार में है जिसके कारण अहिरौली बाजार क्षेत्र में इसका आना जाना लगा रहता है। इसी का लाभ

चार शातिर चोर दबोचे, चोरी का 23 लाख रूपए का सामान/उपकरण बरामद

उठाकर अहिरौली बाजार थाना क्षेत्रों में विभिन्न विद्यालयों व पंचायत भवनों की रेकी कर विद्यालयों को लक्ष्य बनाकर रात में सुग्गन गौड़ अपने भाई सूरज गौड़ के साथ पल्सर मोटरसाइकिल से व इसका तीसरा साथी जावेद इनसे कुछ दूरी पर अपनी बोलेरो गाडी से रहता था उसके बाद तीनों लोग मिलकर सुनसान विद्यालय में मेन गेट का ताला तोड़कर चोरी करते थे और चोरी किए गए सामान को बोलेरो पर लादकर ठिकाने पर लगा देते थे इनके द्वारा केवल थाना क्षेत्र अहिरौली बाजार में ही विद्यालय व पंचायत भवन में कुल 07 चोरियां की गई थी। पकड़े गए अभियुक्तों में सुग्गन गौड़ पुत्र श्रीचन्द्र गौड़ निवासी डुमरी सवांगी पट्टी थाना हाटा, योगेन्द्र उर्फ जोगेंद्र राव पुत्र स्व. राजकिशोर राव निवासी सिघना थाना हाटा, जावेद पुत्र सैय्यद अली निवासी डुमरी सवांगी पट्टी थाना हाटा व विक्की राव पुत्र सुरेन्द्र प्रताप राव निवासी सिघना थाना हाटा जनपद कुशीनगर शामिल है। खुलासा करने के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी कुंदन कुमार सिंह भी मौजूद रहे। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अहिरौली रवि कुमार राय, स्वाट टीम प्रभारी उपनिरीक्षक आलोक कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक प्रियांशु राय, उपनिरीक्षक शरद भारती प्रभारी सर्विलांस जनपद कुशीनगर सहित तमाम पुलिस कर्मी शामिल रहे।

खुलासा करने पर पीड़ितो ने पुलिस को दिया धन्यवाद

अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचायत भवनों में हुई चोरी की घटना का पर्दाफाश के बाद ने पीड़ितों ने पुलिस टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। बता दें कि पुलिस के इस सराहनीय कार्य के लिए अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के लोगों ने कुशीनगर पुलिस अधीक्षक धवल जयसवाल व अहिरौली बाजार थाना प्रभारी रवि कुमार राय की सराहनीय कार्यों को सराहना करते हुए आज पुलिस कार्यालय में अपर पुलिस अधीक्षक को पुष्प गुच्छ भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जयसवाल ने इस घटना का सफल अनावरण करने वाली टीम को 15,000 रूपए नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसी क्रम में पीडितों ने पुलिस कार्यालय में अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर अभिनव त्यागी व क्षेत्राधिकारी कसया कुंदन कुमार सिंह को पुलिस के इस सराहनीय कार्य के लिए पुष्प गुच्छ देकर धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्राइमरी स्कूल सलाबाद का डीएम ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

उरई (जालौन)। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल सलाबाद का निरीक्षण कर वहां शिक्षा की गुणवत्ता, साफ-सफाई, मध्यान्ह भोजन, शौचालय की व्यवस्था, यूनिफॉर्म, पाठ्य पुस्तकों आदि विभिन्न बिंदुओं पर निरीक्षण किया।आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए अध्यापकों से भावी पीढ़ी को उच्च स्तर की शिक्षा देने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, उनके माता पिता से वार्ता कर उन्हें स्कूल लाया जाए, ताकि पढ़ाई में पीछे न रहे। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान वहां अध्यनरत बच्चों से गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान आदि विषयों पर प्रश्न पूछे जिनका सही उत्तर मिलने पर उन्होंने बच्चों की प्रशंसा की व उनका उत्साहवर्धन भी किया।उन्होंने कहा कि सभी बच्चे यूनिफॉर्म में विद्यालय आए तथा सभी बच्चों को निशुल्क पाठ्य पुस्तक उपलब्ध कराई गई है । ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों से रूबरू होकर जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है, शिक्षा व स्वास्थ्य प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में अहम योगदान रखते हैं अतः भावी पीढ़ी को अच्छी शिक्षा व अच्छा स्वास्थ्य मिले यह हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि यही बच्चे आगे चलकर अपने देश, प्रदेश, जनपद व माता-पिता का नाम रोशन करेंगे। घर घर जाकर विशेष अभियान के तहत बच्चों को स्कूल से जोड़ें।

एसडीएम ने बाढ़ प्रभावित गांव का किया निरीक्षण

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। बरसात की वजह से आमी नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। जिसे देखते हुए तहसील प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद दिखाई दे रहा है। वृहस्पतिवार को उपजिलाधिकारी सहजनवा दीपक कुमार गुप्ता ने बाढ़ से प्रभावित गहीरा गांव का निरीक्षण किए। जानकारी मिली की यहां 17 सदस्य निवास करते है। उनके आने जाने के लिए तहसील प्रशासन ने नाव की व्यवस्था कर रखा था। उन्होंने मौके पर मौजूद जिम्मेदारों को निर्देश दिए कि बाढ़ से प्रभावित इन परिवारों को हर संभव मदद करे। मौके पर मौजूद नाविकों को लाइफ जैकेट भी वितरित किए। इस दौरान नायब तहसीलदार दुर्गेश कुमार चौरसिया, लेखपाल स्वाति श्रीवास्तव मौजूद थे।

फल एवं छाया दार वृक्षों का रोपण किया गया

उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। पर्यावरण का संतुलन बनाये रखने के लिये वृक्षों को लगाना नितांत जरुरी है। अगर इस धरा पर वृक्ष नहीं होंगे तो हम सबको हवा, पानी आदि के लिये तरसना पड़ेगा। इसलिये सभी आगे आकर वृक्ष को लगाये यह बात वृक्षारोपण का कार्यक्रम के दौरान एसडीएम अतुल कुमार ने कही। उपजिलाधिकारी अतुल कुमार ने सुढार सालबाद में जाकर वृक्षारोपण कर वहां उपस्थित लोगों से कहा की प्रकृति तथा पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण नितांत जरूरी है। सभी को इस पुण्य काम के लिए आगे आकर सहयोग करना चाहिए। इस दौरान डीसी मनरेगा रामेन्द सिंह कुशवाहा विकास खण्ड अधिकारी प्रशांत यादव ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजवीरसिंह राजावत सचिव प्रवीण कुमार ग्राम प्रधान पीयूष साहू आदि ने गांव के पास बनी गौशाला में वृक्षारोपण किया। फल एवं छाया दार वृक्षों का रोपण किया गया।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक संपन्न

उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई एवं संघर्ष समिति के पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक कन्या जूनियर हाई स्कूल में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता संरक्षक ओमनारायण दीक्षित एवं संचालन ब्लॉक मंत्री राघवेंद्र सिंह निरंजन ने किया। बैठक में ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष लालजी पाठक ने कहा कि जब तक सरकार हमारी मांगे पूरी नहीं करती तब तक हम ऑनलाइन उपस्थिति देने को तैयार नहीं है।ऑनलाइन उपस्थिति भौगोलिक स्थिति से सही नहीं है। हमारी मांगे जैसे अर्ध आकस्मिक अवकाश उपार्जित अवकाश माह के दूसरे शनिवार अवकाश आदि मांगे पूर्ण करे। प्रदेशीय आवाह्न पर आंदोलन मांगे पूर्ण न होने तक जारी रहेगा। बैठक में राजेंद्र निरंजन अरविन्द श्रीवास्तव अनिल सिंह विराट अशोक जाटव योगेश कुलश्रेष्ठ रूपेंद्र सक्सेना उमेश पटेल राजीव थापक नागेंद्र सिंह आलोक याज्ञिक ब्रजेन्द्र दूरबार आलोक खरे ब्रजेन्द्र राठौर अनमोल गुप्ता भावेश यादव प्रफुल्ल शर्मा रमन बैभव दीक्षित पुष्पेंद्र कुमार बन्दना गुप्ता अर्चना राय अर्चना सीरौठिया पूनम राजे रंजना श्रीवास्तव पूजा चौधरी आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पुलिस ने वांछित तीन अभियुक्त को किया गिरफ्तार

फर्रुखाबाद। पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ आलोक प्रियदर्शी के मार्गदर्शन अपर पुलिस अधीक्षक डा संजय सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर प्रदीप सिंह के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत कोतवाली फतेहगढ़ द्वारा वांछित तीन अभियुक्त को चैकिंग के दौरान नलकूप कालोनी बेवर रोड़ से गिरफ्तार कर कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त अंकुश सिंह पुत्र अजय सिंह निवासी राजन नगला भोलेपुर कोतवाली फतेहगढ,सागर रावल पुत्र दिलेराम निवासी बेबर रोड भोलेपुर कोतवाली फतेहगढ, दीपक पुत्र स्व0 चन्द्रप्रकाश निवासी न्यू आर्दश कॉलोनी लोको रोड मसेनी थाना कादरीगेट सचिन कठेरिया पुत्र चमन लाल कठेरिया निवासी ग्राम सोताबहादुरपुर घटियाघाट थाना कादरीगेट के प्रार्थना पत्र के आधार अभियुक्त द्वारा एकराय होकर घेर लेने और लाठी डंडा व लोहे की रोड़ से जान से मारने की नियत से दोस्त रिषि गौतम के साथ मारपीट, गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में शिवा जाटव सहित 7 के विरुद्ध पंजीकृत कराया। विवेचना उप निरीक्षक नर सिंह द्वारा ग्रहण कर करवाई की जा रही है।

विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित हुआ जश्न-ए-बाल बगिया

अवधनामा संवाददाता

मेरठ। हम क़दम नाट्य संस्थान, मेरठ एंव उर्दू विभाग चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के संयुक्त तत्वावधान में सांय पॉच बजे से अटल सभागार विश्वविद्यालय परिसर में जश्न-ए-बाल बगिया का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो0 संगीता शुक्ला, कुलपति, चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदीप कुमार मोहंती कुलसचिव, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में एमएस एम अकादमी की चेयरपर्सन स्मिता शर्मा, विजय पाल, राजस्थानी लोक कलाकार और शाश्वत रतन उपस्थित रहे। सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया तत्पश्चात अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट किये गये और इस अवसर पर शैतान का जाल, निर्देशक मौ. साजिद सैफी एंव सह निर्देशक श्रीमती गुलशन और नाटक बेड़ियां निर्देशक मौ. आबिद सैफी एंव सह निर्देशक श्रीमती रूबीना नूर का शानदार मंचन किया गया। शैतान का जाल में गुलज़ार, राशिद, आहिल, फरहान, आहद, अमन, अक्सा बदरूद्दीन, अक्सा फाज़िल, अक्सा नदीम, अरसला, हिफज़ा, आयशा, फबिहा, उवैस, लायबा, सफिया, शिफा निज़ाम, जो़या, हिबा, शीज़ा, ज़िकरा, मनतषा, खुषी, शिफा सोनू और नाटक बेडियां में मनतशा, खुशी, सुहाना, जो़या, शाद, अरसला, आयशा, अलीशा, जी़शान, अली, हिफज़ा, माहिरा सेनू, इकरा, माहिरा,सादिक, फैज़ान, अलीना, अदीबा और अयाज़ अहमद सैफी ने अपने ज़बरदस्त अभिनय से सभागार में उपस्थित जनों को तालियां बजाने पर विवश कर दिया।

मोहर्रम को लेकर 2 पर्यवेक्षक, 19 सुपर जोनल 13 जोनल, 37 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने मुहर्रम पर्व को लेकर विशेष सतर्कता बरतते हुए शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पर्यवेक्षक अधिकारी, सुपर जोनल मजिस्ट्रेट/जोनल मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट, नगर निकाय क्षेत्रवार/तहसील/पुलिस चौकीवार नियुक्त किए हैं।

जिलाधिकारी ने तहसील क्षेत्र कसया, सम्पूर्ण नगर क्षेत्र कसया, नगर क्षेत्र फाजिलनगर, सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र तमकुहीराज, दुदही, हाटा, सुकरौली व मथौली हेतु पर्यवेक्षक अधिकारी के रूप में वरून सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी, को नामित किया है। इसी प्रकार सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र हाटा, पडरौना, कप्तानगंज, रामकोला, खड्डा, छितौनी हेतु पर्यवेक्षक अधिकारी के रूप में अनिल कुमार डिप्टी कलेक्टर को नामित किया गया है। सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में 19 अधिकारियों को नामित किया गया है जिसके अंतर्गत ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी नामित किए हैं। जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में कुल 13 अधिकारियों को नामित किया है, जिसके अंतर्गत तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारियों को नामित किया गया है। जिलाधिकारी ने इसके अलावे 37 सेक्टर मजिस्ट्रेट को पुलिस चौकी वार, कस्बा चौकी वार, प्रमुख चौक वाइज नामित किए हैं जो जनपद स्तरीय/विकास खण्ड स्तरीय अधिकारी हैं। रिजर्व में 05 जोनल व 05 सेक्टर मजिस्ट्रेट भी नामित किए है। जिलाधिकारी ने समस्त कार्यक्रम के दृष्टिगत कानून व्यवस्था के नोडल अधिकारी के रूप में अपर जिला मजिस्ट्रेट को नामित किया है। उन्होंने मजिस्ट्रेट गण को निर्देशित किया है कि अपने अपने तैनाती क्षेत्र में भ्रमण कर यह सुनिश्चित कर लेंगे की सार्वजनिक स्थल पर अत्यधिक भीड़ के दृष्टिगत वहां कोई विवाद ना हो तथा सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे यदि कोई शांति व्यवस्था में बाधा आती है तो उसके संबंध में पुलिस अधीक्षक एवं जिलाधिकारी को तत्काल अवगत कराएं तथा उक्त के संबंध में उप जिला मजिस्ट्रेट व थाना प्रभारी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर वस्तु स्थिति से भी अवगत कराएंगे तथा संबंधित चौकी क्षेत्र/थाना क्षेत्र में ही उपस्थित रहेंगे। **कंट्रोल रूम स्थापित :** जिलाधिकारी ने बताया कि इसके लिए कलेक्ट्रेट में एक कंट्रोल रूम भी बनाया गया है जिसका नं. 05564-240590 है, कंट्रोल रूम के प्रभारी विनय कुमार जिला प्रोबेशन अधिकारी मो. नं 7518024041 व आलोक प्रियदर्शी जिला पंचायत राज अधिकारी मो. नं 7834948507 को बनाया गया है जो अपने अपने स्टाफ के साथ कंट्रोल रूम में उपस्थित रहेंगे।

धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप को इस साल के अंत तक लांच करने की तैयारी

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के मुताबिक आने वाले समय में गोरखपुर को इंडस्ट्रियल हब बनाने के लिए गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) ने धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप को आकार देने हेतु प्रक्रियात्मक कार्य तीव्र कर दिया है। गीडा की तैयारी इस साल के अंत तक इंडस्ट्रियल टाउनशिप के पहले चरण को लांच कर देने की है। इसके लिए अधिसूचित गांवों में भूमि अर्जन/क्रय करने की कार्यवाही तेज कर दी है। पहले चरण में सकरदेईया, हरपुर और काश्तकाशीनायक गांवों में करीब 1600 एकड़ भूमि अर्जित होनी है। गीडा इसमें से 300 एकड़ भूमि का अधिग्रहण हो भी गया है। उपजाऊ जमीन फसलों के माध्यम से सोना उगले और ऊसर-बंजर धरती पर उद्योगों के जरिये रोजगार की भरपूर छांव मिले। योगी सरकार इसी फॉर्मूले के तहत ग्रेटर गीडा के रूप में धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप का खाका खींच चुकी है। इस टाउनशिप को बसाने के लिए जिन 17 गांवों में जमीनों का अधिग्रहण किया जा रहा, वे परती पड़ी रहती हैं। यानी किसानों के लिए अनुपजाऊ। अब तक सिर्फ रकबे में गिनी जाने वाली ये जमीनें किसानों को भरपूर रकम दिलाकर मालामाल करेंगी। बीते सात सालों में देश-दुनिया के कई निवेशकों का गोरखपुर की तरफ रुझान देखते हुए सीएम योगी के मार्गदर्शन में धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप का मास्टर प्लान तैयार किया गया है। धुरियापार क्षेत्र में जमीनों का एक हिस्सा ऊसर प्रकृति का है। किसानों को ऊसर जमीनों का ही अधिग्रहण किया जा रहा है। इससे उन्हें अनुपजाऊ भूमि का भरपूर मूल्य प्राप्त होगा और ऊसर धरती पर औद्योगिक विकास के माध्यम से रोजगार और खुशहाली की फसल लहलहाएगी। धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप को 17 ग्रामों की 5754 एकड़ भूमि में बसाया जाएगा।

मेधावी छात्रों का किया सम्मान

अवधनामा संवाददाता

जलालपुर अंबेडकरनगर। शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय नवानगर की दो छात्राओं का प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन होने से शिक्षकों व अभिभावकों में जश्न का माहौल है। मेधावी छात्रोंओ के प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलने पर विद्यालय की शिक्षिकाओं ने सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया। परिषदीय विद्यालय नवानगर की कक्षा पांच की अध्ययनरत मेधावी छात्रा अंजलि पुत्री पिंटू कुमार का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में तथा निधि पुत्री दीपचंद्र का चयन अटल आवासीय विद्यालय में हुआ है। खंड शिक्षा अधिकारी मीनाक्षी सिंह ने मेधावी छात्रोंओ के नवोदय विद्यालय एवं अटल आवासीय विद्यालय में चयन पर खुशी का इजहार करते हुए कहा यह चयन न केवल शैक्षिक योग्यता को दर्शाता है ,बल्कि प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिकाओं के कड़ी मेहनत एवं लगन को भी प्रदर्शित करता है ।अंजलि एवं निधि के चयन से पूरा विद्यालय परिवार एवं ग्राम समाज गौरवान्वित है। खंड शिक्षा अधिकारी मीनाक्षी सिंह ने दोनों छात्राओं को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।विद्यालय की प्रधानाध्यापक शीला वर्मा , डॉ स्नेह लता ने फूलमाला पहना कर बच्चियों का स्वागत किया तथा ज्योति यादव अनीता वर्मा उर्मिला द्विवेदी ने मिष्ठान खिलाकर बच्चियो का उत्साह वर्धन किया। स्नेहलता ने विद्यालय के सभी बच्चों को बताते हुए कहा यह चयन न केवल शैक्षणिक योग्यता को दर्शाता है ,बल्कि विभिन्न प्रतिभाओं और कौशलों की पहचान भी करता है।

सूचना

मैं गुलाम रजा हसन पुत्र मोहम्मद आरिफ हसन निवासी 7/17 राजा नगर दरगांह दादा मियां के पीछे थाना हुसैनगंज लखनऊ का हूं। मैने अपना नाम गुलाम रजा हसन से बदलकर मोनिश हसन रख लिया है। अब भविष्य में मुझे मोनिश हसन के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

अज्ञात वाहन की टक्कर से ग्रामीण दुकानदार की मौत

उरई (जालौन)। अज्ञात वाहन की टक्कर से एक ग्रामीण दुकानदार की सड़क पर गिरने से हुई मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

सिरसा दोगड़ी निवासी मनीष वर्मा पुत्र उमाशंकर उम्र 26 वर्ष सुबह गांव से जालौन सब्जी खरीदने आया और उसने आलू का एक बोरा अपनी मोटरसाइकिल पर लादा ।जैसे ही वह बंगरा रोड छैपुला के पास पहुंचा तभी एक अज्ञात वाहन उसकी मोटरसाइकिल से घिसटती हुई निकली। जिससे उसका आलू का बोरा टकरा गया।आलू का बोरा अज्ञात वाहन से टकराने से बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिर पड़ा, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आई। जब तक राहगीर एंबुलेंस को फोन करते तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी।

शिक्षकों को लगाई फटकार

फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता। शिक्षा की गुणवत्ता परखने के लिए गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय निनौआ एवं प्राथमिक विद्यालय अर्जुननगला, ब्लॉक बढ़पुर का जिलाधिकारी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में विद्यालय परिसरों में साफ सफाई का अभाव पाया गया। शिक्षा का स्तर अत्यंत ही निम्न पाया गया, छात्रों में सामान्य जानकारी का अभाव पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा बच्चों से गणित व सामान्य ज्ञान के सवाल पूछे गए जिसका संतोषजनक जबाव बच्चो द्वारा नही दिया जा सका, जिलाधिकारी द्वारा बच्चो से मिड डे मील में मिल रहे खाने की गुडवत्ता के बारे में भी जानकारी प्राप्त की गई। जिलाधिकारी द्वारा प्रतिदिन शुरू के 30 मिनट बच्चो को सामान्य ज्ञान की जानकारी देने एवं बच्चो को उनकी मातृभाषा में समझाने के निर्देश संर्वधित प्रधानाध्यापक को दिए गये। इस दौरान पर बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद व प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर मौजूद रहे।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत है -

1. ई निविदा संख्याः NER-LJN-2024-101, कार्य का नाम : पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडलः- सीनियर सेक्शन इन्जीनियर-कार्य-बस्ती के अन्तर्गत मनकापुर-अयोध्या अनुभाग के मध्य सबवे सं. 3/सी, 7/सी, 14/सी, 15/सी और 24/सी = 05 नग और गोरखपुर - गोण्डा अनुभाग के मध्य सबवे सं. 234/सी, 225/सी, 238/सी और 239/सी = 04 नग पर सुधार कार्य। (कुल = 09 नग)। अनुमानित लागत (रू) : 23315567.70, अग्रिम धन (रू) : 266600.00, समापन अवधि : 9 माह।

2. ई निविदा संख्याः NER-LJN-2024-102, कार्य का नाम : पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडलः- सीनियर सेक्शन इन्जीनियर-कार्य-आनन्दनगर के अन्तर्गत गोरखपुर-आनन्दनगर अनुभाग के मध्य सबवे सं. 8, 16, 18, 21 और आनन्दनगर-नौतनवां अनुभाग के मध्य सबवे सं. 11, 13, 15, 16, 36, 37, 39, 40 और 42 पर सुधार कार्य। (कुल = 13 नग)। अनुमानित लागत (रू) : 22001988.00, अग्रिम धन (रू) : 260000.00, समापन अवधि : 9 माह।

3. ई निविदा संख्याः NER-LJN-2024-103, कार्य का नाम : पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडलः- सहायक मंडल इन्जीनियर/पश्चिम/गोरखपुर के अधिकार क्षेत्र में गोरखपुर-गोण्डा अनुभाग के मध्य पुल सं. 184 - डाउन (9x45.7 मी) OWG के 2 नग खंभों का जैकेटिंग का कार्य । अनुमानित लागत (रू) : 10826199.82., अग्रिम धन (रू) : 204100.00, समापन अवधि : 9 माह।

1. उपरोक्त ई निविदा संख्या NER-LJN-2024-101-103 के लिये ई-निविदा दिनांक 31.07.2024 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग, लखनऊ

मुजाधि/डब्लू - 150

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर लाभार्थियों को नहीं मिल रहा सरकार की योजनाओं का लाभ

अवधनामा संवाददाता

खड्डा, कुशीनगर। तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आंगनबाड़ी केंद्रों पर सरकार की योजनाओं पर पलीता लगाया जा रहा है। महिला लाभार्थी के साथ ग्रामीणों ने राशन न बांटने की शिकायत अब शुरु कर दी है। कुछ गांवों के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कई माह दिनों से राशन नहीं बांट रही हैं। बल्कि हर माह मिले राशन व दलिया को अपने परिवार का निवाला बनाई हुई है। जिससे जनता आक्रोशित है। बताते चले कि तहसील क्षेत्र के ब्लाक नेबुआ नौरंगिया तथा ब्लाक खड्डा के अधिकतर गांवो में बच्चों और गर्भवती महिलाओं को दिए जाने वाले पोषाहार में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने केंद्रों पर खानापूर्ति कर रही है।

नाम नहीं छापने के शर्त पर कुछ लाभार्थियों का आरोप है कि ग्रामीण क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों पर चना का दाल के अलावा रिफाइन, दलिया और राशन वितरण नहीं किया जा रहा है। बल्कि खुद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दलिया को चक्की में पिसा कर अपनी घर के निवाला बना रही है। ऐसे केंद्रों की मनमानी को लेकर लाभार्थियों ने अधिकारियों से शिकायत करने की बात कही है। जबकि पंजीकृत बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए हर माह पोषाहार बांटने को शासन से आता है और पोषाहार वितरण में गोलमाल को रोकने के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी भी दी गई है। इसके बावजूद भी पोषाहार वितरण में गोलमाल नहीं थम रहा है। ग्राम सभा देवगांव के कल्लू मल्ल, गोपाल आदि लोगो ने बताया कि हर माह बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए चना दाल, रिफाइन तेल, गेहूं और चावल वितरण करने को आता है लेकिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कुछ चना को बाट शेष चना को बेच दी जाती है और दलिया को गेंहू के साथ पिसा कर अपने घर का खर्चा बना लेती है। कही कही गांव के कुछ केंद्रों पर कुछ बच्चों को देकर टरका भी दिया जाता है। वही शिकायत है कि ज्यादातर राशन तो किसी केंद्र पर बांटा ही नहीं जाता है।

नारायणपुर निवासी राधे प्रसाद सेखुई खास निवासी सुनील सिंह बताते है कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर पिछले कई माह से तीन वर्ष से ऊपर नन्हे मुन्ने बच्चों को भोजन बनाने हेतु राशन आता है लेकिन कहीं नहीं बनता है नहीं वितरण किया जाता है आखिर में वह राशन कहा जाता है आरोप लगाया है। ब्लाक खड्डा के सबसे बड़े गांव कताई भरपुरवा, खैरी, जुड़ा छपरा, पड़रही आदि केंद्रों पर भोजन बनाना तो दूर केंद्र पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दिखाई तक नहीं देती है। इस संबंध में क्षेत्र के संजय यादव, आजाद अंसारी, नत्थू, गंगा, शंभू कश्यप आदि ने विभागीय अधिकारियों से शिकायत करने की बात कही है।

पुलिस अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

देवरिया। पुलिस लाईन देवरिया स्थित मीटिंग हॉल में पुलिस महानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर श्री आनंद कुलकर्णी द्वारा पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री संकल्प शर्मा की उपस्थिति में समस्त अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष के साथ आगामी त्यौहार कावंड यात्रा व मोहर्रम के दृष्टिगत समीक्षा बैठक करते हुए आवश्यक तैयारियों व जिम्मेदारियों को लेकर निर्देश दिये गये। पुलिस बल की ड्यूटियां क्षेत्र का भौतिक सत्यापन पूर्ण रूप से कर उसके अनुसार लगायी जाये तथा प्रत्येक दिवस पुलिस कर्मी अपने अपने क्षेत्र में पैदल गस्त करते रहें साथ ही साथ प्रभावी कार्यवाही करें। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री दिपेन्द्र नाथ चौधरी, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री भीम कुमार गौतम, क्षेत्राधिकारी नगर श्री संजय कुमार रेड्डी, क्षेत्राधिकारी रूद्रपुर श्री अंशुमान श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी सलेमपुर श्री दीपक शुक्ला, क्षेत्राधिकारी भाटपार रानी श्री शिवप्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी बरहज श्री आदित्य कुमार गौतम, प्रतिसार निरीक्षक श्री विजय राज सिंह, आशुलिपिक उ0नि0 अफजल खां आदि उपस्थित रहें।

कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता,

जोन-7, इन्दिरा नगर, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

प0सं0— 80/एलएस—7 दिनांक : 11—7—2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य कराने हेतु निविदायें दिनांक- 18-7-24 के सायंकाल 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक- 18-7-24 को 1:00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके निविदा प्राप्त किये जा सकते हैं। भरी हुई सील्ड निविदायें उसी दिन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सांयकाल 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निचिदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष सांय 4:00 बजे खोली जायेगी।

क्र0 सं0	कार्य का विवरण	निविदा का मूल्य	धरोहर धनराशि
01	ज

धूमधाम से मनाया 71वां स्थापना दिवस घर-घर से निकलेगी गाय के लिए रोटी

अवधनामा संवाददाता

गोसाईगंज अयोध्या। आज से 71 साल पहले 11 जुलाई को अस्तित्व में आई गोसाईगंज नगर पंचायत जिसका का स्थापना दिवस

बेहद धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अथिति पूर्व भाजपा सभासद कन्हैलाल त्रिपाठी, रामकुमार सेठ, बजरंगी चौरसिया, देवी प्रसाद गुप्ता, विजय सोनी, सर्वेश मोनू, देशराज चौधरी सहित आदि नगर पंचायत चेयरमैन विजय लक्ष्मी ने स्थापना दिवस की खुशियां साझा की। चेयरमैन प्रतिनिधि उत्कर्ष जायसवाल तथा समस्त वार्डों के सभासद व प्रतिनिधि इस खास मौके पर शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन सभासद रविंदर यादव ने किया। कार्यक्रम नगर पंचायत सभागार हाल में बृहस्पतिवार दोपहर 1 बजे स्थापना दिवस कार्यक्रम की शुरुआत हुई। स्थापना दिवस के मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष सहित पूर्व सभासद आए गणमान्य व्यक्तियों ने सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी वां भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके स्थापना दिवस मौके पर पर आए पूर्व सभासद एवं पत्रकार बंधुओ को अंग वस्त्र से देकर सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व वरिष्ठ सभासद कन्हैयालाल त्रिपाठी ने बताया कि गाय को पहली रोटी देने की परंपरा रही है। गाय में सभी देवी देवता का वास माना जाता है। अधिकांश घरों में गाय को पहली रोटी देना चाहते हैं परंतु समय पर गाय नहीं मिलने से धीरे-धीरे लोग अब गाय को रोटी देना बंद कर दिए थे। स्थापना दिवस के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष विजयलक्ष्मी की पहल पर स्थानीय युवाओं की मदद से नगर में हर घर से पहली रोटी गाय की स्टील बाक्स रखा गया है जहां लोग रोटी डाल सकते हैं जिन्हें गायों को गौशाला ले जाकर खिलाया जाएगा। स्थापना दिवस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय श्रीमती तारा देवी जयसवाल स्मृति में संचालित गौ सेवा रोटी बैंक का आयोजन 11 जुलाई 2024 से शुरू हो गया है। नगर पंचायत के जैसराज गौड घर-घर पहुंच कर पहली रोटी गाय के लिए तथा बचे हुए भोजन को रोटी बैंक रिक्शा आपके घर पहुंचेगी आप बचे भोजन रिक्शे में रखे स्टील के टप में डाल कर पुण्य का लाभ पा सकते हैं।

डॉक्टर नदारद,फार्मासिस्ट के सहारे चल रहा पीएचसी पूरेकामगार

अवधनामा संवाददाता

रूदौली - अयोध्या। सीएचसी मवई अंतर्गत पीएचसी पूरे कामगार में प्रभारी चिकित्सक खूब संवेदनहीनता बरत रहे है।यहां की पीएचसी में आये दिन चिकित्सक के नदारद रहने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।यहां के फार्मासिस्ट मरीजों की मामूली जांच परामर्श व दवा वितरण कर काम चला रहे है।स्वास्थ्य विभाग में अफसर भी संवेदनशील नही है।यही कारण है कि क्षेत्र के मरीजों का सरकारी स्वास्थ्य केन्दों से मोह भंग होता जा रहा है। पीएचसी पूरे कामगार में स्वास्थ्य विभाग की पोल तब खुली जब गुरुवार को सुबह करीब 11 बजे पत्रकारों की टीम ने पड़ताल किया तो उस समय प्रभारी चिकित्सक डॉ पृथ्वीपाल यादव नदारद रहे। केंद्र पर फार्मासिस्ट सरवन वर्मा व वार्डबॉय अनिल भारती ही मौजूद मिले।फार्मासिस्ट सरवन वर्मा व।वर्ल्ड बाय अनिल भारती दवा वितरण कक्ष में बैठकर आपसी बात करते नजर आए और पूरे पीएचसी परिसर में सन्नाटा छाया रहा।यही वजह है कि आम लोगों का सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं से मोह भंग होता नजर आ रहा है।जब मामले में सीएचसी मवई अधीक्षक पीके गुप्ता से फोन पर वार्ता हुई तो उन्होंने बताया कि मैं डॉक्टर साहब को फोन करता हूं ये कहते हुए फोन कट कर दिया।इस बाबत मुख्य चिकित्साधिकारी अयोध्या डा0 संजय जैन से फोन पर वार्ता हुई तो उन्होंने बताया जो भी स्वास्थ कर्मी नहीं आए हैं इसकी जांच कराई जाएगी जो भी लोग दोषी पाएं जाएंगे उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

पीएचसी छोड़ निजी अस्पताल में करते है इलाज ग्रामीणों के अनुसार लोगों का कहना है कि पीएचसी पूरेकामगार में तैनात प्रभारी चिकित्सक डॉ पृथ्वी पाल यादव पीएचसी के समीप।मवई चौराहा पर स्थित एक निजी अस्पताल में बैठकर मरीजों का इलाज करते है।सूत्रों के अनुसार प्रभारी विभाग के ही कुछ अधिकारियों के सह पर यह सब करते हैं।जब कोई मामला होता है तो जाँच की बात करते हुए मामले को ठंडे बस्ते में डाल देते है।अब देखना यह है कि क्या इस लापरवाह चिकित्सक पर कोई कार्यवाही होगी या हमेसा की तरह इस बार भी उच्चाधिकारी इस मामले में जांच के नाम पर लीपापोती कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेंगे।

नूर कोल्ड स्टोर के मालिक ने की किसानों को राहत देने की घोषणा

अयोध्या। जिले के सोहावल तहसील क्षेत्र के जगनपुर गांव स्थित नूर कोल्ड स्टोर के मालिक फरीद अहमद ने उन किसानों को जिनका आलू कोल्ड स्टोर मे हुए अमोनिया सिलिंडर के ब्लास्ट होने के बाद आलू मे लगी आग व दीवार गिरने के बाद गर्मी व बरसात से आलू सड़ गया है, उनको तीन सौ रुपए प्रति बोरा नुकसान देने की घोषणा की है। फरीद अहमद ने कहा कि किसानों को हुई नुकसानी का कुछ हद तक भरपाई कराने का मेरी ओर से प्रयास किया जा रहा है। हमने किसानों को बीमा कम्पनी की ओर से नुकसानी दिलाने का प्रयास शुरू कर दिया है। इसके लिए क्लेम दाखिल कर दिया गया है। बीमा कम्पनी की ओर से किसानों को लगभग 500 रुपए क्लेम मिलने की उम्मीद है। उन्होने बताया कि किसानों को राहत देने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने किसानों से अपील की है कि किसी के बहकावे मे न आएं।

सड़क हादसे में युवती की दर्दनाक मौत

मसौली बाराबंकी। गुरुवार की सुबह धान रोपाई के लिए खेत जा रहे 17 वर्षीय किशोर को कंटेनर ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे किशोर की मौक़े पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। दुर्घटना के बाद ग्रामीणों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए क्षेत्राधिकारी नगर, सदर व थाना सफदरगंज मसौली ने लोगो को शांत कराते हुए पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम तिलकीपुरवा निवासी 17 वर्षीय अमित कुमार उर्फ़ जालिम पुत्र अनंतराम अपने चाचा प्रेमचंद्र के साथ खेत मे धान की रोपाई के लिए जा रहे थे कि ग्राम प्रतापगंज के निकट हाइवे पर विपरीत दिशा से आ रहे कंटेनर ने अमित को जोरदार टक्कर मार दी जिससे अमित की मौक़े पर ही मृत्यु हो गयी। गाव के निकट हुई दुर्घटना गाँव पहुंचते ही तमाम ग्रामीण मौक़े पर इकट्ठा हो गये सूचना पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी नगर जगत राम कनौजिया, सीओ सदर सुमित त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक सफदरगंज सुधीर कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक मसौली अरुण प्रताप सिंह ने लोगो को समझा बुझा कर मामले को शांत कराते हुए पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा कंटेनर को कब्जे मे ले लिया है।

विश्व जनसँख्या दिवस के अवसर पर ज़िले के पहले उम्मीद परामर्श केंद्र का किया गया उद्घाटन

बाराबंकी। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जिला महिला चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ प्रदीप कुमार के द्वारा उम्मीद परियोजना के अंतर्गत उम्मीद परामर्श केंद्र का उद्घाटन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि उम्मीद परियोजना के अंतर्गत मोबियस फाउंडेशन और पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के सहयोग से जनपद के सभी जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उम्मीद परामर्श केन्द्रों की स्थापना, नवीन प्रचार प्रसार सामग्री विकसित किया जाना, हेल्थ एंड वैलनेस केन्द्रों हेतु एफपी किट दिया जाना तथा फ्रंट लाइन कार्यकर्ताओं की ट्रेनिंग की जायेगी। परियोजना का प्रमुख उद्देश्य स्वास्थ्य विभाग के साथ कार्य करते हुए परिवार कल्याण के क्षेत्र में गुणवत्तापरक सेवाओं में वृद्धि एवं विस्तार किया जाना है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस का थीम %माँ और बच्चे की भलाई के लिए गर्भधारण का स्वस्थ समय और अंतराल÷ तथा स्लोगन ÷विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दंपत्ति की शान÷ है। कार्यक्रम में उपरोक्त के अतिरिक्त नोडल अधिकारी परिवार कल्याण डॉ राजीव दीक्षित, डॉ प्रिया सिंह, डॉ अरुणा सिंह, डॉ शेफाली गुप्ता, डॉ प्रेम दयाल हॉस्पिटल मैनेजर डॉ. एसपी तिवारी, जिला प्रबंधक परिवार नियोजन एवं सामग्री मोहम्मद इमरान व पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के जुबैर अंसारी एवं मनका सिंह उपस्थित रहे ।

कुलपति ने 29 वें दीक्षांत समारोह को लेकर संयोजकों के साथ की बैठक

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में गुरूवार को अपराह्न कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने विश्वविद्यालय के 29 वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर संयोजको के साथ बैठक की। बैठक में कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय का 29 वां दीक्षांत समारोह 20 सितम्बर, 2024 को होना सुनिश्चित हुआ है। समारोह को गति प्रदान करने के लिए 23 समितियां बनाई गई है। सभी समिति के संयोजक कार्यों में तेजी लाते हुए एक सप्ताह के अन्दर अन्य सदस्यों के नाम की सूची उपलब्ध करा दे। कुलपति ने समितियों के संयोजकों

से कहा कि समारोह की तैयारियों की रूपरेखा एक सप्ताह में बना ले। जिससे आगे की तैयारियों को अंतिम रूप दिया सके। कुलपति ने कहा कि एक सप्ताह में पुनः समारोह की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की जायेगी। बैठक में वित्त अधिकारी पूर्णेदु शुक्ल, परीक्षा नियत्रंक उमानाथ, मुख्य नियंता प्रो0 एसएस मिश्र, प्रो0 आशुतोष सिन्हा, प्रो0 चयन कुमार मिश्र, प्रो0 एसके रायजादा, प्रो0 नीलम पाठक, प्रो0 तुहिना वर्मा, प्रो0 मृदुला मिश्रा, प्रो0 विनोद श्रीवास्तव, प्रो0 शैलेन्द्र वर्मा, प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, प्रो0 अनूप कुमार, डॉ0 विनोद चौधरी, डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी, इंजीनियर आरके सिंह मौजूद रहे।

अयोध्या में लगातार बढ़ रहे हवाई सेवा के यात्री

अयोध्या। योगी सरकार में अयोध्या स्थित महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के संचालन को छह माह से अधिक बीत चुके हैं। इस बीच वायु मार्ग से यहाँ आने व देश के अन्य शहरों को जाने वाले यात्रियों की संख्या मे लगातार बढ़ोतरी हो रही है। वायु मार्ग से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या मे बढ़ोतरी इस बात का भी संकेत है कि लोगों को बेहतर सुविधा मुहैया हो रही है। जनवरी से जून माह के बीच बड़ी संख्या में एयरपोर्ट पर यात्रियों की आवाजाही रही। छह माह यानी 180 दिन में 2.34 लाख यात्रियों ने अयोध्या से देश के अन्य महानगरों के लिए उड़ान भरी। बड़ी बात यह है कि यहां से जाने वालों की तुलना में दूसरी जगह से अयोध्या आने वाले यात्रियों की संख्या अधिक रही है। 2.47 लाख यात्रियों ने अयोध्या में लैंड किया है।30 दिसंबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट का लोकार्पण किया। जनवरी में प्राण प्रतिष्ठा से पहले एयरपोर्ट का संचालन होते ही देश की बड़ी एयरलाइन्स कंपनियों ने अपने विमान उतार दिए। 22 जनवरी को आयोजन में शामिल होने के लिए देश-विदेश से वीआईपी श्रद्धालु अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचे, जिसमें फ़िल्म, उद्योग व राजनीति जगत की कई हस्तियां खुद के विमान से अयोध्या पहुंची थीं।

भाजपा ने किया मतदाताओं का अभिनंदन

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। भाजपा कार्यालय सिविल लाइन में मतदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अयोध्या विधानसभा के वरिष्ठ व प्रबुद्ध मतदाताओं को पूर्व सांसद लल्लू सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव तथा सत्येन्द्र त्रिपाठी ने भगवा अंगवस्त्र पहना कर सम्मानित किया। लगभग तीन घंटे चले कार्यक्रम में क्रमवार एक हजार मतदाताओं का सम्मान किया गया। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि भारत लोकतांत्रिक देश है। यहां मतदाता ही सर्वोपरि है। मतदान से ही सरकारें बनती है। मतदाता ही तय करते हैं कि किस दल की सरकार देश और प्रदेश की उन्नति और विकास की गति को आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने केंद्र में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनने पर मतदाताओं का अभिवादन किया। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेकर मतदाता ही देश में सरकार चुनते हैं। मतदाताओं ने देश में ऐतिहासिक रूप से नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाया है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा उसके सही क्रियान्वयन पर जनता की मुहर लगी है। उन्होंने लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेने वाले सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित, शशि प्रताप सिंह, अनुराग त्रिपाठी, वरुण चौधरी, रिंकु सिंह, राकेश मणि त्रिपाठी, शैलेंद्र कोरी तिलकराम मौर्य, प्रतीक श्रीवास्तव, रामकुमार सिंह राजू, आशा गौड़, रीना दिवेदी, बबलू मिश्रा, राजेश सिंह, संजय निषाद, जेपी श्रीवास्तव सहित बूथ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

छुट्टा गोबंश लादने आये गोतस्कर ग्राम प्रधान व साथियों को देख उल्टे पांव वाहन छोड़ भागे

तारुन- अयोध्या। सीएम योगी के लाख प्रयास के बाद भी छुट्टा गोबंश तस्करी कारोबार पर लगाम नही लग पा रही है। कारोबार से जुड़े गिरोह के लोग अब सामने से बीआईपी दिखने वाले वाहनो का गोबंश तस्करी में प्रयोग कर रहे है।बुधवार की देर सायं तारुन थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत धौरहरा कुटी में पेड़ो में बंधे गोबंश लादने आये कारोबार से जुड़े करीब आधा दर्जन लोगों को ग्राम प्रधान अमित जयसवाल व उनके साथियों की सतर्कता के चलते उल्टे पांव वाहन छोड़ भागना पड़ा। ग्राम प्रधान ने बताया कि वाहन लेकर आये गोबंश तस्करी कारोबार से जुड़े लोग पहले ही एक लाल रंग के बछड़े को साथ वाहन पर लाद कर लाये थे तथा गांव के बाहर झाड़ियों में बंधे एक गाय व दो बछड़ो को रात के अंधेरे में लादने वाले थे।तभी प्रधान व उनके साथी मौके पर पहुँच गये।बाजार में जल्दी लांच हुई टाटा योद्धा बंद पिकप वाहन का प्रयोग गोवंश लादने में उपयोग किया जाना बताया गया है।

संदिग्ध परिस्थितयों मे पेड से लटकती मिली नवयुवक की लाश

अवधनामा संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी। कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत सरांय निरहू मजरे बेहटा गांव के बाहर स्थित बाग में बृहस्पतिवार की सुबह एक नवयुवक का शव संदिग्ध हालात में पेड़ से लटका हुआ पाया गया ।उक्त घटना से गांव सहित आस पास के क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई ।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक की शिनाख्त कर परिजनों को सूचित कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने घटना के अन्य पहलुओं मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है ।जानकारी के मुताबिक बृहस्पतिवार की सुबह ग्रामीण अपने खेतों को जा रहे थे तभी उनकी नजर आम के पेड पर फंदे से लटक रहे युवक पर पड़ी उक्त नजारा देख कर ग्रामीणों के होश उड़ गए। यह खबर गांव में जंगल में आग की तरह फैल गई। घटना स्थल पर लोगो की भीड़ जुटना शुरू हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना हैदरगढ पुलिस को दी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई तो मृतक युवक की पहचान अंकित पाल (19) पुत्र राजू पाल निवासी सराय निरहू मजरे बेहटा कोतवाली हैदरगढ,के रुप मे हुई है।

नगर पालिका अध्यक्ष व सभासदों ने सिद्धू को दी श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। नगर पालिका परिषद बाराबंकी के सभासद कच्छ में बृहस्पतिवार को नगर पालिका बोर्ड के सदस्य रहे सुधीर कुमार सिंह ÷सिद्धू÷ को पालिका अध्यक्ष एवं सभासदों ने एक कार्यक्रम के अंतर्गत श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर परिषद की अध्यक्ष शीला सिंह ने सिद्धू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा सिद्धू राजनीति से हटकर जनपद में कार्य किया, उन्होंने कहा किसी जाति या धर्म के लोग सिद्धू से जो भी कार्य कहते थे वह हर संभव करा दिया करते थे। वह नगर पालिका के बोर्ड के सदस्य रहते अपने क्षेत्र में काफी कार्य कराया था। अधिशासी अधिकारी संजय शुक्ला ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा सिद्धू जी काफी लोकप्रिय व्यक्त थे। सभासद संघ के अध्यक्ष सुशील गुप्ता कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा सिद्धू जनपद में तेज- तर्रार नेता के रूप में जाने जाते थे।कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभासद संघ के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह ÷ज्ञानू÷ ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बताया नगर पालिका में 1988 में जब 16 वर्षों बाद चुनाव हुए थे तब सत्य प्रेमी नगर वार्ड से सुधीर सिंह सिद्धू सभासद पद के उम्मीदवार थे उनके सामने नगर के कई वरिष्ठ अधिवक्ता चुनाव मैदान में थे लेकिन सिद्धू ने भारी मतों से जीत दर्ज की थी, उस समय सत्य प्रेमी नगर कि ज्यादातर गलियां कच्ची थी सिद्धू ने काफी गलियों में खड़ंजा लगवा कर पक्की गलियां करवाई थी, लोग आज भी याद करते हैं।

बाढ़ की समस्या से निपटने के लिए अधिकारियों ने की बैठक

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बाढ़ नियंत्रण स्टीयरिंग कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिसमें जिलाधिकारी ने बिंदुवार प्रमुख नदियों पर निर्मित तटबंधों की मरम्मत एवं रखरखाव, आश्रय स्थलों की संख्या व व्यवस्था, बाढ़ सूचना तंत्र, बाढ़ चौकियों के निर्धारण, शहरी क्षेत्र में नालों की सफाई, गोताखोरों एवं नावों की संख्या, राहत सामग्री, पशुओं के चारे की व्यवस्था आदि की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने बिंदुवार बाढ़ नियंत्रण और प्रबंधन तैयारियों की समीक्षा करते हुए सोहगीबरवा क्षेत्र में स्थित गांवों में बाढ़ प्रबंधन पर विशेष जोर देने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने महाव नाला एवं अन्य तटबंधों पर संवेदनशील बिंदुओं की सतत निगरानी का निर्देश दिया। उन्होंने बाढ़ चौकियों और आश्रय स्थलों पर सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करते हुए सक्रिय करने का निर्देश दिया। आपूर्ति विभाग और पशुपालन विभाग को लोगों के लिए भोजन और पशुओं के लिए चारे आदि की व्यवस्था को सुनिश्चित करने और आश्रय स्थलवार नोडल अधिकारी नामित करने का निर्देश दिया। डिप्टी सीवीओ डॉ विनोद कुमार विश्वकर्मा ने अवगत कराया कि 11 वीओ को बाढ़

चौकियों के लिए और 04 डिप्टी सीवीओ को तहसीलवार नोडल अधिकारी नामित कर दिया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी एपी सिंह ने बताया कि विभिन्न विकास खंडों में निर्मित 29 बाढ़ चौकियों पर नोडल अधिकारी नामित कर दिए गए हैं। उन्होंने डीपीआरओ को पर्याप्त संख्या में नावों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। एआरटीओ को बाढ़ क्षेत्र के लिए आवश्यक वाहनों को आरक्षित करने का निर्देश दिया। बैठक में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि बाढ़ के दृष्टिगत आश्रय स्थलों पर मेडिकल टीमों को तैनात करें और साथ ही सभी जरूरी दवाओं की उपलब्धता को भी विभाग सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम को तटबंधों के निरीक्षण और तहसील स्तर पर बाढ़ समितियों को सक्रिय करने का निर्देश दिया। उन्होंने ग्राम सचिवों, लेखपालों, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के विद्यालयों के अध्यापकों शिक्षामित्रों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशा आदि को संवेदित करने के लिए भी कहा।

सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष ने पूर्व सांसद बाबू मित्र सेन यादव का मनाया जन्मदिन

अयोध्याधाम। समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिलाध्यक्ष सरोज यादव ने कहा कि अयोध्या के पूर्व सांसद बाबू मित्र सेन यादव का जन्मदिन मनाया बाबू मित्र सेन यादव ने हमेशा शोषित वंचित पिछड़ा गरीबों के हक की लड़ाई लड़ने का काम किया।उन्होंने हमेशा अन्याय के खिलाफ सड़क से लेकर संसद में आवाज उठाते रहे सामंतवादियों के खिलाफ आवाज बुलंद करने का काम किया।इस मौके पर सभी लोगों ने उनके चित्र पर श्रद्धा पूर्वक माल्यार्पण कर उनके बताए हुए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया हमारे साथ महिला सभा महासचिव डा. निसात अख्तर, कोषाध्यक्ष पूनम यादव, सचिव मंगला श्रीवास्तव, सचिव मंजू यादव अंसिका यादव रीता निषाद आदि लोग उपस्थित रहे।

सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में जनपद को दूसरा स्थान

अवधनामा संवाददाता

महाराजगंज। जनपद को विभिन्न विकास और निर्माण योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु जून माह के लिए जारी सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी ने जनपद द्वारा सीएम डैशबोर्ड द्वारा जारी सूची में सराहनीय प्रदर्शन के लिए सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि उक्त रैंकिंग से संतुष्ट होने के बजाय और बेहतर करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और जिला प्रशासन को इसी मंशा के अनुरूप सभी को कार्य करना है विकास कार्यों से संबंधित कुल 28 विभाग की 78 परियोजनाओं में जनपद के 15 विभागों की 36 परियोजनाओं ने ए+ और 05 विभाग की 06 योजनाओं में ए ग्रेड प्राप्त हुआ। ए+ ग्रेड प्राप्त करने वाले विभागों में ग्राम्य विकास, सहकारिता, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, पंचायतीराज, आरईडी, महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाएं सम्मिलित हैं। जबकि कृषि, पिछड़ा वर्ग, पंचायतीराज, आरईडी विभाग की 06 योजनाओं/परियोजनाओं ने ए+ ग्रेड प्राप्त किया। इसी प्रकार राजस्व विभाग की रिपोर्ट में 14 विभागों की 23 योजनाओं में जनपद को ए+ ग्रेड प्राप्त हुआ है। ए+ ग्रेड प्राप्त करने वाली योजनाओं में जाति/आय/निवास प्रमाणपत्र, धारा 98, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना, मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष, गन्ना पर्ची वितरण, गन्ना मूल्य भुगतान आदि सम्मिलित हैं।

पुलिस ने ट्रक ड्राइवर अंगद हत्याकांड का किया खुलासा, तीन अभियुक्त गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। स्वाट, सर्विलांस व थाना सतरिख की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ट्रक ड्राइवर अंगद हत्याकाण्ड का खुलासा करते हुए घटना को अंजाम देने वाले 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल रवाना कर दिया है। पुलिस के मुताबिक बीती 7 जुलाई को वादी रामजियावन पुत्र स्व0 शिवमूरत निवासी दमपा परसा थाना रूधौली जनपद बस्ती द्वारा थाना सतरिख पर सूचना दी गई कि उसका भाई अंगद गौतम घर से लगभग 01 सप्ताह पूर्व ट्रक चलाने के लिए निकला था, जिसकी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हत्या करके उसके शव को थाना सतरिख क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भनौली में किसान धर्म कांटा पर ट्रक संख्या यूपी 58 टी2559 में सीट के नीचे लकड़ी के बॉक्स में छिपा दिया गया है, जिसका मुंह कपड़े से बंधा है। पुलिस ने घटना की सूचना पर मुकदमा पंजीकृत कर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा उक्त घटना से सम्बन्धित समस्त पहलुओं की जांच कर घटना का अनावरण एवं संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक, दक्षिणी डॉ0 अखिलेश नारायण सिंह के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर सुमित त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया तथा आवश्यक निर्देश दिए गये। इसी क्रम में गुरुवार को स्वाट/सर्विलांस व थाना सतरिख पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेंस एवं डिजिटल डेटा की मदद से घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में शामिल 03 अभियुक्तों शिवराम यादव उर्फ प्रकाश उर्फ कल्लू पुत्र स्व0 जगेश्वर यादव निवासी बेलहा थाना कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर, अरशद कुरैशी उर्फ शब्बू पुत्र मो0 शकूर उर्फ मुन्ना निवासी इनामीपुर थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी,परवेश पुत्र स्व0 पहलादीन गौतम निवासी भनौली थाना सतरिख जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया एवं अभियुक्तगण के कब्जे से 02 अदद ट्रक टायर रिम, 2 अदद क्षतिग्रस्त टायर व मृतक का आधार कार्ड एवं निर्वाचन कार्ड बरामद कर लिया है पुलिस अधीक्षक ने प्रेस नोट जारी बताया की अभियुक्त शिवराम यादव की दोस्ती कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत पल्हरी चौराहे के पास स्थित कबाड़ की दुकान के

मालिक मो0 अरशद कुरैशी उर्फ शब्बू से है, जिसे गेंहू लदा ट्रक लाकर देने एवं उसके बदले उसे 01 लाख रुपये देने की बात की, तो अरशद कुरैशी उर्फ शब्बू राजी हो गया एवं उसने बताया कि वह परवेश को जानता है,परवेश गेंहू बेचवा देगा एवं वह ट्रक को कटवाकर कबाड़ में बेच देगा। शिवराम व मो0 अरशद कुरैशी उर्फ शब्बू दोनों जाकर परवेश से मिले एवं उक्त योजना के बारे में बात कर परवेश को भी राजी कर लिया। दिनांक 05.07.2024 को शिवराम, गोण्डा स्टेशन के पास खड़े ट्रकों की रेकी करने लगा, तभी महावीर धर्मकांटा के पास एक ट्रक चालक गेंहू से लदे ट्रक को कुछ दूरी पर खड़ा कर के नीचे आया और उससे शराब ठेका पूछने लगा।

पिकौरा गौशाला में घुसा बाढ़ का पानी

बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। विकास खंड बढ़नी अंतर्गत ग्राम पंचायत पिकौरा में घोरही नदी के करीब बना गौशाला में सैकड़ों गायें रखी गई हैं। जहां इस समय लगातार बरसात के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ा हुआ है और आसपास की नदियां उफान पर है। वहीं बाढ़ का कहर चारों तरफ देखने को मिल रहा है। लोग बचाव के लिए सुरक्षित ठिकाना ढूंढ रहे हैं। लेकिन पिकौरा गौशाले में सैकड़ों गायें बाढ़ के पानी के बीच फंसी खड़ी है। उनका चारा भूसा सड़ कर पानी में बह रहा है। उनकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है। गायों की देखभाल करने वाले सुरेश कुमार ने बताया कि मेंन सड़क से गौशाला तक आने जाने का रास्ता भी खराब हो चुका है। आने जाने में काफी दिक्कत होती है और बचाव का भी कोई इंतजाम नहीं है। वहां रखा चारा भूसा सड़ कर बह रहा है। शासन प्रशासन के लोग अगर समय रहते ध्यान नहीं दिये तो स्थिति बद से बद्तर हो जायेगी। इसलिए गायों को कहीं सुरक्षित स्थान पर रखा जाना चाहिए।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौराकर, सुनी ग्रामीणों की समस्या

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। राप्ती नदी का जलस्तर दिनों दिन बढ़ रहा हैं, गांवों के सड़कों पर पानी आ जाने से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। तहसील क्षेत्र के बड़हरा गांव में भी चारों तरफ पानी भर गया है, ग्रामीणों के आवागमन हेतु प्रशासन द्वारा नाव की व्यवस्था की गई है। वृहस्पतिवार को राष्ट्रीय टीम योगी महासंघ अनुसूचित प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महामंत्री एवं केंद्रीय लोक शिकायत जांच संस्था उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशोक कुमार अपने लोगों के साथ ग्राम बड़हरा पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर कुशलक्षेम जाना और बाढ़ पीड़ितों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली ग्रामीणों आश्वस्त करते हुए बताया कि आपदा के इस घड़ी में आपके हर दुख दर्द में सरकार आप सभी के साथ खड़ी हैं, और आपकी हर संभव मदद करेगी। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर निस्तारित कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान पंडित राकेश शास्त्री, प्रेम प्रकाश उर्फ मुन्ना, सचिन पाठक, छोटू, रिंकू, भोला, आलोक, घममल, जितेन्द्र गिरि, राम जियावन, महेश, अनिल आदि मौजूद रहें।

मजलिस मातम में जुटे लोग किया जंजीरी मातम

बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। बुधवार की रात कस्बे के अकबरनगर वार्ड में डा आब्दी के चौराहे पर मजलिसे अजा व नौहा मातम का आयोजन किया गया मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना आदिल अब्बास ने कर्बला की घटना पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मानवता की रक्षा के हजरत इमाम हुसैन अपने 72 साथियों व परिजनों के साथ शहीद होना कबूल कर लिया लेकिन अन्याय व अधर्म के सामने झुकना पसंद नहीं किया। इसके बाद शाहिद आलम व उनके साथियों ने मर्सिया पेश किया।तत्पश्चात नफीस सैयद व मुमताज हल्लौरी ने नौहा पेश किया। इसी के साथ ही शाकिर अली, राजू, जानशीन हैदर, शमशाद हैदर आदि ने हाथ से जंजीरी मातम शुरू किया। यह मातमी जलूस डा आब्दी चौराहा से मंगल बाजार, लोहा मंडी, गौतमबुद्ध नगर, टेकधर नगर श्यामनगर , पंजतन पाक की दरगाह होते हुए डा आब्दी चौराहे पर पहुंचकर समाप्त हुआ। जलूस में एडवोकेट तमन्ना हैदर रिज़वी, शुजा रिज़वी, मो अरशद, सैयद अकबर आलम, सरकार हुसैन रिज़वी, बादशाह हैदर, मंजू, सलमान हैदर, शमशुल, हसन अब्बास आदि शामिल थे।

बाढ़ प्रभावित गांव संगलदीप का निरीक्षण किया

सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 द्वारा गुरुवार को तहसील नौगढ़ अन्तर्गत बाढ़ प्रभावित गाँव संगलदीप का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 ने निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित लोगो के लिए भोजन, पानी आदि की व्यवस्था कराये। गर्भवती महिलाओ को चिन्हित कर ले जिससे किसी भी प्रकार की समस्या न हो। एक सप्ताह के अंदर जिन गर्भवती महिलाओ की डिलवरी होनी है उन्हे नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुँचाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही लेखपाल एवं सचिव को बाढ़ प्रभावित गाँव मे रात्रि मे रहने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्रा, नायब तहसीलदार नौगढ़ व अन्य संबधित अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

शिक्षकों ने आनलाइन उपस्थित बंद करने की मांग

लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। विकास खण्ड लोटन के शिक्षकों ने स्कूलों में ऑनलाइन उपस्थित बंद कराने की मांग की है। गुरुवार को बीआरसी केंद्र लोटन बाजार पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले बैठक आयोजित हुई। इस दौरान उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने बताया कि हमें भी अन्य विभागों की तरह तीस ई.एल, पंद्रह हाफ डे सीएल समायोजित की जाए। शिक्षकों को बारिश में दूर जाना पड़ता है। विभागीय कार्य जैसे विद्यालय से संबंधित खाते संचालित हेतु बैंक जाने मिड डे मील की व्यवस्था में अर्ध अवकाश की व्यवस्था की जाए। आंधी, बरसात, बाढ़, जाम, राजनीतिक व धार्मिक आयोजन को लेकर मार्ग अवरुद्ध होने जैसी स्थिति में शिक्षकों को आनलाइन उपस्थित से छूट प्रदान की जाए। ब्लाक मंत्री रामशंकर पाण्डेय ने बताया कि हमारा विरोध आनलाइन उपस्थित को अस्पष्ट तरीके से लागू करने से है। इस दौरान रामशंकर पांडेय, महेंद्र नाथ पाण्डेय ,द्विजेंद्र नाथ पांडेय, अनिल कुमार, सत्येंद्र वर्मा, महेश प्रसाद, मोहम्मद शकील, विजय शंकर पाण्डेय, विकास चंद्र मिश्र, श्रवण कुमार गौतम ,विमला देवी, रोजी कन्नौजिया, सुषमा कन्नौजिया, आरती देवी, अर्चना दीक्षित, युनुस अंसारी, पूनम, सरित, निशा उपाध्याय सहित आदि शिक्षक मौजूद रहे।

डीएम की अध्यक्षता में हुई एएनएम, आशा व आशा संगिनी के साथ बैठक

शत-प्रतिशत लक्ष्य को पूर्ण करने में पूरे मनोयोग से करें सहयोग

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जनपद एवं आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न इंडिकेटर पर शतप्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने के सम्बन्ध में एएनएम/आशा संगिनी के साथ लोहिया कला भवन में बैठक सम्पन्न हुआ।

जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने सभी एएनएम/आशा संगिनी को सम्बोधित करते हुये कहा कि हमारा जनपद आकांक्षी जनपद की श्रेणी में है, हमारे जनपद को शासन द्वारा नीति आयोग के अन्तर्गत विभिन्न इंडिकेटर्स पर लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसको हम सबको शतप्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करना है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग एवं आईसीडीएस विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। जनपद का विकास तभी सम्भव है जब जनपद के लोगों का स्वास्थ्य ठीक रहेगा। सभी लोग टीम भावना के साथ पूरी निष्ठा के साथ कार्य करते हुये शतप्रतिशत लक्ष्य को पूर्ण करने में पूरे मनोयोग से सहयोग करें। लक्ष्य काफी बड़ा है लेकिन असम्भव नहीं है। टीकाकरण में जनपद की प्रगति काफी कम है। जिलाधिकारी ने सभी एएनएम को निर्देश दिया कि सभी लोग क्लस्टर वाइज गांव में जाकर रेंडमली आशा के विभिन्न रजिस्टर को चेक करें। आशा कार्यकत्री प्रत्येक गांव में जाकर गर्भवती महिलाओं, कुपोषित बच्चों, 30 वर्ष के लोगों, टीकाकरण योग्य बच्चों को चिन्हित करें तथा हाई रिस्क वाली गर्भवती महिलाओं की सूचना ए0एन0एम को उपलब्ध करायें। नव दम्पतियों की भी सूची तैयार कर लें। गर्भवती महिलाओं का समय-समय पर जांच कराते हुये संस्थागत प्रसव भी करायें। एएनएम द्वारा आशा के सी-बैक फार्म को भी चेक किया जाये, आशा द्वारा लोगों को जागरूक करते हुये 30 वर्ष के लोगों को चिन्हित करके उनका बी0पी0 व सुगर की जांच करायें। गर्भवती महिलाओं का रजिस्ट्रेशन/टीकाकरण एवं बच्चों का टीकाकरण शतप्रतिशत पूर्ण करायें। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि एएनएम को बुधवार एवं शनिवार को छुट्टी अपरिहार्य स्थिति में ही स्वीकृत किया जाये तथा चिन्हित हाई रिस्क वाली गर्भवती महिलाओं को फोन के माध्यम से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि ए0एन0एम0/आशा/आशा संगिनी को उनका मानदेय/प्रोत्साहन राशि समय से उपलब्ध कराया जायेगा।

बरगदी ग्राम पंचायत की बैठक सम्पन्न

पंचायत सहायक पद पर विकास चौधरी का हुआ चयन

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। विकास क्षेत्र बर्डपुर के ग्राम पंचायत बरगदी की खुली बैठक प्राथमिक विद्यालय बरगदवा पर गुरुवार को आयोजित की गई। ग्राम पंचायत सचिव अंकित शुक्ला ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से एक अंत्योदय कार्ड के लिए लाभार्थी का चयन एवं पंचायत सहायक का चयन होना है। बैठक में सर्व प्रथम ग्राम पंचायत सचिव अंकित शुक्ला द्वारा पंचायत सहायक के लिए आये आवेदनों के प्रतिशत को पढ़ कर सभी के बीच सुनाया गया, जिस पर बिना किसी के आपत्ति के एवं अधिक मेरिट होने पर विकास चौधरी पुत्र सुजीत चौधरी का सर्व सम्मत से चयन किया गया। इसके अलावा अंत्योदय राशन कार्ड के लिए भी आये कई आवेदनों को उपस्थित लोगों के बीच में बताया गया तथा उपस्थित लोगों से भी पूछा गया कि पात्र व्यक्ति कौन है पूरे ग्राम पंचायत में जिसका अन्त्योदय कार्ड बनाया जाना उचित होगा, जिस पर सबसे बेहतर पात्र के रूप में दिव्यांग मीना पुत्री मुन्नू का चयन हुआ, जिनको सभी प्रपत्र आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, बैंक पास बुक की छाया प्रति कम्पलीट करके जल्द से जल्द जमा करने हेतु निर्देशित किया गया है। बैठक में मुख्य रूप ग्राम प्रधान प्रभात चौधरी, जिला पंचायत सदस्य जहूर खाँ, ग्राम पंचायत सदस्य मनीष चौधरी, अजय चौधरी, जहीर खाँ, रामप्रसाद, शिव शरण चौधरी, मथुरा प्रसाद, आरती देवी, मनोज सिंह आदि लोग शामिल रहे।

हुसैन नाम है ज़ालिम के खिलाफ आवाज़ बलन्द करने का : मोहम्मद यूसुफ

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। रसूलल्लाह ने फरमाया कि हुसैन मुझसे है और मैं हुसैन से हूँ। ये दुनिया कभी समझ नही पाती कि इमाम से रसूलल्लाह कैसे है लेकिन करबला में इमाम का आना और उनका क़याम करना बताता है कि रसूल की हदीस इमाम ए हुसैन के लिए फरमाया था। लेकिन मुकम्मल तौर पर तब पता चलता है जब इमाम हुसैन ने राहे रसूलल्लाह को अपनाया और उनकी तरह जुल्म के खिलाफ आवाज़ बलन्द की ये करबला हमे दर्स देती है। उक्त उदगार क्षेत्र के हल्लौर स्थित माहताब हैदर एडवोकेट के आवास पर आयोजित अशरे की चौथी मजलिस को ज़ाकिरे अहलेबैत मोहम्मद यूसुफ रिज़्वी ने सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हम किस तरह से ज़ालिम के खिलाफ आवाज़ उठाएं चाहे तादात में कम रहे लेकिन ज़ालिम के खिलाफ आवाज़ और मज़लूमों की हिमायत का नाम कर्बला है। हमें भी इस दौर की ज़ालिम हुकूमत इज़राइल के खिलाफ आवाज़ उठानी चाहिए और फिलिस्तीन जैसे मज़लूम के साथ खड़ा होना चाहिए। अंत में मुस्लिम बिन औसजा का मसाएब बयान किया तो मौजूद लोग रोने लगे। मजलिस से पूर्व सरवर मेंहदी, जलाल मास्टर व इक़्तेदार मेंहदी ने चौथी मोहर्रम से मंसूब मरसिया पढ़ा। मजलिस के दौरान ज़ाकिर सुज़ैन हैदर, आले रज़ा, सादिक अब्बास, अकील हैदर, अमन, शुएब, जईम अब्बास, काशान, मंगलू, छोटे, मंज़र, कामयाब सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

35 वर्षीय व्यक्ति की जमुआर नाले में मिली लाश

अवधनामा संवाददाता

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर। स्थानीय थाना क्षेत्र मे बह रही जमुआर नाले मे वृहस्पतिवार को सुबह एक 35 वर्षीय व्यक्ति की लाश मिली। ग्रामीणो के सूचना पर पहुंची पुलिस कागजी कार्यवाही करते हुए लाश को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय सिद्धार्थनगर भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीण कृषि कार्य के लिए नाले के पास खेत मे गये थे जहा नाले मे बह रही लाश दिखी। ग्रामीणो ने पुलिस चौकी खुनुवा पर सूचना दिये जिस पर चौकी इंचार्ज खुनुवा जगतनरायन यादव मय फोर्स मौके पर पहुंच गये। पुलिस लाश को नाले से बाहर निकलकर पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मौजूद लोगो द्वारा मृतक की पहचान दिलीप कुमार पुत्र सीताराम उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी जीतपुर थाना कपिलवस्तु के रूप मे हुई है। घटना की सूचना पाकर मृतक की पत्नी शान्ति व परिवार वालों का रो रोकर बुरा हाल है। गांव में शोक की लहर है।

बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बर्डपुर के चिकित्सकों की टीम द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय देवरा चौधरी के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सभी बच्चों को स्वस्थ रहने हेतु साफ सफाई और पौष्टिक पदार्थों सहित अधिक से अधिक स्वच्छ पानी पीने का सुझाव दिया। जांच टीम में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर एन के शर्मा, डॉक्टर सना मालिक तथा फार्मासिस्ट पशुपति नाथ उपाध्याय ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय देवरा चौधरी में पढ़ने वाले बच्चों के सर, हाथ, पैर, चेहरा, आंख, नाक, कान, गला, पेट, आदि की जांच की।

बालिकाओं के शरीर में आयु के साथ होने वाले हार्मोनल चेंजिग आदि को ध्यान में रखते हुए डॉक्टर सना मालिक ने बालिकाओं से विशेष रूप जांच कर उन्हें परामर्श दिया, हमेशा साफ सफाई से रहने और पौष्टिक खाद्य पदार्थों के सेवन को करने का सुझाव दिया। डॉक्टर एन0 के0 शर्मा व डॉक्टर सना मालिक ने बताया कि वर्ष में एक बार राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 0 से 18 वर्ष के सभी बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की जाती है और सामान्य रोगों से संबंधित दवाएं भी निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। वहीं असमान्य रूप से बड़े अथवा छोटे सर, हाथ, पैर, कटे होठ, गूंगे, बहरे, दिल में छेद, और पीठ में फोड़ा वाले बच्चों का सम्पूर्ण इलाज सावित्री नर्सिंग होम, केजीएमसी, एम्स आदि जैसी देश के बड़े से बड़े हॉस्पिटल में, जहां पर इलाज के नाम पर लाखों रुपया लगता है, वहां पर बिल्कुल मुफ्त में कराया जाता है, साथ ही मरीजों के आने जाने खाने पीने की व्यवस्था भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जाती है। उन्होंने ऐसे सभी गंभीर रोग से पीड़ित लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बर्डपुर मे भेजने का सुझाव दिया। विद्यालय में नामांकित 89 बच्चों में से 68 बच्चों की जांच की गई जिसमे सभी बच्चे स्वस्थ पाए गए। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक कलीमुल्लाह, अनुदेशक नीलम देवी, मोहम्मद काशिफ, निर्मला, सरस्वती आदि उपस्थित रहे।

आशा कार्यकत्रियों ने सौंपा ज्ञापनः महत्वपूर्ण कार्यों के लिये भुगतान की मांग

अवधनामा संवाददाता

बस्ती। बस्ती जिले मे गुरूवार को आल इण्डिया आशा अधिकार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सन्तोष पाण्डेय के नेतृत्व में आशा कार्यकत्रियों ने जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी और मुख्य चिकित्साधिकारी को ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि दस्तक अभियान, संचारी रोग नियंत्रण अभियान 'डाट', टी.वी. खोज अभियान, डायरिया नियंत्रण, बाल स्वास्थ्य पोषण माह, आयुष्मान कार्ड जैसे महत्वपूर्ण कार्यो के बदले उन्हें भुगतान दिलाया जाय।

ज्ञापन देने के बाद मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सन्तोष पाण्डेय ने बताया कि आशाओं को कोई वेतन, मानदेय नहीं दिया जाता है केवल कार्य आधारित प्रोत्साहन राशि ही दी जाती है। वो कब और कितना मिलना है कोई पता नहीं रहता। प्रोत्साहन राशि देने में भी मनमानी की जाती है। दस्तक अभियान, संचारी रोग नियंत्रण अभियान, (डाट) टीवी खोज अभियान, डायरिय नियंत्रण, बाल स्वास्थ्य पोषण माह, आईडी और आयुष्मान कार्ड निःशुल्क करायें जाते है और इसका किसी भी प्रकार का कोई भुगतान देय नहीं होता। सरकार द्वारा निर्धारित मनरेगा मजदूरी भी 237 रु. है जो कि एक अनट्रेंड लेवर होते हैं। तो क्या प्रशिक्षण लेकर समाज को स्वस्थ रखने वाली आशा इसकी भी हकदार नहीं हैं। दस्तक एवं संचारी अभियान 11 जुलाई से प्रारंभ होकर 31 जुलाई तक चलेगा यानी 21 दिन आशाओं को बिना पैसे के कार्य करना है। आशा कार्य से पीछे नहीं है लेकिन उनको कार्य का पारिश्रमिक मिलना चाहिए। एक सप्ताह के अंदर दस्तक एवं संचारी अभियान आभा, आयुष्मान जैसे फ्री करायें जाने वाले कार्यो पर सरकार भुगतान पर अपनी स्थिति स्पष्ट करें तभी दस्तक एवं संचारी जैसे कार्य होंगे अन्यथा आशाये कार्य नहीं करेंगी। कार्य न होने पर सरकार स्वयं जिम्मेदार होगी। कहा कि एक तरफ भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार महिला कल्याण पर अच्छा खासा बजट खर्च कर उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बना रही है और दूसरी तरफ हम महिला श्रमिकों को काम का दाम भी नहीं मिल रहा है। ये कौन सा महिला सशक्तिकरण है। ये हम लोगों के साथ कौन सा न्याय है। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय महासचिव शैलेन्द्री श्रीवास्तवा, उपाध्यक्ष अनुसुईया तिवारी, किरन मिश्रा, सिया बारी, अर्चना ओझा, नीर सिंह, विजय लक्ष्मी, उमा सिंह, नीतू सिंह, आकांक्षी पाण्डेय, उमा सिंह, रेखा, सुशीला, कृष्णावती, शीलू सिंह, दीपिका, बबिता, सावित्री देवी, स्नेह लता माया देवी ज्ञानमती मीना देवी शर्मिला देवी सीमा देवी विमला दुबे, सोनम सिंह, गीता सिंह, संगीतादेवी, राधिका देवी, अमरावती, सविता सिंह, मालती पण्डिय, चन्द्रावती, पूनम, इसरावती चौधरी, दीपमाला, पूनम सिंह, कैसरजहां, शारदा, रेखा, निर्मला तिवारी के साथ ही बड़ी संख्य में आशा कार्यकत्रियां शामिल रहीं।

चट्टी बाजार वार्ड नंबर 5 में स्थित चिकमंडी को हटाने की मांग

अवधनामा संवाददाता

बढ़नी सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत बढ़नी के जागरूक बुद्धिजीवियों ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर कस्बे के चट्टी बाजार वार्ड नंबर 5 में स्थित चिकमंडी को हटाने की मांग किया है, नगर वासियों द्वारा मांग करते हुए आशंका जताई गई है कि अगर समय से रहते चिकमंडी नहीं हटाई गई तो किसी भी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता है। प्राप्त खबर के मुताबिक नगर पंचायत बढ़नी के वार्ड नंबर 5 के निवासी मजीबुल्लाह खान, पंकज दुबे, पप्पू, साजिद, गोपाल, गोविंद, अनिल, मनोज कुमार, मोहम्मद इरफान, शिवराज, धर्मेंद्र, सहित दर्जनों लोगों ने जिलाधिकारी को लिखे गए पत्र में मांग किया गया है कि नगर पंचायत बढ़नी मोहल्ला चट्टी बाजार वार्ड नंबर 5 से चिकमंडी स्थित होने के कारण बकरा, मुर्गा, मछली आदि कटता और बिकता है इन चीजों के कटने से मोहल्ले में गंदगी का अंबार लगा रहता है, जिससे अनेक प्रकार की जानलेवा बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है। इस गंदगी की वजह से कई बार भयंकर बीमारी फ़ैल जाने के कारण जानलेवा साबित होती है। तथा व्यापारिक दृष्टिकोण से ही ये जगह अधिक महत्वपूर्ण है लेकिन दुर्गंध तथा गंदगी की वजह से व्यापार प्रभावित होता है तथा आने जाने से लोग कतराते हैं। अभी कुछ दिन पूर्व एक गैस सिलेंडर मुर्गा भूनते समय आग लग गया था। लेकिन कोई अनहोनी नहीं हुआ, नगर पंचायत चट्टी बाजार पांच नंबर में व्यास गंदगी का मेडिकल सर्वे जांच करवा कर जनहित में चिकमंडी हटाए जाने की बुद्धिजीवियों ने मांग किया है। बताते चले कि इस मुहल्ले में ही सब्जी मंडी स्थित है जहां सब्जी खरीदने वाले नाक बंद करके मजबूरी में आवागमन करते है। शासन द्वारा चलाए जा रहे संचारी रोगों की रोकथाम के अभियान की सार्थकता यही विफल हो जाती है जहां गंदगी का जमावड़ा बना रहता है इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लोगों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट करते हुए चिकमंडी को हटाए जाने की पुरजोर अपील की है।

टांडा तहसील के उल्टाहवा माझा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का डीएम ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने संभावित बाढ़ क्षेत्र टांडा तहसील के गांव माझा उल्टहवा पहुंचकर मौके का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने माझा उल्टाहुवा का स्थलीय निरीक्षण किया। इस संभावित बाढ़ क्षेत्र में लगभग प्रतिवर्ष बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है। बाढ़ आने के पूर्व सभी तैयारियां जिला प्रशासन की तरफ से किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से वार्ता कर सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के मिलने वाले लाभ के बारे में पूछा। इस दौरान जिलाधिकारी ने राशन कार्ड, शौचालय, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना तथा अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी लिया गया। मौके पर ग्राम प्रधान ने अवगत कराया कि जिला प्रशासन की तरफ से सभी व्यवस्था समय से कर दी जाती हैं। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन घरों में शौचालय, आवास अभी तक नहीं बना है ऐसे घर को चिन्हित कर पात्र लाभार्थी को लाभान्वित किया जाय। जिलाधिकारी के पूछे जाने पर मौके पर उपस्थित कोटेदार ने अवगत कराया कि इस गांव में राशन कार्ड धारक को राशन समय से वितरित किया जाता है। पशु चिकित्सक को निर्देशित किया गया कि गांव में जिन पशुओं का वैक्सीनेशन तथा ईयर टैगिंग अभी तक नहीं हुआ है उन पशुओं को चिन्हित कर शत प्रतिशत वैक्सीनेशन कराया जाए। साथ ही साथ संभावित बाढ़ के मद्देनजर भूसा आदि का बंदोबस्त किया जाए। बाढ़ को देखते हुए जिलाधिकारी द्वारा 5 स्टीमर देने के लिए निर्देशित किया गया, जिससे बाढ़ के समय यहां के ग्रामीणों को आने जाने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उनके खाने-पीने और उजाले की व्यवस्था के लिए शासन से मिट्टी का तेल मांग किया जाए जिससे लाइट न रहने पर मिट्टी के तेल से दीपक जला सके। उप जिलाधिकारी टाण्डा को निर्देशित किया गया कि उजाले के लिए पेट्रोमैक्स की व्यवस्था कराया जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि गांव में चिकित्सा अधिकारी से भ्रमण कराते रहें जिससे ग्रामीणों को इलाज के लिए आवश्यक दवाओं की उपलब्धता होती रहे।

कागजों की बाजीगरी ने अनुसूचित जमीन का बिना परमिशन के हुआ चार बार बैनामा

अवधनामा संवाददाता

बांसी। तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोहर में सरकारी भूमि पर हो रहा था निर्माण जिस पर तहसीलदार बांसी देवेन्द्र मणि त्रिपाठी के संज्ञान में आते ही मौका मुआयना करने हेतु मोके पर राजस्व टीम भेजकर स्थलिये निरिक्षण कराते हुए निर्माण कार्य को अग्रिम कार्यवाही तक स्थगित कर दिया। वहीं सूत्रों की मानें तो अनुसूचित जाति की जमीन को बिना परमीशन करायें बैनामा करा लिया गया था। जमीन के दलालों के द्वारा अनुसूचित जाति का जमीन स्टांप टू स्टांप बैनामे कई बार किया गया। निर्माण स्थल पर राजस्व निरीक्षक मोहम्मद फारुख अहमद तथा हल्का लेखपाल स्वाति यादव मौके पर पहुंच कर मौका मुआयना करते कहा कि बिना टीम गठित के यह कार्रवाई संभव नहीं है क्योंकि बंजर का काफी बड़ा रकबा सटा हुआ है। जिसमें हर घर जल जीवन मिशन के लिए पानी की टंकी निर्माराधीन है। ऐसी स्थिति में निर्माण कार्य को रोका गया है और टीम गठित करके अग्रिम कार्रवाई की बात कही गई है।

खण्ड शिक्षा अधिकारी ने धौरूआ मे बिना मान्यता के विद्यालय पर नोटिस चस्पा किया

जलालपुर अम्बेडकरनगर। खंड शिक्षा अधिकारी मीनाक्षी सिंह ने शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत धौरूआ न्याय पंचायत के रूढ़ा में बिना मान्यता के संचालित श्री राम लाल चिल्ड्रेन एकेडमी परिसर में नोटिस चस्पा कराते हुए तत्काल बंद करने का निर्देश दिया। स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे नौनिहालो का नजदीक के परिषदीय विद्यालय में नामांकन कराने को कहा। खंड शिक्षा अधिकारी मीनाक्षी सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में यदि विद्यालय संचालित होते पाए गए तो शासन के अधिनियम के तहत निर्धारित जुर्माना उसूल करते हुए संबंधित प्रबंधक एवं प्रधानाध्यापक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी जाएगी। गौरतलब है कि विगत तीन माह पूर्व क्षेत्र में बिना मान्यता के संचालित आधा दर्जन स्कूलों पर कार्रवाई करते हुए बेसिक शिक्षा विभाग ने नोटिस जारी किया था। लेकिन विभाग की सख्ती बेअसर साबित होने से गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय फिर से संचालित होने लगे।

करीब आने की कोशिश

शघाई सहयोग संगठन के बैठक के अवसर पर चीन और भारत के विदेश मन्त्रियों की आपसी वर्ता कुछ आशायें जगाती है। अर्से से दोनो देशों के रिश्ते इतने तल्ख है कि अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। कोई सुखद आश्चर्य आने की सम्भावना अभी दूर है। दोनो देशों के विदेश मन्त्रियों की मुलाकात कई बैठकों में होती रही पर बातचीत इस बैठक के अवसर पर हुई।

बैठक में दोनो विदेश मन्त्रियों ने महसूस किया एलएसी पर गतिरोध को खत्म करना चाहिये इसे लम्बा खीचना दोनो के हित में नहीं होगा। दोनो एक मत है सीमा पर शान्ति हमेशा बनानी पड़ती है। सहमति बनी कि सैनिक अधिकारियों और कूटनितिज्ञों की बैठक जारी रहे। सीमा पर कई जगहों पर चीनी सैनिक आगे बढ़ आते है। गलवान घाटी में दोनो में भिडन्त हुई है तनाव बढ़ गया पर दोनों पक्षों में इसे लेकर वार्ता जारी रही। वर्किंग मेकनिज्म फार कन्सल्टेशन ऐन्ड कोआर्डिनेशन की कई बैठक हो चुकी है। कोर कमान्डर स्तर पर भी 21 दौर की डवेसांग और डेमचक मतभेद बरकार है। इसीलिये सीमा पर दोनो और बड़ी संख्या में सैनिक डटे हुये है।

चीन के पूर्व गतिविधियों को देखते हुये बार-बार सवाल उठता है क्या चीन सचमुच गतिरोध दूर करने के लिये गम्भीर है। हल निकालने के लिये तैयार है। कहा जा रहा है और जोर भी दिया जा रहा है सीमा पर जो भी मतभेद है उन्हें नज़रअन्दाज करते हुये दोनो को आपसी सम्बन्ध सामान्य बनाने के लिये गम्भीर प्रयास करना चाहिये सकारात्म नज़रिया लेकर। भारत इस परिप्रेक्ष में अपना रूख बता दिया है जब तक सीमा पर गतिरोध दूर नहीं कर लिया जाता तब तक आपसी रिश्ते सामान्य नहीं हो सकते। भारत इसे दोहराता रहता है। सकारात्मक रूख चीन को दर्शाना है।

सीमा पर शान्ति हमेशा बनानी पड़ती है दोनो विदेश मन्त्रियों ने स्वीकार किया है। दोनो के स्वीकार से उम्मीद बनती है कि दोनों पक्षों में होने वाली बातचीत में दोनो पक्ष कोई सकारात्मक हल निकालने के लिये गम्भीर प्रयास करेगे और कुछ दोनो पक्षों को स्वीकार्य सकारात्मक हल निकालेगे।

भारत तो हमेशा से शान्ति की बात करता है और प्रयास भी करता रहता है। क्योंकि शान्ति और बन्धुत्व उसका आदर्श है। पर क्या चीन इसके लिये सच्चे मन से तैयार है। यह सवाल बार बार उठता है। क्योकि जब भी किसी मसले पर दोनों की वार्ता हुई है तो चीन गतिरोध पैदा करता रहा है अपनी जिद को लेकर अब चीन अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर कुछ संकेत देना चाहता है, और पैठ बनाना चाहता है, कुछ ठोस करना चाहता है ये सब उसके आगे की गतिविधियां बतायेगी।

बढ़ती आबादी के मुकाबले सुविधाओं का स्तर

डॉ. प्रितम भि. गेडाम

विश्व के सबसे बड़े युवा आबादी वाले देश के रूप में भारत है, देश में क्षेत्रफल की तुलना में आबादी हद से ज्यादा बढ़ चुकी है, जिससे विकास का चक्र धीमा होकर समाज के हर वर्ग और हर नागरिक तक सुविधाएं पहुंचाना मुश्किल हो जाता है। विभिन्न परिस्थितियों के कारण हर किसी को आगे बढ़ने का मौका नहीं मिलता या आवश्यक विकास संभव नहीं हो पाता, जिससे देश में संसाधनों का अत्यधिक दोहन, गलिच्छ बस्तियां, अशुद्ध वातावरण, प्रदूषण, अशुद्ध हवा-पानी, निम्न जीवनमान जैसी समस्याओं का निर्माण होता है और आगे ये समस्याएं आर्थिक असमानता, भुखमरी, कुपोषण, बेरोजगारी, महंगाई, नशाखोरी, अपराधवृत्ति, मिलावटखोरी, भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं को तेजी से बढाती है, लोग अपने स्वार्थ के हिसाब से जीने लगते हैं और नैतिकता, नीति-नियम, सामूहिक जिम्मेदारी, देश के प्रति कर्तव्य भावना बस नाम के लिए रह जाती है। अन्नदाता किसानों की आत्महत्याएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। हर वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए सरकारी योजनाएं, आयोग, कानून, नीतियां, मंत्रालय, विभाग, संगठन होकर भी लोग समस्याओं से जूझते है क्योंकि उन्हें उचित सुविधाएं आवश्यकता अनुसार नहीं मिल रही है। विश्व के कई विकसित देशों की जनसंख्या के मुकाबले हमारे देश के एक-एक राज्य की जनसंख्या है।

नवीनतम संयुक्त राष्ट्र डेटा वर्ल्डोमीटर विस्तार के आधार पर, 1 जुलाई, 2024 तक भारत की वर्तमान जनसंख्या 1,441,696,095 थी। भारत की जनसंख्या विश्व की कुल जनसंख्या का 17.76 प्रतिशत है। जनसंख्या के आधार पर भारत नंबर 1 पर है। बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के अनुसार सितंबर 2023 तक देश पर 205 लाख करोड़ रुपया कर्ज हो गया, पिछले दस साल में 150 लाख करोड़ कर्ज बढ़ गया, जबकि 2004 में कर्ज 17 लाख करोड़ रुपये था। विश्व आर्थिक मंच रिपोर्ट 2021 अनुसार, भारत की शिक्षा की गुणवत्ता दुनिया में 90 वें स्थान पर है, ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक 2023 में भारत 180 देशों में से 93वें स्थान पर है। 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत की झुग्गी-झोपड़ियों की आबादी लगभग 6.5 करोड़ है जो शहरी भारत का 17 प्रतिशत और भारत की कुल आबादी का 5.4 प्रतिशत है। 2011 में, महाराष्ट्र में झुग्गियों में रहने वाली आबादी 1.18 करोड़ थी, इसके बाद आंध्रप्रदेश में लगभग 1.02 करोड़ थी।

देश में संपत्ति व आय प्राप्ति में बहुत असमानता है, जो लगातार बढ़ रही है। भारत में संपत्ति असमानता से पता चलता है कि शीर्ष 10 फीसदी आबादी के पास कुल राष्ट्रीय संपत्ति का 77 प्रतिशत हिस्सा है, सबसे अमीर 1 फीसदी के पास देश की 53 प्रतिशत संपत्ति है, जबकि सबसे गरीब में से आधे लोगों के पास राष्ट्रीय संपत्ति का केवल 4.1 प्रतिशत हिस्सा है। विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 के अनुसार, शीर्ष 10 फीसदी के पास कुल राष्ट्रीय आय का 57 प्रतिशत है तथा शीर्ष 1 फीसदी के पास राष्ट्रीय आय का 22 प्रतिशत है। सबसे निम्न 50 फीसदी की हिस्सेदारी 13 प्रतिशत हो गई है। देश के कुल वस्तु एवं सेवा कर अर्थात जीएसटी का लगभग 64 प्रतिशत पैसा नीचे की 50 फीसदी आबादी से आया, जबकि केवल 4 प्रतिशत शीर्ष 10 फीसदी से आया। एफएओ, आईएफएडी, यूनिसेफ, डब्ल्यूएफपी और डब्ल्यूएचओ की संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया की 42.1 प्रतिशत आबादी को स्वास्थ्यवर्धक पोषक भोजन तक पहुंच नहीं है, जबकि भारतीय आबादी के लिए यह आंकड़ा 74.1 प्रतिशत है। 16.6 प्रतिशत भारतीय कुपोषित हैं, जबकि दुनिया की आबादी का 9.2 प्रतिशत है। विश्व भूख सूचकांक में भारत 125 देशों में से 111 वें स्थान पर है, जो भूख की तीव्रता के गंभीर स्तर को दर्शाता है। ब्लूमबर्ग के हवाले से नैटिक्सिस एसए की रिपोर्ट अनुसार, भारत को 2030 तक 11.5 करोड़ नौकरियां पैदा करने की जरूरत है, अर्थात हर साल 1.65 करोड़ नौकरियां। साल 2030 तक, पृथ्वी पर कामकाजी हर पांच लोगों में से एक भारतीय होगा। हाल ही में, मानव विकास संस्थान और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने भारत रोजगार रिपोर्ट 2024 नामक एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें बताया गया है कि भारत बढ़ती युवा बेरोजगारी दर से जूझ रहा है। भारत के बेरोजगार कार्यबल में लगभग 83 फीसदी युवा हैं, और कुल बेरोजगारी में माध्यमिक या उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं की हिस्सेदारी 2000 में 35.2 फीसदी से लगभग दोगुनी होकर 2022 में 65.7 फीसदी हो गई है। देश में बेरोजगारी का आलम से तो सभी वाकिफ है ही। चपरासी के पद के लिए भी बड़ी मात्रा में उच्च शिक्षित, पीएचडी पदवी धारक भी आवेदन करते है। सरकारी उपाययोजना, नीतियों के बावजूद, सामाजिक असमानता बनी हुई है। डब्ल्यूएचओ प्रति 1000 जनसंख्या पर 1 डॉक्टर और 3 नर्स के अनुपात की सिफारिश करता है, जबकि देश में प्रति 1000 लोगों पर 0.73 डॉक्टर और 1.74 नर्सें है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

राष्ट्रीय जनसंख्या और स्वास्थ्य संबंधी नीतियां परिवार नियोजन की अधूरी रह गई उस जरूरत को पूरा करने की आवश्यकता पर बल देती हैं, जिसे वैसी महिलाओं के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है जो बच्चे नहीं चाहती हैं या बच्चे को जन्म देने में देरी करना चाहती हैं लेकिन गर्भनिरोधक का कोई भी तरीका नहीं अपना रही हैं। इस कार्यक्रम ने 2012 में प्रजनन, मातृ, नवजात, बाल और किशोर स्वास्थ्य (आरएमएनसीएच+ए) दृष्टिकोण के संस्थागतकरण के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

परिवार नियोजन यात्रा : हमारे निर्णायक क्षण और चुनौतियां

इस विश्व जनसंख्या दिवस (11 जुलाई) के अवसर पर, हम परिवार नियोजन के क्षेत्र में भारत की अविश्वसनीय यात्रा पर गौर करते हैं। हम अपनी सफलताओं का उत्सव मनाते हैं, आशाओं से भरे भविष्य की कामना करते हैं और आगे आने वाली चुनौतियों से निपटने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।

जगत प्रकाश नड्डा

भारत का नेतृत्व और प्रगति : जैसा कि मई 2024 में जनसंख्या विकास पर संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीपीडी) के 30वें सम्मेलन में संकल्प व्यक्त किया गया है, भारत ने न केवल आईसीपीडी के एजेंडे को मजबूत नेतृत्व प्रदान किया है बल्कि बेहतर परिवार नियोजन सेवाओं और नाटकीय रूप से बेहतर स्वास्थ्य संबंधी नतीजों, विशेष रूप से मातृ स्वास्थ्य और बाल स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार के जरिए जमीनी स्तर पर जबरदस्त प्रगति का प्रदर्शन किया है।

जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के प्रति रवैया : भारत में मिलेनियल महिलाएं छोटे परिवारों को चुन रही हैं। ऐसे प्रत्येक परिवार में औसतन केवल दो बच्चे होते हैं। यह प्रवृत्ति पिछले दशक में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाती है, जिसके दौरान प्रजनन आयु (15 से 49 वर्ष) की आधी से अधिक महिलाओं (57 प्रतिशत) ने आधुनिक गर्भनिरोधकों का सक्रिय रूप से उपयोग किया है। गर्भनिरोधकों का यह व्यापक उपयोग भारत के परिवार नियोजन कार्यक्रम की सफलता को दर्शाता है। हालांकि, परिवार नियोजन का आशय केवल गर्भनिरोधकों से कहीं आगे है। यह महिलाओं, परिवारों और समुदायों के स्वास्थ्य एवं कल्याण का अभिन्न अंग है। यह महिलाओं, लड़कियों एवं युवाओं को अधिकार और विकल्प प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाता है। 10-24 वर्ष की आयु के 369 मिलियन युवाओं के साथ, भारत एक परिवर्तनकारी जनसांख्यिकीय बदलाव के दौर से गुजर रहा है और विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए तैयार है।

इसके अलावा, पिछले कुछ दशकों में, इस कार्यक्रम में काफी विकास हुआ है और परिवार नियोजन के विभिन्न तरीकों को अपनाया गया है, जिसमें क्लिनिक-आधारित से लेकर लक्ष्य-उन्मुख तरीके और अब परिवार नियोजन विकल्पों को स्वैच्छिक रूप से अपनाना शामिल है। यह बदलाव आबादी की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए नीतियों को ढालने का प्रतिनिधित्व करता है। राष्ट्रीय जनसंख्या और स्वास्थ्य संबंधी नीतियां परिवार नियोजन की अधूरी रह गई उस जरूरत को पूरा करने की आवश्यकता पर बल देती हैं, जिसे वैसी महिलाओं के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है जो बच्चे नहीं चाहती हैं या बच्चे को जन्म देने में देरी करना चाहती हैं लेकिन गर्भनिरोधक का कोई भी तरीका नहीं अपना रही हैं। इस कार्यक्रम ने 2012 में प्रजनन, मातृ, नवजात, बाल और किशोर स्वास्थ्य (आरएमएनसीएच+ए) दृष्टिकोण के



संस्थागतकरण के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, साथ ही परिवार नियोजन 2020 और अब परिवार नियोजन 2030 के माध्यम से परिवार नियोजन पर वैश्विक स्तर पर जोर दिया गया। इसने निरंतर जागरूकता बढ़ाने, सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देने, सूचना और सेवाओं की सुलभता में सुधार करने, गर्भनिरोधक विकल्पों की सीमा का विस्तार करने, अंतिम छोर तक दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता संबंधी आश्वासन सुनिश्चित करने और उच्च प्रजनन क्षमता वाले क्षेत्रों में नई रणनीतियों को लागू करने पर ध्यान केंद्रित किया है। किसी देश की प्रगति और विकास जनसंख्या के आयामों से जुड़ा हुआ है। भारत पहले ही राष्ट्रीय स्तर पर प्रजनन क्षमता के प्रतिस्थापन स्तर (टीएफआर 2.0) को प्राप्त कर चुका है और एनएफएचएस-5 (2019-21) के अनुसार 31 राज्य/केंद्र शासित प्रदेश पहले ही यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं, जो इसकी यात्रा की सफलता की कहानी है। इसके साथ-साथ परिवार नियोजन को मातृ एवं शिशु रुग्णता और मृत्यु दर को कम करने के लिए भी वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त है और इस कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण घटक मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार पर ध्यान केंद्रित करना है, जिसने समग्र नीतिगत उद्देश्यों को व्यापक तरीके से विस्तारित किया है।

भारतीय राज्यों की जनसांख्यिकीय विविधता दुनिया में अनूठी है और परिवार नियोजन की रणनीतियों को इसके अनुरूप ही ढाला गया गया है। सुलभ गर्भनिरोधक विकल्पों की सीमा को व्यापक बनाने के साथ-साथ, यह रणनीति विवाह की आयु, पहले जन्म की आयु और लड़कियों की शैक्षिक प्राप्ति जैसे सामाजिक मुद्दों पर भी महत्वपूर्ण रूप से विचार करती है। ये कारक परिवार नियोजन के लिए एक समग्र दृष्टिकोण बनाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं जो राष्ट्र की विविध आवश्यकताओं को पूरा करता है।

मिशन परिवार विकास (एमपीवी) : परिवार नियोजन में बदलाव – भारत सरकार के प्रमुख परिवार नियोजन कार्यक्रमों में से एक, मिशन परिवार विकास को 2016 में सात राज्यों (बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और असम) के उच्च प्रजनन दर वाले 146 जिलों में गर्भनिरोधक और परिवार नियोजन सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने के लिए शुरू किया गया था। यह व्यापक अभियानों के माध्यम से परिवार नियोजन सेवाओं के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण पर आधारित था। इसके तहत, सारथी वाहनों (वाहन के जरिये जागरूकता), युवा महिलाओं के लिए गर्भनिरोधकों तक पहुंच की सुविधा में सामाजिक बाधाओं को दूर करने के लिए सास बहू सम्मेलनों का आयोजन और नवविवाहित जोड़ों को परिवार नियोजन और जिम्मेदार माता-पिता की प्रथाओं के बारे में जागरूक बनाने के लिए नई पहल किट प्रदान करने जैसे विभिन्न कार्यक्रमों को शामिल किया गया था। साथ ही, एक मजबूत परिवार नियोजन लॉजिस्टिक्स प्रबंधन सूचना प्रणाली का उपयोग करके गुणवत्तापूर्ण सेवाएं और गर्भनिरोधकों की निर्बाध आपूर्ति के लिए स्वास्थ्य प्रणाली को तैयार किया गया था। आधुनिक गर्भनिरोधकों के उपयोग में उल्लेखनीय रूप से सुधार हुआ और कार्यक्रम में शामिल जिलों में इनके उपयोग में तेजी देखी गयी, जो एमपीवी कार्यक्रमों के सकारात्मक प्रभाव को दर्शाता है। एमपीवी जिलों में आधुनिक गर्भनिरोधकों के उपयोग में इन बेहतर परिणामों के कारण सरकार ने 2021 में इस कार्यक्रम को सात राज्यों के सभी जिलों और छह पूर्वोत्तर राज्यों में विस्तार करने का निर्णय लिया।

राष्ट्रीय परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत विकल्पों का विस्तार : जनसंख्या की बदलती जनसांख्यिकी और जरूरतों के अनुरूप, वित्तीय वर्ष 2016-17 में गर्भनिरोधक विकल्पों का विस्तार किया गया। वर्तमान में, राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम कंडोम, अंतर्गर्भाशयी गर्भनिरोधक उपकरण, मुंह से ली जाने वाली गोलियां, एमपीए इंजेक्शन समेत विभिन्न प्रकार के प्रतिवर्ती आधुनिक गर्भनिरोधक प्रदान करता है। 10 राज्यों में, जिनमें से प्रत्येक में दो जिले शामिल हैं, उपत्वचीय प्रत्यारोपण और त्वचा के नीचे दिया जाने वाला इंजेक्शन (अंतरा-एससी) शुरुआती चरण में हैं, जिसकी आने वाले वर्षों में पूरे भारत में विस्तार की योजना है।

सादगी ही जिन्दगी का वास्तविक सौन्दर्य है

सफल एवं सार्थक जीवन के सादगी का दर्शन एवं जीवनशैली बहुत जरूरी है। राष्ट्रीय सादगी दिवस हमारी जटिल दैनिक दिनचर्या की भागदौड़ से दूर रहने और जीवन में सरल चीजों की सराहना करने के लिए समर्पित है। हमारा जीवन तेज़ी से आगे बढ़ रहा है और व्यस्त होता जा रहा है। यह दिवस हमें बाहरी दुनिया से भीतर की ओर ले जाता है, जब हम एक कदम पीछे हटकर यह मूल्यांकन करते हैं कि हम कैसे जीवन को अधिक संतुलन बना सकते हैं, अव्यवस्था को दूर कर सकते हैं और खुद को अलग रख सकते हैं। आज तकनीक ने जितना हमारे जीवन को आसान बनाया है, उतना ही इसने हमें भटकाया भी है और जीवन के सभी क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा पैदा की है।

कहते हैं ना लाइफ जितनी सिंपल होगी उतनी ही अच्छी एवं आनन्दमय होगी। हर इंसान सुन्दर एवं आकर्षक दिखना चाहता है, दीखने में बनावटीपन है, प्रदर्शन है, अनुकरण है, जबकि वास्तविक सौन्दर्य सादगी में है। सबसे सुन्दर दिखने की चाह में एक इंसान दूसरे इंसान तक को नहीं छोड़ता। संतुलित, शांत, आनन्दयम एवं सार्थक जिन्दगी के लिये सादगी का बहुत महत्व है, इसलिये 12 जुलाई को राष्ट्रीय सादगी दिवस मनाया जाता है। यह दिवस लेखक और दार्शनिक हेनरी डेविड थोरो के सम्मान में मनाया जाता है। इसी दिन इनका जन्म हुआ था। थोरो को उनकी पुस्तक 'वाल्डेन' के लिए जाना जाता था, जो कॉनकॉर्ड, मैसाचुसेट्स में वाल्डेन तालाब के पास एक छोटे से केबिन में एक साधारण जीवन जीने के उनके अनुभवों का वर्णन करती है। उनका मानना था कि लाइफ को केवल पैसे और अनावश्यक चीजों को हासिल करने के लिए ही बस खत्म ना करें। बल्कि हमारा ध्यान नेचर, ज्ञान, सेल्फ डिपेंडेंट और खुद का रास्ता बनाने पर होना चाहिए, जिसके लिए सादगीपूर्ण जीवन जीना बहुत जरूरी है। जैसा कि थोरो ने खुद कहा था- ''जैसे-जैसे आप अपने जीवन को सरल बनाते जाएँगे, ब्रह्मांड के नियम सरल होते जाएँगे।'' हेनरी डेविड थोरो एक ऐसे व्यक्ति थे जो हर काम में माहिर थे, एक लेखक, एक पर्यावरणविद, एक उन्मूलनवादी, एक कवि, लेकिन आप शायद उन्हें अपने हाई स्कूल की अंग्रेजी कक्षा से एक पारलौकिकवादी के रूप में याद करते हों। वह और उनके समकालीन पारलौकिकवादी, सरल शब्दों में मानते थे कि लोगों के पास अपने बारे में ऐसा ज्ञान होता है जो उनके जीवन में सभी बाहरी ताकतों से परे होता है। वे उन भावनाओं से बेहतर तरीके से जुड़ने के लिए एक सरल जीवन जीने की वकालत करते थे।

ललित गर्ग

महान् लोगों का मानना है कि प्रतिभा भगवान ने दी है, विनम्र रहें। प्रसिद्धि इंसान ने दी है, कृतज्ञ रहें। अहंकार खुद की देन है, इसलिए सजग रहें। जीवन में सरलता और सादगी बहुत जरूरी है। हमारे सपनों और खुशियों की हर राह शरीर से होकर ही गुजरती है, पर हम इसकी अनदेखी करते रहते हैं। नतीजा, मन के साथ शरीर से भी अस्वस्थ्य बन जाते हैं। बुद्ध कहते हैं, ''शरीर को स्वस्थ रखना हमारा कर्तव्य है। तभी मन मजबूत होगा और विचारों में स्पष्टता भी आएगी।'' बढ़ते कचरे को देखते हुए पश्चिमी देशों में 'मिनिमलिज्म' की बातें हो रही हैं। कम के साथ रहने की इस मिनिमलिस्टिक जीवनशैली का असर कपड़े, पैसे, कला, संगीत, सोच से लेकर इंटीरियर और मेकअप हर जगह अपनाने की कोशिशें बढ़ी हैं। हालांकि भारतीय दर्शन बहुत पहले से ही सादगी से जीने की तरफदारी करता रहा है। जैन दर्शन में बाकायदा इसके लिए 'अपरिग्रह' शब्द दिया गया है। यानी जरूरत भर की चीजों के साथ रहना। कम में गुजारा करना। कुल मिलाकर, थोड़े में जीना यानी प्यार, सादगी और सुकून से जीना।

जिंदगी भी तो यही है।

सफल एवं सार्थक जीवन के सादगी का दर्शन एवं जीवनशैली बहुत जरूरी है। राष्ट्रीय सादगी दिवस हमारी जटिल दैनिक दिनचर्या की भागदौड़ से दूर रहने और जीवन में सरल चीजों की सराहना करने के लिए समर्पित है। हमारा जीवन तेज़ी से आगे बढ़ रहा है और व्यस्त होता जा रहा है। यह दिवस हमें बाहरी दुनिया से भीतर की ओर ले जाता है, जब हम एक कदम पीछे हटकर यह मूल्यांकन करते हैं कि हम कैसे जीवन को अधिक संतुलन बना सकते हैं, अव्यवस्था को दूर कर सकते हैं और खुद को अलग रख सकते हैं। आज तकनीक ने जितना हमारे जीवन को आसान बनाया है, उतना ही इसने हमें भटकाया भी है और जीवन के सभी क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा पैदा की है। एक साधारण जीवन को सोशल मीडिया पर शायद ही कभी सुर्खियों में लाया जाता है। जापान जैसे कुछ देशों में, लोगों ने यह समझना शुरू कर दिया है कि अगर वे उन वस्तुओं से छुटकारा पा लें जो उनके किसी भी उद्देश्य की पूर्ति नहीं करती हैं, तो उनका जीवन अधिक खुशहाल और कम तनावपूर्ण हो सकता है।

आप सुबह समय पर उठने की आदत डालें और व्यायाम, भ्रमण या योगा करने की आदत डालें। इसके लिए आप 10 मिनट से इसे करने की आदत डालें फिर धीरे धीरे इसे बढ़ाएं। पढ़ना आपके तनाव को कम कर सकता है। साथ ही यह आपकी शब्दावली का विस्तार भी करता है। मानसिक तनाव को दूर कर आपको सकारात्मक बनाता है। जब भी आप खाना लेकर बैठें तो टीवी ना देखें। पूरी तरह से खाने पर ध्यान लगाएं। फोन की आदत को धीरे धीरे कम करें। आज की तेज-रफ्तार दुनिया में, हम अक्सर खुद को ज्यादा की जरूरत में फंसा हुआ पाते हैं। अब समय आ गया है कि हम बुनियादी बातों पर वापस लौटें। जीवन को सरल बनाने का मतलब सिर्फ कम चीजें रखना नहीं है, यह उन चीजों के लिए जगह खोलता है जो हमें वास्तव में हमें खुशी देती हैं। यह धुंध को दूर करता है, दैनिक अव्यवस्था यानी अस्त-व्यस्तता को कम करता है, तनाव को कम करता है और खुशी को बढ़ाता है। थोरो का जन्मदिन हमें सादगी में आनंद खोजने और अपनी जरूरतों और इच्छाओं पर पुनर्विचार करने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह जीवन के सरल सुखों का आनंद लेने के लिए एक कदम पीछे हटने के बारे में भी है। लोग तकनीक से दूर रहकर, प्रकृति का आनंद लेते हुए और अपने घरों को साफ करके जश्न मनाते हैं। इसका लक्ष्य उस चीज पर ध्यान केंद्रित करना है जो वास्तव में मायने रखती है, शांति और संतुष्टि को बढ़ावा देना।

एक से एक अच्छी छूट का विज्ञापन देखकर मन चीजें खरीदने को आतुर हो उठता है। जरूरत हो या ना हो, बस सस्ती और आकर्षक जानकर हम वस्तुएं खरीद डालते हैं। नतीजा, फालतू वस्तुओं का ढेर लग जाता है। मोटिवेशनल कोच ल्यूमिनिटा कहती हैं, 'हम कुछ भी खरीदें, पूरी गंभीरता से खरीदें। कम खरीदना, कम उपयोग करना और खुद को उन वस्तुओं के प्रति समर्पित करना ही सादगी से जीना है।' सादा जीवन यानी आजाद जीवन। वह जीवन, जो आपको उस ओर बढ़ने की राह दिखाता है, जहां जुनून और उपलब्धियां हैं। जहां ऐसा कोई शोर-शराबा या अव्यवस्था नहीं होती, जो आपके रास्ते की बाधा बन जाए। तब आप केवल वही साथ रखते हैं, जो बेहद जरूरी है। कुछ लोगों के लिए सादा जीवन बिताना बहुत कठिन हो सकता है। हमें यही सिखाया गया है कि चीजों का संचय ही सफलता की निशानी है। इससे हम अकसर अत्यंत तनाव में और अपने जीवन की बेतरतीबी में इस तरह फंस जाते हैं कि किसी उद्देश्य, सार्थकता और खुशी के साथ जीना दूभर हो जाता है। सादगी भरा जीवन आपको वैसा जीवन गढ़ने में मदद कर सकता है, जो आपके लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है, जो संतोषप्रद और सार्थक होता है। बात चाहे भौतिक पदार्थों की उपलब्धि की हो या आध्यात्मिक उपलब्धि की, जीवन में लक्ष्य तथा संकल्प सबसे जरूरी हैं। सादगीपूर्ण जीवन आपको अपने लक्ष्य, अपनी प्राथमिकताओं को पहचानने में मदद करता है। हेनरी डेविड थोरो का मानना था कि सादगी से जीवन जीने से हम अधिक खुश, अधिक उत्पादक और अधिक संतुष्ट हो सकते हैं।

मजबूरी में मजदूरी करते हैं बच्चे

समाजसेवी फूलदेव पटेल कहते हैं कि सामाजिक तौर पर देखा जाए तो सबसे अधिक आर्थिक रूप से बेहद कमज़ोर दलित और महादलित समुदाय के बच्चे बाल श्रम से जुड़े हुए हैं। घर की आर्थिक स्थिति उन्हें स्कूल छोड़कर मज़दूरी करने पर मजबूर करती है। वह कहते हैं कि आंकड़ों से कहीं अधिक ज़मीनी स्तर पर बाल श्रमिकों की संख्या है। सरकार बच्चों को स्कूल तक लाने के लिए मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा के अंतर्गत निःशुल्क किताबें, कॉपियां, ड्रेस और मध्ह्यान भोजन उपलब्ध कराती है।

बिहार के मुजफ्फरपुर से 22 किमी दूर कुढ़नी प्रखंड अंतर्गत तेलिया गांव का 11 वर्षीय बैजू (नाम परिवर्तित) रोज़ सुबह अन्य बच्चों की तरह उठता है, परन्तु वह स्कूल जाने की जगह मज़दूरी करने निकल पड़ता है। यह काम वह पिछले तीन साल से कर रहा है। महादलित समुदाय से आने वाला बैजू पहले स्कूल जाया करता था, परंतु पिता की मृत्यु के बाद घर चलाने के लिए उसे स्कूल छोड़ कर मज़दूरी के लिए निकलना पड़ा। वह बताता है कि मां आसपास के खेतों में मज़दूरी करती है। लेकिन इससे इतनी आमदनी नहीं होती थी कि घर के 6 सदस्यों का पेट भरा जा सके। इसलिए उसे भी पढ़ाई छोड़कर मज़दूरी करने निकलना पड़ा। बैजू की मां 52 वर्षीय संजू देवी (नाम बदला हुआ) कहती है पति की मृत्यु के बाद घर की आर्थिक स्थिति खराब हो चुकी है। मेरे पास इतना पैसा नहीं कि बच्चों को पढ़ सकूं, इसीलिए बैजु को मजदूरी के लिए भेजना पड़ता है।

निशा सहनी

बाल मजदूरी एक गंभीर समस्या है जो दुनिया भर में लाखों बच्चों को प्रभावित करती है। हमारे देश में भी यह एक विकराल रूप ले चुकी है। 2011 की जनगणना के आधार पर यूनिसेफ ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि भारत में करीब 1।01 करोड़ बाल मज़दूर हैं। जिनमें 56 लाख लड़के और 45 लाख लड़कियां शामिल हैं। कोरोना के बाद उपजे हालात ने इसे और भी भयावह बना दिया है। सबसे अधिक घरेलू कामों, चाय की दुकानों और ईट भट्ठों पर बच्चे श्रम करते नज़र आ जाएंगे। हमारे देश में शहरी क्षेत्रों की अपेक्षा ग्रामीण इलाकों में बाल मजदूरी ज्यादा होती है। इन इलाकों में सामाजिक और आर्थिक रूप से कमज़ोर समुदाय के बच्चों से काम करवाया जाता है। जिससे स्कूल जाने का उनका मौलिक अधिकार छिन जाता है और वह गरीबी से बाहर नहीं निकाल पाते हैं। यह न केवल उनकी शिक्षा बल्कि उनके सर्वांगीण विकास में रुकावट है। हालांकि बच्चों का काम है स्कूल जाना, खेलकूद करना न कि मजदूरी करना।

तेलिया गांव की 45 वर्षीय पिंकी देवी (बदला हुआ नाम) के दो बच्चे स्कूल छोड़कर मज़दूरी करने जाते हैं। वह कहती हैं कि उनके घर में 7 सदस्य हैं। पति दैनिक मज़दूर हैं और अक्सर बीमार रहते हैं। ऐसे में उनके अकेले की कमाई से परिवार का भरण-पोषण संभव नहीं हो पा रहा था। मजबूरन उन्हें बच्चों को मजदूरी के लिए भेजना पड़ता है। वह कहती हैं कि अगर बच्चे कमाने नहीं जाएंगे तो घर का चूल्हा कैसे जलेगा? अकेले पिंकी देवी या संजू देवी के बच्चे ही बाल श्रम नहीं करते हैं बल्कि इस गांव के कई अन्य बच्चे भी हैं जो बाल मज़दूरी से जुड़े हुए हैं। इस संबंध में समाजसेवी फूलदेव पटेल कहते हैं कि सामाजिक तौर पर देखा जाए

तो सबसे अधिक आर्थिक रूप से बेहद कमज़ोर दलित और महादलित समुदाय के बच्चे बाल श्रम से जुड़े हुए हैं। घर की आर्थिक स्थिति उन्हें स्कूल छोड़कर मज़दूरी करने पर मजबूर करती है। वह कहते हैं कि आंकड़ों से कहीं अधिक ज़मीनी स्तर पर बाल श्रमिकों की संख्या है। सरकार बच्चों को स्कूल तक लाने के लिए मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा के अंतर्गत निःशुल्क किताबें, कॉपियां, ड्रेस और मध्ह्यान भोजन उपलब्ध कराती है, लेकिन घर की आर्थिक स्थिति इन सुविधाओं पर भारी पड़ जाता है और बच्चों को मज़दूरी की ओर धकेल देता है। वह कहते हैं कि इसका सबसे अधिक फायदा मानव तस्कर उठाते हैं। जो बच्चों को बाल मज़दूर के रूप में अन्य राज्यों में बेच देते हैं।

वहीं स्थानीय पत्रकार अमृतांज कहते हैं कि तेलिया गांव की तरह मुजफ

सदर धर्मेंद्र यादव ने विधानसभा के भ्रमण किया जनसंपर्क जताया अभार

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। जनपद की तरक्की के लिए जो भी करना पड़ेगा, जनता द्वारा दिए गए ताकत के बल पर यहां की तरक्की के लिए सरकार को मजबूर करेंगे। उक्त बातें आजमगढ़ के सांसद धर्मेंद्र यादव ने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विधानसभा सदर के भ्रमण और जनसंपर्क के दौरान कही। आज जनसंपर्क अभियान के तहत अपने आवास पर उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण कर्मचारी संघ के नेताओं और कर्मचारियों से मुलाकात करपश्चात उनकी समस्याएं जानने के पश्चात सिधारी हाइडल होते हुए छतवारा पर पहुंचे, जहां पर अगल-बगल के ग्रामीण इलाकों से आई जनता से उनकी समस्याएं सुनी और उनका अभिवादन किया। इनके बाद उनका काफिला इटोरा मोड, करनपुर, टुल्लू गंज बेल्हथा, सुंभी, सेवटा मोड, ताड़ी बाजार से होते हुए पातालपुरी पहुंचा, जहां पर उन्होंने भगवान शिव के मंदिर में जलाभिषेक कर वहां पर माथा टेका और भगवान भोले शंकर का आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात उनका काफिला चक्रपानपुर पहुंचा, जहां कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। वहां पर जनता की समस्याओं को सुनने के पश्चात फिर उनका काफिला निजामुद्दीन पट्टी, खल्लो पुर, ऊंची गोदाम, बेहटा, रुदरी, पहुंचा जहां पर जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा आजमगढ़ से लेकर पूरे उत्तर प्रदेश में समाजवादियों की बड़ी जीत हुई है। आज जो भाजपा के लोग संविधान बदलने का ख्वाब देख रहे थे उसे समाजवादियो और इंडिया गठबंधन वालों ने पूरा नहीं होने दिया। जनता द्वारा दी गई ताकत के दम पर प्रदेश के जनमानस की सुविधाओं के लिए उनकी तरक्की, खुशहाली के लिए तथा रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए अखिलेश यादव के नेतृत्व में हम समाजवादी लोग कोई कमी नहीं रखेंगे। इसके बाद काफिला बाबू का चौक, शीतल नगर, दाउदपुर, होते हुए सुनवारा आदि गावों में लोगों से बात कर उनकी समस्याएं जानते हुए कोटिला होते हुए रानी की सराय में इसरार अहमद प्रमुख के आवास पर एक सभा हुई। काफिले में उनके साथ पूर्व मंत्री विधायक दुर्गा प्रसाद यादव, डॉक्टर संग्राम यादव विधायक, पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा, पूर्व मंत्री राम दुलार राजभर, पूर्व एमएलसी कमला प्रसाद यादव, श्याम बहादुर सिंह यादव पूर्व विधायक, विजय यादव जिला पंचायत अध्यक्ष, हरिश्चंद्र यादव विधानसभा अध्यक्ष, शिव मूरत यादव, वेद प्रकाश यादव, विवेक सिंह जिला उपाध्यक्ष, कुणाल मौर्य, इसरार अहमद, राम नयन यादव, अजीत राव, सुरेंद्र बहादुर यादव, इंजीनियर लालचंद्र यादव, आदि लोग शामिल थे।

राशनकार्ड लाभार्थियों के डाटाबेस में आधार सीडिंग

लखनऊ। प्रदेश में वास्तविक राशनकार्ड लाभार्थी की पहचान सुनिश्चित करने हेतु समस्त राशनकार्डों में प्रत्येक सदस्य की आधार सीडिंग का कार्य कराया जा रहा है। प्रदेश में 3.61 लाख राशनकार्ड प्रचलित हैं तथा उनसे सम्बद्ध यूनिट की संख्या लगभग 15.11 करोड़ है। प्रदेश स्तर पर राशनकार्ड डाटाबेस में उनके आधार फीडिंग के उपरान्त यूआईडीएआई के माध्यम से आधार सीडिंग का कार्य पूर्ण किया जा रहा है। खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में 15.10 करोड़ से अधिक सदस्यों का आधार सत्यापन हो चुका है। सदस्य स्तर पर 99.95 प्रतिशत सदस्यों का आधार सीडिंग का कार्य किया जा चुका है।

नमो ड्रोन योजना के तहत नमो ड्रोन दीदी बन रही हैं मालामाल

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। भारत सरकार द्वारा लागू की गयी नमो ड्रोन दीदी योजना से ग्रामीण महिलाओं की आमदनी में इजाफा हो रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में उत्तर प्रदेश में चल रही इस योजना में नित नये आयाम स्थापित किये जा रहे हैं। इस योजना से जहां एक ओर खेती की लागत कम करने के प्रयास चल रहे हैं, वहीं ग्रामीण महिलाओं की आमदनी भी बढ़ रही है।

नमो ड्रोन दीदी योजना सरकार का एक अभिनव प्रयास है, जिसका मकसद देश की ग्रामीण महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। इस योजना के तहत समूह की महिलाओं को सरकार की ओर से ड्रोन उड़ाने, डेटा विश्लेषण और ड्रोन के रखरखाव से जुड़ा प्रशिक्षण दिया जाता है। नमो ड्रोन योजना ग्रामीण स्तर पर समूह की महिलाओं को कृषि आधारित उत्कृष्ट तकनीक आधारित उद्यम करने हेतु अवसर प्रदान कर रही

है। ड्रोन के प्रयोग से कृषि कार्यों मे परंपरागत यूरिया के स्थान पर नैनो यूरिया के प्रयोग को बल मिला है।

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 2023-24 से 2025-26 तक कुल 15,000 ड्रोन पूरे देश में उपलब्ध कराने की योजना है, जिनमें से 500 ड्रोन पहले ही उर्वरक कंपनियों द्वारा मुफ्त मे उपलब्ध कराए जा चुके हैं। ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि उप मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में 2023-24 में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा गठित समूहों मे 39 जनपदों के 114 समूह सदस्यों को ड्रोन एवं संबन्धित उपकरण निरूशुल्क वितरित किए जा चुके है। वर्तमान मे यही ड्रोन दीदियाँ ड्रोन से स्वयं के खेती में इस्तेमाल के साथ ही ड्रोन को आस पड़ोस मे किराए पर खेती मे उपयोग करके अपनी आमदनी बढ़ा रही हैं।नमो ड्रोन योजना के तहत नमो ड्रोन दीदी को अतिरिक्त आय का श्रोत प्राप्त हुआ है और खेती के लिए पेस्टीसाइड और फर्टिलाइजर की खपत में भी बड़ी कमी आ रही है। यही नहीं योजना की मदद से किसानो की कृषि में लागत घट रही है ,जिससे उन्हे आमदनी बढ़ाने में भी लगातार मदद मिल रही है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि नमो ड्रोन दीदी योजना का लाभ स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को ही दिया जा रहा है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा ऐसे समूह सदस्य, जिनकी उम्र 18 वर्ष के ऊपर, शिक्षित तथा मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ हैं, उन्हे नमो ड्रोन दीदी के लिए चयनित किया गया है। योजना के अंतर्गत चयनित महिला को 15 दिनों तक ड्रोन चलाने का प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

वकीलों पर केस दर्ज करने वाली महिला को मिली जान से मारने की धमकी

प्रयागराज। वकील रणविजय समेत कई अधिवक्ताओं के खिलाफ केस दर्ज कराने वाली महिला श्वेता शर्मा को जान से मारने की धमकी मिली है। श्वेता को बाइक सवार ने रोक कहा कि बहुत मुकदमा दर्ज करा रही हो, मुकदमा वापस ले लो, पैरवी मत करो वरना जान से मार देंगे। ज्ञात हो कि करेली थाना क्षेत्र के गंगा गंज के रहने वाले मोनिस परवेज की पत्नी श्वेता शर्मा ने करेली थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदम दर्ज कराया है। उनका कहना है कि रात 11 बजे वह ड्यूटी से घर लौट रही थीं तभी बैरियर तिराहे के पास सुनसान जगह पर एक बाइक सवार ने रोक लिया। धमकी दी कि मुकदमा वापस ले लो नहीं तो जान से मार देंगे। श्वेता शर्मा का कहना है कि मैं उसे नहीं जानती लेकिन चेहरा देखने पर पहचान लूंगी। करेली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि श्वेता शर्मा ने इससे पहले भी कई वकीलों पर मुकदमा दर्ज कराया था। कोर्ट परिसर में श्वेता पर हमला कर मारपीट की गई थी।

सर्वोच्च न्यायालय का अहम फैसला सरकार के पक्ष में

अवधनामा संवाददाता

- उच्चतम न्यायालय में राज्य सरकार की अंशधारिता वाली शीर्ष सहकारी समिति उप्र राज्य निर्माण सहकारी संघ के स्वामित्व के प्रकरण में महत्वपूर्ण जीत हासिल की

लखनऊ। राज्य सरकार की अंशधारिता वाली शीर्ष सहकारी समिति-उप्र राज्य निर्माण सहकारी संघ (यूपीआरएनएसएस), जो राज्य सरकार की राजकीय निर्माण एजेंसी है, पर पूर्ववर्ती उप्र विधायन एवं शीतगृह सहकारी संघ के भूतपूर्व सभापति नरेश शंकर श्रीवास्तव द्वारा अवैध ढंग से बहुराज्यीय सहकारी समिति के रूप में पिछले 20 वर्षों से अधिक कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था, के प्रकरण में सर्वोच्च न्यायालय ने अहम फैसला देते हुए राज्य सरकार के पक्ष में निर्णय दिया है।

यह जानकारी प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने दी। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण में राज्य सरकार ने उच्चतम न्यायालय में सालीसीटर जनरल तुषार मेहता तथा अतिरिक्त सालीसीटर जनरल सुश्री ऐश्वर्या भाटी को प्रस्तुत

कर राज्य सरकार का मजबूती से पक्ष रखा, जिसके कारण राज्य सरकार के पक्ष में फैसला आया है। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण में विरोधी पक्ष ने राज्य की अंशधारिता वाली शीर्ष संस्था उप्र राज्य निर्माण सहकारी संघ की समस्त पूंजी एवं दायित्वों पर अपना दावा प्रस्तुत किया जा रहा था।

इमामबाड़ा सफदर अली बेग में निकाला गया जुलजनाह

प्रयागराज। शाहगंज पान दरीबा स्थित इमामबाड़ा सफदर अली बेग में माहे मोहर्रम के अशरे की चौथी मजलिस के बाद हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के वफादार घोड़े जुलजनाह की शबीह निकाली गई।

सफेद चादर को लाल रंग से खून आलूदा कर उस पर गुलाब व चमेली के फूलों से सजाकर ज़ियारत को निकाला गया। मिर्ज़ा बाबर बेग व मिर्ज़ा जहांगीर ने मर्सिया पढ़ा तो मौलाना आमिरुर रिज़वी साहब क़िब्ला ने शहादत ए इमाम हुसैन व अन्य शहीदों का ज़िक्र किया। अन्जुमन अब्बासिया के नौहाख्वानों डॉ. अबरार, फ़ैज़ जाफरी, हुसैन मेंहदी मोनू आदि ने पुरदर्द नौहा पढ़ा। इसी क्रम में रानी मण्डी,चक ज़ीरो रोड, बख्शी बाज़ार, रानीमंडी, करैली, करैलाबाग, शाहगंज, दरियाबाद, रौशनबाग़ सहित अन्य मोहल्लों में चौथी मोहर्रम पर मजलिसें आयोजित कर करबला के शहीदों को खेराजे अक़ीदत पेश की गई।

सरकार की योजनाओं से लोगों को जोड़ने के लिए 'डाक चौपाल' का होगा आयोजन

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। डाक सेवाएं नवीनतम टेक्नोलॉजी अपनाते हुए नित्य नए आयाम रच रही हैं। बदलते परिवेश में वित्तीय समावेशन, डिजिटल इंडिया और अंत्योदय में डाक विभाग अहम भूमिका निभा रहा है। डाक विभाग अब पत्र व पार्सलों के साथ-साथ सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं और इनके लाभों को भी लोगों तक पहुँचा रहा है। इसके लिए शहर के साथ-साथ सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में डाक चौपाल का आयोजन किया जायेगा। उक्त उद्गार अहमदाबाद परिक्षेत्र के नवागत पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने क्षेत्रीय कार्यालय में उत्तरी गुजरात क्षेत्र के मण्डलाध्यक्षों एवं इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक मैनेजर्स के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किये। निदेशक डाक सेवाएं सुश्री मीता शाह ने पावर पॉइंट

के माध्यम से अहमदाबाद परिक्षेत्र द्वारा किए गए कार्यों एवं प्राप्त उपलब्धियों की जानकारी दी।

पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि डाक विभाग पत्र-पार्सल के साथ-साथ बचत बैंक, डाक जीवन बीमा, इण्डिया पोस्ट पेमेन्ट्स बैंक, डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्र, आधार नामांकन एवं अद्यतनीकरण, कॉमन सर्विस सेंटर, डाक निर्यात केंद्र जैसे तमाम जनोन्मुखी कार्य कर रहा है। आईपीपीबी के माध्यम से डाकिया और ग्रामीण डाक सेवक आज एक चलते फिरते बैंक के रूप में कार्य कर रहे हैं। सीईएलसी के तहत घर बैठे बच्चों का आधार बनाने, मोबाइल अपडेट करने, डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट, डीबीटी, बिल पेमेंट, एईपीएस द्वारा बैंक खाते से भुगतान, वाहनों का बीमा, स्वास्थ्य बीमा, दुर्घटना बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना जैसी तमाम सेवाएं आईपीपीबी द्वारा डाकिया के माध्यम से घर बैठे मुहैया कराई जा रही हैं। पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव व्यापक अभियान चलाकर विभिन्न सेवाओं में आवंटित लक्ष्यों की प्राप्ति पर जोर दिया।

योगी जी के प्रेरक प्रसंग पुस्तक का विमोचन 15 को

अवधनामा संवाददाता

- लोकनिर्माण विभाग के मुख्यालय स्थित विश्वेश्वरैया सभागार में होगा आयोजन

लखनऊ। योगी जी के प्रेरक प्रसंग व यूपी की अर्थव्यवस्था पर आधारित ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी.. अब नहीं रुकेगा उत्तर प्रदेश पुस्तक का विमोचन 15 जुलाई को होगा। यह आयोजन लोकनिर्माण विभाग के मुख्यालय स्थित विश्वेश्वरैया सभागार में सायं पांच बजे होगा।

यह जानकारी पुस्तक के लेखक डॉ. शीलवंत सिंह ने दी। पुस्तक के दोनों संस्करण (हिंदी व अंग्रेजी) का विमोचन होगा। इसके साथ ही लेखक अमित सिंह की पुस्तक लोकहृदय सम्राट योगी आदित्यनाथ का भी विमोचन किया जाएगा।

डॉ. सिंह ने बताया कि विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के वित्त व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्कृति/पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह और भारतीय रिजर्व बैंक मुंबई



के आर्थिक नीति व अनुसंधान विभाग के निदेशक डॉ. विनीत कुमार श्रीवास्तव होंगे। कार्यक्रम में डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह तथा मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी भी रहेंगे।

'बिजली विभाग में कुछ दलित अभियंता को स्थानांतरण नीति के विपरीत'

अवधनामा संवाददाता

- दो सप्ताह में प्रबंध निदेशक पावर कारपोरेशन को निर्णय लेने का आदेश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर एसोसिएशन जहां पहले से लगातार इस बात का विरोध कर चुका है कि पावर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा कुछ दलित अभियंताओं को चिन्हित करके स्थानांतरण नीति के विपरीत जाकर उनका तबादला शक्ति भवन से बाहर किया गया1 चाहे वह संगठन के पदाधिकारी रहे हो चाहे वह पति-पत्नी सेवा में रहे हो का मामला रहा हो किसी ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया वहीं दूसरी ओर शक्ति भवन में 20 वर्षों से ज्यादा समय से अनेकों अभियंता जमे हैं उनका स्थानांतरण नहीं किया गया लेकिन दलित अभियंता जो कुछ साल पहले ही शक्ति भवन आए थे उनका स्थानांतरण बाहर कर दिया गया। दलित अभियंताओं के साथ किए गए उत्पीडन के खिलाफ पावर ऑफिसर एसोसिएशन का एक प्रतिमंडल 16 तारीख को पूर्वांचल में 18 को दक्षिणांचल 19 को पश्चिमांचल में जाकर तैयार करेगा रिपोर्ट। और उनके साथ करेगा मीटिंग।संगठन ने सर्व समत्त से यह भी निर्णय लिया है जरूरत पडने पर संगठन के सदस्य माननीय सुप्रीम कोर्ट व माननीय उच्च न्यायालय में भी गलत स्थानांतरण के खिलाफ मुकदमा दाखिल करेंगे जिससे दलित अभियंताओं के साथ न्याय हो सके।

पावर ऑफिसर एसोसिएशन के सदस्यों ने अब संवैधानिक लड़ाई लड़ने का मन बना लिया है और उसी क्रम में संगठन के सदस्य अरविंद सिंह गौतम अधिशासी अभियंता जो शक्ति भवन में वाणिज्य विंग में तैनात थे मांत्र चार साल में ही उनका तबादला पूर्वांचल कर दिया गया जबकि उनकी पत्नी भी लखनऊ में सेवारत हैं जिसको लेकर अरविंद सिंह गौतम ने माननीय उच्च न्यायालय लखनऊ पीठ में एक मुकदमा दाखिल किया और स्थानांतरण नीति के खिलाफ किए गए ऑर्डर पर रोक लगाने की मांग की माननीय उच्च न्यायालय लखनऊ पीठ द्वारा अरविंद सिंह गौतम के स्थानांतरण आदेश को रोकते हुए पावर कॉरपोरेशन प्रबंध निदेशक को उनके द्वारा प्राप्त आवेदन पर 2 सफ्ताह में विचार कर निर्णय लेने का आदेश दिया जिसके क्रम में अरविंद सिंह गौतम ने प्रबंधन को अपना प्रार्थना पत्र सौंप दिया है। उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा उपाध्यक्ष पीएम प्रभाकर महासचिव अनिल कुमार सचिव आरपी केन ने फिर एक बार पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन से मांग की है कि जिन दलित अभियंताओं का स्थानांतरण स्थानांतरण नीति के विपरीत हुआ है पावर कॉर्पोरेशन प्रबंधन उस पर विचार करें।

सी.एम.एस. छात्र को 1,20,000 अमेरिकी डॉलर की स्कॉलरशिप

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस के छात्र रिशिक विश्वकर्मा को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की ड्रेक्सल यूनिवर्सिटी द्वारा 1,20,000 अमेरिकी डॉलर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। रिशिक को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा की अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। सी.एम.एस. छात्र ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है।

सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के जन-सम्पर्क अधिकारी श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को

विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है। श्री खन्ना ने बताया कि प्रतिवर्ष भारी संख्या में सी.एम.एस. छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं। इस वर्ष अभी तक सी.एम.एस. के 90 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों जैसे कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, कैलीफोर्निया इन्स्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी (कैलटेक) आदि में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम रोशन किया है।

तैराकी चैम्पियनशिप में सी.एम.एस. छात्रों ने 6 गोल्ड मेडल समेत 16 पदक जीते

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर प्रथम कैम्पस के प्रतिभाशाली छात्रों ने लखनऊ डिस्ट्रिक्ट सब-जूनियर एवं जूनियर अक्वाटिक स्विमिंग चैम्पियनशिप-2024 में 6 गोल्ड मेडल, 5 सिल्वर मेडल एवं 5 ब्रांज मेडल समेत 16 मेडल जीतकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस चैम्पियनशिप में सी.एम.एस. राजेन्द्र नगर प्रथम कैम्पस के छात्र अयान यादव ने 3 गोल्ड मेडल एवं 1 सिल्वर मेडल, शिव जायसवाल ने 2 गोल्ड मेडल एवं 2 सिल्वर मेडल, शिवी तिवारी ने 1 गोल्ड मेडल एवं 1 सिल्वर मेडल, भाव्या पाण्डेय ने 1 गोल्ड मेडल, अग्रिमा कौशल ने 2 ब्रांज मेडल, उदिशा सिंह ने 1 सिल्वर मेडल एवं 2 ब्रांज मेडल एवं आराध्या बाजपेयी ने 1 ब्रांज मेडल अर्जित कर अपनी

अभूतपूर्व तैराकी प्रतिभा का परचम लहराया है। चैम्पियनशिप का आयोजन लखनऊ एमेच्योर अक्वाटिक एसोसिएशन के तत्वावधान में स्पोर्टस अथॉरिटी ऑफ इण्डिया, कानपुर रोड, लखनऊ के तरणताल में किया गया। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. के इन सभी बाल तैराकों की खेल प्रतिभा का भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के जन-सम्पर्क अधिकारी श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु खेलों व समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं। सी.एम.एस. अपने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें खेलों व अन्य सामाजिक क्षेत्रों के लिए भी विशेष रूप से तैयार करने में पूरे मनोयोग से संलग्न है।

बुन्देलखण्ड विकास निधि के अन्तर्गत हमीरपुर एवं जालौन के लिए 346 लाख मंजूर

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने चालू विश्रीय वर्ष 2024-25 में बुन्देलखण्ड विकास निधि राज्यांश के अन्तर्गत जनपद हमीरपुर एवं जालौन की दो-दो परियोजनाओं के क्रियान्वयन लिए कुल 346 लाख रूपये मंजूर किये हैं। मंजूर की गयी धनराशि संबंधित जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी के निवर्तन पर रखी गयी है।

नियोजन विभाग ने इस संबंध आवश्यक आदेश जारी कर दिये हैं। आदेशानुसार जनपद हमीरपुर हेतु मंजूर की गयी 196 लाख रूपये की धनराशि से कपसा ग्राम पेयजल योजना तथा गुसियारी ग्राम पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जायेगा। इसी प्रकार जनपद जालौन हेतु मंजूर की गयी 150 लाख रूपये की धनराशि से बैन से दहगुवां सम्पर्क मार्ग तथा उंचा से चटसारी सम्पर्क मार्ग में नव निर्माण कार्य कराया जायेगा।

पांडव सेना की विजयश्री टीम स्प्रिट का प्रतिफल

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के सेंटर फॉर इंडियन नालेज सिस्टम-आईकेएस की समन्वयक डॉ. अलका अग्रवाल ने महाभारत में नेतृत्व के महत्व को बताते हुए कहा, कौरवों के पास बड़ी सेना थी, किन्तु कुशल नेतृत्व नहीं था, जबकि पांडवों के पास सेना कम थी, किन्तु कुशल नेतृत्व था।

इसीलिए पांडव विजयी हुए। पांडव सेना की इस ऐतिहासिक विजयश्री के मूल में टीम भावना निहित है। यदि टीम के सदस्यों के उद्देश्य सामान नहीं हैं, तो लक्ष्य की प्राप्ति असंभव है। डॉ. अलका शैलेश जे. मेहता स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे की ओर से प्रबंधन में भारतीय ज्ञान प्रणाली पर आयोजित तीन दिनी नेशनल कांफ्रेंस में वर्तमान परिप्रेक्ष्य के संदर्भ में प्राचीन भारतीय ग्रंथों में प्रबंधन व्यवस्था-

विश्लेषणात्मक अध्ययन पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत कर रही थीं। कॉन्फ्रेंस में नामचीन लेखक, प्रखर वक्ता, भारतीय ज्ञान परम्परा के अग्रदूत एवम् आईआईएम, बंगलूरू के प्रो. बी महादेवन की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। नेशनल कांफ्रेंस में 100 से ज्यादा प्रतिभागियों ने अपना शोध पत्र प्रस्तुत किए। डॉ. अलका अग्रवाल ने एक सत्र की अध्यक्षता भी की। अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

- रामायण, महाभारत और कौटिल्य के अर्थशास्त्र में हैं प्रबंध कौशल और नेतृत्व की बारीकियों के गुण

टीएमयू आईकेएस की समन्वयक डॉ. अलका अग्रवाल बोलीं, रामायण, महाभारत और कौटिल्य के अर्थशास्त्र से प्रबंध कौशल और नेतृत्व की बारीकियों को सीख सकते हैं। भगवान श्रीराम में नेतृत्व के गुण पैदा करने का श्रेय उनके गुरु विश्वामित्र को जाता है। रामायण में जहां एक ओर राम के कुशल नेतृत्व से लंका पर विजय प्राप्त होती है, वहीं रावण का कुप्रबंधन उसकी हार का कारण बनता है। अर्थशास्त्र में लिखे नेतृत्व और प्रबंधन के ज्ञान साम, दाम, दंड और भेद को उन्होंने वर्तमान में चल रही व्यापारिक गतिविधियों के उदाहरणों जैसे- बिज़नेस एलाइनमेंट, मर्जर, एक्वीजीशन आदि के माध्यम से समझाया।

विद्युत नियामक आयोग सभागार में बिजली दर की सुनवाई में हुआ बड़ा खुलासा

कारपोरेशन ने घाटे के एवज में आयोग से स्वता निर्णय लेने की उठाई मांग

अवधनामा संवाददाता

- बिजली चोरी पर पारित कानून और राजस्व निर्धारण को शक्ति भवन में बैठे लोग बदल देते हैं : उपभोक्ता परिषद

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के तत्वाधान में आयोग सभागार में आज बिजली दरों में चोर दरवाजे बढोतरी कि याचिका पर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम व सभी निगमों की सामूहिक आंकडों पर विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार व सदस्य संजय कुमार सिंह की उपस्थिति में आम जनता की सार्वजनिक सुनवाई काफी हंगामेदार रही पावर कारपोरेशन के उच्च अधिकारी बगले झांकते रहे जिसमें मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक श्री भवानी सिंह खंगरौत पावर कारपोरेशन के निदेशक वित्त सहित मध्यांचल के सभी अधिकारी उपस्थित थे सबसे बडा चौंकाने वाला मामला यह रहा की आज की बैठक में पावर कॉरपोरेशन अध्यक्ष के न पहुंचने पर फिर उठा सवाल कहां गायब है अध्यक्ष पावर कॉरपोरेशन उपभोक्ता परिषद ने कहा यह उचित नहीं है। इस पर आयोग फैसला करें वही जब मध्यांचल कंपनी का एक वाक्या लेसा का जिसमें कैशियर 65 लाख रुपया लेकर भाग गया पूर्वांचल में लेखाधिकारी दवारा किया गया लगभग 2 करोड़ के ऊपर का घोटाला उस पर सवाल करते हुए कहा डायरेक्टर फाइनेंस पावर कारपोरेशन को उपभोक्ता परिषद ने पूरा मामला बताया लेकिन वह तो लिटरल एंट्री करने में व्यस्त थे इतना सुनते ही निर्देशक वित्त बगले झांकने लगे उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष की बात समाप्त होते ही वह मीटिंग छोडकर भाग गए। जिसको लेकर आयोग बहुत गंभीर हो गया है उपभोक्ता परिषद ने कहा इस पर भी कार्रवाई हो।

पावर कॉरपोरेशन द्वारा प्रस्तुतीकरण किया जाने के बाद आयोग ने उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष को आमंत्रित किया। प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की तरफ से बोलते हुए उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने सबसे पहले बिजली कंपनियों की चोर दरवाजे बिजली दर बढाने की पोल खोल दी उन्होंने कहा बडी चालाकी से पावर कारपोरेशन ने अपने प्रस्तुतीकरण में कहा जो उनका घाटा है उसकी भरपाई आयोग स्वता कर दें तुरंत उपभोक्ता परिषद ने यह सवाल दागा कहां इसका मतलब 11203 करोड का घाटा है तो क्या लगभग 25 प्रतिसत बिजली दरों में बढोतरी पावर कॉरपोरेशन आयोग से चाहता है इसके बाद उपभोक्ता परिषद ने एक-एक पॉइंट पर जवाब देते हुए उपभोक्ताओं के आयोग द्वारा निकाले गए 33122 करोड के सरप्लस पर सभी टैरिफ आदेश को पढकर सुनाया कहां पहले उपभोक्ताओं का सरप्लस 2017-18 तक 13337 करोड निकला फिर 6507 करोड निकाला और फिर 7988 करोड निकला सभी सरप्लस मैं कैरिंग कास्ट 7 प्रतिसत जोड लिया जाए।

भारतीय जनता पार्टी चंदौसी द्वारा मतदाता अभिनंदन समारोह का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

सम्भल/चंदौसी। गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी का चंदौसी विधानसभा मतदाता अभिनंदन समारोह मुरादाबाद रोड स्थित बनिया खेड़ा ब्लॉक के सभागार में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुभारंभ मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती गुलाब देवी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव,भाजपा जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह एवम पूर्व प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित करके किया गया।

मुख्य अतिथि राज्य मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में चंदौसी विधानसभा से जीता कर सैनी जी को भेजा है। हम सब का अति उत्साह नुकसानदायक रहा, मतदाता घरों से कम निकले यह भी एक कारण रहा। लेकिन चंदौसी विधानसभा के सभी मतदाता का बहुत-बहुत आभार एवं अभिनंदन है। जिन्होंने अपने मत का प्रयोग भारतीय जनता पार्टी को जीताने के लिए किया। भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने कहा कि हम सबको लोकसभा हार से सबक लेते हुए 2027 में पांचो विधानसभा जीता कर देंगे। प्रत्येक कार्यकर्ता को अब फिर से अपने बूथ पर लगने की आवश्यकता है। पूर्व प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ने कहा कि आप सब भी ने हर संभव प्रयास किया लेकिन सफलता नही मिल पाई। जनता जनार्दन का जनादेश का हम सम्मान करते हैं और उनकी सेवा में हमेशा तत्पर है और रहेंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव ने कहा कार्यकर्ताओं ने माननीय नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर उनका सम्मान किया हम उनका आभार व्यक्त करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष एड मनोज कठेरिया ने किया है।

इस दौरान जिला महामंत्री कमल कुमार कमल, सतीश अरोड़ा, अंकित जैन, डॉ टीएस पाल, आईपीएस चौहान, विनोद कुमार बिन्नी, राजकुमार यादव, शुभम अग्रवाल, यश मदान, अंकुर अग्रवाल, सुमित चौहान, चंद्रसेन छोटू, नत्थुलाल राणा, आईपी शर्मा, मनोज दिवाकर, देवेंद्र गुप्ता मोनू, राजू ठाकुर, संजय बंसल, महावीर सिंह राजपाल राणा, शीवेन्द्र सिंह जीराज पूरी जितेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

आस्था अलया बनी चार्टर्ड अकाउंटेंट

ललितपुर। सक्षम जिलाध्यक्ष अक्षय अलया की पुत्री आस्था अलया ने चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए की डिग्री हासिल कर परिवार एवं समाज को गौरवान्वित किया। प्रारम्भिक परीक्षा एसडीएस कान्वेंट के उपरान्त संत शिरोमणि आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज के आशीर्वाद से स्थापित प्रतिभास्थली जबलपुर में कक्षा 6 से 12 तक अध्ययनरत रही। बचपन से ही प्रतिभावान रही आस्था अलया की शतरंज में रुचि रही और नेशनल कम्पटीशन चेन्नई में हिस्सा लेने का कीर्तिमान स्थापित किया। स्नातक शिक्षा दिल्ली विश्वविद्यालय से ग्रहण करने के उपरान्त एलन कोचिंग इंदौर में अध्ययनरत रही और सीए परीक्षा में सफल हुई। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने स्यादवाद बाल संस्कार केंद्र के प्रबंधक व प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष अक्षय अलया की बेटी की सफलता पर ढेरों शुभकामनाएं दी है।

जिलाधिकारी ने सुबह भ्रमण के दौरान विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण किया

- बरसात के दृष्टिगत गौ आश्रय स्थलों के पशु शेड में पक्का फर्श कराएं - डीएम
- गौवंशों की नियमित चिकित्सा सुविधा के साथ ही समुचित देखभाल हो

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सुबह भ्रमण के दौरान जनपद के विभिन्न स्थलों /परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कान्हा गौशाला दैलवारा, कचरा प्रबंधन प्लांट, एफएसटीपी प्लांट, मान्यवर कांशीराम पार्क जेल चौराहा, राजकीय पौधशाला एवं मुक्तिधाम जुगपुरा का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। डीएम ने सर्वप्रथम कान्हा गौशाला दैलवारा का निरीक्षण किया, यहां पर निरीक्षण के दौरान बताया कि इस गौशाला में प्रबंधन हेतु कर्मचारी कार्यरत हैं। यहां 1231 गौवंश संरक्षित हैं, जिन्हें प्रतिदिन नियमित रूप से भूसा दिया जाता है, जिसमें रोटी मिलायी जाती है। इस समय आश्रय स्थल में गौवंश के लिए भूसा गोदाम में पर्याप्त मात्रा में भूसा उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए निर्देश दिये कि बरसात के मौसम के दृष्टिगत पशु शेड में फर्श पर ब्रिक्स बिछाई जायें, पशुओं को नियमित रुप से चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध करायी जाये। साथ ही उन्होंने वृक्षारोपण हेतु खाली भूमि को भी देखा। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने दैलवारा स्थित सोलिड/लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट एवं सेप्टिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। बताया गया कि कचरा प्रबंधन प्लांट सीएनबीएस कार्यदायी संस्थान द्वारा बनाया गया है, जिसकी लागत लगभग 8 करोड़ रुपए है, इसमें 100 प्रतिशत सिविल वर्क पूर्ण है, प्रोसेसिंग का कार्य प्रारंभ होना है, साथ ही कम्पनी वाई प्रोडक्ट के लिए डीपीआर तैयार कर रही है। सेप्टिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के बारे में बताया गया कि यह प्लांट जल निगम द्वारा बनाया गया है, जिसकी लागत लगभग 4 करोड़ है, वर्तमान में टेस्टिंग का कार्य चल रहा है। जिलाधिकारी ने निरीक्षण कर निर्देश दिये कि सभी औपचारिकताएं पूर्ण कराकर जल्द प्रोसेसिंग का कार्य प्रारंभ किया जाए। जिलाधिकारी ने जेल चौराहा स्थित मान्यवर कांसीराम पार्क का भी निरीक्षण किया, उन्होंने पार्क की भूमि का अवलोकन करते हुए निर्देश दिये कि पार्क के सुंदरीकरण हेतु यहां दोनो किनारो पर सघन वृक्षारोपण करायें, साथ ही लोगों के बैठने आदि की भी व्यवस्था की जाए।

जमीनी विवाद में भाई ने भाई को मारी गोली

मथुरा। उत्तर प्रदेश के मथुरा में बुधवार शाम युवक ने अपने ही भाई में गोली मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों भाइयों के बीच पैसे का लेनदेन एवं जमीन का विवाद चल रहा था। ऑटो चालक भाई गोली मारकर हथियार लहराते हुए पुलिस चौकी पहुंच गया। पुलिस ने घायल को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे रेफर कर दिया गया है। घटना कोसीकलां थाना क्षेत्र के बैठन गेट की है। ऑफिसर्स कॉलोनी निवासी ऑटो चालक मंगल और उसके भाई हुकम सिंह में आपसी लेन देन व जमीन का विवाद था। इसे लेकर बुधवार शाम मंगल ने बठैन गेट चौराहे पर पुलिस चौकी से महज 15 मीटर की दूरी पर मंगल ऑटो लेकर आया। तमंचा निकालकर फायरिंग करनी शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गोली उसके भाई हुकम की आंख के नीचे लगी। इससे वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। आरोपी हथियार लहराते हुए चौकी पहुंच गया। अपने आप को मुजरिम बताने लगा। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। घायल को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया।

भ्रष्टाचार: सम्भल में एंटी करप्शन स्थापित करने की मांग

अवधनामा संवाददाता

सम्भल। गुरुवार को सम्भल बार एसोसिएशन सम्भल के सचिव डा अमित कुमार उठवाल एडवोकेट एवम अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता एडवोकेट ने एक मांग पत्र मुख्यमंत्री, एंटी करप्शन ब्यूरो, मंडलायुक्त, एवम जिलाधिकारी सम्भल को प्रेषित कर कहा कि सम्भल मैं तहसील, आरटीओ, पुलिस, चकबंदी आदि सभी कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है किसानों एवम जनता का खुला आर्थिक एवम मानसिक शोषण किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकारी की जीरो टॉलरेंस की नीति को पलीता लगाया जा रहा है। जिससे सरकार की क्षबि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है।मांग की गई कि संभल को भ्रष्टाचार से मुक्ति देने के लिए यथाशीघ्र सम्भल के नवीन तहसील भवन में एंटी करप्शन यूनिट का स्थाई कार्याल स्थापित कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारीगण को निर्देशित कराया जावे। जिससे जनता को भ्रष्टाचार मुक्त सम्भल मिले और जनता को सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके।

भारत विकास परिषद के तत्वावधान में विश्व संख्या दिवस के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

सम्भल/चंदौसी। गुरुवार को भारत विकास परिषद शाखा चंदौसी के तत्वाधान में विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी का आयोजन टेलीफोन एक्सचेंज के सामने आवास विकास में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बन्दे मातरम् मां शारदा के समक्ष पुष्प अर्पित करके किया गया। जनसंख्या नियंत्रण हेतु सभी सदस्यों ने सामाजिक जागृति लाने का संकल्प लिया।अध्यक्षता अनिल शर्मा जी ने की। संचालन दुर्गा टंडन ने किया।

अनिल शर्मा जी ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस हर वर्ष 11 जुलाई को मनाया जाने वाला कार्यक्रम है। यह आयोजन 1989 में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की गवर्निंग काउंसिल द्वारा स्थापित किया गया था । यह 11 जुलाई 1987 को पांच बिलियन दिवस में सार्वजनिक हित से प्रेरित था, जिसकी अनुमानित तारीख जिस पर दुनिया की आबादी पांच अरब लोगों तक पहुंच गई थी। सचिव डॉ दुर्गा टंडन ने कहा इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनसंख्या संबंधी समस्याओं पर वैश्विक चेतना जागृत करना है।जनसंख्या दिवस का उद्देश्य विभिन्न जनसंख्या मुद्दों पर लोगों की जागरूकता बढ़ाना है जैसे कि परिवार नियोजन, लिंग समानता , गरीबी , मातृ स्वास्थ्य और मानव अधिकारों का महत्व। विपिन गुप्ता जी ने कहा जनसंख्या नियंत्रण किसी भी देश की प्रगति, विकास, अर्थव्यवस्था ,गरीबी उन्मूलन के लिए आवश्यक है । डीसी गुप्ता जी ने कहा यदि इसी प्रकार से जनसंख्या वृद्धि रही तो प्राकृतिक असंतुलन होना निश्चित है। प्रवीण गुप्ता ने कहा बढ़ती हुई बेरोजगारी के लिए भी जनसंख्या उत्तरदाई है अतः युवा पीढ़ी के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए भी जनसंख्या नियंत्रण आवश्यक है। कार्यक्रम में सरोज शर्मा अमिता सिंह, अभिषेक गुप्ता, लक्ष्मीकांत सक्सेना, नवीन गुप्ता , प्रवीण गुप्ता, दुर्गा टंडन , डीसी गुप्ता,विपिन गुप्ता अनिल शर्मा आदि उपस्थित रहे ।

मुड़िया पूर्णिमा के चलते बलदेव में भी उमड़ेंगे श्रद्धालु

बलदेव (मथुरा)। मुड़िया पूर्णिमा मेले के दौरान 15 जुलाई से कस्बे में श्रीदाऊजी महाराज के दर्शनों के लिए लाखों श्रद्धालु उमड़ेंगे। यहां नगर पंचायत स्तर पर अव्यवस्थाएं हावी हैं। व्यवस्थाओं के दृष्टिगत जिलास्तरीय अधिकारियों ने बैठक तक नहीं की है।

स्वास्थ्य विभाग, विद्युत निगम और नगर पंचायत की उदासीनता से मेले के दौरान यहां आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।स्थानीय सुजीत वर्मा ने प्रशासन से इस ओर ध्यान देने की मांग की है।

सुजीत वर्मा ने स्वास्थ्य विभाग से चार स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर, दो एंबुलेंस की व्यवस्था करने के साथ सीएचसी पर 24 घंटे चिकित्सकों की ड्यूटी लगाए जाने की मांग की है। इसके साथ ही विद्युत निगम से बारिश के दौरान हादसों से बचाव के लिए विद्युत खंभों पर प्लास्टिक कवर लगवाने, झूलते तारों व बोर्ड को सही कराने की मांग की है।

वृंदावन से गोकुल तक जल मार्ग बनाने के कार्य का जल्द होगा शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। सरकार विकास कार्यों पर लगातार जोर दे रही हैं. यहां करोड़ों रुपए की लागत विकास कार्यों की गंगा बहाई जा रही है. मथुरा में रिवर फ्रंट योजना के तहत विकास कार्य किया जाना है. ऐसे में 49 करोड़ की लागत से रिवर फ्रंट योजना का कार्य जल्द शुरू कराया जाएगा. इसके लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर यमुना फ्रंट योजना का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। मथुरा के वृंदावन में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार कटिबध्य है. यहां सरकार की कई योजनाएं मथुरा और वृंदावन के सौंदर्यीकरण के लिए चलाई जा रही हैं. मथुरा में कंस टीले तक यमुना रिवर फ्रंट का कार्य किया जाएगा. इस योजना में यहां आने वाले श्रद्धालुओं के साथ-साथ स्थानीय लोगों को अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी. यमुना रिवर फ्रंट योजना के बारे में मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के सीईओ एस.बी सिंह ने दी।

सीईओ एस.बी सिंह ने बताया कि सरकार मथुरा और वृंदावन को लेकर काफी गंभीर है. मथुरा धार्मिक नगरी होने के कारण यहां पर हर दिन हजारों श्रद्धालुओं का आवागमन रहता है. श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की कोई समस्या ना हो, इसलिए सरकार द्वारा विकास कार्य कराए जा रहे हैं. उन्होंने बताया कि सरकार ने यमुना रिवर फ्रंट योजना के तहत धरातल पर इस योजना को उतरने की तैयारी पूरी कर ली है. इस योजना में लगभग 49 करोड़ रुपए की लागत से विकास कार्य कराए जाएंगे। सीईओ ने बताया कि इस योजना में घाटों का सौंदर्यीकरण के साथ-साथ यहां घूमने आने वाले लोगों को हर तरह की सुविधा मुहैया कराई जाएगी. श्रद्धालुओं को जन सुविधा के साथ-साथ खाने पीने की सभी चीज एक ही जगह पर मिल जाएगी।

सपा पिछड़ा वर्ग ने नगर आयुक्त को दिया जन समस्याओं को लेकर ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। महानगर समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ द्वारा मानसून की बारिश के चलते मथुरा के प्रमुख मार्गो कॉलोनी में जानलेवा खुले नाले एवं जल भराव की समस्या सफाई व्यवस्था पेयजल की व्यवस्था क्षतिग्रस्त पानी की टंकियां से भय का माहौल से मुक्ति हेतु समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के मथुरा महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी के नेतृत्व में महानगर क्षेत्र के 70 वार्डो की मौलिक समस्याओं को लेकर मथुरा महानगर कार्यालय पर सह नगर आयुक्त अनिल सिंह एवं एक दिन के लिए बनाए गए नगर आयुक्त पूरन चंद अग्रवाल को 4 सूत्रीय खुला मांग पत्र सौंपा।

इस दौरान पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के सपा महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी ने कहा कि घनी आबादी के बीच खुले नाले जल भराव के दौरान नाले और सड़क एक हो जाते हैं। जिससे सड़क पर चलने वाले को पता नहीं होता नाला है या सड़क है। पूर्व में युवाओं की जान जा चुकी है। साथ ही जानवर भी आए दिन नाले में गिर जाते हैं पूर्व की घटनाओं को संज्ञान में लेते हुए तत्काल जानलेवा खुले नालों को ढकने व दोनों ओर रेलिंग लगाकर चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं। साथ ही नगर निगम क्षेत्र में संभावित क्षतिग्रस्त पानी की टंकियां को तत्काल हटाने की कार्रवाई की जाए। और मथुरा-वृंदावन विधानसभा अध्यक्ष डा राजेंद्र प्रसाद लोधी, महानगर सचिव देवकीनंदन कश्यप व समता फाउंडेशन के अध्यक्ष लुकेश कुमार राही ने संयुक्त रूप से कहा कि अम्बेडकर नगर के वार्ड नं 20 और 30 में जलभराव व अनुसूचित जाति की बस्तियों में सफाई व्यवस्था हो और औरंगाबाद क्षेत्र के वार्ड नं 10 और 28 में सफाई व्यवस्था के साथ साथ गलियों नालियों व प्रकाश व्यवस्था का बुरा हाल है साथ यूके पब्लिक स्कूल वाली गली जो औरंगाबाद से गोकुल पैदल जाने वाले दर्शनार्थियों को भीषण गंदगी और रोड़ पर भरे गंदे पानी के बीच निकलने को मजबूर है नाले, सड़क टूटी पड़ी है। औरंगाबाद क्षेत्र के विकास के नाम पर अनदेखी की जा रही जनहित की जनसमास्याओं को तत्काल संज्ञान में लेकर अभिलंब कार्यवाही कराने की मांग की इस मौके पर पीतम सैनी, चित्र सेन मौर्य, हर्ष चौधरी, आकाश बाबू, आकाश सैनी, अनिल निषाद, सौनू शर्मा, मनोज पंडित, मुकेश सैनी, कैलाश निषाद आदि उपस्थित रहे।

अनुत्तीर्ण करने का भय दिखाकर कोचिंग आने को विवश कर रहे शिक्षक

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। पूरे जिले भर में सरकारी अध्यापकों पर निजी कोचिंग संचालित कर शिक्षा को व्यापार बनाने का गंभीर आरोप लगाते हुये इस भ्रष्टाचार की जांच कराने व शिक्षा के व्यापारीकरण को तत्काल बंद कराये जाने की मांग उठायी गयी है। इस सम्बन्ध में समाजवादी छात्रसभा जिलाध्यक्ष गौरव विश्वकर्मा के नेतृत्व में एक ज्ञापन प्रदेश शासन को भेजा गया है। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि ललितपुर जिले के अधिकतर अध्यापक सरकारी नौकरी के बावजूद अपनी कोचिंग संचालित किए हुए हैं जो कि नियम की विपरीत है। बताया कि कोचिंग का रजिस्ट्रेशन सरकारी अध्यापक किसी प्राइवेट अध्यापक या परिवार के सदस्य के नाम रजिस्ट्रेशन कराकर कोचिंग संचालित की जाती है व अपने विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को परीक्षा में अनुत्तीर्ण करने का भय दिखाकर दवाब बनाते हैं, जिससे विद्यार्थी उनकी कोचिंग में पढने़ के लिए मजबूर है। कहा कि यह छात्र-छात्राओं की साथ अन्याय जनक विषय है अगर यह शिक्षा का व्यापार बंद नही हुआ तो समाजवादी छात्र सभा घंटाघर चौराहे पर प्रदर्शन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। समाजवादी छात्रसभा ने पूरे प्रकरण की उचित जांच करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय रवि खटीक, राजपाल यादव, हर्ष नागल, दीपक सेन, महिपाल यादव, राजवंश राजा, रोहित यादव, यशपाल यादव, फैजान अली, गोलू रजक, गौरव यादव, अभिषेक विश्वकर्मा, अनस अहमद, राघवेंद्र रजक, प्रदुमन यादव, प्रवीण ग्वाला, सक्षम साहू, दिपेश रजक, सत्या झा, सचिन यादव आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

स्ट्रेंजर फ्रेंड्स हैल्पिंग हैंड्स सोसाइटी ने किया लाडो का कन्यादान

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। स्ट्रेंजर फ्रेंड्स हैल्पिंग हैंड्स सोसाइटी जो कि लगातार जरूरतमंदो की सेवा का कार्य कर रही है हर बहन-बेटी को सशक्त, मजबूत बनाने के लिए एस.एफ सोसाइटी हर संभव प्रयास करती है। किसी गरीब की मदद करनी हो या किसी बेटी की शादी करानी हो, सदैव ही इस नेक कार्यो के लिए आगे रहती है। सोसाइटी के वरिष्ठ सदस्य पियूष बंसल ने बताया एस.एफ सोसाइटी द्वारा चल रहे प्रोजेक्ट लाडो के तहत आज निवासी पुष्प विहार कॉलोनी होटल ड्यूक पैलेस के पीछे मथुरा में रहनें वाली बहन के घर जाकर उनका कन्यादान किया गया। और बताया की सामाजिक परिवेश में एक-दूसरे की मदद करना हमारी परंपरा में शामिल है। जब इसकी जानकारी मिली तो सोसाइटी के वरिष्ठ सदस्य राजन गुप्ता जी ने संस्था के सदस्यों के साथ उस बेहन के घर पहुँचकर शुभ विवाह हेतु योगदान में उनके उपयोगी सभी महत्वपूर्ण वस्तुओं में जैसे दावत के लिए राशन का सामान, पायल, बिछिये, मिक्सी, कुकर, सिलाई मशीन, पंखा, बर्तन,स्टील की टंकी , गैस स्टोव, प्रैस, श्रृंगार का सामान, 7 साड़ियां, 2 जोड़ी लड़के के कपड़े, 1 बेडशीट,

कंबल और कुछ गिफ्ट और जरूरत का सामान एवं योगदान के रूप में कुछ रुपये नगद भेंट कर उनकी सहायता की एवं हर संभव मदद करने का आश्वाशन भी दिया। वहां मौजूद संस्था के वरिष्ठ सदस्य राहुल यादव जी, ने कहा कि कन्यादान करना सबसे बड़ा महादान है। एक जरूरतमंद व्यक्ति की बेटी की शादी करके बहुत बड़ा पुण्य कमाया जाता है। हर बहन-बेटी तक मदद पहुँचना ही संस्था के कार्य है जिसे हम पूर्ण लगन एवं मेहनत से कर रहे है। आगे भी संस्था बहन-बेटियों की मदद करती रहेगी और बेटियों को मजबूत बनाती रहेगी और कहा ÷स्ट्रेंजर फ्रेंड्स हैल्पिंग हैंड्स सोसाइटी मथुरा के साथ जुड़कर आप भी हमारी इस नेक मुहिम में हमारा साथ दे और गरीब एवं असहायों की मदद के लिए आगे आये। संस्था की वरिष्ठ सदस्या अंकिता शर्मा जी द्वारा बताया गया कि कन्यादान की सूचना संस्था के पास 2 महीने पूर्व आ जाती है जिसे संस्था के सदस्य द्वारा सुनिश्चित करने के बाद सभी के सहयोग से लाडो का कन्यादान किया जाता है, हर किसी बेटी के पिता का अटूट सपना होता हैं कि वह अपनी बेटी का विवाह बढ़े ही हर्षोल्लास से करे पर कुछ भाईयों की स्थिति ठीक ना होने के कारण वह उस विवाह को अच्छे से नहीं कर पाते हैं और अपनी उम्मीदों को दवा देते हैं पर हम बहुत भाग्यशाली हैं जो ईश्वर ने हमें ऐसा सौभाग्य दिया जो हम और हमारी संस्था उन भाइयों की बेटी के विवाह मे उनका सहयोग कर पा रहे हैं। अंत में दिशा इंस्टिट्यूट की डायरेक्टर एवं संस्था की वरिष्ठ सदस्य शिखा बंसल जी ने बहन के अच्छे भविष्य की कामना करते हुए सभी सदस्यों एवं सहयोग कर्ताओं की तरफ से हार्दिक शुभकामनायें दी।

आज के इस शुभ कार्यक्रम में बहुत लोगों का सहयोग रहा। तुषार , हरीश,आकांक्षा, मीनल, रंजना मित्तल, विक्रम, सौरभ ,वरुण ,शिलेंद्र, रंजय ,मयंक, चंचल, दीपिका, अंजलि आदि का सहयोग रहा।

समाजसेवी को बनाया एक दिन को अपर नगर आयुक्त

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। समाज सेवा कार्य करने वाले लोग समाज हित मैं आवाज बुलंद करते रहते है उनकी समस्याओं के निराकरण करने को प्रशासन मुस्तैद रहता है पर अगर समस्या का हल जल्द निकालने का रास्ता प्रशासन के हाथों मैं ना हो तो प्रशासन भी अपनी मजबूरियों के कारण विवश हो जाता है। इसी प्रकार मथुरा मैं एक सजाज सेवी अपनी समस्या का निराकरण ना होने के कारण दो साल से धरने पर बैठे हुए थे आज एक अनिल कपूर की फिल्म नायक की तर्ज पर उस समाजसेवी को समस्या का निराकरण करने के लिए एक दिन का अपर नगर आयुक्त बना दिया गया। अपर नगर आयुक्त बन समाजसेवी प्रकाश चंद्र अग्रवाल ने जनता की समस्याओं को भी सुना और उनका निराकरण का सुझाव भी दिया। समाजसेवी प्रकाश चंद्र अग्रवाल ने व्यापारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि वह अपनी दुकानों के आगे खड़े होने वाले वाहनों को स्वयं हटा लें, अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। जन समस्याओं को लेकर समाजसेवी प्रकाश चंद्र अग्रवाल पिछले 3 अक्टूबर 2022 से नगर निगम के पास शांति पूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रकाश चंद्र अग्रवाल की मांग है कि शहर की यातायात व्यवस्था को बिगाड़ने वालों के खिलाफ प्रशासन कठोर कार्रवाई करें। वृंदावन नगर निगम को ए श्रेणी में रखा जाए। धरने पर बैठे प्रकाश चंद्र अग्रवाल की मांग थी यमुना के समानांतर नाला बनाकर गंदे नालों के पानी को यमुना मैं गिरने से रोका जाय। यमुना पहले की तरह निर्मल हो कर मथुरा मैं बहे। प्रकाश चंद्र अग्रवाल को धरने को खत्म करने के लिए कई अधिकारियों ने आग्रह किया। लेकिन समाजसेवी प्रकाश चंद्र अग्रवाल ने किसी अधिकारी की बात नही मानी। करीब 2 वर्ष से धरने पर बैठे समाजसेवी प्रकाश चंद्र अग्रवाल को समझाने के लिए अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार ने संपर्क किया। और उनको आग्रह किया की आप एक दिन का अपर नगर आयुक्त सिटी का पद सम्हाले और लोगों की समस्या को सुनकर उनका हल निकालिए और खुद बैठ कर देखिए अधिकारी अपने काम को किस प्रकार अंजाम देते है। इस पर समाजसेवी ने अपनी सहमति दे दी। अपर नगर आयुक्त ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर उनसे अनुमति प्राप्त कर इस कार्य को करने की पहल की।

शिक्षण कार्य को रूचिकर बनाऐं शिक्षक: डीआईओएस

ललितपुर। जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने वर्णी कॉलेज का औचक निरीक्षण किया, जहां प्रधानाचार्य अजब सिंह सहित 12 प्रवक्ता व 13 सहायक अध्यापक उपस्थित पाये गये, जबकि ओमकारसिंह प्रवक्ता, सहायक अध्यापिका बृजबाला सेइया, जयदेव मेडीकल अवकाश, सत्येन्द्र शिवा प्रवक्ता, संजय मिश्रा स.अ., स.अ.र ामकृष्ण चतुर्वेदी, स.अ.अलका यादव आकस्मिक अवकाश पर थे। कक्षा 6 का निरीक्षण करने पर पाया कि 18 छात्रों के सापेक्ष 3 छात्र उपस्थित थे। कक्षा में स.अ.अंग्रेजी रेनू बाला अध्यापन करा रहीं थीं। बच्चों से अंग्रेजी की किताब पढ़वाई गयी तो बच्चे एक पैराग्राफ भी नहीं पढ़ सके। वहीं कक्षा 12 के निरीक्षण के दौरान पवन जैन उपस्थित 13 छात्रों को लेखाशास्त्र पढ़ा रहे थे। डीआईओएस ने छात्रों से रेखांकित चैक, ऑनलाइन ट्रांजेक्शन, नेफ्ट, आरटीजीएस के बारे में बताया। कक्षा 12 ए का निरीक्षण किया। विद्यालय में एनसीसी का संचालन किया जाता है, जिसमें 50 बच्चों की मान्यता है। कक्षा 11 में पहुंचने पर प्रवक्ता जितेन्द्र वैद्य अध्यापन करा रहे थे। डीआईओएस ने विद्यालय में छात्राकंन बढ़ाने पर जोर देने की बात कहते हुये बच्चों को पाठ्यक्रम पूरा करने के लिए नहीं, बल्कि प्रक्टिकल तौर पर पढ़ाने के निर्देश दिये। इसके बाद राजकीय हाईस्कूल दावनी में निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक कोमल सिंह नरवरिया समस्त स्टाफ के साथ मौजूद पाये गये।

रेलवे स्टेशन पर डग्गेमार वाहनों पर प्रशासन की कार्यवाही

- बौखलाए आटो चालकों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर किया प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। जनपद में चहुओर डग्गेमार वाहनों का आतंक बढ़ा हुआ है नो एंट्री जोन मैं भी दबंगई के साथ घुस कर शहर की यातायात व्यवस्था को बिगाड़ने का काम ओटो और ई रिक्शा चालक कर रहे है। वही हाल रेलवे स्टेशन पर भी मचा रखा है। पैदल निकलने वाले लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जिसके कारण प्रशासन पर लोग सवालिया निशान लगा रहे थे। प्रशासन द्वारा अपनी जिम्मेदारी को समझते हुऐ कई बार कार्यवाही की। फिर भी ऑटो रिक्शा चालक अपने अड़ियल रवैए पर जमे रहे। प्रशासन ने गाड़ियों की धर पकड़ कर सीज करना प्रारंभ किया तो बौखला कर कुछ तथाकथित लोगों की भीड़ इक्कठा कर जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन देने पहुंचे। जिनका कहना हैं। महानगर में चलने वाले ऑटो संचालकों का यातायात पुलिस के द्वारा उत्पीड़न कि?ए जाने के विरोध में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह को ज्ञापन दिया गया, ज्ञापन में ऑटो संचालकों के द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया है कि? पूर्व डीएम नवनीत सिंह चहल के द्वारा मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन से वृंदावन बस स्टैंड तक 250 की अनुमति दी गई थी पिछले दो वर्षो से उन्हीं के निर्देश पर ऑटो संचालित हो रहे थे लेकिन अचानक ट्रैफिक पुलिस के द्वारा गाड़ियों को जबरन अवैध रूप से अपने कब्जे में लेकर धन उगाई के साथ नाजायज रूप से 207 धारा के अंतर्गत सीज कि?या जा रहा है।

ज्ञापन देने वालों में शामि?ल रहे बृज यातायात एवं पर्यावरण जन जागरूकता रजि उत्तर प्रदेश संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने कहा कि? ज्ञापन लेने के बाद जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि? 2 दिन का समय दीजिए क्योंकि एसपी ट्रैफिक का ट्रांसफर हो गया है, नये एसपी ट्रैफिक से बात करके इस समस्या हल निकाला जाएगा। यूनियन अध्यक्ष जहीर खान ने कहा कि? उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो आगे यूनियन आंदोलन के लिए बाध्य होगी जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह से जिला प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौपने वाले में सलीम भाई, चौधरी शाहिद, सोनू पंडित, भोला पंडित, भूरा, लियाकत, अशोक, गौरव, संदीप, राम सिंह, प्रेम सिंह, जीतू, रंजीत, अमर सिंह, मोहसिन, प्रेम प्रकाश, नत्थीलाल, सोहेल के साथ दर्जनभर टेंपो चालक आदि शामिल रहे।

अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप 2024 मैच से बाहर रखे जाने पर मिचेल स्टार्क ने जताई नाराजगी

आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप में सुपर आठ चरण के मैच में बाहर रखे जाने पर नाराजगी जताई है। टी20 विश्व कप 2021 की चैम्पियन आस्ट्रेलियाई टीम को अफगानिस्तान के हाथों 21 रन से अप्रत्याशित पराजय का सामना करना पड़ा और टीम सेमीफाइनल में भी नहीं पहुंच सकी। आस्ट्रेलिया ने स्टार्क की जगह एश्टोन एगर को उतारा था लेकिन वह कोई विकेट नहीं ले सके।

स्टार्क ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से कहा टीम प्रबंधन ने मैच अप पर भरोसा किया क्योंकि पिछले मैच पर उस मैदान पर स्पिनर चल रहे थे। इसलिये एश्टोन को मौका दिया गया। उसने पावरप्ले में अच्छी गेंदबाजी की। उन्होंने कहा लेकिन अफगानिस्तान ने स्पिन को बखूबी खेला और शायद हालात का आकलन हमसे बेहतर किया था। हमने कुछ गलतियां की जिसका खामियाजा भुगतना पड़ा।

उन्होंने टूर्नामेंट के शेड्यूल पर भी नाराजगी जताते हुए कहा ग्रुप चरण में हम इंग्लैंड से आगे थे और अचानक ही अलग ग्रुप में आ गए। हमें दो मैच दिन रात के मिले और तीसरा मैच दिन का था। हम सर्वश्रेष्ठ तैयारी नहीं कर सके। हमारी फ्लाइट में विलंब हो गया और होटल हवाई अड्डे से डेढ घंटा दूर था। अगले दिन सुबह मैच खेलना था।

जेम्स एंडरसन ने इस भारतीय दिग्गज को बताया सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, नाम जानकर रह जाएंगे हैरान

इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन अपने करियर का आखिरी टेस्ट मैच वेस्टइंडीज के खिलाफ खेल रहे हैं। क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट में 700 विकेट लेने वाले इस इंग्लिश तेज गेंदबाज से जब उनका सामना करने वाले सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज के बारे में पूछा गया तो उन्होंने यहा ना तो विराट कोहली का नाम लिया और ना ही स्टीव स्मिथ और केन विलियमसन का। बल्किन उन्होंने अपने 21 साल के लंबे करियर में सचिन तेंदुलकर को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बताया है। जिनके खिलाफ वह खेले हैं। इसी महीने 42 साल के होने वाले जेम्स एंडरसन अपने करियर का 188वां टेस्ट खेल रहे हैं जिसमें वह कुल 701 विकेट चटका चुके हैं।

लॉर्ड्स में अपने विदाई टेस्ट की शुरुआत से पहले स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट पर एक सवाल-जवाब के सत्र के दौरान एंडरसन ने कहा कि, मुझए लगता है कि सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर हैं। बता दें कि, एंडरसन ने भारत के खिलाफ 39 टेस्ट मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 149 विकेट झटके हैं। इस दौरान उन्होंने सचिन तेंदुलकर को 9 बार अपना शिकार बनाया।

वहीं जिमी से तेज गेंदबाज के बारे में पूछा गया तो उन्होंने ग्लेन मैकग्राथ और डेल स्टेन का नाम लिया। उन्होंने कहा कि मैंने जिन गेंदबाजों का सामना किया उनमें से सर्वश्रेष्ठ शायद ग्लेन मैकग्राथ या डेल स्टेन थे। दोनों में से किसी एक को चुनना मुश्किल है। दोनों गेंदबाज थोड़े अलग हैं, लेकिन दोनो विश्व स्तरीय हैं।

शाहीन अफरीदी ने कोचों के साथ टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान की थी बदसलूकी! मैनेजमेंट ने नहीं लिया कोई एक्शन

शाहीन शाह अफरीदी ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में मेन इन ग्रीन के कोचों के साथ दुर्व्यवहार किया। पाकिस्तानी मीडिया जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार अफरीदी को पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कोचों और प्रबंधन कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करते हुए पाया गया।

पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में मेन इन ग्रीन के कोचों के साथ दुर्व्यवहार किया। पाकिस्तानी मीडिया जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार अफरीदी को पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कोचों और प्रबंधन कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करते हुए पाया गया। इस बात की जांच चल रही है कि प्रबंधन कर्मचारियों ने 24 वर्षीय खिलाड़ी के अनुचित व्यवहार के बाद उसके खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की।

कोचों के साथ अफरीदी के दुर्व्यहार की खबर तब सामने आई जब पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर वहाब रियाज ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड द्वारा गठित राष्ट्रीय चयन समिति से हटाए जाने पर अपनी चुप्पी तोड़ी। बुधवार को पीसीबी ने पुष्टि की है कि, उन्होंने अब्दुल रज्जाक और वहाब रियाज को सूचित कर दिया है कि राष्ट्रीय चयन समिति में अब उनकी सेवाओं की आवश्यकता नहीं होगी।

अब्दुल रज्जाक पुरुष और महिला चयन समितियों का हिस्सा थे।। जबकि वहाब पुरुष टीम के चयनकर्ता थे। पीसीबी का ये बयान हाल ही में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप 2024 से पाकिस्तान टीम के जल्दी बाहर होने के बाद आया है, जहां टीम अमेरिका और भारत के खिलाफ मुकाबले में हार कर ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई। समिति से हटाए जाने के बाद रियाज ने एक्स पर एक पत्र शेयर किया और लिखा कि, मैं बहुत कुछ कह सकता हूं, लेकिन मैं दोषारोपण के खेल का हिस्सा नहीं बनना चाहता।

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगी भारतीय टीम, इन देशों में करवाए जा सकते हैं मैच

भारतीय क्रिकेट टीम आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी। अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद से अनुरोध किया जाएगा कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए होने वाले मैच श्रीलंका या दुबई में आयोजित किए जाए।

गौरतलब है कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन अगले साल फरवरी से मार्च 2025 तक पाकिस्तान में होना है। वर्ष 2008 में आयोजित हुए एशिया कप के बाद से भारत ने दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के कारण पाकिस्तान में जाकर कोई क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं खेला है। इससे पहले दिसंबर 2012 से जनवरी 2013 तक भारत में आयोजित द्विपक्षीय श्रृंखला दोनों देशों के बीच अंतिम द्विपक्षीय श्रृंखला भी थी। उसके बाद से दोनों देशों के बीच सिर्फ आईसीसी टूर्नामेंट और एशिया कप में ही मुकाबला हुआ है।

दोनों देशों के बीच संबंधों के कारण आगामी आयोजन में भारत की भागीदारी को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भारत को अपने सभी मैच एक ही शहर में खेलने का प्रस्ताव दिया था। ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने बताया था कि लाहौर को उस स्थान के रूप में चुना गया है जहां भारत अपने सभी मैच खेलेगा। हालाँकि, भारतीय बोर्ड पाकिस्तान की यात्रा की संभावना में दिलचस्पी नहीं रखता है।

इस संबंध में बीसीसीआई सूत्र ने एएनआई को बताया कि भारत चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगा। आईसीसी से कहेगा कि वह अपने मैच दुबई या श्रीलंका में आयोजित करे। इससे पहले मई के महीने में बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा था कि भारतीय टीम को टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान तभी भेजा जाएगा जब केंद्र सरकार इसकी अनुमति देगी।

एएनआई को दिए बयान में उन्होंने कहा कि चैंपियन ट्रॉफी के मामले में हम वही करेंगे जो भारत सरकार हमें करने के लिए कहेगी। हम अपनी टीम तभी भेजते हैं जब भारत सरकार हमें अनुमति देती है। इसलिए हम भारत सरकार के फैसले के अनुसार ही काम करेंगे। पिछले वर्ष एशिया कप के दौरान भी ऐसी ही स्थिति उत्पन्न हुई थी, जो पाकिस्तान में आयोजित किया जाना था।

हालांकि, पिछले वर्ष एशिया कप की मेजबानी करते समय पीसीबी को हाइब्रिड रणनीति अपनाने के लिए बाध्य होना पड़ा था, जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ मैच सहित भारत के सभी मैच श्रीलंका में खेले गए थे। टूर्नामेंट का फाइनल कोलंबो में हुआ था, जिसमें भारत ने जीत दर्ज की थी। हालांकि पाकिस्तान ने पिछले साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप में हाइब्रिड दृष्टिकोण का उपयोग करने की संभावना पर संकेत दिया था, लेकिन इस पर कभी विचार नहीं किया गया। बता दें कि पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी का गत विजेता है, जिसका अंतिम आयोजन 2017 में हुआ था।

इटली के मुसेत्ती पहली बार सेमीफाइनल में, सात बार के चैम्पियन जोकोविच से होगा सामना

इटली के लोरेंजो मुसेत्ती ने अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को हराकर विम्बलडन सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया और कैरियर में पहली बार वह किसी ग्रैंडस्लैम में अंतिम चार में पहुंचे हैं। उन्होंने साढे तीन घंटे तक चला यह मुकाबला 3.6, 7.6, 6.2, 3.6, 6.1 से जीता। वह पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम में चौथे दौर से आगे पहुंचे हैं लेकिन अब उनके सामने नोवाक जोकोविच के रूप में कैरियर की सबसे बड़ी चुनौती है।

सात बार के चैम्पियन जोकोविच 13वीं बार विम्बलडन और 49वीं बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनलमें पहुंचे हैं और उन्होंने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की है। महिला वर्ग में 2022 की चैम्पियन एलेना रिबाकिना ने एलिना स्वितोलिना को 6.3, 6.2 से हराया। वहीं 31वीं रैंकिंग वाली बारबरा क्रेइसिकोवा ने 13वीं रैंकिंग वाली येलेना ओस्टापेंको को 6.4, 7.6 से मात दी।

स्टॉपेज टाइम में गोल करके नीदरलैंड को हराकर यूरो फाइनल में इंग्लैंड

एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्टॉपेज टाइम में ओली वाटकिंस के गोल के दम पर इंग्लैंड ने नीदरलैंड को 2.1 से हराकर यूरो फुटबॉल चैम्पियनशिप 2024 के फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उसका सामना स्पेन से होगा। इंग्लैंड के कोच जेरेथ साउथगेट ने कप्तान हैरी केन की जगह वाटकिंस को मैदान पर बुलाने का साहसिक फैसला लिया और स्टॉपेज टाइम के पहले ही मिनट में उसने गोल करके इसे सही साबित कर दिया। यूरो 2024 के नॉकआउट चरण में इंग्लैंड के लिये जूड बेलिंगघम ने स्टॉपेज टाइम में बराबरी का गोल किया था।

इंग्लैंड ने स्लोवाकिया को अंतिम 16 के मुकाबले में हराया और स्विटजरलैंड को पेनल्टी शूट आउट में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। इंग्लैंड ने आखिरी बार 1966 विश्व कप में खिताबी जीत दर्ज की थी जिसके बाद से टीम कोई बड़ा खिताब नहीं जीत सकी है। वाटकिंस इससे पहले इस बार यूरो चैम्पियनशिप में डेनमार्क के खिलाफ ग्रुप मैच में सब्स्टीट्यूट के तौर पर उतरे थे।

साउथगेट ने 80वें मिनट में जब उन्हें उतारने का फैसला किया तो सभी को हैरानी हुई। लेकिन यह उनका मास्टर स्ट्रोक साबित हुआ। इंग्लैंड पहली बार विदेश में फाइनल खेलेगा। उसने 1966 विश्व कप वेम्बले स्टेडियम पर जीता था और यूरो 2020 फाइनल भी वहीं खेला गया था जिसमें उसे इटली ने हराया था। नीदरलैंड के लिये 21 वर्ष के जावी सिमंस ने पहला गोल दागा। वहीं केन ने बराबरी का गोल पेनल्टी पर किया।

इमरान हाशमी ने अवॉर्ड शो को बेकार कहने पर कंगना रनौत की खिंचाई की, कहा क्योंकि मिलना बंद हो गया?

कंगना रनौत इस बात को लेकर मुखर रही हैं कि उन्हें अवॉर्ड शो में जाना पसंद नहीं है क्योंकि वे सब टीआरपी के बारे में होते हैं, जहाँ एक स्टार परफॉर्म करता है और फिर उसे अवॉर्ड मिल जाता है। इमरान हाशमी अवॉर्ड समारोहों में भी नहीं जाते हैं और उन्होंने शुभांकर मिश्रा के साथ पॉडकास्ट इंटरव्यू में इस बारे में बात की। बातचीत के दौरान, वे उसी समय कंगना की टिप्पणियों पर भी कटाक्ष करते दिखाई दिए।

इंटरव्यू के दौरान, जब इमरान से अवॉर्ड शो के बारे में उनकी राय के बारे में बात करने के लिए कहा गया और क्या उन्हें लगता है कि वे कंगना की तरह बेकार हैं, तो अभिनेता ने कहा, क्योंकि मिला बंद हो गया फिर उसके बाद? मुझे एक अवॉर्ड मिला, मैं भूल गया... जिसके लिए मैं अवॉर्ड समारोह में गया था और मुझे इसके बाद इस चीज़ का एक वैल्यू पता चली कि इसके पीछे गेम क्या है। अगर आप परफॉर्म कर रहे हैं तो वो एक बात है... यह असल में एक बार्टर डील है (क्योंकि उन्हें अवॉर्ड मिलना बंद हो गया? मैं भूल गया कि मुझे कौन सा अवॉर्ड मिला था, लेकिन मुझे एहसास हुआ कि इसके पीछे क्या चल रहा है, कि अगर आप उनके लिए परफॉर्म करते हैं तो यह एक डील है)।

उन्होंने आगे कहा, अभी मैं ये नहीं कहूंगा कि ये अच्छा नहीं है। मैं पुरस्कारों का अपमान नहीं करूंगा। जिन लोगों को अपना लिविंग रूम सजाना है वो करें! वो जाकर परफॉर्म करके... मैं अपनी पीठ थपथपाते हुए नहीं कह सकता कि, मैंने ऐसी परफॉर्मेंस दी है क्योंकि ये झूठ बात है। हमें ईमानदारी से पुरस्कार चाहिए, इसलिए क्योंकि आपकी परफॉर्मेंस अच्छी थी। तो फिर अवार्ड का फ़ायदा ही क्या अगर एक बार्टर डील है तो। अब मैं उनकी बुराई नहीं करूंगा, लेकिन जो लोग अपने लिविंग रूम को सजाना चाहते हैं, वे अवॉर्ड शो में जा सकते हैं। मैं ऐसा नहीं कर सकता क्योंकि उसमें आपके प्रदर्शन के आधार पर कुछ ईमानदारी होनी चाहिए, अन्यथा कोई वैल्यू नहीं है)। इमरान और कंगना ने गैंगस्टर, राजः द मिस्ट्री कंटीन्यूज़ और वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई में काम किया है। इमरान अगली बार शोटाइम में नज़र आएंगे।

विशाल पांडे और वड़ा पाव गर्ल उर्फ? चंद्रिका दीक्षित के बीच हुआ बड़ा झगड़ा, छवि खराब करने का लगाया आरोप

बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 के प्रतिभागी शो के शुरू होने के बाद से ही हाई वोल्टेज ड्रामा परोस रहे हैं। हाल ही के एपिसोड में विशाल पांडे और वड़ा पाव गर्ल के नाम से मशहूर चंद्रिका दीक्षित के बीच तीखी बहस हुई। विशाल चंद्रिका पर उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते नजर आए। सोशल मीडिया सनसनी ने कहा कि वह दूसरे प्रतिभागियों को उनके बारे में गलत जानकारी देकर अभिनेता विशाल की छवि खराब करने की कोशिश कर रही हैं।

हाल ही के एपिसोड में विशाल चंद्रिका से नाराज नजर आए। दोनों प्रतिभागियों के बीच लड़ाई आखिरकार तब खत्म हुई जब विशाल ने चंद्रिका से पूछा कि वह शो में क्या कर रही हैं। उन्हें लगा कि वह यह सब सिर्फ उनकी प्रसिद्धि को खत्म करने और घर में बने रहने के लिए उनकी कीमत को नुकसान पहुंचाने के लिए कर रही हैं। हालांकि, चंद्रिका ने इन सभी आरोपों से इनकार किया लेकिन विशाल उस प्रभावशाली व्यक्ति पर विश्वास करने के मूड में नहीं दिखे।

विशाल ने कहा कि वह पिछले कुछ समय से उनके बदलते व्यवहार को देख रहे हैं और वह उनकी छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रही हैं। उनकी लड़ाई ने घर के बाकी सदस्यों को भी इसमें शामिल कर दिया। फिर भी, विशाल अपने दावों से पीछे नहीं हटे और अपनी बात पर अड़े रहे। उनके जवाब में चंद्रिका ने कहा, ये सब फालतू कार्ड मेरे सामने मत खेलना।

जैसा कि सभी दर्शक जो नियमित रूप से बिग बॉस ओटीटी के नवीनतम सीज़न के साथ अपडेट रहते हैं, वे जानते होंगे कि कुछ दिन पहले विशाल पांडे और यूट्यूबर अरमान मलिक के बीच लड़ाई हुई थी। विशाल ने कहा कि उन्हें अरमान की दूसरी पत्नी खूबसूरत लगती है जो बाद में दोनों के बीच लड़ाई में बदल गई, जिसके कारण अरमान ने लाइव टेलीकास्ट में उन्हें थप्पड़ मार दिया।

विशाल और चंद्रिका के बीच तीखी नोकझोंक ने शो में एक और ड्रामा जोड़ दिया है जिससे मुकाबला और भी कड़ा हो गया है। बीबी ओटीटी 3 के आने वाले एपिसोड में यह देखना दिलचस्प होगा कि इन सभी झगड़ों से प्रतियोगी कैसे प्रभावित होते हैं और क्या विशाल और चंद्रिका अपने झगड़े को सुलझा पाते हैं या नहीं।

हार्दिक पांड्या से तलाक की अफवाहों के बीच नताशा स्टेनकोविक का नया वीडियो खींच रहा है लोगों का ध्यान

हार्दिक पांड्या और नताशा स्टेनकोविक इन दिनों तलाक की अफवाहों के कारण चर्चा में हैं। वहीं, टीम इंडिया और हार्दिक पांड्या की जीत पर अपनी चुप्पी के कारण एक्ट्रेस को कड़ी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। इसी बीच नताशा ने हाल ही में अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक रहस्यमयी वीडियो शेयर किया है जो सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहा है। ऐसा लग रहा है कि इस वीडियो के जरिए यूट्यूबर ने ट्रोल्स को करारा जवाब दिया है। तलाक की अफवाहों के बीच यह वीडियो सोशल मीडिया पर लोगों का ध्यान खींच रहा है।

भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या की पत्नी नताशा स्टेनकोविक ने एक वीडियो शेयर करते हुए कहा कि जब हम किसी व्यक्ति के चेहरे पर अचानक से बदलाव देखते हैं तो हम उसके साथ सहानुभूति रखने के बजाय उसे जज करने लगते हैं। हार्दिक पांड्या से तलाक की अफवाहों के बीच नताशा का यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसे उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया है।

इस वीडियो में नताशा कॉफी पीती नजर आ रही हैं। वह कहती है कि हम कितनी जल्दी जजमेंट कर लेते हैं? अगर हम कुछ ऐसा करते हैं जिसकी उम्मीद भी नहीं की जा सकती, तो लोग हमें गलत समझने में बिल्कुल भी देर नहीं करते। ऐसे में जब कुछ लोगों को पता ही नहीं होता कि क्या चल रहा है और वो आपको ट्रोल भी करने लगते हैं, तो बुरा लगता है... ऐसे में लोगों को कोई हमदर्दी नहीं होती। हम बिना सोचे-समझे सीधे जजमेंट करने लगते हैं कि क्या सही है और क्या गलत। आइए जजमेंटल कम करें!

हार्दिक पांड्या-नताशा के तलाक की अफवाहों ने सोशल मीडिया पर कब्जा कर लिया है बिग बॉस की एक्स कंटेस्टेंट और डांसर नताशा स्टेनकोविक ने 31 मई, 2020 को क्रिकेटर हार्दिक पांड्या से शादी की। उन्होंने फरवरी 2023 में हिंदू और ईसाई दोनों रीति-रिवाजों से दूसरी शादी की। हालांकि, इस साल मई में तलाक की अफवाहें तब फैलने लगीं जब फैन्स ने देखा कि नताशा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से पांड्या शब्द हटा दिया है। वहीं, सोशल मीडिया पर तलाक की अटकलों को तब हवा मिली जब नताशा आईपीएल 2024 के मैचों में शामिल नहीं हुई।

इसके अलावा, कुछ पैपराज़ी पेजों ने दावा किया कि तलाक की अफ़वाहें प्रशंसकों का ध्यान भटकाने के लिए एक सुनियोजित चाल थी क्योंकि हार्दिक को मुंबई इंडिया की कप्तानी संभालने के बाद से नफ़रत मिल रही थी। लेकिन आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 में टीम इंडिया की जीत पर नताशा की चुप्पी ने एक बार फिर तलाक की अफ़वाहों को हवा दे दी है।

एसएस राजमौली और प्रभास की बाहुबली ने पूरे किए 9 साल, इस महान कृति से जुड़ी रोचक बातें

प्रसिद्ध निर्देशक एसएस राजमौली द्वारा निर्देशित बाहुबलीः द बिगिनिंग 10 जुलाई, 2015 को रिलीज़ हुई थी। इस फ़िल्म में प्रभास, अनुष्का शेट्टी, तमन्ना भाटिया, राणा दग्गुबाती और अन्य प्रमुख भूमिकाओं में थे। आज, 10 जुलाई, 2024 को बाहुबलीः द बिगिनिंग फ़िल्म की नौवीं वर्षगांठ है। इस फ़िल्म में साउथ फ़िल्म इंडस्ट्री के अभिनेता प्रभास ने अपनी अनूठी कहानी, विज़ुअलाइज़ेशन और सबसे बड़ी भव्यता के साथ भारतीय सिनेमा को बदल दिया। एमएम कीरवानी इस फ़िल्म के संगीतकार थे।

एसएस राजमौली ने अपनी निर्देशित फ़िल्म बाहुबलीः द बिगिनिंग के ज़रिए कई अन्य फ़िल्म निर्माताओं को भाषा की बाधाओं को तोड़ने के लिए प्रेरित किया। यह पहली तेलुगु फ़िल्म थी जिसने बॉक्स ऑफ़िस पर सराहनीय प्रदर्शन किया। कई लोगों को लगा कि निर्देशक की मेहनत बेकार जाएगी क्योंकि उन्होंने फिल्म को हिंदी भाषा में भी रिलीज करने का फैसला किया है। लेकिन राजामौली ने अपने काम से सबको गलत साबित कर दिया। कोई आश्चर्य नहीं कि यह एक काल्पनिक काम था, फिर भी निर्देशक ने इसे इस तरह से पेश किया कि कोई भी इतिहास देख रहा हो। अभिनेता प्रभास ने अमरेंद्र बाहुबली की भूमिका निभाई और राणा दग्गुबाती ने खलनायक का किरदार निभाया। यह फिल्म इतनी बड़ी हिट रही कि इसने पैन इंडिया के लिए दरवाजे खोल दिए, जिससे अन्य फिल्म निर्माताओं को क्षेत्रीय बाधाओं से बाहर आने का प्रोत्साहन मिला।

बाहुबलीः द बिगिनिंग में कई शानदार दृश्य शामिल थे जिन्हें अभिनेताओं ने निभाया था। वे दृश्य आज भी लोगों के दिमाग में जिंदा हैं। पहला दृश्य वह है जिसमें बाहुबली उर्फ? प्रभास को राम्या कृष्णन अपने हाथों से बहती नदी के ऊपर उठाती हैं, जो महिष्मती साम्राज्य की ओर इशारा कर रहे थे। दूसरा दृश्य वह था जिसमें बाहुबली अपने कंधों पर शिवलिंग उठाता है और दिखाता है कि वह कितना शक्तिशाली है।

बाहुबलीः द बिगिनिंग की रिलीज के साथ ही भारतीय सिनेमा एक नए मुकाम पर पहुंच गया और फिल्म ने दुनियाभर में खूब मुनाफा कमाया। भारत में रिलीज के पहले ही दिन फिल्म ने सभी भाषाओं (तमिल, तेलुगु, मलयालम और हिंदी) में 50 करोड़ रुपये कमाए। पहले हफ्ते में एसएस राजामौली निर्देशित यह फिल्म अकेले 66.5 करोड़ रुपये कमाने वाली पहली तेलुगु फिल्म बन गई। दुनिया भर की बात करें तो बाहुबलीः द बिगिनिंग 650 करोड़ रुपये का

उपराष्ट्रपति ने मेधावी लड़कियों का साथ देने के लिए फिक्की सदस्यों को किया प्रोत्साहित

आरक्षण

संसद में महिला सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए धनखड़ ने इस बात पर प्रकाश डाला कि जब राज्यसभा ने महिला आरक्षण विधेयक पारित किया था।

नई दिल्ली(हि.स.)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को फिक्की महिला संगठन की सदस्यों को वित्तीय और सामाजिक चुनौतियों का सामना कर रही मेधावी लड़कियों की मदद करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने इस तरह के समर्थन के व्यापक प्रभाव पर जोर देते हुए कहा कि लड़कियों की शिक्षा और सुरक्षा में मदद करने से उन्हें अद्वितीय संतुष्टि और खुशी मिल सकती है। लड़कियों के सशक्तीकरण से जुड़े समाज के विकास पर प्रकाश डालते हुए, धनखड़ ने कहा कि जब एक महिला परिवार के खर्च और परिवार की अर्थव्यवस्था को नियंत्रित करती है तो परिवार का विकास सुनिश्चित होता है। पिछले दस वर्षों में यह बड़े पैमाने पर किया गया है। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने फिक्की सदस्यों से अपने परिवारों और संबंधित कॉरपोरेट्स को लड़कियों को सशक्त बनाने की दिशा में सीएसआर प्रयासों को दिशा देने के लिए प्रभावित करने का भी आग्रह किया। उन्होंने सीएसआर पहलों की आवश्यकता पर जोर दिया, जो अंतिम छोर तक पहुंचती हैं। उपराष्ट्रपति ने इस बात पर भी जोर दिया कि सबसे वंचित लड़कियों को सहायता प्रदान करके आशा और अवसर पैदा किए जा सकते हैं, जिससे उनके जीवन पर महत्वपूर्ण और सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। फिक्की एफएलओ चेन्नई चैप्टर के सदस्यों के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने महिलाओं को उनके धर्म के बावजूद न्यायसंगत, समान सहायता के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के फैसले की सराहना की। महिलाओं के सामने आने वाली कठिनाइयों पर प्रकाश डालते हुए उपराष्ट्रपति ने महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों जैसे हर घर में शौचालय, किफायती आवास, हर नल में जल और हर घर में नल, मुद्रा योजना पर प्रकाश डाला। संसद में महिला सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए धनखड़ ने इस बात पर प्रकाश डाला कि जब राज्यसभा ने महिला आरक्षण विधेयक पारित किया था। तब 17 महिला सांसद प्रमुख पदों पर थीं। उनके और उपसभापति के अलावा, सभी महिलाएं थीं। उन्होंने राज्यसभा में लैंगिक प्रतिनिधित्व में उल्लेखनीय प्रगति पर जोर देते हुए कहा कि एक समय में पुरुषों का वर्चस्व था, लेकिन अब 50 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं। महिला नेतृत्व वाले सशक्तीकरण में भारत की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए उपराष्ट्रपति ने एक साधारण आदिवासी महिला, भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को देश की प्रथम नागरिक बनते देखकर गर्व व्यक्त किया।

नक्सलियों ने अपहृत तीन ग्रामीणों में से एक की हत्या की, दो के साथ बुरी तरह मारपीट कर रिहा किया

सुकमा (हि.स.)। जिले से नक्सलियों ने दो दिनों पहले जिन तीन ग्रामीणों का अपहरण किया था उनमें से एक अपहृत की पीट- पीट कर हत्या कर दी।गुरुवार को उसका शव परिजनों के सुपुर्द किया दिया। जबकि मारपीट में घायल अवस्था में दो अन्य अपहृतों को नक्सलियों ने बुधवार रात रिहा किया था। दो दिनों पहले नक्सलियों ने किस्टाराम थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम साकलेर से तीन ग्रामीणों का अपहरण कर लिया था। बुधवार को जंगल में कथित जन अदालत लगाकर अपहृत तीन ग्रामीणों में से एक माड़वी राजाराव 20 वर्ष की पीट-पीट कर हत्या कर दी। नक्सलियों ने आज उसका शव परिजन के सुपुर्द कर दिया। वहीं, मारपीट में घायल दो ग्रामीणों को नक्सलियों ने बुधवार रात रिहा कर दिया। पूरे घटनाक्रम को लेकर अब तक पुलिस की तरफ से कोई बयान सामने नहीं आया है।

मुनक नहर का बैराज टूटने से उ. दिल्ली के निचले इलाकों में भरा पानी, भाजपा ने दिल्ली सरकार पर साधा निशाना

नई दिल्ली(हि.स.)। दिल्ली को हरियाणा से जलापूर्ति करने वाली मुनक नहर का बैराज टूटने से उत्तरी दिल्ली के निचले इलाकों में पानी भर गया है।पानी लोगों के घरों में घुस गया है। लोगों को रात भर पानी में बिताना पड़ा।एहतियात के तौर पर जलभराव वाले इलाकों में बीती रात से ही बिजली भी काटनी पड़ी है, जिससे दिक्कतें और बढ़ गई हैं।स्थानीय निवासियों के मुताबिक इस नहर से पिछले दो हफ्तों से पानी की लीकेज हो रही थी। इसके बावजूद इस ओर किसी का ध्यान नहीं गया। बीती रात करीब एक बजे अचानक ही लोगों के घरों में पानी घुस गया। इससे लोगों के बीच अफरातफरी मच गई। भारतीय जनता पार्टी के नेता और उत्तरी दिल्ली के सांसद योगेन्द्र चंदोलिया ने सुबह इस इलाके का दौरा कर जल बोर्ड के अधिकारियों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। योगेन्द्र चंदोलिया ने कहा कि दिल्ली सरकार की लापरवाही की वजह से बवाना की जेजे कॉलोनी के जे, के, एल और एम ब्लॉक में पानी भर गया है। कई साल पहले डीडीए ने यह कॉलोनी दिल्ली सरकार को दे दी थी। उन्होंने बताया कि सीवर और पानी की लाइन डालने के लिए डीडीए ने 18 करोड़ रुपये दिल्ली जल बोर्ड को दिया था। अगर आज जल बोर्ड ने काम कर दिया होता, सीवर लाइन डाली गई होती, तो यह नौबत नहीं आती। मुनक नहर का कंक्रीट का हिस्सा टूटा है, जिसे रिपेयर करने के लिए काम चल रहा है। इसके लिए हरियाणा सरकार से गुजारिश करेंगे कि वह पानी न छोड़े। तभी जाकर नहर के टूटे हिस्से को रिपेयर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार की जल मंत्री अतिशी प्रभावित इलाकों में तब आएंगी, जब यहां पानी पंप सेट से निकाल दिया जाएगा। तब तक लोगों को पानी के बीच ही रहना पड़ेगा। दिल्ली सरकार को जब इस बारे में पता था तो इसे क्यों नहीं समय पर ठीक करवाया गया। यहां के विधायक भी गायब हैं, उन्होंने लोगों की सुध नहीं ली। सुबह से ही लोग परेशान है। उधर, दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने एक्स पर जानकारी दी, %%आज सुबह मुनक नहर से निकलने वाली छोटी नहर की दीवार टूट गई । मुनक नहर की देखभाल करने वाले हरियाणा के सिंचाई विभाग के साथ दिल्ली जल बोर्ड समन्वय स्थापित किए हुए है।

रेल कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर शुक्रवार को करेंगे प्रदर्शन

नई दिल्ली(हि.स.)। भारतीय रेल के कर्मचारी, ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन (एआईआरएफ) के आह्वान पर पुरानी पेंशन योजना की बहाली के लिए एकजुट होकर 12 जुलाई शुक्रवार को देशभर में अलग-अलग स्थानों पर प्रदर्शन, रैलियां, गेट मीटिंग एवं मशाल जुलूस का आयोजन करेंगे। एआईआरएफ के महामंत्री शिव गोपाल मिश्र ने बताया कि पिछले वर्ष से लगातार पुरानी पेंशन बहाली के लिए कई आंदोलनों को अंजाम दिया जा रहा है, जिनमें जन्तर-मन्तर नई दिल्ली से लेकर रामलीला मैदान, नई दिल्ली और प्रदेशों की रैलियां प्रमुख रूप से हैं। इन आंदोलनों में रेलवे, रक्षा, शिक्षक, पोस्टल, पूर्व अर्ध सैनिक बलों के कर्मचारी शामिल हैं, जो नई पेंशन योजना के स्थान पर अपनी पुरानी गारन्टीड पेन्शन योजना की बहाली के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

ब्रिक्स विश्व व्यवस्था को बना रहा अधिक लोकतांत्रिक : लोकसभा अध्यक्ष

नई दिल्ली(हि.स.)। रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में 10वें ब्रिक्स संसदीय मंच में भारतीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने

आज पहले पूर्ण सत्र को संबोधित किया। इस सत्र का विषय था- 'ब्रिक्स संसदीय आयामः अंतर-संसदीय सहयोग को सुदृढ़ करने की संभावनाएं'। बिरला ने कहा कि विकासशील देशों के हितों का प्रतिनिधित्व करने वाला ब्रिक्स वैश्विक शासन व्यवस्था को और अधिक लोकतान्त्रिक बनाने तथा वैश्विक स्तर पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, विश्व व्यापार संगठन जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है।समावेशी और सतत विकास के ब्रिक्स के एजेंडा को आगे बढ़ाने में संसदों और सांसदों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए बिरला ने कहा कि भारत इस दिशा में सक्रिय रूप से भागीदारी कर रहा है। उन्होंने उभरते बाजारों और विकासशील देशों को एकजुट करने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता के साथ ही परस्पर सम्मान, समझ, समानता, एकजुटता, पारदर्शिता, समावेशिता और आम सहमति के सिद्धांतों के प्रति भारत की निष्ठा के बारे में भी बात की। पिछले वर्ष नई दिल्ली में 18वें जी-20 शिखर सम्मेलन और जी-20 देशों की संसदों के अध्यक्षों के नौवें शिखर सम्मेलन (पी-20) के सफल आयोजन का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि ये ऐतिहासिक आयोजन विश्व कल्याण और समावेशी विकास के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग से संयुक्त प्रयास करने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। बिरला ने इस बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि भारत का मानना है कि सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए एजेंडा 2030, सतत ऊर्जा परिवर्तन, महिला-पुरुष समानता और सार्वजनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म के बारे में नई दिल्ली में आयोजित पी-20 शिखर सम्मेलन में पीठासीन अधिकारियों द्वारा साझा किए गए विचारों और प्रस्तावों से समावेशी और सतत विकास के लिए वैश्विक सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। अंतर-संसदीय मंचों की भूमिका के बारे में बात करते हुए बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि सांसद प्रगति और सतत विकास के एजेंडा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस संदर्भ में ब्रिक्स संसदीय मंच को एक महत्वपूर्ण मंच बताते हुए बिरला ने कहा कि ऐसे मंच पर सांसदों को नए विचारों, नए कानूनों और सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करने का अवसर प्राप्त होता है। बिरला ने भावी चुनौतियों का उल्लेख करते हुए यह आशा व्यक्त की कि अंतर-संसदीय सहयोग को मजबूत करने से ब्रिक्स देशों के बीच साझेदारी और अधिक समावेशी और लोकतांत्रिक होगी। उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों, सतत विकास और ब्रिक्स के एजेंडा को आगे बढ़ाने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। अंत में उन्होंने अपने रूसी समकक्ष और रूसी संघ की संसद द्वारा किए गए आतिथ्य-सत्कार के लिए आभार व्यक्त किया। ब्रिक्स संसदीय मंच में चार नए सदस्यों मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात का स्वागत करते हुए बिरला ने नए सदस्यों को संगठन में निर्बाध रूप से शामिल किए जाने के लिए रूस के अध्यक्ष की सराहना की। बिरला ने आईपीयू अध्यक्ष तुलिया एक्सन से भी मुलाकात की। 10वीं ब्रिक्स संसदीय मंच की बैठक में भाग लेने के लिए बिरला की रूस यात्रा लोकसभा अध्यक्ष के रूप में लगातार दूसरे कार्यकाल की, उनके ऐतिहासिक चुनाव के बाद पहली विदेश यात्रा है।

इंडकल टेक्नोलॉजीज़ भारत में एसर ब्रांड के तहत स्मार्टफोन लॉन्च करेगी

भारत की जानी-मानी टेक्नोलॉजी कंपनी इंडकल टेक्नोलॉजीज़ ने आज एसर इनकॉर्पोरेटेड के साथ ट्रेडमार्क लाइसेंसिंग समझौते के तहत

स्मार्टफोन बाजार में प्रवेश करने की घोषणा की है। इंडकल टेक्नोलॉजीज़ एक ग्लोबल आईसीटी दिग्गज है, जो अपनी खास टेक्नोलॉजी और शानदार उत्पादों के लिए जानी जाती है। इस समझौते के तहत, इंडकल भारत में एसर ब्रांड के तहत स्मार्टफोन की डिजाइनिंग, उत्पादन और वितरण करेगी। यह रणनीतिक डील भारतीय बाजार में एसर-ब्रांडेड स्मार्टफोन की शुरूआत का संकेत है। इसके साथ ही नवाचार और विस्तार के एक नए युग की शुरुआत भी होती है।

इंडकल टेक्नोलॉजीज़ 2024 के मध्य में एसर ब्रांड के तहत स्मार्टफोन मॉडल्स की एक विस्तृत श्रृंखला लॉन्च करेगी। उम्मीद है कि कंपनी जल्दी ही बाजार में मजबूत और बड़ी हिस्सेदारी हासिल कर लेगी। यह प्रयास एसर की ब्रांड की ताकत और भारतीय उपभोक्ताओं को प्रीमियम-गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराने की इंडकल की प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता है, जिसमें मजबूत स्पेसिफिकेशन, अत्याधुनिक हार्डवेयर और उन्नत सॉफ़्टवेयर तकनीकें शामिल हैं।

इंडकल टेक्नोलॉजीज़ के सीईओ आनंद दुबे ने इस मौके पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, ÷एसर स्मार्टफोन कुछ ऐसा है जिस पर हम पिछले कुछ सालों से काम कर रहे हैं और आखिरकार हम इस फैसले की घोषणा करते हुए बेहद खुश हैं। हमें यकीन है कि एसर स्मार्टफोन के साथ भारतीय उपभोक्ताओं को एक बेहतरीन अनुभव मिलने वाला है। हमारे ग्राहक बेहतरीन प्रोसेसर, बेहतरीन कैमरा तकनीक और अपने रेंज में कई बेहतरीन फीचर्स के साथ बेहतरीन तरीके से डिजाइन किए गए स्मार्टफोन का अनुभव करेंगे। सबसे अच्छी बात यह है कि सभी एसर-ब्रांडेड स्मार्टफोन भारत में डिजाइन और निर्मित किए जाएंगे, जो इंडकल के लिए एक खास उपलब्धि भी है।

एसर इनकॉर्पोरेटेड में ग्लोबल स्ट्रैटेजिक अलायंस के वाइस प्रेसिडेंट जेड झोउ ने कहा, 1987 में अपनी स्थापना के बाद से, एसर ब्रांड का मिशन हमेशा आम लोगों और टेक्नो÷लॉजी के बीच की बाधाओं को तोड़ना रहा है। हम इस बात को लेकर उत्साहित हैं कि इंडकल टेक्नोलॉजीज़ भारत में इस मिशन को आगे बढ़ाते हुए एसर ब्रांड के तहत स्मार्टफोन की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करेगी जो उपभोक्ताओं को नए विकल्प उपलब्ध करवाएगी और भारत के बाजार में उनके अनुभव को और बेहतर बनाएगी।

बंगाल की खाड़ी के देशों के बीच सहयोग में नई ऊर्जा और नई प्रतिबद्धता लाने के लिए प्रतिबद्ध : विदेश मंत्री जयशंकर

नई दिल्ली(हि.स.)। बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) के विदेश मंत्रियों की बैठक में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि

बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में सहयोग से जुड़ी क्षमता को पूरी तरह से तलाशा नहीं गया है। हमें इस स्थिति को तेजी से बदलना है। हमारा संदेश स्पष्ट होना चाहिए कि हम सभी बंगाल की खाड़ी के देशों के बीच सहयोग में नई ऊर्जा, नए संसाधन और नई प्रतिबद्धता लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दिल्ली में आयोजित दूसरी बिम्सटेक विदेश मंत्रियों की रिट्रीट में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि बिम्सटेक भारत के 'नेबरहुड फर्स्ट' दृष्टिकोण, 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' और 'सागर' दृष्टिकोण से जुड़ा है। इनसे जुड़े प्रयासों में बंगाल की खाड़ी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। रिट्रीट का उद्देश्य खुले, स्पष्ट और सार्थक ढंग से विचारों का आदान-प्रदान करना है। बैंकॉक में हुई पिछली बैठक का भी यही लाभ मिला था। बिम्सटेक मंत्रिस्तरीय रिट्रीट में सभी का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि इसका चार्टर इस साल 20 मई से लागू हो गया है। वैश्विक और क्षेत्रीय घटनाक्रम के बीच जरूरी हो गया है कि हम आपस में और अधिक समाधान खोजें। क्षमता निर्माण और आर्थिक सहयोग जैसे दीर्घकालिक लक्ष्यों को जल्द हासिल करें। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इन्हें साझा और महत्वाकांक्षी

बिम्सटेक विज़न के रूप में व्यक्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रिट्रीट में कनेक्टिविटी, संस्थागत निर्माण, व्यापार और व्यवसाय में सहयोग, स्वास्थ्य और अंतरिक्ष में सहयोग, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, क्षमता निर्माण और सामाजिक आदान-प्रदान के साथ-साथ नए तंत्रों की खूबियों

पूरे सदन के समर्थन से प्रधानमंत्री बने प्रचण्ड की एक चौथाई सांसदों के साथ हो रही विदाई

खुलेआम

प्रचण्ड खुलेआम यह बात कहते थे कि उनके पास 32 का जादुई नम्बर है जो कभी इधर तो कभी उधर करता रहेगा।

काठमांडू(हि.स.)। नेपाल में आमचुनाव के बाद दो बड़े राजनीतिक दलों के बीच दूरी बढ़ा कर खुद प्रधानमंत्री बने पुष्पकमल दाहाल को पहली बार पूरे सदन का समर्थन मिला था। शुक्रवार को उनकी विदाई से पहले उनके पक्ष में एक चौथाई से भी कम सांसदों का समर्थन रह गया है। 32 सीटों के साथ तीसरी बड़ी पार्टी के नेता प्रचण्ड की प्रधानमंत्री के रूप में शुक्रवार को विदाई तय है। पहली बार प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद जब उन्होंने विश्वास मत हासिल किया था तो उन्हें 275 सदस्यों वाले सदन में 273 सांसदों का समर्थन मिला था। अब जबकि उनकी सरकार अल्पमत में आ गई है और शुक्रवार को वो अपना विश्वास का मत लेने जा रहे हैं तो उनके पक्ष में महज 63 सांसदों का समर्थन रह गया है। नेपाली राजनीति में हमेशा ही उथलपुथल लाने का दावा करने वाले प्रचण्ड खुद ही इस उथलपुथल के शिकार हो गए हैं। 32 सीटों के साथ कभी सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के 89 सांसदों के साथ मिल कर सरकार चलाया तो कभी अचानक रातों रात पलटी मार कर 78 सांसदों के साथ दूसरी बड़ी पार्टी रहे नेकपा एमाले के साथ सरकार चलाई। प्रचण्ड खुलेआम यह बात कहते थे कि उनके पास 32 का जादुई नम्बर है जो कभी इधर तो कभी उधर करता रहेगा। प्रचण्ड ने कई बार दावा किया कि गठबन्धन बदलता रहेगा पर प्रधानमंत्री वो ही रहेंगे और पूरे पांच साल तक रहेंगे लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। उनके बड़बोलेपन से आजिज आकर देश की दोनों सबसे बड़ी पार्टियां विपरीत विचारधारा की होने के बावजूद एक हुईं और जल्द ही प्रचण्ड को अपदस्थ कर दो तिहाई की बहुमत वाली सरकार बनाने जा रही हैं। अब तक प्रचण्ड के साथ रहे नेकपा एमाले के अलावा जनता समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी, जनमत पार्टी, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी, नागरिक उनमुक्ति पार्टी और राष्ट्रीय जनमोर्चा सबने साथ छोड़ दिया। प्रमुख प्रतिपक्षी दल नेपाली कांग्रेस के अलावा इन सभी दलों ने शुक्रवार को होने वाले विश्वास मत के खिलाफ मतदान करने का फैसला कर लिया है।

प्रचण्ड के पक्ष में अब तक माओवादी के 32, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के 21 और एकीकृत समाजवादी के 10 सांसदों का समर्थन ही दिख रहा है। हालांकि राजनीतिक गलियारों में यह भी अफवाह है कि कल विश्वास मत के दौरान एकीकृत समाजवादी पार्टी के 10 में से 5 सांसद फ्लोर क्रॉस कर सकते हैं। इस दल के दो प्रमुख सांसदों प्रेम आले और किसान श्रेष्ठ ने प्रचण्ड सरकार के विरोध में मतदान करने का ऐलान कर दिया है।

डेमोक्रेट्स को बाइडेन के हारने की आशंका, मैदान से हटने का आह्वान

वाशिंगटन(हि.स.)। राष्ट्रपति जो बाइडन की पूर्व सहयोगी नैंसी पेलोसी ने कहा है कि बाइडेन को जल्द इस बात पर फैसला लेना चाहिए कि उन्हें व्हाइट हाउस की रेस में रहना है या नहीं। पेलोसी की टिप्पणी से संकेत मिलता है कि बाइडेन को साथी डेमोक्रेट नेताओं की ओर से संदेह की नई लहर का सामना करना पड़ सकता है। अमेरिका के प्रमुख समाचार पत्र द वाशिंगटन पोस्ट के अनुसार, राष्ट्रपति बाइडेन को कल पद छोड़ने के लिए दबाव की नई लहर का सामना करना पड़ा। डेमोक्रेट्स ने चिंता व्यक्त की है कि वह नवंबर में डोनाल्ड ट्रंप से हार सकते हैं। इस संबंध में कांग्रेस सदस्य और सदन की पूर्व अध्यक्ष नैंसी पेलोसी ने अब तक का सबसे मजबूत सार्वजनिक संकेत दिया कि डेमोक्रेट बाइडेन की उम्मीदवारी पर विभाजित थे। हालांकि उन्होंने कहा कि बाइडेन जो भी निर्णय लेंगे वह उनका समर्थन करेगी। इस बीच डेमोक्रेट और न्यूयॉर्क के प्रतिनिधि पैट रयान ने भी बाइडेन से देश की भलाई के लिए उम्मीदवारी छोड़ने का आह्वान किया है। वह सार्वजनिक रूप से ऐसा बयान देने वाले आठवें हाउस डेमोक्रेट हैं। जॉर्ज क्लूनी को भी आशंका है कि बाइडेन को चुनाव से हट जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि क्लूनी पिछले महीने राष्ट्रपति के लिए 28 मिलियन डॉलर के फंड रेजर की मेजबानी कर चुके हैं।

राष्ट्रपति बाइडन ने कहा, यूक्रेन के साथ युद्ध में विफल हो रहा रूस

वाशिंगटन(हि.स.)। नाटो शिखर सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि रूस यूक्रेन के साथ युद्ध में विफल हो रहा है। इस अवसर पर बाइडन ने यूक्रेन को वायु सुरक्षा उपकरण देने का ऐलान करते हुए नाटो देशों से कहा कि कोई गलती न करें, रूस इस युद्ध में विफल हो रहा है। बाइडन ने अपने संबोधन में कहा कि यूक्रेन पुतिन को रोकने में सफल होगा।

वाशिंगटन डीसी में मंगलवार से शुरू हुए नार्थ अटलांटिक ट्रीटी आर्गनाइजेशन (नाटो) के शिखर सम्मेलन बेहद खास है। नाटो ने अपनी स्थापना 75 साल पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर बाइडन ने कहा कि अमेरिका, जर्मनी, नीदरलैंड, रोमानिया और इटली यूक्रेन को पांच अतिरिक्त सामरिक वायु सुरक्षा प्रणाली उपलब्ध कराएंगे। आने वाले महीनों में अमेरिका और उसके साझेदार यूक्रेन को दर्जनों अतिरिक्त सामरिक वायु-रक्षा प्रणालियां प्रदान करेंगे। उन्होंने

सम्मेलन

वाशिंगटन डीसी में मंगलवार से शुरू हुए नार्थ अटलांटिक ट्रीटी आर्गनाइजेशन (नाटो) के शिखर सम्मेलन बेहद खास है। नाटो ने अपनी स्थापना 75 साल पूरे कर लिए हैं।

कहा, अमेरिका यह सुनिश्चित करेगा कि जब हम महत्वपूर्ण वायु-रक्षा इंटरसेप्टर निर्यात करें तो यूक्रेन युद्ध में एकदम आगे निकल जाए। ने कहा, रूस ने जब आक्रमण किया था तो कहा था कि कीव को दो दिन में जीत लेंगे, लेकिन दो वर्ष से अधिक समय हो गया। इस दौरान रूस के साढ़े तीन लाख से अधिक सैनिक या तो मारे गए है या घायल हुए हैं। इतना ही नहीं लगभग 10 लाख रूसी सुरक्षित भविष्य के लिए देश छोड़ चुके हैं।

उन्होंने कहा कि यूक्रेन रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को रोकने में सफल होगा। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की का कहना

है कि दुनिया को उनके देश के खिलाफ रूस के आक्रामक हमले को रोकने के लिए नवंबर का इंतजार नहीं करना चाहिए। जेलेंस्की ने यह टिप्पणी शिखर सम्मेलन में भाग लेने के दौरान की। उन्होंने कहा कि नवंबर में होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के संभावित उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप जीते तो कह नहीं सकते कि यूक्रेन के प्रति उनका रुख क्या



इजराइल ने गाजा सिटी खाली करने का दिया आदेश

यरुशलम,(हि.स.)। इजराइल की सेना ने बुधवार को फिर गाजा सिटी को खाली करने के आदेश दिया है। इसके साथ युद्ध विराम की पहल के बीच युद्ध भड़कने की आशंका बढ़ गई है। इजराइली सेना ने गाजा सिटी में पर्चे गिराए हैं। इसमें लोगों से दक्षिण की ओर जाने का आह्वान किया गया है। इसमें कहा गया है कि गाजा शहर खतरनाक युद्ध क्षेत्र बना रहेगा। इस बीच, मध्य गाजा में इजराइल के हवाई हमले में 20 फलस्तीनियों की मौत हो गई। इनमें छह बच्चे और तीन महिलाएं शामिल हैं। इजराइल के गाजा सिटी छोड़ने के ताजा आदेश को घुसपैठ से जोड़कर देखा जा रहा है। यह निकासी आदेश ऐसे समय आया है जब अमेरिका, मिस्र और कतर के मध्यस्थ दोहा में वार्ता कर युद्धविराम समझौते का प्रयास कर रहे हैं।

काठमांडू से जयपुर, अहमदाबाद और कोलकाता की सीधी उड़ान का प्रस्ताव

काठमांडू,(हि.स.)। नेपाल की एक निजी विमान कंपनी ने काठमांडू से भारत के कुछ प्रमुख

शहरों में सीधी उड़ान भरने की अनुमति के लिए अनुरोध किया है। नेपाल की दूसरी बड़ी निजी कंपनी ने अपने बेड़े में नए विमानों को समावेश करने के बाद यह अनुरोध किया है। एयर ने नेपाल के नागरिक उड्डयन मंत्रालय में भारत के कुछ शहरों में काठमांडू से सीधी व्यवसायिक उड़ान भरने की अनुमति के लिए निवेदन दिया है। श्री एयर के कॉरपोरेट मैनेजर अनिल माननन्धर ने बताया कि श्री एयर की तरफ से भारत के अहमदाबाद, जयपुर और कोलकाता के लिए सीधी उड़ान भरने के लिए प्रस्ताव किया गया है। माननन्धर ने बताया कि अब तक एयर एम्बुलेंस और चार्टर्ड फ्लाइट के रूप में भारत के विभिन्न शहरों में सकुशल उड़ान भरने का अनुभव होने के कारण अब नियमित व्यवसायिक उड़ान की अनुमति मांगी गई है। उन्होंने बताया कि यदि जल्द ही अनुमति मिल जाती है तो अगस्त से ही उड़ान भरने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। श्री एयर के अलावा नेपाल की सबसे बड़ी निजी विमान कंपनी बुद्धा एयर की तरफ से काठमांडू से भारत के लखनऊ, देहरादून और पटना सहित जनकपुर से अयोध्या, नेपालगंज से लखनऊ तक की सीधी उड़ान की अनुमति मांगी गई है। भारत की एक निजी कंपनी ने सिक्किम के गंगटोक से काठमांडू तक सीधी उड़ान की अनुमति मांगी है, जो अभी लम्बित है।

महाशातिर के खिलाफ दर्ज हैं पांच राज्यों में तीन दर्जन से अधिक मुकदमे

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। पांच राज्यों में करीब 250 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने का आरोपी महाठग ज्ञानेश पाठक गिरफ्तार हो गया है। एसटीएफ की प्रयागराज टीम ने अभियुक्त को नागपुर से दबोचा। उस पर उत्तर प्रदेश के बरेली से 25 और उत्तराखंड से 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। प्रयागराज निवासी ज्ञानेश पाठक पिछले पांच साल से फरार था। एसटीएफ इंस्पेक्टर जेपी राय ने बताया कि ज्ञानेश ने वर्ष 2012 में अपने आठ साथियों के साथ मिलकर जेकेवी मल्टीस्टेट क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड व जेकेवी रियल एस्टेट डेवलपर लिमिटेड के नाम से पंजीकरण कराया। सोसायटी का मुख्य कार्यालय लखनऊ में खोला गया, जिसका अध्यक्ष ज्ञानेश बना।

इसके बाद वह अपने सहयोगियों के साथ धन दोगुना करने का झांसा देकर आम लोगों से पैसा जमा करवाने लगा। धीरे-धीरे राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार में सोसायटी के 100 से अधिक शाखाएं खोली। वर्ष 2018- 19 में उसने सोसायटी में पैसा जमा करने वाले लोगों को करीब 20 से 25 करोड़ रुपये का भुगतान किया, लेकिन बाकी रकम को गबन कर लिया। करीब 250 करोड़ रुपये लेकर ज्ञानेश समेत अन्य लोग फरार हो गए।

धोखाधड़ी का शिकार हुए लोगों ने अलग-अलग पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। गिरफ्तारी न होने पर बरेली व उत्तराखंड से 75 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। कुछ दिन पहले एसटीएफ को उसके बारे में सुराग मिला तो टीम को मुंबई भेजा गया। वहां एसटीएफ ने नागपुर के हुडकेश्वर इलाके में घेरेबंदी करके ज्ञानेश को दबोच लिया। एसटीएफ का कहना है कि यूपी के सिद्धार्थनगर, हाथरस, बरेली, बाराबंकी, अमरोहा, बिजनौर, सहारनपुर, शामली, एटा, आगरा, बस्ती, संभल और मुरादाबाद जिले के थाने में धोखाधड़ी के मुकदमे दर्ज हैं।

उत्तराखंड के नैनीताल, हरिद्वार, देहरादून, उधमसिंह नगर, राजस्थान के करावली, गुमानपुरा, मध्य प्रदेश के अमाहिया, मुरैना, जबलपुर समेत कई अन्य जिले में कुल 39 अभियोग पंजीकृत हैं। बरेली के किला थाना व उत्तराखंड नैनीताल हल्दानी थाने से इस पर इनाम घोषित था। एसटीएफ अधिकारियों ने बताया कि ज्ञानेश ने वर्ष 2005 में उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय से पत्रकारिता की पढ़ाई की थी। इसके बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय से एलएलबी किया था। इसके गैंग के कुछ सदस्य पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके थे।

56 प्रकार के व्यंजनों से लगेगा महाप्रभु जी को भोग

- 14 जुलाई को होगा भगवान जगन्नाथ जी का महाप्रसाद भंडारा

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा के पश्चात श्री जगन्नाथ जी महोत्सव समिति ट्रस्ट प्रयागराज के द्वारा 14 जुलाई को प्रयागेश्वर नाथ मंदिर भगवान जगन्नाथ जी के धाम में महाप्रभु जी को 56 प्रकार के व्यंजनों से भोग लगाया जाएगा। ट्रस्ट के रथ यात्रा सहसंयोजक राजेश केसरवानी ने बताया कि ट्रस्ट के द्वारा आगामी रविवार 14 जुलाई को भगवान जगन्नाथ जी का विशाल महाप्रसाद भंडारे की तैयारी की जा रही है। इसमें हजारों भक्तगण महाप्रभु जी का महा प्रसाद और इस अवसर पर महाप्रभु जी को 56 प्रकार के व्यंजनों का महाभोग लगाया जाएगा। इन 56 प्रकार के व्यंजनों में प्रमुख रूप से मक्खन, मिश्री, रबड़ी, मलाई, छाछ, दही, मालपुआ, छेना, रसगुल्ला, गुलाब जामुन, मुरब्बा, जलेबी, इमरती, मूंग का हलुवा, ठोकवा, नानखटाई, खुरमा, घेवर, लड्डू, महाभोग, मोठ, पेठा, सूतफेनी, गुझिंया, कलाकंद की बर्फी, चंद्रकला, दमालू, खस्ता, मठरी, रोटी, भात, कढ़ी, पापड़, अचार, रायता, पका कटहल का कोवा, पका बड़हर का कोवा, काजू, बादाम, किशमिश, पिस्ता, पंचामृत, खीर, पकौड़ी, पान सुपारी, लस्सी, शरबत, पूरी, चटनी, कटहल, कोहड़ा और बैगन की सब्जी, दलिया, आम, इमली, केला, जामुन, सेब आदि प्रकार व्यंजन रहेंगे।

दबंगो ने युवक को लाठी डंडे से पीटकर किया लहुलुहान

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (जफराबाद)। क्षेत्र के कल्याणपुर बाजार में बुधवार की रात को मारपीट के दौरान बीचबचाव करने गए युवक को दबंगो ने मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया।

जलालपुर क्षेत्र के खूवाजापुर गांव निवासी रविप्रकाश यादव उर्फ रवि पुत्र अमर बहादुर यादव जौनपुर शहर से घर जा रहा था।बाजार में उसके दोस्त अरविंद गुप्ता पुत्र झगड़ू गुप्ता से एक युवक से झगड़ा हो रहा था।रविप्रकाश रुक कर झगड़ा छुड़ाने लगा।तभी गुड्डू यादव पुत्र राम आधार यादव सहित दो अन्य युवकों ने रविप्रकाश पर डंडे से हमला कर दिया।हमले में रवि का सिर फट गया।शरीर मे भी काफी चोट आयी।घटना की सूचना पर थानाप्रभारी जयप्रकाश यादव मय फोर्स मौके पर पहुंच गए।उन्होंने आरोपियों द्वारा मारपीट के दौरान ले जाई गई बोलेरो जीप को कब्जे में ले लिया।आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

बाइक में कार ने मारी टक्कर पति की मौत, पत्नी घायल

अवधनामा संवाददाता

- वाराणसी-लखनऊ हाईवे पर सिंगरामऊ के मिश्रौली में हुआ हादसा
- खुटहन के चक कुतुबी निवासी दंपती जा रहे थे शादी में प्रतापगढ़

जौनपुर (खुटहन) वाराणसी-लखनऊ हाइवे पर गुरुवार को दोपहर में बाइक सवार पति-पत्नी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीण इन दोनों को घायलावस्था में पीएचसी ले गए। जहाँ चिकित्सक ने पति को मृत घोषित कर दिया। खुटहन थाना क्षेत्र के कुतुबीचक, पट्टीनरेन्द्रपुर गाँव निवासी 55 वर्षीय सभाशंकर मिश्रा अपनी पत्नी के साथ बाइक से अपने घर से रिश्तेदार के यहाँ आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने प्रतापगढ़ जा रहे थे। रतासी मार्ग से आकर सिंगरामऊ हाईवे के समीप मिश्रौली गांव के पास जैसे ही बाइक लेकर चढ़े, उसी समय सुल्तानपुर की तरफ से आ रही अज्ञात कार उनकी बाइक में टक्कर मारते हुए आगे निकल गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सहित पति-पत्नी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क पर दोनों को गिरा देख पास में ही स्थित पेट्रोल पंप पर मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुँचे। ग्रामीणों की मदद से तत्काल दोनों घायलों को इलाज के लिए पीएचसी सिंगरामऊ ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने सभाशंकर को मृत घोषित कर दिया। जबकि उनकी पत्नी का इलाज करने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई में जुट गई। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के घर उनके स्वजनों को दी तो घर में कोहराम मच गया।

संक्षिप्त समाचार

ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज को पूरे अंक

प्रयागराज। ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज ने विप्लव स्पोर्टिंग क्लब को 31 रन से हराकर रविकांत अंडर-16 समर क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज ने 34.1 और में 173 रन (अर्पित सिंह 70, सचिन पटेल 45, शार्दुल 19, अमन गुप्ता 3/23, अथर्व यादव 3/28) बनाए। जवाब में विप्लव स्पोर्टिंग क्लब की टीम 35 ओवर में 8 विकेट पर 142 रन (अमन गुप्ता 34 नाबाद, शिवम केसरवानी 22, अर्पित कनौजिया 20, मनरूप सिंह 3/21) ही बना सकी। मैच में शिशिर मेहरोत्रा व राहुल सिंह अंपायर एवं अंकित पाण्डेय स्कोरर रहे।

दिव्यांग यात्रियों को उदघोषणा के माध्यम दी जा रही कोच की जानकारी

प्रयागराज। प्रयागराज मण्डल महिलाओं, बच्चों, वृद्धों और दिव्यांगजनों की यात्रा को बेहतर करने के लिए ट्रेन और परिसर में सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं को निरंतर उन्नत कर रहा है। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक कोचिंग हिमांशु शुक्ला के निर्देशानुसार प्रयागराज मंडल के अंतर्गत आने वाले स्टेशनों पर दिव्यांग यात्रियों की सुविधा के लिए उद्घोषणा के माध्यम से यह बताया जाता है कि गाड़ी में दिव्यांग कोच की स्थिति क्या होगी। दिव्यांग कोच गाड़ी में इंजन की तरफ होगा या गाड़ी के अंतिम छोर की तरफ होगा। इस जानकारी से दिव्यांग यात्री आसानी से दिव्यांग कोच में पहुंचते हैं। दिव्यांग यात्रियों की सुविधा के लिए सभी रेलवे स्टेशनों पर दिव्यांगजन पार्किंग, दिव्यांगजन वाटर बूथ और रैंप जैसी सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। अमृत भारत योजना के अंतर्गत विकसित हो रहे स्टेशनों को दिव्यांग मित्र बनाया जा रहा है।

इनरव्हील क्लब इलाहाबाद उदिशा की तरफ से 101 पौधौं का वितरण

प्रयागराज। उदिशा की अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने अपनी टीम के साथ एडाप्टेड स्कूल महर्षि भरद्वाज में अपने तीन प्रोजेक्ट पूरे कर सेवा कार्य किए। इसी क्रम में 101 पौधौं को बच्चों में बांटा गया तथा बच्चों को पेड़ बचाओ पेड़ लगाओ का संदेश भी दिया गया। साथ ही यह भी सिखाया गया कि पेड़ लगाकर अपने वातावरण को शुद्ध बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें। इस मौके पर उदिशा की अध्यक्ष शालिनी गुप्ता के साथ सचिव अपर्णा एडिटर, प्रिती जायसवाल, ममता, प्रियंवदा, मनीषा आदि मौजूद रहीं।

दूसरे दिन भी जारी रही अधिवक्ताओं की हड़ताल

- सरकारी वकीलों पर भी एसोसिएशन ने लगाई रोक, हाईकोर्ट के गेट पर निगरानी कर रहे वकील

> वकील नहीं पहुंचा, तो केस डिसमिस कर देते हैं। जज को पेपर देखने चाहिए। जज खुदा बनने से पीछे हटे, इंसान बनकर फैसले सुनाए। बार ने फैसला किया कि अब हम जज को सर कहेंगे। मी लॉर्ड नहीं कहेंगे।
>
> **अनिल तिवारी, अध्यक्ष बार एसोसिएशन**

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों की कार्य बहिष्कार के बीच गुरुवार को बैठक हुई। बैठक में एक बड़ा फैसला लेते हुए यह तय हुआ कि कोर्ट में जिरह करते वक्त वकील जज के लिए मी लॉर्ड या योर लार्डशिप का इस्तेमाल नहीं करेंगे। बल्कि सिर्फ सर कहेंगे। बार ने यह भी कहा कि कोई भी बार एसोसिएशन का वकील अगर केस में फिजिकल या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बहस करते हुए पकड़ा गया तो उसके खिलाफ एक्शन होगा। सदस्यता भी खत्म की जाएगी।

बता दें कि 3 दिन से इलाहाबाद हाईकोर्ट में वकील कार्य बहिष्कार कर रहे हैं। अब बार सरकारी और प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले वकीलों पर सख्त होता दिख रहा है। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने लेटर भेजकर सरकारी वकीलों को भी कोर्ट में नहीं जाने को कहा है। कोर्ट में मिलने वाले सरकारी वकीलों के साथ प्राइवेट वकीलों से भी हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने कारण बताओ नोटिस जारी करके स्पष्टीकरण मांगा है। यूपी गवर्नमेंट के चीफ स्टैंडिंग काउंसिल कुनाल रवि सिंह समेत कई वकीलों को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने नोटिस जारी किया है। बार एसोसिएशन की इस सख्ती के चलते वकील कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहे हैं।

गुरुवार को भी हाईकोर्ट परिसर में आने वाले वकीलों की निगरानी हो रही है। बार की तरफ से कोर्ट के सभी गेटों पर वकीलों की ड्यूटी लगाई गई। ताकि कोई भी वकील चाहे सरकारी हो या गैर सरकारी, किसी भी केस में बहस करने के लिए कोर्ट में हाजिर न हो सके। बार एसोसिएशन की इस सख्ती के चलते किसी भी कोर्ट में न्यायिक कामकाज नहीं हो पा रहे हैं।

इलाहाबाद हाईकोर्ट में यूपी के सभी शहरों से पैरवी के लिए लोग पहुंचते हैं। तारीख नहीं लगने और सुनवाई नहीं होने से लोग परेशान हैं। वकीलों के कार्य बहिष्कार के बाद भी जज अपने-अपने कोर्ट में बैठे, लेकिन वकीलों की अनुपस्थिति के चलते वह अपने-अपने चैम्बरों में वापस चले गए। वकील अपनी मांगों को पिछले 2 दिन से कोर्ट में काम नहीं कर रहे हैं। उनका कहना है कि कोर्ट में वकीलों से दुर्व्यवहार होता है। कोर्ट के कामकाज में परेशानी खत्म होनी चाहिए। मंगलवार को हुई हाईकोर्ट बार एसोसिएशन कार्यकारिणी की बैठक में कार्य बहिष्कार का फैसला लिया गया है।

6 वर्षीय मासूम की नदी में डुबने से मौत मिला शव

आजमगढ़। घर से लगभग 700 मीटर की दूरी पर सिलनी नदी में मछली पकड़ने गए मछुआरे के जाल में फंसा बच्चे का शव, परिजनों में मचा कोहराम कंन्धरापुर थाना अंतर्गत सेहदा तालीपुर निषाद बस्ती निवासी राजकुमार निषाद का पुत्र 6 वर्षीय कृष्णा निषाद का शव सिलनी नदी में मिलने से परिजनों में मातम छा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिलनी नदी में जाल से मछली मारने के दौरान जाल में एक बच्चे का शव फंस गया जिसको बाहर निकाला गया उसकी पहचान कृष्णा निषाद पुत्र राजकुमार निषाद के रूप में हुई जिसकी जानकारी परिजनों को दी गई मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। किसी ने इसकी सूचना कंन्धरापुर थाने को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया।

बाइक सवार दो युवकों का एक्सीडेंट एक की मौत

अवधनामा संवाददाता

मुबारकपुर आजमगढ़। थाना अंतर्गत कारूपार गांव के पास मोहम्मदाबाद स्थित रिश्तेदार के घर से बाइक लेकर घर वापस आ रहे दो युवकों को बोलोरो ने टक्कर मारुति जिसे मार दी जिससे दोनों युवक मौके पर ही लहू लुहान होकर गिर गए। मौके पर उपस्थित लोगों ने घायलों कि सूचना उनके परिजनों को दी मौके पर पहुंचे परिजनों ने इलाज के लिए घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने राम अवध को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिधारी थाना क्षेत्र के पैकोली गांव निवासी रामवध उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र दलीप 30 जून की रात 8.00 बजे मोहम्मदाबाद रिश्तेदार के घर बाइक लेकर धमेंद्र उम्र लगभग 28 वर्ष पुत्र दारा के साथ घर जा रहे थे जैसे ही मुबारकपुर कारू पार पहुंचे ही थे तभी तेज रफ्तार से आती बोलोरो की टक्कर होने से दोनो घायल हो गए आस पास के लोगो ने एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया जहां डॉक्टर ने रामवध को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया परिजन को बनारस ट्रामा सेंटर ले गए जहा इलाज के दौरान बुधवार की दोपहर 1.00 बजे मौत हो गई।

विकास योजनाओं के क्रियान्वन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: सुनील

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। विकासखंड करंजकला के सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक में कुल 21 करोड़ 50 लाख का बजट पास हुआ। इसके साथ ही क्षेत्र में विकास कार्यो को कराए जाने कार्य योजनाओ को लेकर चर्चा की गई। बता दें कि विकासखंड करंजाकला के सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लॉक प्रमुख पूनम यादव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें पिछले बार के 127 कार्यों में कराए जाने की पुष्टि की गई। इसके साथ ही आगामी करीब 50 निर्माण कार्य योजना के प्रस्ताव को बैठक मे सदन में रखा गया। जिस पर आगामी कार्यो के प्रस्ताव को लेकर बारी-बारी से क्षेत्र व पंचायत सदस्यों से चर्चा की गई। जिसमें सभी प्रस्ताव पर कुल 21 करोड़ पर 50 लाख का बजट पास हुआ। इस दौरान ब्लाक प्रमुख पूनम यादव ने क्षेत्र में विकास कार्यों को कराए जाने पर जोर दिया। उन्होंने सभी तरह की योजनाओं के क्रियान्वयन में हिलावली न करने का दिशा निर्देश दिया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भाजपा नेता सुनील कुमार यादव मम्मन ने बारिश के समय में नालियों की सफाई वह अन्य कार्यो के बारे में जानकारी ली और कहा कि क्षेत्र में जो भी जरूरी हो उसे तत्काल कराया जाए। इसके साथ ही शौचालय खड़ंजा नाली प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में भी उन्होंने जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बारी-बारी करके क्षेत्र पंचायत सदस्यों से उनकी समस्याओं को जाना और उसे सूचीबद्ध कर उसे निराकरण करने का आश्वासन दिया । हालांकि कई पंचायत सदस्यों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। विकास खंड अधिकारी रामदुलार यादव ने कार्यो से अवगत कराया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजकेसर पाल, शरद सिंह ,प्रधान संघ अध्यक्ष मनीषा यादव,रमेश यादव, चंदन यादव एडीओ पंचायत रमेश चंद्र, साखियिकी अधिकारी सुरेंद्र यादव, पीएचसी प्रभारी आनंद प्रकाश ,मुकेश कनौजिया , बैठक का संचालन एडिओ आईएसबी विनोद सहाय ने किया।

पुण्यतिथि पर याद किये गये बाबूराम कुंवर सिंह

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। जनपद के छपरा सुलतानपुर गांव में जन्मे स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हुए आजादी के बाद अपनी कर्मकता ईमानदारी के बल पर विधानसभा में पहुंचकर आम जनमानस की समस्याओं को सदन में पहुंच कर पूर्ण करना जिला परिषद अध्यक्ष के रूप में आजमगढ़ और मऊ जनपद में गांव गांव प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना कर लोगों को रोजगार से जोड़ना सहित जिला सहकारी बैंक और अन्य सहकारी संस्थाओं में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हुए पूर्वांचल के आम जन्म के मसीहा के रूप

में पहचाने जाने वाले प्रिय नेता सदैव बाबू राम कुंवर सिंह जी की आज 20वीं पुण्यतिथि सादगी के साथ संपन्न हुई। आजमगढ़ जनपद के छपरा सुलतानपुर में आयोजित सभी बाबू रामकुमार सिंह जी की 20वीं पुण्यतिथि पर क्षेत्र के संभ्रांत जनों की और आम जनमानस की उपस्थिति में हवन पूजन के साथ प्रातः काल प्रारंभ हुआ तत्पश्चात उनके चित्र पर उपस्थित सैकड़ो की संख्या में शुभचिंतकों ने पुष्प अर्पित कर सिद्धि बाबूराम कुंवर सिंह जी को अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया तत्पश्चात आमजन में बौद्ध वितरण व पौधरोपण का प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी संपन्न हुआ लोगों ने सदैव बाबू राम कुंवर सिंह जी की स्मृति में पौधारोपण का कार्यक्रम अपने-अपने क्षेत्र में भी रखते हैं और जनपद ही नहीं पूर्वांचल के कोने-कोने में लोग सदैव बाबू राम कुंवर सिंह जी को याद करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करने के बाद पौधारोपण का कार्य भी करते हैंलोगों का यह कहना है कि सदैव बाबूराम कुंवर सिंह जी ऐसा व्यक्तित्व जनपद में ना कोई हुआ और ना ही कहीं आगे ऐसी उम्मीद लग रही है क्योंकि आम जनमानस से जिस प्रकार का जुड़ाव सदैव बाबू राम को सिंह का था वह आज के राजनेताओं में कहीं भी दूर-दूर तक नहीं दिखता है लोगों का अपना तो आज भी इतना ज्यादा है कि लोग उनके जाने के 20 वर्ष बाद भी आज भी उनको याद करते हैं उनकी स्मृति में पौधरोपण करते हैं और उनको अपनी सच्ची श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं सदैव बाबूराम कुंवर सिंह जी न सिर्फ एक नेता थे बल्कि आम जनमानस का कहना है कि वह हजारों परिवार के अभिभावक भी जिसको लोग याद करते हुए आज भी भावुक हो जाते हैं ऐसे राजनेता को हम अपनी भावभीनी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।

आनलाइन उपस्थिति के विरोध में कलेक्ट्रेट परिसर में गरजे शिक्षक

अवधनामा संवाददाता

- डिजिटल उपस्थिति के साथ विभिन्न मांगो को लेकर जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

जौनपुर। डिजिटल उपस्थिति का विरोध सहित विभिन्न मांगो को लेकर परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में शासन के इस फरमान को तानाशाही बताते हुए जमकर बरसे। उक्त आदेश के विरोध में शिक्षकों ने हाथ में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। जिला प्रशासन की तरफ से अतिरिक्त उपजिलाधिकारी अर्चना ओझा के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया। बेसिक शिक्षा परिषद विभाग द्वारा आठ जुलाई से शिक्षकों के डिजिटल उपस्थिति एंव डिजिटल पंजिका का आदेश हुआ है। उक्त आदेश का उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ विरोध करते हुए आंदोलन कर रहा है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह एवं जिला मंत्री सतीश पाठक के नेतृत्व में हजारों पुरुष व महिला शिक्षक दिन में लगभग तीन बजे कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्रित होकर डिजिटल उपस्थिति के विरोध में प्रदर्शन कर जिला प्रशासन के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया।जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा तानाशाही फरमान के तहत 08 जुलाई 2024 से डिजिटल उपस्थिति के आदेश को उत्तर प्रदेश की प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर अपने प्रांतीय नेतृत्व के आंदोलन के आह्वान के क्रम में पूरी मजबूती के साथ डिजिटल उपस्थिति का पूर्ण बहिष्कार कर रहा है। उक्त आंदोलन के क्रम में समस्त ब्लाक अध्यक्ष/मंत्री के नेतृत्व में सभी ब्लाकों के शिक्षकों ने अभूतपूर्व एकजुटता दिखाते हुए सोमवार से अपने- अपने विद्यालय में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करते हुए पठन पाठन का कार्य कर रहे हैं, एंव अपनी उपस्थिति पंजिका पर ही अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। और आज उसी आंदोलन के तहत मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया गया है, जिसमें स्पष्ट कहा गया है कि हम शिक्षक डिजिटल उपस्थिति के विरुद्ध नहीं है, बल्कि उसके साथ ही उससे जुड़ी हमारी मूलभूत समस्याएं हैं जिसको लेकर संगठन लम्बे समय से सड़क पर संघर्ष कर रहा है लेकिन सरकार सिर्फ कोरा आश्वासन देकर शिक्षकों को गुमराह करती आ रही है। इसलिए आज एक जोरदार ऐतिहासिक ज्ञापन के माध्यम से जनपद से सरकार एवं विभाग को एक स्पष्ट संदेश दिया गया है कि डिजिटल उपस्थित तब तक स्वीकार नहीं है जब तक की शिक्षकों की मूलभूत समस्याओं जैसे, शिक्षक /शिक्षिकाओं को 30 ईएल, हाफ सीएल, सप्ताह के दूसरे शनिवार को अवकाश सहित व्यवस्था लागू किये जाने व प्रदेश के शिक्षक/ शिक्षिकाओं की पूर्व से लम्बित/बाधित समस्याओं का अतिशीघ्र समाधान किया जाए व परिषदीय शिक्षक /शिक्षिकाओं का वेतन विसंगति, स्वास्थ बीमा, पुरानी पेंशन बहाली सहित आवश्यक मुद्दों को दूर नहीं किया जाता है तबतक विरोध जारी रहेगा। साथ ही अध्यक्ष ने बताया कि सरकार के रवैये से शिक्षक समाज अत्यंत ही आहत महसूस कर रहा है, कुछ मीडिया चैनलों के माध्यम से सरकार ने शिक्षकों की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है, समाज में शिक्षकों के खिलाफ एक नकारात्मक माहौल बनाया जा रहा है कि शिक्षक कामचोर, व लापरवाह है जो अत्यंत ही घातक है। ऐसे बयानों व बयानवीरों का शिक्षक समाज घोर निंदा व विरोध करता है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
Office of Executive Engineer
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, श्रावस्ती
Provincial Division, P.W.D., Shrawasti

उत्तर प्रदेश सरकार
लोक निर्माण विभाग

पुलिस लाइन, भिनगा-श्रावस्ती-271831
Police Line, Bhinga-Shrawasti
Phone No. 05250-222961
E-Mail: pdpwdswt2012@gmail.com

पत्रांक : 1496/ई-टेण्डर/2024-25

दिनांक : 05-07-2024

ई-निविदा सूचना

1. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, श्रावस्ती द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में 'ए', 'बी', 'सी' एवं 'डी' श्रेणी (मार्ग कार्य) के पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से जनपद श्रावस्ती के निम्न वर्णन के अनुसार मार्ग मरम्मत हेतु कार्य की निविदा प्रतिशत दरो के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	जनपद	कार्य का नाम	कार्य की लागत (रू. लाख में)	बिड सिक्योरिटी (रू. लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित रू. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
		वित्तीय वर्ष 2024-25 में पैच मरम्मत के अन्तर्गत कार्य				
1	श्रावस्ती	विकास खण्ड इकौना के अन्तर्गत एन0एच0-730 के बायें स्थित ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य।	21.00	2.10	945.00	09 माह
2	श्रावस्ती	विकास खण्ड इकौना के अन्तर्गत एन0एच0-730 के दायें स्थित ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य।	20.50	2.05	945.00	09 माह
3	श्रावस्ती	विकास खण्ड गिलौला के अन्तर्गत एनएसएलएच मार्ग के बायें स्थित ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य।	19.50	1.95	945.00	09 माह
4	श्रावस्ती	विकास खण्ड गिलौला के अन्तर्गत एनएसएलएच मार्ग के दायें स्थित ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य।	20.50	2.05	945.00	09 माह
5	श्रावस्ती	विकास खण्ड जमुनहा में विधान सभा श्रावस्ती के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य।	28.88	2.89	945.00	09 माह
6	श्रावस्ती	विकास खण्ड जमुनहा में विधान सभा भिनगा के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य।	20.50	2.05	945.00	09 माह
7	श्रावस्ती	विकास खण्ड हरिहरपुरानी के अन्तर्गत बी0बी0एस0सी0 मार्ग के बायें स्थित ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य।	19.50	1.95	945.00	09 माह
8	श्रावस्ती	विकास खण्ड हरिहरपुरानी के अन्तर्गत बी0बी0एस0सी0 मार्ग के दायें स्थित ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य।	20.50	2.05	945.00	09 माह
9	श्रावस्ती	विकास खण्ड सिरसिया के अन्तर्गत भिनगा-सिरसिया-चौधरीडीह-गुलरिहा मार्ग के बायें स्थित ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य।	19.00	1.90	945.00	09 माह
10	श्रावस्ती	विकास खण्ड सिरसिया के अन्तर्गत भिनगा-सिरसिया-चौधरीडीह-गुलरिहा मार्ग के दायें स्थित ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य।	15.00	1.50	945.00	09 माह
11	श्रावस्ती	विधानसभा श्रावस्ती के अन्तर्गत ओ0डी0आर0 मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य।	33.00	3.30	945.00	09 माह
12	श्रावस्ती	विधानसभा भिनगा के अन्तर्गत एस0एच0/ एम0डी0आर0/ओ0डी0आर0 मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य।	33.00	3.30	945.00	09 माह

2. ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदायें प्रकाशित होने की तिथिः- दिनांक 13-07-2024 से पूर्व।
3. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड-सबमिट करने का माध्यम-
(क) बिड डाक्यूमेन्ट आन-लाइन दिनांक 13-07-2024 से 13-08-2024 तक उपलब्ध रहेगी, जो आन-लाइन http://etender.up.nic.in पर ही सबमिट किया जायेगा।
(ख) निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेब-साइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदायें आन-लाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथोरिटी द्वारा जारी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना अनिवार्य है।
(ग) ई-प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 13-08-2024 पूर्वान्ह 12.00 बजे तक एवं टेकनिकल क्वालिफिकेशन पार्ट-1 दिनांक 13-08-2024 अपराह्न12.30 बजे से कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, श्रावस्ती में खोला जायेगा। विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in देखा जा सकता है।
(घ) निविदादाता को निविदा प्रपत्र मूल्य एवं बिड सिक्योरिटी धनराशि up e-tender portal पर इन्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से आन लाइन जमा करना होगा।
(ड़) शासनादेश संख्या 14/2020/879/तेइस-7-2020-176(सा0)/06 दिनांक 25-08-2020 में दिये गये दिशा-निर्देशों के अनुसार निविदा सम्बन्धी समस्त कार्यवाही प्रहरी के माध्यम से की जायेगी।

UPID-217255 Dated-09-07-2024
विज्ञापन आदेश के अनुस

ट्रूअल्ट बायोएनर्जी को 1जी बायोएथेनॉल के लिए 390 करोड़ रुपये से ज्यादा का मिला ऑर्डर

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी बायोफ्यूल और बायोएनर्जी कंपनियों में से एक ट्रूअल्ट बायोएनर्जी को सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख तेल एवं गैस विपणन कंपनियों (ओएमसी) से 390 करोड़ रुपये से ज्यादा का महत्वपूर्ण ऑर्डर मिला है। इन कंपनियों में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड और मैंगलोर रिफाइनरीज एंड पोर्ट्स लिमिटेड शामिल हैं।

कंपनी ने जारी एक बयान में बताया कि ट्रूअल्ट बायोएनर्जी को इन प्रमुख तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) से 390 करोड़ से ज्यादा का ऑर्डर मिला है। कंपनी को इस ऑर्डर में अगस्त से लेकर अक्टूबर 2024 तक तीन महीने की अवधि में करीब 6 करोड़ लीटर 1जी बायोएथेनॉल की आपूर्ति शामिल है। कंपनी ने अभी तक कुल आवंटित मात्रा का लगभग 10



फीसदी लक्ष्य हासिल कर लिया है।

ट्रूअल्ट बायोएनर्जी के संस्थापक और प्रबंध निदेशक (एमडी) विजय निरानी ने कहा कि हमारी यात्रा राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति और भारत के इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम के साथ शुरू हुई, जिसका उद्देश्य जैव ईंधन, अधिक पारिस्थितिक और किफायती विकल्प की ओर रुख करके जीवाश्म ईंधन और कच्चे तेल पर निर्भरता कम करने की देश की ज़रूरत को पूरा करना था। उन्होंने कहा कि ये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने जैव ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति है।

क्या है 1जी बायोएथेनॉल

1जी बायोएथेनॉल, सेल्यूलोज से भरपूर पौधों से बना एक अल्कोहल है। इसको पारंपरिक इथेनॉल संयंत्रों में बनाया जाता है। इन संयंत्रों में मकई, चावल, गेहूं, सोरघम, चुकंदर, गन्ना, या गुड़ जैसे फीडस्टॉक का इस्तेमाल किया जाता है। इन फ़ीडस्टॉक में मौजूद स्टार्च या शर्करा के किण्वन से बायोएथेनॉल बनता है। 1जी बायोएथेनॉल बनाने की प्रक्रिया में निष्कर्षण, सांद्रता, किण्वन, आसवन और निर्जलीकरण इकाइयां शामिल होती हैं।

उल्लेखनीय है कि ट्रूअल्ट बायोएनर्जी भारत की अग्रणी जैव ईंधन और जैव ऊर्जा कंपनियों में से एक है, जो 1त्न बायोएथेनॉल और संपीड़ित बायोगैस के उत्पादन में विशेषज्ञता रखती है। स्थिरता और नवाचार पर मजबूत ध्यान देने के साथ ट्रूअल्ट बायोएनर्जी का लक्ष्य देश के ऊर्जा परिवर्तन को हरित और अधिक टिकाऊ भविष्य की ओर ले जाना है।

एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने उदयन जोशी को अपना चीफ टेक्निकल क्लेम्स ऑफिसर बनाया

मुंबई। भारत की प्रमुख जनरल बीमा कंपनियों में से एक, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने उदयन जोशी को अपना प्रमुख टेक्निकल एवं क्लेम्स ऑफिसर बनाया है। अपनी इस नई भूमिका में, श्री जोशी रणनीतिक अंडरराइटिंग और पुनर्बीमा पहलों को आकार देने और उन्हें लागू करने में अहम भूमिका निभाएंगे। इन पहलों का मकसद स्थायी रूप से लाभ सुनिश्चित करना है। वे क्लेम्स की कार्यप्रणाली का भी नेतृत्व करने के साथ ही ग्राहकों को श्रेणी में सर्वोत्तम एवं परेशानी रहित क्लेम सेवाएं प्रदान करने पर फोकस करेंगे। बीमा इंडस्ट्री में लगभग दो दशकों के व्यापक अनुभव के साथ जोशी एक अनुभवी बीएफएसआई प्रोफेशनल हैं। एसबीआई जनरल इंश्योरेंस में अपनी मौजूदा भूमिका से पहले श्री जोशी लिबर्टी जनरल इंश्योरेंस और आईसीआईसीई लोम्बार्ड में महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। जनरल इंश्योरेंस में उनके

व्यापक अनुभव के अंतर्गत कई सारी जिम्मेदारियां शामिल थीं, जहां उन्होंने अंडरराइटिंग एवं प्राइसिंग, क्लेम प्रबंधन, पुनर्बीमा, संचालन व ग्राहक अनुभव जैसे क्षेत्रों में काफी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

श्री जोशी ने कॉमर्स में ग्रैजुएट किया है और वे एक योग्य चार्टर्ड अकाउंटेंट (आईसीएआई) और कंपनी सेक्रेटरी (आईसीएसआई) हैं। पढ़ाई के बाद बीमा तथा जोखिम प्रबंधन में आईसीएआई से विशेषज्ञता हासिल करना इस क्षेत्र में उनकी काबिलियत का प्रमाण है।

श्री नवीन चंद्र झा, एमडी एवं सीईओ, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस का कहना है, ÷एसबीआई जनरल इंश्योरेंस में श्री उदयन जोशी का स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। बीमा जगत में उनका व्यापक अनुभव और बेहतरीन काम, हमारी लीडरशिप टीम में उन्हें एक महत्वपूर्ण सदस्य बनाता है। हमें पूरा विश्वास है कि श्री जोशी की विशेषज्ञता बेजोड़ बीमा समाधान उपलब्ध कराने की हमारी अद्भुत क्षमता को और बेहतर बनाएगी। उनके नेतृत्व में यह कंपनी एक स्थायी विकास की दिशा में आगे बढ़ेगी।'' अपनी नियुक्ति के बारे में श्री उदयन जोशी ने कहा, ÷प्रमुख टेक्निकल एवं क्लेम्स ऑफीसर के रूप में एसबीआई जनरल इंश्योरेंस का हिस्सा बनकर बहुत अच्छा लग रहा है। मुझे उम्मीद है कि टीम के साथ मिलकर हम अपनी तकनीकी क्षमताओं और क्लेम प्रबंधन प्रक्रियाओं को और बेहतर बनाएंगे। साथ ही अपने ग्राहकों और हितधारकों के जीवन में महत्वपूर्ण वैल्यू शामिल जोड़ेंगे।''

गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस जेम से खरीद 1.24 लाख करोड़ रुपये के पार

नई दिल्ली। केंद्र सरकार के ई-मार्केटप्लेस जीईएम (जेम) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में शानदार शुरुआत की है। जेम के माध्यम से पहली तिमाही में वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद 1.24 लाख करोड़ रुपये को पार कर गई है। जेम पर खरीद की यही गति कायम रही तो यह चालू वित्त वर्ष के अंत तक दुनिया का सबसे बड़ा मंच बन जाएगा।

ई-खरीद पोर्टल जेम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रशांत कुमार सिंह ने गुरुवार को यहां प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि जेम ने अप्रैल-जून तिमाही के अंत में 1,24,761 लाख करोड़ रुपये का सकल व्यापारिक मूल्य दर्ज किया है, जो तिमाही-दर-तिमाही आधार पर पिछले वित्त वर्ष के 52,670 करोड़ रुपये की तुलना में 136 फीसदी अधिक है। इस गति से ये बहुत जल्द दुनिया का सबसे बड़ा मंच बन जाएगा।

फ्लिपकार्ट ने रिचार्ज और बिल भुगतान की नई श्रेणियों के साथ डिजिटल भुगतान के विकल्पों को बढ़ाया

लखनऊ। भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने आज अपने ऐप पर फास्टैग, डीटीएच रिचार्ज, लैंडलाइन, ब्रॉडबैंड और मोबाइल पोस्टपेड बिल भुगतान समेत रिचार्ज एवं बिल भुगतान की पांच नई श्रेणियां जोड़ने की घोषणा की। ये सुविधाएं पहले से उपलब्ध बिजली बिल भुगतान एवं मोबाइल प्रीपेड रिचार्ज के विकल्पों के अतिरिक्त होंगी। फ्लिपकार्ट ने नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा तैयार किए गए भारत बिल पेमेंट सिस्टम के साथ नई सेवाएं देने के लिए भारत की अग्रणी पेमेंट सॉल्यूशंस कंपनियों में शुमार बिलडेस्क के साथ साझेदारी की है। लिमिटेड टाइम डील के तहत ग्राहक फ्लिपकार्ट यूपीआई का प्रयोग करते हुए सुपरकॉइन के साथ 10 प्रतिशत तक के ऑफर का लाभ भी ले सकते हैं। इन नई श्रेणियों के जुड़ने से ग्राहक अब फ्लिपकार्ट पर शॉपिंग के साथ-साथ बिल भुगतान और रिचार्ज की सुविधा का भी आनंद ले सकेंगे।

इस लॉन्चिंग पर टिप्पणी करते हुए फ्लिपकार्ट में पेमेंट्स एवं सुपरकॉइन्स के वाइस प्रेसिडेंट गौरव अरोड़ा ने कहा डिजिटल भुगतान उद्योग में तेजी से आ रहे उछाल के साथ ग्राहक भी सक्रियता से अपने बिलों का भुगतान करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक मोड को अपना रहे हैं। हमने ग्राहकों के लिए डिजिटल पेमेंट के सफर को आसान बनाने और कैशलेस इकोनॉमी बनाने के भारत सरकार के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के फ्लिपकार्ट के लक्ष्य अनुरूप ही अपने विकल्पों को बढ़ाया है। अपने पसंदीदा उत्पादों को खरीदने से लेकर डिजिटल भुगतान से जुड़ी जरूरतों को पूरा करते हुए इस लॉन्चिंग ने ग्राहकों के लिए एक वन-स्टॉप डेस्टिनेशन तैयार किया है, जिसके माध्यम से उनकी सभी जरूरतें कभी भी और कहीं भी सुरक्षित एवं सुगम तरीके से पूरी हो सकती हैं। यह पहल ग्राहकों के संपूर्ण अनुभव को बेहतर बनाकर उनके लिए लगातार अभिनव कदम उठाने की दिशा में हमारा एक और प्रयास है।'

बिलडेस्क के सह-संस्थापक एवं डायरेक्टर अजय कौशल ने कहा लंबे समय से हमारे पार्टनर रहे फ्लिपकार्ट को बीबीपीएस की सेवाएं प्रदान करने को लेकर हम रोमांचित हैं। इस रणनीतिक विस्तार से फ्लिपकार्ट के ग्राहक सुगमता से बिल का भुगतान कर सकेंगे, समय से उन्हें नोटिफिकेशन मिल सकेगा और बीबीपीएस की क्षमताओं का लाभ लेते हुए अपने प्रेफर्ड बिलर्स पर बकाया भुगतान की जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे। यह साझेदारी बिलडेस्क और फ्लिपकार्ट के बीच के मजबूत एवं पुराने संबंध को दिखाती है। यह संबंध ग्राहकों की संतुष्टि एवं इनोवेशन को लेकर हमारी साझा प्रतिबद्धताओं की नींव पर टिका है।'

सपाट बंद हुआ शेयर बाजार

नई दिल्ली।हफ्ते के चौथे दिन गुरुवार को शेयर बाजार उतार-चढ़ाव कारोबार के बीच सपाट बंद हुआ है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 27.43 अंक यानी 0.034 फीसदी टूटकर 79,897.34 अंक के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्स्चेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 8.50 अंक यानी 0.035 फीसदी की गिरावट के साथ 24,315.95 अंक के स्तर पर बंद हुआ है।

कारोबार के दौरान निवेशकों ने कंपनियों के अप्रैल-जून तिमाही के नतीजों से पहले प्रमुख कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली की। इससे सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में तेजी और 14 में गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मा, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, लार्सन एंड टुब्रो और नेस्ले प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। वहीं, लाभ में रहने वाले शेयरों में आईटीसी, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स और टाइटन शामिल हैं।

शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार में अच्छी तेजी से सेंसेक्स एक समय 245.32 अंक उछलकर दिन के उच्चतम स्तर 80,170.09 अंक पर पहुंच गया था। लेकिन बाद में प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से यह 460.39 अंक तक लुढ़क गया। हालांकि, कारोबार के अंत में बीएसई का सेंसेक्स 27.43 अंक की गिरावट के साथ 79,897.34 अंक पर बंद होने में कामयाब रहा। एशिया के अन्य प्रमुख बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे।

उल्लेखनीय है कि इससे एक दिन पहले बुधवार को कारोबार के अंत में बीएसई का सेंसेक्स 426 अंकों की गिरावट के साथ 79,924 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई का निफ्टी भी 108 अंकों की गिरावट के साथ 24,324 के स्तर पर बंद हुआ था।

लखनऊ में लॉन्च हुआ सेफड्राइव विथ इनड्राइव कैम्पेन

लखनऊ। कैलिफ़ोर्निया स्थित सुपर मोबिलिटी ऐप इनड्राइव ने लखनऊ में एक सेफ्टी एजुकेशन इवेंट आयोजित किया। सेफड्राइव विद इनड्राइव अकैम्पेन ड्राइवरों को उनके यात्रियों की सुरक्षा और आराम सुनिश्चित करने के तरीके के बारे में शिक्षित करेगा। यह कैम्पेन इनड्राइव के ड्राइवरों के लिए चल रहे एजुकेशनल प्रोग्राम का अगला चरण है, जो उनकी सेफ्टी ट्रेनिंग को मजबूत करता है और सड़क सुरक्षा और महिलाओं की सुरक्षा दोनों को शामिल करता है, ताकि इनड्राइव के साथ यूज़र द्वारा किया गया हर चुनाव सुरक्षित और भरोसेमंद हो। इसमें भेदभाव निषेध जैसे विषयों को भी शामिल किया गया है, यात्रियों के आराम को बढ़ाने के तरीके, और यात्रा के दौरान किसी को भी सहायता की आवश्यकता होने पर सभी उपलब्ध सुरक्षा सुविधाओं का उपयोग करने का तरीका बताया गया है (उदाहरण के लिए, शील्ड आइकॉन, जो उपयोगकर्ता को आपातकालीन सेवाओं से संपर्क करने की अनुमति देता है)।

इनड्राइव की एशिया-पेसिफिक कम्युनिकेशन्स लीड, पवित्र नंदा

आनंद कहती हैं, इनड्राइव का सेफ्टी ट्रेनिंग एक 360 डिग्री प्रोग्राम है है जो ड्राइवरों को अन्य बातों के अलावा, उत्पीड़न या हिंसा के मामलों को रोकने के लिए समय पर कम्युनिकेशन टूल्स और स्ट्रेटेजी प्रदान करता है। उदाहरण के लिए, हमारे प्लेटफॉर्म से मिला डेटा बताता है कि महिलाएं कैब में असुरक्षित महसूस करती हैं जब ड्राइवर तेज आवाज में संगीत बजाता है, असंयमित होता है, या तेज गति से गाड़ी चलाता है; वे तब भी असहज होती हैं जब ड्राइवर उन्हें रियरव्यू मिरर में देखता है या उनकी तारीफ करता है। इसलिए हमारा सेफड्राइव विथ इनड्राइव कैम्पेन इन मुद्दों को हमारे ड्राइवर पार्टनर के साथ भी बात करता है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हमारे सभी राइडर सुरक्षित और सहज महसूस करें।

इनड्राइव इंडिया के बिज़नेस डेवलॅपमेंट मैनेजर, मोहन प्रधान कहते हैं, ड्राइवर पार्टनर साथियों की सुरक्षा के लिए बनाए गए हमारे ट्रेनिंग प्रोग्राम के ज़रिए, हम सभी साथियों को प्रशिक्षित करना चाहते हैं। जो लोग प्रशिक्षण पूरा कर लेंगे, उन्हें एक बैज और एक प्रमाणपत्र दिया जाएगा, जिसे वे अपने वाहन में रख सकते हैं।

स्किलिंग सिर्फ एक सर्टिफिकेट नहीं बल्कि लाइफलॉन्ग लर्निंग है: जयन्त चौधरी

नई दिल्ली। कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयन्त चौधरी ने आज मेरठ के चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) के लिए एक

ज़ोनल कॉन्फ्रेन्स को संबोधित किया। इस ज़ोनल कॉन्फ्रेन्स का उद्देश्य कौशल विकास प्रशिक्षण के माध्यम से सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े समूहों के बीच स्वरोजगार और वेतन वाले रोजगार के अवसर पैदा करने में जेएसएस की पहुंच और प्रभावकारिता के बारे में जागरूकता पैदा करना है। पारंपरिक कौशल से आगे बढ़ते हुए, ज़ोनल कॉन्फ्रेन्स में भविष्य के उद्योग-प्रासंगिक कौशल की प्रासंगिकता और उभरते जॉब मार्केट के लिए लोगों को बेहतर ढंग से तैयार करने में उनकी भूमिका पर भी जोर दिया गया। माननीय मंत्री ने दिल्ली और उत्तर प्रदेश के जेएसएस उम्मीदवारों द्वारा बनाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया और लाभार्थियों से बातचीत की।

जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) योजना, जिसे मूल रूप से 1967 में श्रमिक विद्यापीठ (एसवीपी) के रूप में शुरू किया गया था, एक परिवर्तनकारी पहल है जिसे भारत सरकार से पूरी फंडिंग के साथ पंजीकृत सोसायटियों (एनजीओ) के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह अग्रणी योजना गैर-साक्षर, नव-साक्षर, कम शिक्षित व्यक्तियों और 15-45 वर्ष की आयु के 12वीं कक्षा तक के स्कूल ड्रॉपआउट लोगों को लक्षित करती है। जेएसएस किफायती और सुलभ कौशल प्रशिक्षण देकर, महिलाओं, अनुसूचित जातियों (एससी), अनुसूचित जनजातियों (एसटी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अल्पसंख्यकों और समाज के अन्य वंचित समूहों के लिए लाइफ़लाइन बन गए हैं।

वर्तमान में, 26 राज्यों और 7 केंद्र शासित प्रदेशों में 290 से अधिक जेएसएस कार्यरत हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश में 47 और दिल्ली में 3 हैं। जुलाई 2018 में शिक्षा मंत्रालय (पूर्ववर्ती एमएचआरडी) से एमएसडीई को योजना के हस्तांतरण के बाद से, जेएसएस योजना के तहत कुल 26.37 लाख लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। योग्य लाभार्थियों में ग्रामीण और शहरी मलिन बस्तियों में शैक्षिक रूप से वंचित और सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े समूह शामिल हैं। योजना के प्रमुख उद्देश्यों के अनुरूप, प्रशिक्षित लाभार्थियों में से 21.63 लाख (82.02त्न) महिलाएँ हैं।

जेएसएस की प्रगति पर बोलते हुए, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जयन्त चौधरी ने कहा, प्रधानमंत्री के विज़न के अनुरूप, हम भारत के युवाओं को बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए समर्पित हैं। जेएसएस योजना के तहत, हमारा लक्ष्य कम आय वाले समूहों के बीच कैपेसिटी बिल्डिंग को बढ़ाना और कौशल विकास के अवसरों का विस्तार करना है। व्यक्तिगत और आर्थिक विकास के लिए स्किलिंग, रीस्किलिंग और अपस्किलिंग की प्रक्रियाएँ आवश्यक हैं। मैं विभिन्न क्षेत्रों में कुशल कार्यबल की कमी को पहचानने और प्रतिभा को अवसर से जोड़ने वाले सेतु निर्माता के रूप में कार्य करने के लिए जेएसएस की सराहना करता हूँ।

उन्होंने कहा, पीएमकेवीवाई योजना से मेरठ के 97,000 से ज़्यादा और पूरे भारत में 1.4 करोड़ लोग लाभान्वित हो चुके हैं।

पेश है लावा ब्लेज़ X: इस कैटेगरी में पहली बार 120 H5 कर्व्ड एमोलेड़ डिस्प्ले के साथ बाजार में उतारा गया

लखनऊ। भारत में स्मार्टफोन एवं वियरेबल्स का निर्माण करने सबसे प्रमुख स्वदेशी ब्रांड, लावा इंटरनेशनल लिमिटेड ने अपनी नई पेशकश, बिल्कुल नए लावा ब्लेज़ X के लॉन्च के साथ अपनी ब्लेज़ सीरीज़ के विस्तार की घोषणा की है। कंपनी ने किफायती स्मार्टफोन सेगमेंट में एक नई मिसाल कायम करते हुए, ब्लेज़ X उको इस सेगमेंट में पहली बार कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले के साथ बाजार में उतारा है। नए ब्लेज़ ङ्ग को दो बेहतरीन रंगों, यानी स्टारलाइट पर्पल और टाइटेनियम ग्रे में पेश किया गया है। यह स्मार्टफोन 20 जुलाई से लावा ई-स्टोर तथा अमेज़न पर उपलब्ध होगा। इस मौके पर लावा इंटरनेशनल लिमिटेड के प्रोडक्ट हेड, सुमित सिंह ने कहा, लावा ब्लेज़ हमारी सबसे कामयाब सीरीज़ में से एक रही है, जिसे अव्वल दर्जे की गुणवत्ता और बेहद दमदार स्मार्टफ़ोन के साथ इस इंडस्ट्री की कमी को पूरा करने की सोच के साथ तैयार किया गया है। नया ब्लेज़ X कंपनी की लाइन-अप में शामिल किया गया सबसे नया प्रोडक्ट है, जिसे तीन सबसे अहम कसौटियों- यानी इस सेगमेंट में पहली बार कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले, शानदार परफॉर्मेंस और खूबसूरती को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। मुझे पूरी उम्मीद है कि फैन्स को हमारा नया ब्लेज़ X बेहद पसंद आएगा, साथ ही वे उन सभी अनुभवों का भरपूर आनंद लेंगे जिनके लिए इसे डिज़ाइन किया गया है।

डिस्प्ले एवं डिजाइन

इस स्मार्टफोन में पंच होल डिजाइन के साथ-साथ 16.94 सेमी (6.67) का शानदार 120H5 कर्व्ड एमोलेड़ डिस्प्ले मौजूद है, जो यूजर्स को सुकून के साथ स्मार्टफोन के उपयोग का बेहतरीन अनुभव प्रदान करता है।

इंडकल टेक्नोलॉजीज़ भारत में एसर ब्रांड के तहत स्मार्टफोन लॉन्च करेगी

लखनऊ/कानपुर। भारत की जानी-मानी टेक्नोलॉजी कंपनी इंडकल टेक्नोलॉजीज़ ने आज एसर इनकॉर्पोरेटेड के साथ ट्रेडमार्क लाइसेंसिंग समझौते के तहत स्मार्टफोन बाजार में प्रवेश करने की घोषणा की है। इंडकल भारत में एसर ब्रांड के तहत स्मार्टफोन की डिजाइनिंग, उत्पादन और वितरण करेगी। इंडकल टेक्नोलॉजीज़ 2024 के मध्य में एसर ब्रांड के तहत स्मार्टफोन मॉडल्स की एक विस्तृत श्रृंखला लॉन्च करेगी। यह प्रयास एसर की ब्रांड की ताकत और भारतीय उपभोक्ताओं को प्रीमियम-गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराने की इंडकल की प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता है, जिसमें मजबूत स्पेसिफिकेशन, अत्याधुनिक हार्डवेयर और उन्नत सॉफ्टवेयर तकनीकें शामिल हैं।इंडकल टेक्नोलॉजीज़ के सीईओ आनंद दुबे ने इस मौके पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, एसर स्मार्टफोन कुछ ऐसा है जिस पर हम पिछले कुछ सालों से काम कर रहे हैं और आखिरकार हम इस फैसले की घोषणा करते हुए बेहद खुश हैं। हमें यकीन है कि एसर स्मार्टफोन के साथ भारतीय उपभोक्ताओं को एक बेहतरीन अनुभव मिलने वाला है। हमारे ग्राहक बेहतरीन प्रोसेसर, बेहतरीन कैमरा तकनीक और अपने रेंज में कई बेहतरीन फीचर्स के साथ बेहतरीन तरीके से डिजाइन किए गए स्मार्टफोन का अनुभव करेंगे। सबसे अच्छी बात यह है कि सभी एसर-ब्रांडेड स्मार्टफोन भारत में डिजाइन और निर्मित किए जाएंगे, जो इंडकल के लिए एक खास उपलब्धि भी है। एसर के 15,000 से 50,000 रुपये के बीच की कीमत वाले स्मार्टफोन पर फोकस करने के साथ, इस बाजार में अब कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी।एसर ब्रांड के स्मार्टफोन सरकार के %मेक इन इंडिया% पहल के तहत भारत में ही बनाए जाएंगे। ये डिवाइस देश भर में ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और ऑफलाइन रिटेल स्टोर दोनों के जरिए बेचे जाएंगे, जिससे उपभोक्ताओं आसानी से मिल सकेंगे।

अगर सही डील मिले तो 75 प्रतिशत भारतीय ज्यादा ट्रिप करने के लिए तैयार हैं: पैसे बचाने के उपाय, जो इन गर्मियों में एकोमोडेशन पर बड़ी बचत करेंगे

नई दिल्ली। ग्लोबल ट्रैवल मार्केटप्लेस स्काईस्कैनर के नए अध्ययन में सामने आया है कि भारतीयों को घूमना बहुत पसंद है। वो सस्ते विकल्प चाहते हैं और हमेशा बेहतरीन डील की तलाश में रहते हैं। इन यात्रापसंद लोगों को गर्मियों में भारी बचत करने में मदद करने के लिए स्काईस्कैनर ने एकोमोडेशन के लिए 'लाउड बजटिंग गाईड' पेश की है। विश्व में लाखों एकोमोडेशन मूल्यों के विश्लेषण के बाद निर्मित यह गाईड यात्रियों को सबसे अच्छी डील तलाशने में मदद करती है। वनपोल के साथ गठबंधन में किए गए स्काईस्कैनर के नए अध्ययन के आँकड़ों में सामने आया है कि 84 प्रतिशत भारतीय यात्री गर्मी की छुट्टियों के लिए एकोमोडेशन पहले ही बुक कर चुके हैं, लेकिन उनकी और ज्यादा घूमने की उत्सुकता अभी भी शेष है। उनकी इसी इच्छा के कारण अतिरिक्त ट्रिप्स की संभावनाएं बनती हैं, और इनमें से 75 प्रतिशत यात्रियों ने संकेत दिया है कि यदि उन्हें बहुत आकर्षक डील मिलेगी, तो वे एक बार और छुट्टियों पर जा सकते हैं। जहाँ यात्रा का बजट महत्वपूर्ण है, वहीं अच्छी डील का मिलना आवश्यक है। स्काईस्कैनर तीस लाख से ज्यादा होटलों, अपार्टमेंट, सेल्फ-केटरिंग के विकल्पों (बेड और ब्रेकफास्ट), और होस्टल की तुलना प्रदान करके यात्रियों को हर बजट में अपने लिए यात्रा के विकल्प तलाशने में मदद करता है।* मोहित जोशी, ट्रैवल एवं डेस्टिनेशन एक्सपर्ट, स्काईस्कैनर ने कहा, ''बेहतरीन फ्लाईट डील का रोमांच हम सभी जानते हैं, लेकिन होटल भी बचत का खजाना पेश कर सकते हैं। केवल सबसे सस्ते विकल्प तलाशने की बजाय विभिन्न तरह के एकोडोमेशन, जैसे अपार्टमेंट या सेल्फ-केटरिंग स्टे भी तलाशकर देखें। हो सकता है कि आपको अपनी ट्रिप के अनुरूप ज्यादा आरामदायक और बजट-फ्रेंडली जगह मिल जाएं। स्काईस्कैनर में हमारा मिशन हर यात्री को अपनी जरूरतों के लिए एक आदर्श होटल तलाशने में समर्थ बनाना है, साथ ही उनके बजट का भी ध्यान रखा जाता है ताकि अपनी हर एडवेंचर में उन्हें सबसे अच्छा अनुभव प्राप्त हो। आप चाहे सभी सुविधाओं वाला होटल चाहते हों या फिर खाने पर पैसे बचाने के लिए किचन वाली जगह, स्काईस्कैनर के फिल्टर आपकी हर तलाश बहुत आसान बना देते हैं।

वीट वैक्स स्ट्रिप्स करता है सबसे छोटे बालों को भी हटाने का वादा सैलून वैक्स की तुलना में प्रदान करता है बेहतर परिणाम

डेपिलेटरी उत्पादों में अग्रणी, वीट0 अब वीट वैक्स स्ट्रिप्स के साथ वैक्सिंग अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए तैयार है। वीट वैक्स स्ट्रिप्स उपभोक्ताओं को घर पर ही गौरी और चिकनी त्वचा प्रदान करती है। नई ब्रांड एम्बेस्डर तृप्ती डिमरी के साथ, नया सबेटरवेटूवैक्स अभियान महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ सशक्त बनाने के लिए वीट की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है और उन्हें बालों को हटाने का एक बेहतर तरीका प्रदान करता है। वीट कोल्ड वैक्स स्ट्रिप्स की कूल जेल वैक्स टेक्नोलॉजी एक आरामदायक और प्रभावी हेयर रिमूवल अनुभव को सुनिश्चित करती है, जो 28 दिन* तक चलने वाला परिणाम प्रदान करती है, जो सैलून वैक्स के परिणाम से कही ज्यादा बेहतर है। तृप्ती डिमरी के साथ सबेटरवेटूवैक्स अभियान, इस संदेश को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करता है कि वीट वैक्स स्ट्रिप्स प्रभावी रूप से सबसे छोटे बालोंट्ट को भी हटा देता है, जिनके साथ सैलून वैक्स को संघर्ष करना पड़ता है।

अभियान के बारे में बोलते हुए, कनिका कालरा, रीजनल मार्केटिंग डायरेक्टर, हेल्थ एंड न्यूट्रिशन, रेकिट साउथ एशिया ने कहा,÷रेकिट में, हम सर्वश्रेष्ठ वैश्विक सौंदर्य समाधान की चाह रखने वाली युवा भारतीय महिलाओं की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने उत्पाद पोर्टफोलियो में इन्नोवशन करने के लिए समर्पित हैं। इस एडवांस्ड कूल जेल वैक्स टेक्नोलॉजी के साथ, वीट वैक्स स्ट्रिप्स बेहतर संभव सेल्फ-ग्रूमिंग समाधान पेश करता है, जो उपभोक्ताओं को एक बेहतरीन अनुभव प्रदान करता है जो सैलून वैक्सिंग की तुलना में बहुत अच्छा परिणाम देता है। वीट वैक्स स्ट्रिप्स वास्तव में वैक्स करने का एक बेहतर तरीका है, और नया अभियान उत्कृष्टता के प्रति हमारे समर्पण की पुष्टि करता है।

अनुपमा रामास्वामी, ज्वाइंट एमडी और चीफ क्रिएटिव ऑफसिर, हवास वर्ल्डवाइड इंडिया ने कहा, ÷हर कोई इस बात से परेशान है कि सेलेब्रिटीज कैसे हर दिन सुंदर दिखते हैं, और तृप्ती के राष्ट्रीय सनसनी बनने के बाद, हमने इस सवाल को सीधे दो दोस्तों के बीच एक मजाकिया अंदाज में उठाने का निर्णय लिया। अंततः, तृप्ती ने खुलासा किया कि उसकी चिकनी त्वचा के पीछे का रहस्य वीट वैक्स स्ट्रिप्स है। यह न केवल सभी के लिए आसानी से उपलब्ध है, बल्कि यह सैलून की तुलना में बेहतर परिणाम भी देता है, जो इसे फ्लॉलेस रिजल्ट देने के लिए सर्वश्रेष्ठ समाधान बनाता है।

टीटीके प्रेस्टीज ने स्टाइलिश डिजाइन एवं शानदार प्रदर्शन वाले प्रिज़्म मिक्सर ग्राइंडर को लॉन्च किया

नई दिल्ली। रसोईघर के उपकरण बनाने में अग्रणी टीटीके प्रेस्टीज ने प्रिज़्म मिक्सर ग्राइंडर को लॉन्च किया है। यह कंपनी के मिक्सर ग्राइंडर्स की रेंज में एक शानदार संकलन है। 750 वाट की मजबूत मोटर से चलने वाला प्रिज़्म मिक्सर ग्राइंडर पीसने और मिक्स करने के काम चुटकियों में कर देता है। यह लगातार अच्छे प्रदर्शन एवं विश्वास का वादा करता है। गुणवत्ता से कोई समझौता किये बगैर बना प्रिज़्म मिक्सर ग्राइंडर मजबूत स्टेनलेस-स्टीज जार्स के साथ आता है। इनके फ्लो ब्रेकर्स पाककला की सभी आवश्यकताओं के लिये बहुत अच्छे तरीके से ग्राइंडिंग और ब्लेंडिंग करते हैं। अनब्रेकेबल पॉलीकार्बोनेट मटेरियल से बनीं ट्रांसपैरेंट लिड्स से आप ग्राइंडिंग होते हुए देख भी सकते हैं। इसके दो वैरिएंट्स हैं- प्रिज़्म 3 जार मिक्सर ग्राइंडर और प्रिज़्म 4 जार मिक्सर ग्राइंडर, जोकि रसोईघर की विभिन्न जरूरतों और पसंद के मुताबिक हैं। प्रिज़्म मिक्सर ग्राइंडर की

अनोखी खूबियों में से एक है इनोवेटिव एलईडी इंडि

कुशीनगर में एक ही घर से निकला सांपों का जखीरा, दहशत में लोग



रेस्क्यू करके निकाले गए सांपों को दिखाते वन विभाग के लोग

बड़े सांपों को डब्बे में पैक करके ले जाते वन विभाग

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। कुबेर स्थान थाना क्षेत्र के गांगरानी गांव निवासी एक व्यक्ति के घर से टूटे फर्स के नीचे एकाएक 170 कोबरा सांप निकलने से दहशत फैल गई। इसकी जानकारी होने पर गांव को लोग इकठ्ठा हो गए।

सूचना पर पहुंचे गुलेलहां निवासी सुशील मिश्रा व वन विभाग के दो कर्मचारियों ने रेस्क्यू करके सांपों को बाहर निकाला। इतनी बड़ी संख्या में सांप निकलने से लोगों में दहशत फैल गई है। गांगरानी गांव निवासी फुलबदन निषाद के घर में बुधवार की रात 10 बजे से कोबरा सांपों को सुशील मिश्रा के द्वारा रेस्क्यू कर निकाला गया। फुलबदन निषाद के घर में एक ही रूम से सांपो का जखीरा निकलने से दहशत फैल गई। फुलबदन का मकान पक्का है परंतु चूहों द्वारा बिल बना होने के नाते उसी बिल में सांपों ने अपना घर बना रखा था और उसी बिल में सांपों ने अंडा बच्चा दे रखा था। रात करीब 8 बजे फुलबदन सोने के लिए चौकी के पास गया तो अचानक से उसे चौकी के पाया के पास एक बड़ा सांप दिखाई दिया। सांप को देखते ही वो अपनी जान बचाकर घर से बाहर भागा और हल्ला करने लगा देखते ही देखते सैकड़ों की भीड़ इक्कठा हो गई। परंतु किसी की हिम्मत नहीं हुई घर के अंदर जा सके। उसी भीड़ में से एक व्यक्ति ने गुलेलहां के निवासी सुशील मिश्रा के नंबर पर फोन करके बुलाया उसी समय से गुरुवार दोपहर 2 बजे तक करीब 170 से अधिक दो बड़े व मादा सांप व शेष छोटे छोटे बच्चे सांपो को वन विभाग के कर्मचारियों ने गुरुवार सुबह तक रेस्क्यू करके जिंदा निकाला। सुशील मिश्रा ने बताया कि अभी तक एक ही बड़ा सांप पकड़ा गया है दूसरा कहीं बाहर निकल गया है। बाकी सब कोबरा सांप के बच्चे हैं इनको अपने घर लाया हूं कल इन सबको बाल्मिकी नगर जंगल में छोड़ने ले जाऊंगा।

- गांगरानी गांव निवासी फुलबदन के घर से निकले करीब 170 कोबरा सांप

फील्ड में भ्रमण कर समस्याओं का समाधान कराएं राजस्व अधिकारी

डीएम ने की राजस्व विभाग के कार्यों की मासिक समीक्षा

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने आज सायं कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व विभाग के जून माह के मासिक कार्यों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व विभाग के समस्त अधिकारी फील्ड में भ्रमणशील रहे और राजस्व से जुड़े विवादों का मौके पर जाकर निस्तारण कराये। बैठक में जिलाधिकारी ने राजस्व संहिता के अंतर्गत धारा 24, धारा 34, धारा 67, धारा 80 धारा एवं 116 से जुड़े प्रकरणों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी ऐसे प्रकरणों को चिन्हित कर लें जिनका समाधान आगामी 13 जुलाई को आयोजित होने वाले लोक अदालत में किया जा सकता है। डीएम ने स्वीकृत पद के सापेक्ष समस्त तहसीलों में अमीन तैनात करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि कम राजस्व वसूली करने वाले अमीनों को चिन्हित किया जाए। लगातार तीन माह तक जिन अमीनों की वसूली कम होगी उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने 200 एयर से 2 हेक्टेयर तक के समस्त तालाबों का पट्टा कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनपद में ऐसे कई तालाब है जो अभी तक अभिलेखकृत नहीं है, जिसकी वजह से उनका पट्टा नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि 2 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल के सभी तालाबों का पट्टा समितियों को किया जाए। इससे राजस्व में वृद्धि होगी। जिलाधिकारी ने वरासत की भी समीक्षा की। कहा कि अविवादित वरासत निर्धारित समय अवधि में दर्ज होना चाहिए।

खेत के कुएं में अधेड़ का मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

फाजिलनगर, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता। चौराखास थाना क्षेत्र के लोइलसवा बुजुर्ग टोला मंगलपुर में एक खेत में स्थित कुएं में एक अधेड़ की शव मिलने की सूचना पर गांव ने सनसनी फैल गई। सुचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकलवाकर शव का शिनाख्त कराया। गुरुवार के शाम उक्त गांव के लोग गांव के बाहर अपने कार्यों से गए थे कि कुएं में एक शव को तैरते देखा। इसके बाद ग्रामीणों को इसकी सुचना दिया। ग्रामीणों ने इसकी सुचना पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकलवाया लेकिन उसका शिनाख्त नहीं हो सका। बाद में उसके पाकेट में आधार कार्ड मिला जिसके बाद उसका पहचान उक्त गांव निवासी कैलाश पुत्र शिवनंदन उम्र 65 वर्ष के रुप में हुआ। ग्रामीणों के अनुसार मृतक का अपना कोई नही है घर में अकेले रहता था। इस संबन्ध में थानाध्यक्ष चंद्रभूषण प्रजापति ने बताया की शव को पंचनामा तैयार कर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया गया है मौत का कारण पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा।

मौन नाला टूटने से सैकड़ों एकड़ फसल जलमग्न

मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता। क्षेत्र के ग्राम पंचायत पोखरभिन्डा में मौन नाला का बांध टुटने से सैकड़ों एकड़ किसानों का फसल जलमग्न हो गया। सूचना पर हाटा विधायक मोहन वर्मा ने तहसीलदार कप्तानगंज दिनेश मौके पर पहुंच कर जलमग्न हुए फसलों का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश किया कि टुटे बांध को तत्काल बंधवाकर किसानों की फसल को बचाया जाए। कप्तानगंज तहसील क्षेत्र के गांव पोखर भिन्डा गांव के बगल से हो कर बहने वाली मौन नाला का बांध टुट जाने से क्षेत्र के गांव पोखर भिन्डा, खभराभार, पटखौली, मठिया गांव के किसानों की फसल जलमग्न हो गया। जानकारी होने पर हाटा विधायक मोहन वर्मा ने तहसीलदार कप्तानगंज दिनेश मौके के साथ पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। मौजूद अधिकारियों को विधायक ने निर्देश दिया कि तत्काल बांध बधवा कर किसानों की फसल को सुरक्षा किया जाय। इस मौके पर संतोष श्रीवास्तव, मुंशी सिंह, अनुराग कुशवाहा, संजय सिंह मुन्ना, हरेन्द्र सिंह, सुधाकर पांडेय, अरूण आदि लोगों मौजूद रहे।

त्यौहार आपसी भाईचारे का संदेश देता है : राजकुमार

बोदरवार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बोदरवार बाजार स्थित एक मैरिज हॉल में पीस कमेटी की बैठक संपन्न संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित सभी समुदाय के लोगों ने त्यौहार को शांति से मनाने का संकल्प दोहराया। गुरुवार शाम 5 बजे पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक राजकुमार बरवार ने कहा कि मोहर्रम का त्यौहार आपसी भाईचारे व शांति पूर्वक मनाएं। सभी त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत शांति व आपसी भाई चारे का संदेश देता है। त्यौहार के दिन पुलिस जगह जगह सादे वर्दी में मुस्तैद रहेगी। अराजक तत्वों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। अराजक तत्वों व संदिग्ध दिख रहे व्यक्तियों की सूचना पुलिस को तत्काल दे। इस दौरान बोदरवार चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार, प्रधान राजकमल मद्धेशिया, पूर्व प्रधान संजय सिंह, दुर्गेश कन्नौजिया, मन्तार अली, मुन्ना खान, मकसूद, शाकिर अली, आशिक अली, अब्दुल मजीद, नाजीर, वाजिद अली सहित दोनों समुदाय के दर्जनों लोग उपस्थित रहे है।

जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक

अमेठी। जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक गुरुवार को विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा तहसील स्तर पर तहसील खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति का गठन किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। राजस्व आय बढ़ाने के लिए प्राइवेट जिम एवं तरणताल से रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा करने हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी से जनपद अमेठी के समस्त प्राइवेट हॉस्पिटलों से 100 अनुदान देने के लिए कहा गया है। मुख्य विकास अधिकारी की तरफ से रू 2100 मुख्य चिकित्सा अधिकारी की तरफ से रू 1100 आबकारी अधिकारी की तरफ से रू 1100 जिला पंचायत राज अधिकारी की तरफ से रू 1100 जिला विद्यालय निरीक्षक की तरफ से रू 1000 प्रोत्साहन समिति कोष में देने का आश्वासन दिया गया है।

ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में शिक्षक संघ ने दिया ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। परिषदीय विद्यालयों में डिजिटाइजेशन व्यवस्था लागू करने और आन लाइन अटेंडेंस के विरोध में शिक्षकों का विरोध प्रदर्शन जारी है। गुरुवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। शिक्षक संघ के अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में 10 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि उपजिलाधिकारी दिग्विजय सिंह के माध्यम से प्रेषित किया। मांग पत्र में 15 सी एल एवं हाफ सी एल 30 ई एल कैशलेश चिकित्सा सुविधा समय से पदोन्नति व स्थानान्तरण विद्यालयों में लिपिक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की नियुक्ति शैक्षणिक कार्यो से मुक्ति एवं जनपद स्तरीय समस्त समस्याओं का निस्तारण कराने सम्बन्धी 10 सूत्रीय मांग पत्र का ज्ञापन सौंपा। धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा आन लाइन उपस्थिति का फरमान तुगलकी फरमान है विभागीय अधिकारी वातानुकूलित कक्ष में बैठकर बिना जमीनी हकीकत परखे अव्यवहारिक आदेश करते रहते हैं शिक्षकों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति किये बिना आन लाइन उपस्थिति स्वीकार्य नही है।किरन शुक्ला ने कहा विषम परिस्थितियों में भी शिक्षिकायें समय से स्कूल पहुंचती हैं मौसम की प्रतिकूलता से कभी -कभी विलम्ब हो सकता है जिसका कोई व्यवहारिक समाधान नही है। अब्दुल रसीद ने कहा कि सरकार दमनकारी नीति चलाकर डिजिटलाइजेशन आन लाइन उपस्थिति की व्यवस्था केवल बेसिक शिक्षा विभाग में ही लागू की जा रही है।अरविन्द त्रिपाठी ने कहा सभी संगठन एक हैं शोषण स्वीकार्य नहीं है।महेंद्र प्रताप मिश्र ने कहा आन लाइन उपस्थिति का पुरजोर विरोध किया जायेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से सुरेन्द्र बहादुर सिंह अब्दुल रसीद विवेक शुक्ला महेन्द्र प्रताप मिश्र पवन कुमार सचिन श्रीवास्तव अरविन्द त्रिपाठी किरन शुक्ला कृपा शंकर ओमेंद्र सिंह विजय सिंह सत्येन्द्र शुक्ला जयराम कनौजिया रमा कान्त मौर्य धीरेन्द्र सिंह बघेल सुमन यादव राम कुमार सिंह सुनील सिंह प्रवीण सिंह डॉ शिव कुमार मौर्य अविनाश चंद्र ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह अकील अहमद राम प्रताप रावत देवेन्द्र शर्मा धीरेन्द्र शुक्ला असगर हुसैन श्याम बहादुर सिंह राघवेन्द्र प्रताप सिंह अर्चना सिंह विमलेश सिंह आदि रहे।

दिव्यांगजन को राज्य निधि मद से वित्तीय सहायता प्रदान किए जाने को मांगे गए प्रस्ताव

अमेठी अवधनामा संवाददाता। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी नरेंद्र कुमार पांडे ने बताया है कि जनपद में दिव्यांगजन को राज्य निधि मद से वित्तीय सहायता प्रदान किए जाने हेतु प्रस्ताव मांगे गए हैं इस योजना के अंतर्गत चार प्रकार के संस्थानों के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किया जा रहे हैं जिसमें उत्तर प्रदेश के दिव्यांगजन द्वारा बनाए गए चित्रों हस्तकला आदि सहित उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए प्रदर्शनी एवं कार्यशालाओं हेतु धनराशि सहायता के रूप में उपलब्ध कराना उत्तर प्रदेश के दिव्यांगजन जिनका खेल ललित कला संगीत नृत्य फिल्म थिएटर साहित्य जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हो उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में प्रतिभाग किए जाने एवं खेल आयोजन हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना दैनिक जीवन में गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिए बैंच मार्क दिव्यांगता के व्यक्तियों को उच्च सहायता वाले उपकरण क्रय हेतु वित्तीय सहायता उत्तर प्रदेश के दिव्यांगजन जो गंभीर बीमारियों यथा कैंसर थैलीसीमिया प्लास्टिक एनीमिया बहुस्केलोरोसिस से ग्रसित हों अथवा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से अच्छादित न होने को चिकित्सा हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करना उपरोक्तानुसार जो स्वैच्छिक संस्थाएं दिव्यांग जन हेतु कार्य कर रही हैं उनके प्रस्ताव प्रदेश सरकार को नियमानुसार पात्रता के अनुसार संस्तुति सहित प्रेषित किया जाना है।

शिक्षक समस्याओं का समाधान हो

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी तथा शिक्षकों की एक आवश्यक बैठक शिक्षक भवन बी आर सी देवरिया पर हुई जिसमें शिक्षकों ने अपनी समस्याओं को रखा तथा जिसमें कैशलेस चिकित्सा सुविधा स्थानांतरण पदोन्नति वेतन विसंगत विद्यालयों में लिपि क की नियुक्ति एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति की मांगे पूर्व से लंबित है वहीं प्रदेश के शिक्षक शिक्षिकाओं का गंभीर मुद्दा पुरानी पेंशन बहाली की मांग सम्मिलित है ऐसे में बेसिक शिक्षा परिषद की नियंत्रण कार्यरत शिक्षक शिक्षिकाएं सरकार द्वारा अपने-अपने विद्यालय एवं शिक्षक संबंधी कार्य को पूरे मनोयोग से संपादित कर रहे हैं लेकिन शासन विभाग एवं विभाग की उच्च अधिकारियों द्वारा प्रदेश की परिषद की शिक्षक शिक्षिकाओं की पूर्व से लंबित समस्याओं का समाधान नहीं किया गया बल्कि विभाग अधिकारियों द्वारा बेसिक शिक्षा परिषद केशिक्षक शिक्षकों के साथ दोहरा मापदंड अपनाते हुए प्रदेश के शिक्षक से विद्यालय पंजिकाओं काडिजिटाइजेशन व डिजिटल उपस्थित कराए जाने जैसे निर्देश जारी कर दिया गया जो कि प्रदेश के शिक्षक के साथ पूर्णता अव्यावहारिक है वह माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ऐसा किया जाना व्यक्ति की निजता का हनन माना गया है जबकि कर्मचारी राज्य कर्मचारी माध्यमिक शिक्षा उच्च शिक्षा सहित अन्य विभागों मेंउपस्थिति की अन्य प्रणाली लागू किया गया है लेकिन बेसिक शिक्षा विभाग एवं विभाग उच्च अधिकारियों द्वारा बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रण अधीन शिक्षक से विद्यालय पंजिकाओं का डिजिटल किया जाना व .डिजिटल उपस्थित कराए जाने का निर्देश जारी किया गया है ऐसे में परिषदीय शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ दोहरा मापदंड अपनाया जा रहा है परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक शिक्षकों की मांग समस्याओं को मांग पत्र के माध्यम से संज्ञान में लाने हेतु पत्रक दिया जा रहा है जो की निम्नवत है -परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक शिक्षकों को 15 सी एल की सुविधा प्रदान की जाए की सुविधा प्रदान की जाए30 ई एल की सुविधा प्रदान की जाए हाफ सी0एल की सुविधा और ससमय स्थानांतरण पदोन्नति किया जाए वेतन की संगति समस्या का निराकरण किया जाए।

डीएम और एसपी ने की बैठक

अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत और पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कानून व्यवस्था एवं अभियोजन कार्यो को लेकर सभी उप जिलाधिकारियों पुलिस क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्षों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने भूमि विवाद निस्तारण आपसी रंजिश अपराध रोकथाम विवेचना निस्तारण अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पाबंदी की कार्यवाही गुंडाएक्ट जिलाबदर एवं हिस्ट्रीशीटर आदि की समीक्षा किया तथा अपराधियों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिला उत्पीड़न पाक्सो एक्ट हत्या बलात्कार अपहरण दहेज प्रथा आदि प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि पॉस्को अधिनियम वाले मामलों पर विशेष ध्यान देते हुए शीघ्र निस्तारित कराएं। उन्होंने कहा कि अपराधिक प्रवृत्ति वाले व्यक्तियों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए जाएं साथ ही जिन व्यक्तियों के लाइसेंस निरस्त किए गए हैं।

दहेज रहित शादी कर समाज को दिया संदेश

अवधनामा संवाददाता

रूद्रपुर (देवरिया)। आज़ के इस भौतिकवादी युग में जहां आए दिन दहेज की माँग पूरी नहीं होने पर लोभियों द्वारा शादी नजदीक आने पर या एक-दो दिन पहले रिश्ता तोड़ने का निर्णय ले लेते हैं। यहाँ तक कि बारात लड़की पक्ष के दरवाजे पर आने के बाद भी दहेज की मांग पूरा ना होने पर बारात ही वापिस लौट जाती है अथवा वधू की डोली ही नहीं उठ पाती। गौरतलब है कि प्रत्युष विहार रामचक रूद्रपुर स्कूल के संचालक ने अपने पुत्र का विवाह दहेज रहित कर समाज को सकारात्मक संदेश दिया है, जिसकी सर्वत्र सराहना हो रही है। रूद्रपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पिडरा निवासी राणाप्रताप सिंह ने मंगलवार को अपने पुत्र प्रत्युष कुमार भारत की शादी हाटा तहसील क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी स्व. बाबूराम सिंह की पुत्री अपूर्वा के साथ किया है। बता दें कि राणाप्रताप सिंह के पुत्र प्रत्युष कुमार भारत ने बीते तीन मई को आई आई टी बॉम्बे से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है।

प्रत्युष कुमार के पिता राणाप्रताप सिंह ने कहा कि हमारी नजर में दुल्हन ही दहेज होती है।

मैंने अपने घर दुल्हन के रूप में बहू नहीं बेटी लाया हूँ। मुझे गर्व है कि मेरे इस निर्णय में मेरे बेटे व परिवार का पूरा सहयोग है। उन्होंने कहा कि दहेज रहित शादी होनी चाहिए और घर आये बहू को बेटी में रूप में सम्मान मिलना चाहिए।

- दुल्हन के रूप में बहू नहीं, बेटी लाया हूं: राणाप्रताप
- दुल्हन ही दहेज है, आज के परिवेश में कहावत हुई चरितार्थ

मोहर्रम, कांवड़ यात्रा, नागपंचमी व रक्षाबंधन को लेकर डीएम व एसपी ने धर्मगुरुओं संग की बैठक

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। मोहर्रम, श्रावण मास कावड़ यात्रा, नागपंचमी तथा रक्षाबंधन त्यौहार के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व एसपी धवल जायसवाल के मौजूदगी में विभिन्न संप्रदाय के धर्मगुरुओं के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायतों को नगरीय क्षेत्रों तथा जिला पंचायतराज अधिकारी समस्त विकास खंड अधिकारियों को ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में तथा उसके आसपास निर्धारित स्थलों पर साफ-सफाई एवं विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निर्धारित स्थलों पर उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को विद्युत सप्लाई की व्यवस्था सुचारू रूप से निर्बाध आपूर्ति करने तथा ढीले तारों को ठीक कराने के निर्देश दिए।

उपस्थित लोगों से कहा कि अपने आस-पास के लोगों को जागरूक करें कि सोशल मीडिया पर अफवाहों संबंधी किसी भी न्यूज का बिना पुष्टि किए बिना प्रेषण न किया जाए। उन्होने सभी एसडीएम व सीओ को निर्देश देते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए जाए। कानून एवं शान्ति व्यवस्था हर हाल में कायम रहनी चाहिए। समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी पुलिस व थाना अध्यक्ष सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या न हो जिसके लिए पहले से ही तैयारी पूर्ण कर लें।

जनपद के सभी निकाय क्षेत्रों, ग्राम पंचायतों में साफ सफाई, विद्युत तथा जलापूर्ति पर विशेष रूप से फोकस किया जाए। उन्होंने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप विद्युत की सप्लाई सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मोहर्रम पर विशेष ऐहतियात बरतें साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि आने-जाने वाले मार्ग किसी भी दशा में बाधित नहीं होने चाहिए। मानक नियमों के अनुरूप ही ताजियादार ताजिया बनाए।

प्रशासन के नियमों और मानकों के अनुरूप सभी कार्य संपादित करें। वॉटर लॉगिंग की समस्या किसी भी स्थिति में उत्पन्न ना हो। विद्युत विभाग के अधिकारी अपने जेई के साथ जूम मीटिंग भी करें। पीडब्ल्यूडी के अधिकारी बरसात में होने वाले गढ्ढों को भर दें। सभी सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट अपने-अपने थानाध्यक्षों से आपसी समन्वय स्थापित कर ड्यूटी करें। सभी अधिशासी अधिकारी अपने क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नाले नालियों की सफाई भी करा दें। आशा है सभी लोग आपसी सौहार्द एवं आपसी सामंजस्य से त्योहार को सकुशल मनाएंगे। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मोहर्रम, श्रावण मास कावड़ यात्रा, नागपंचमी तथा रक्षाबंधन तथा आगामी त्यौहारों में अनावश्यक एवं भड़काऊ पोस्ट शेयर करने वालों को चिन्हित कर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुस्लिम समुदाय के प्रबुद्धजनों, धर्मगुरूओं ने जिले में अनेकता में एकता, अमन-चैन एवं आपसी सौहार्द कायम रखने पर अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए। सभी ने एक स्वर से आश्वासन दिया कि वे शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का पूरा सहयोग करेंगे। उन्होंने लोगों से अपील भी की कि जनपद में प्यार और भाईचारा बनाए रखें। उन्होंने प्रशासन को आश्वस्त किया कि जिले में अमन-चैन सदैव बरकरार रहेगा।

- परंपरागत ढंग से त्यौहार को मनाने का अफसरों ने किया अपील
- बिजली, पानी एवं साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने का डीएम ने दिए निर्देश

अनुश्रवण एवं स्वीकृति समिति की बैठक हुई संपन्न

कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में शादी अनुदान योजना अंतर्गत जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति एवं स्वीकृति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर निकायों को निर्देशित किया कि शादी अनुदान के तहत जितने भी आवेदकों के आवेदन किए जा रहे हैं उनका नियमानुसार पात्र एवं अपात्र की जांच कर अग्रेत्तर कार्यवाही करें। कोई भी आवेदन समय सीमा के ऊपर लंबित न रहे। पात्रता की जांच आप स्वयं फील्ड में जाकर करें। किसी भी प्रकार की अगर कमी पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने अप्लाई किए गए सभी आवेदनों को तत्काल नियमानुसार पात्र अपात्र की जांच कर निस्तारण करने सहित जांच के दौरान आय की सीमा में बढ़ोतरी हुई इसका विशेष ध्यान रखने के भी निर्देश दिए।

विश्व जनसंख्या दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। विश्व जनसंख्या दिवस पर गुरुवार को जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।सयुंक्त जिला चिकित्सालय गौरीगंज से जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा को लेकर निकाली गई जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पीके उपाध्याय स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राम आसरे सरोज जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम बसंत कुमार राय जिला परिवार नियोजन विशेषज्ञ अर्चना श्रीवास्तव संगिनी एवं आशा कार्यकत्री उपस्थिति रहीं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने कहा कि विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा 11 से 31 जुलाई 2024 तक मनाया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से लक्षित दंपत्ति को परिवार नियोजन की आवश्यकता और महत्त्व की जानकारी देने के साथ उन्हें परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने के बारे में भी प्रेरित किया जाएगा और परिवार नियोजन साधनों पर जानकारी दी जायेगी। आशा द्वारा दंपत्ति संपर्क पखवाड़ा व सेवा प्रदायगी पखवाड़े में परिवार नियोजन सेवाओं से संबंधित सभी तैयारियां आशाओं द्वारा परिवार नियोजन परामर्श पर इच्छुक लाभार्थी का मोबिलाइजेशन प्री- रजिस्ट्रेशन कर स्वास्थ्य इकाई पर परिवार नियोजन सेवाएं प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि परिवार नियोजन परामर्श दिवस पर नवविवाहित जोड़ों एक वर्ष के अंदर उच्च जोखिम अवस्था में जिनका प्रसव हुआ है ऐसी महिलाओं लक्षित दंपत्ति जो दो बच्चों के जन्म के बीच अंतर रखना चाहते हैं लक्षित दंपत्ति जिनका परिवार पूरा हो गया है ऐसे लोगों को परिवार नियोजन परामर्श केंद्र में उनके अनुकूल परिवार नियोजन का साधन अपनाने के लिए विस्तृत जानकारी परिवार नियोजन सलाहकारों के द्वारा प्रदान की जाएगी।वहीं नगर स्थित चाणक्यपुरी मोहल्ले में साधना फाउंडेशन की ओर से विश्वजनसंख्या दिवस पर बढ़ती जनसंख्या असीमित चुनौतियां विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसमें संगठन की सचिव साधना त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा की लगातार बढ़ती जनसंख्या की वजह से सबसे बड़ी चुनौती प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ता दबाव है। इन प्राकृतिक संसाधनों में जमीन पानी जंगल और खनिज शामिल हैं। जनसंख्या के बढने की वजह से इन संसाधनों का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल होता है। नतीजतन कृषि उत्पादकता और पानी की कमी के साथ पर्यावरण में गिरावट होने की सम्भावना बढ़ जाती है।

बढ़ती आबादी के कारण आवास परिवहन स्वास्थ्य और शिक्षण सुविधाओं से जुड़े बुनियादी ढांचे का विस्तार करने की जरूरत भी बढ़ जाती है। एक बहुत बड़ी आबादी की जरूरतों को पूरा करना एक मुश्किल काम बन जाता है और आबादी का एक बड़ा हिस्सा बदहाल हालात में जीने के लिए मजबूर हो सकता है।

- जिला पंचायत अध्यक्ष ने जन जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी

डीएम ने आवसीय विद्यालय का किया निरीक्षण

वार्डन को किया निर्देशित, रसोई में गुणवत्तापरक कार्य कराने के निर्देश

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन ने गुरुवार को जनपद के विकास खण्ड एका में संचालित बालिकाओं हेतु संचालित आवासीय विद्यालय के0जी0बी0वी0 एका का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय विद्यालय में नामांकित 100 के सापेक्ष 90 छात्रायें उपस्थित पाई गई। वार्डन सहित 04 फुल टाईम टीचर एवं 01 पार्ट टाईम टीचर तथा चपरासी व चौकीदार उपस्थित पाये गये व 01 शिक्षिका प्रसूति अवकाश पर पाई गई। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी ने कक्षा 07 की छात्राओं से विज्ञान एवं गणित के प्रश्न हल कराये। उन्होने कक्षा 07 की छात्रा नीरू से घातांक सम्बन्धित नियम बनाकर प्रश्न हल कराया एवं कक्षा 07 की छात्रा प्रियंका से परिमेय संख्याओं का आरोही क्रम हल कराया। उन्होंने कक्षा 08 की छाया मिथलेश से निरपेक्ष मान सम्बन्धित सवाल तथा कक्षा 08 की छात्रा काजल से विज्ञान विषय एवं सोने के भण्डार कहाँ-कहाँ पाये जाते है सम्बन्धित जानकारी की गई। बालिकाओं के द्वारा प्रश्नों को सही प्रकार से हल कराये जाने पर जिलाधिकारी ने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कक्षा 08 में बालिकाओं से पेन्टिंग आदि की जानकारी करने पर कक्षा 08 की छात्रा से महात्मा गाँधी जी का चित्र बनाने हेतु निर्देशित करने पर बालिका के द्वारा ब्लैक बोर्ड पर महात्मा गाँधी जी का चित्र बनाकर दिखाया गया। जिलाधिकारी ने कम्प्यूटर कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्युत न आने के कारण कम्प्यूटर नहीं चल रहे थे, जिस पर उनके द्वारा कम्प्यूटर कक्ष में इनवर्टर का कनेक्शन कराये जाने हेतु वार्डन को निर्देशित किया गया। वार्डन के द्वारा विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र का होने तथा वोल्टेज की समस्या से अवगत कराने पर जिलाधिकारी के द्वारा सम्बन्धित जे0ई0 को विद्युत वोल्टेज सही कराने तथा सही आपूर्ति करने के निर्देश प्रदान किये गये। शिक्षण कक्षों में टाईल्स न पाये जाने के कारण चौयरमेन के माध्यम से आपरेशन कायाकल्प योजना के अन्तर्गत कक्षों में टाईल्स की व्यवस्था कराने के निर्देश प्रदान किये गये। जिलाधिकारी के द्वारा रसोईघर का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय बालिकाओं हेतु खाना बनाया जा रहा था। खाने में सूखी सब्जी, छोले की सब्जी, चावल, रायता एवं पूड़ी बनवाई जा रही थी। बालिकाओं के द्वारा खाने की गुणवत्ता अच्छी होने से अवगत कराया गया। बालिकाओं के द्वारा सुबह नाश्ते में दलिया उपलब्ध कराने से अवगत कराने पर जिलाधिकारी उनके द्वारा दलिया में किस प्रकार के पौष्टित तत्व होते है कि जानकारी बालिकाओं से की गई। उनके द्वारा बालिकाओ को गुणवत्तायुक्त शिक्षण कार्य कराने, अच्छा एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने एवं साफ सफाई आदि की पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश वार्डन को प्रदान किये गये। निरीक्षण के उपरान्त उनके द्वारा वार्डन एवं समस्त शिक्षिकाओं की बैठक लेकर विद्यालय के सुचारू संचालन, उच्चीकृत के0जी0बी0वी0 में नामाकंन बढ़ाने एवं अन्य समस्त प्रकार सामग्री को सही कराकर गुणवत्तायुक्त शिक्षण कार्य कराने के निर्देश प्रदान किये गये।

विश्व जनसंख्या दिवस पर महिलाओं को किया जागरूक

शिकोहाबाद। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर संयुक्त चिकित्सालय महिला वार्ड में काउंसलर सविता के साथ सीएमएस ने महिलाओं को जनसंख्या नियंत्रण के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देश में जनसंख्या तीव्र गति से बढ़ रही है। इसके आगामी समय में दुष्परिणाम आ सकते हैं। इस लिए सभी महिलाओं को जनसंख्या नियंत्रण के उपाय अपनाने चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों में कम से कम तीन साल का अंतर होना चाहिए। जिससे एक बच्चा समझादर हो तब दूसरे बच्चे को जन्म देने के बारे में सोचना है। इसके साथ ही परिवार कल्याण से सबंधित उपाय आम नागरिकों को बताए गए। उन्होंने महिला और पुरुष दोनों को बढ़ती जनसंख्या के रोकथाम के बारे में जानकारी दी। बच्चों में अंतर के लिए सरकारी अस्पतालों में महिला और पुरुष दोनों के लिए उपयोग में आने वाली चीजों की जानकारी दी। जो अस्पताल से निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर सीएमएस आरसी केशव, ईएमओ शिवकुमार कर्दम, डॉ. संजय सिंह, शाने आलम, डॉ दीपक तिवारी सहित अन्य महिला स्टाफ मौजूद रहा।

एसपी ग्रामीण ने छात्र-छात्राओं को दी नये कानूनों की जानकारी

अवधनामा संवाददाता

शिकोहाबाद। नगर के डीपीएस स्कूल में बृहस्पतिवार को मिशन जागृति अभियान के तहत एक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में एसपी ग्रामीण ने छात्र-छात्राओं को नये कानूनों की जानकारी के साथ ही साइबर क्राइम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान छात्राओं से कहा कि वे अपने अभिभावकों को समझाएं कि छोटे-छोटे झगड़ों में उनका इस्तेमाल फर्जी और झूठी एफआईआर में ना करें।

एसपी ग्रामीण ने मुख्य चार बिंदुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि छात्राएं अपने आप को साइबर हिंसा से कैसे बचाया जा सकता है। एसपी ग्रामीण ने कहा कि आजकल साइबर हिंसा बहुत तेजी से बढ़ रही है। इस लिए छात्राओं को मोबाइल चलाते समय विशेष साबधानी बरतनी चाहिए। अगर आपके मोबाइल पर कोई मिस्डकॉल आती है तो उसका जवाब ना दें। अगर आप उस कॉल करने वाले को जानती हैं तो ही उसका उत्तर दें। इसके साथ ही पॉक्सो अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि कुछ सरारती टाइप युवक लड़कियों से दोस्ती करते हैं और फिर धीरे-धीरे वह उनके नजदीक आते जाते हैं। उन्होंने आगाह किया कि वे स्वस्थ रिलेशनशिप व जीवन शैली पर ध्यान दें। अगर कोई व्यक्ति उनसे दोस्ती करने के बाद उनका प्रयोग करना चाहता है तो उसके बारे में खुलकर विरोध करें। इस दौरान एसपी ग्रामीण ने महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक रहने के लिए कहा। उन्होंने छात्राओं से कहा कि वे खुद को सुरक्षित रखने के लिए महिला अधिकारों के बारे में अवश्य जानें। महिला हैल्पलाइन और अन्य हैल्पलाइन के बारे में जानकारी दी। इस दौरान विद्यालय निदेशक डॉ. गीता यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर धर्मेंद्र यादव, प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार और यूनीसेफ के लोग मौजूद रहे।

नहर में गिरकर युवक की मौत

बल्दीराय, सुल्तानपुर। बीती रात हरौरा बाजार शारदा नहर में गिरकर युवक की मौत होने से ,परिवारी जनों में कोहराम मचा है तो बाजार वासियों में सन्नाटा है। धनपतगंज पुलिस गोताखोरों को लेकर लाश बरामद के प्रयास में है। घटनाक्रम के अनुसार दस जुलाई को देर रात हरौराबाजार (गांव) निवासी भीम यादव पुत्र राम अवतार यादव (28)लगभग , शौंच के बाद शारदा नहर के किनारे पानी के लिए गया ।जहां पैर फिसलने से ,युवक पानी में गिरकर बह गया ।सूचना पर पहुंची थाना धनपतगंज कोतवाल पण्डित त्रिपाठी ,उप निरीक्षक अनूप सिंह, हेड कांस्टेबिल शिवमूरत यादव, HC अजीम सैफी ,सिपाही आकाश मौर्य , सहित मयफोर्स, रात से ही गोताखोरों को लेकर ,लाश की तलाश कर रहे हैं । शायं 5 बजे तक , खबर लिखे जाने तक पुलिस नहर से भीम यादव की लाश बरामद नही कर पाई थी । इस बावत कोतवाल पण्डित त्रिपाठी ने बताया कि मृतक के परिजनों द्वारा तहरीर मिली है।विधिसंगत कार्यवाई की जा रही है।।

नाजिर ने मामले को किया अनदेखा

सुल्तानपुर। पीकेओजर्जर और कमजोर पेड़ बरसात में गिर रहे हैं, जो मजबूत पेड़ हैं उन्हें लकड़ी के ठेकेदार कटवा रहे हैं, आज तेज बारिश में अधिवक्ता वीरेंद्र प्रताप यादव के चेंबर पर इमली के पेड़ की डाल गिर गयी। जिससे टीन शेड टूट गया।पता चला है कि जिम्मेदार नाजिर से अधिवक्ताओं ने संभावित खतरे से अवगत कराया था लेकिन कोई एक्शन नही हुआ।

वरिष्ठ नागरिकों ने की आगामी बजट में सुविधाओं की मांग

शिकोहाबाद। वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की एक मीटिंग समिति कार्यालय पर समिति अध्यक्ष मदन गोपाल उपाध्याय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें बजट सत्र 2021-22 हुई घोषणाओं से वरिष्ठ नागरिकों के लिए कोई घोषणा नहीं हुई थी, जिससे उनमें निराशा व्याप्त हो गई। बजट सत्र 2024-25 से वरिष्ठ नागरिकों को बड़ी आशा है। वरिष्ठ नागरिकों ने प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री, और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री से कुछ बिंदुओं को बजट में शामिल कराने की मांग की है। वक्ताओं ने कहा कि केंद्रीय बजट 2021-22 की घोषणा से वरिष्ठ नागरिकों को अत्यंत निराशा हुई। विकासशीलकेंद्रीय सरकार में वरिष्ठ नागरिकों की बजट में बड़ी उपेक्षा की है। यह वर्ग आयु के अंतिम पड़ाव में विभिन्न प्रकार की कठिनाइयों व बीमारियों से ग्रसित रहत हैं। उसके सुधार के लिए बजट में कोई प्रयास नहीं किये गये हैं। पिछले सालों से जो सुविधाएं वरिष्ठ नागरिकों को मिल रही थीं, वह भी वापस ले ली गई हैं या कम कर दी गई हैं। बैंकों, पोस्ट आफिस की जमा राशि पर ब्याज दर कम करना, रेलयात्रा में किराये छूट को बंद करना, गैस सब्सिडी कम करना, स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं कम करना व स्वास्थ्य दवाइयों की कीमतें बढ़ाना। पेंशनरों का मंहगाई भत्ता रोकना एवं एरियर का भुगतान न करना आदि सुविधाएं प्रभावित हुई हैं। वरिष्ठ नागरिकों ने मांग की है कि रेल यात्रा किराये की 50 प्रतिशत छूट को पुन) लागू किया जाए। बैंक,पोस्ट ऑफिस जमा राशि पर कम से कम दो प्रतिशत ब्याज वरिष्ठ नागरिकों को सामान्य ब्याज दर से अधिक दिया जाए। वरिष्ठ नागरिकों को चिकित्सा दवाइयों पर 25 प्रतिशत छूट दी जाए। पेंशनरों का महंगाई भत्ते का एरियर का शीघ्र भुगतान और वरिष्ठ नागरिक आयोग का गठन किया जाये। 75 वर्ष की आयु से ऊपर के वरिष्ठ नागरिकों को आयकर टैक्स से मुक्त किया जाए सहित दस सूत्रीय मांग भेजी हैं। सभी वरिष्ठ नागरिकों ने एक स्वर से उक्त मागों को बजट में शामिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री सीतारमण और सामाजिक न्याय अधिकार मंत्री से की है।

ग्राम पंचायत जंगल गुलरिहा का डीएम ने किया निरीक्षण

टीकाकरण व पुष्टाहार वितरण कार्य को तेजी से कराये जाने के दिये निर्देश

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। जनपद के संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आपदा के दौरान राहत व बचाव कार्यों के संचालन हेतु की गई तैयारियों का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत सुदूर क्षेत्र में अवस्थित ग्राम पंचायत जंगल गुलहरिया के मजरा सम्पतपुरवा, धर्मापुर रेतिया व रामपुर रेतियां का भ्रमण कर मौजूद ग्रामवासियों से संवाद करते हुए बच्चों की शिक्षा-दीक्षा, जीवकोपार्जन के संसाधनों, बाढ़ के दौरान प्रायः होने वाली कठिनाईयों, आवागमन के संसाधनों के साथ-साथ खेती-बाड़ी व स्थानीय उपज के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्राम पंचायत में कटानरोधी कार्यों के लिए कार्ययोजना तैयार की जाय। खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिया गया कि बाढ़ व कटान के कटान से बेघर हुए लोगों तथा विस्थापित परिवारों को ऊंचे व सुरक्षित सथानों पर विस्थापित करते हुए प्रभावित परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना से आच्छादित भी किया जाय। निरीक्षण के दौरान डीएम ने ग्रामवासियों से टीकाकरण, खाद्यान्न एवं पुष्टाहार वितरण, पशु टीकाकरण, आवागमन के संसाधनों, विद्युत आपूर्ति, सभी प्रकार की पेंशन, आवास इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। ग्रामवासियों ने डीएम ने को बताया कि जल भराव के कारण फसलों की क्षति हुई है। इस सम्बन्ध में डीएम ने तहसील प्रशासन को निर्देश दिया फसलों की क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें ताकि कृषकों हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति के सम्बन्ध में नियमानुसार कार्यवाही की जा सके। पंचायती राज व स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया गया कि जल भराव वाले क्षेत्रों में समुचित साफ-सफाई के साथ-साथ एण्टीलार्वा का छिड़काव कराया जाय। निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद ग्रामवासियों से डीएम ने बच्चों की शिक्षा-दीक्षा, जीवकोपार्जन के संसाधनों, बाढ़ के दौरान प्रायः होने वाली कठिनाईयों, आवागमन के संसाधनों के साथ-साथ खेती-बाड़ी व स्थानीय उपज के बारे में जानकारी प्राप्त की। डीएम ने ग्रामवासियों से पूछा की यहां किसकी खेती होती है तो ग्राम वासियों ने बताया कि यहां मेन्था की खेती की जाती है लेकिन बाढ़ के चलते धान व गन्ना भी क्षतिग्रस्त हो गये है। इसके लिए डीएम ने कृषि विभाग के अधिकारियों से सर्वे कराने को कहा। डीएम ने ग्रामवासियों के आवागमन के लिए नाव के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान महिलाओं से बच्चों के टीकाकरण व पुष्टाहार वितरण तथा आंगनबाड़ी केन्द्र द्वारा संचालित गतिविधियों तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री व एएनएम के ग्राम भ्रमण के बारे में प्रतिकूल तथ्य प्रकाश में आने पर डीएम द्वारा कर्तव्यों के प्रति उदासीनता पर सीडीपीओ व सुपर वाइजर का वेतन रोकने के निर्देश दिये।

विश्व जनसंख्या पखवाड़ा दिवस का सीएमओ ने किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। विश्व जनसंख्या दिवस पखवाड़ा 11 जुलाई से 31 जुलाई 2024 तक मनाया जाएगा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ओम प्रकाश चौधरी ने फीता काटकर उद्घाटन किया गया उन्होंने सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि 15 से 49 वर्ष तक के योग दंपतियों को परिवार नियोजन से संबंधित गर्भनिरोधक दवाओं/सामग्रियों को उपलब्ध कराना एवं परिवार नियोजन से संबंधित समस्त सुविधाओं को लाभार्थियों तक पहुंचाना है। पखवाड़े का उद्घाटन करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि परिवार नियोजन से होने वाले लाभ का एक बड़ा कारण है कि सीमित परिवार रखने से लोगों को आसानी से लाभ मिल सकता है। परिवार नियोजन की सभी सुविधाएं निःशुल्क दी जा रही है। और योग्य दंपतियों से आवाहन किया कि बढ़-चढ़कर इस पखवाड़े का लाभ उठाएं। कार्यक्रम के प्रचार ङ्कप्रसार के लिए वाहन को मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवानगी की गई। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला महिला चिकित्सालय, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आरसीएच), डीपीएम ,डीसीपीएम, जिला प्रबंधक फैमिली प्लैनिंग एंड लॉजिस्टिक , जिला मैटरनल हेल्थ कंसलटेंट, हॉस्पिटल मैनेजर, अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर आदि उपस्थित रहे।

प्राथमिक शिक्षक संघ ने डीएम के माध्यम सीएम को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ) ने परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों, शिक्षा मित्रों, अनुदेशकों एवम अनुचरों के ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में सोमवार से ही काली पट्टी बांध कर शिक्षण कार्य कर रहे हैं। प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आज विभिन्न संगठनों का शिक्षकों, शिक्षा मित्रों, अनुदेशकों अटेवा, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन एवम कर्मचारियों का एक संयुक्त मोर्चा बनाते हुए आज डिजिटल हाजिरी से सम्बंधित विभिन्न संस्थाओं की होने वाली समस्याओं पर विचार करने के लिए माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि सरकार समस्त बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों की 17140,18150 की वेतन विसंगति,शिक्षा मित्रों एवम अनुदेशकों को समान कार्य समान वेतन , 30ईएल, हॉफ डे सीएल, कैशलेस मेडिकल सुविधा , पुरानी पेंशन सहित कई मांगे कई वर्षों से ठंडे बस्ते में रखा हुआ है। आए दिन नए नए प्रयोग विद्यालयों में किए जा रहे हैं जिससे बच्चों की मूलभूत आवश्यक शिक्षण व्यवस्था में सभी ऑनलाइन करके व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा है जिसका संगठन पुरजोर विरोध करता है। प्रतिकूल परिस्थितियों में उपस्थिति संबन्धित अव्यहारिक आदेश वापस लिया जाए अन्यथा प्रदेश स्तर पर व्यापक आंदोलन शुरू किया जाएगा। जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी ने संगठन की मांगों को मानने की मांग सरकार से की।जिला मंत्री दिनेश उपाध्याय ने बताया कि संयुक्त मोर्चा में जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ उ0प0 महिला शिक्षक संघ, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन, शिक्षा मित्र संघ, अनुदेशक संघ बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी संघ अटेवा, यूटा संघ के प्रदेश अध्यक्ष की लखनऊ में 9 जुलाई को मिलकर निर्णय लिया गया है कि 11जुलाई को माननीय मुख्यमंत्री जी को इस तरह के आदेश को वापस लेने के लिए 16 सूत्रीय मांग पत्र का ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि दीपक वर्मा सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया।मीडिया प्रभारी रणवीर सिंह ने बताया कि सभा को संगठन की प्रदेश उपाध्यक्ष मालती सिंह, मांडलिक मंत्री अयोध्या शमीम अहमद जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी राधेश्याम मौर्य केके सिंह,नीलम यादव, कोषाध्यक्ष रामाशीष मौर्य जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष देवेंद्र त्रिपाठी महामंत्री कलहूपाल, मंत्री संतोष पाण्डेय संतोष सिंह प्रतापगढ़ी आदर्श शिक्षा मित्र संघ के जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्रा महामंत्री प्रदीप यादव,मीडिया प्रभारी सुतीक्ष्ण तिवारी, प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, जूनियर संघ दूबेपुर अध्यक्ष राजीव मिश्र अटेवा के जिलाध्यक्ष अशोक सिंह गौरा महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष गायत्री सिंह आईटी टीचर्स संघ के जिलाध्यक्ष अजय दूबे शिक्षा मित्र संघ प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र त्रिपाठी जुनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रणधीर सिंह उपाध्यक्ष मंजुलता राय वैभव भटनागर राम चंद्र राजभर मनोज मौर्या विजय सिंह महिला शिक्षक संघ की महामंत्री सीमा सिंह सुनीता श्रीवास्तव अलका डॉ सुदक्षिण मिश्रा स्मृति शिखा यासमीन बजरंग यादव प्रदीप राजनाथ खादिम सादिक मुजम्मिल दिनेश राजकुमार तिवारी विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डा अरविंद सिंह व डा जनार्दन राय वसीम मनोज शिव कुमार राकेश शाहबानो श्रद्धा अनीता गीता सुतीक्षण तिवारी जंग बहादुर सिंह अवधेश पाण्डेयसहित हजारों की संख्या में शिक्षा मित्र अनुदेशक शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

टेंडर नोटिस संख्या–51245179A दिनांक– 11.07.2024

इलेक्ट्रानिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, आलमबाग, लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिए **ई-निविदा** आमंत्रित की जाती है:–

क्र. सं.	निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
01	51245179A	Supply, Installation & Commissioning of Trolley Mounted Mobile Sewage Evacuation Machine (For Bio-Toilet) as per attached Technical Specification No. C&W/LKO/TMMSEM/NR/2023	2 Nos	08.08.2024

निविदा शर्तें- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। 2107/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

विश्व जनसंख्या स्थिरता दिवस पर जागरुकता रैली को किया रवाना

अवधनामा संवाददाता

मैनपुरी। पूर्व मंत्री, विधायक भोगांव राम नरेश अग्निहोत्री, जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने विश्व जनसंख्या स्थिरता दिवस पखवाड़े के शुभारंभ अवसर पर कलेक्ट्रेट से जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विधायक भोंगाव रामनरेश अग्निहोत्री ने कहा कि दि. 24 जुलाई तक चलने वाले विश्व जनसंख्या पखवाड़े के दौरान परिवार नियोजन के प्रति लक्षित दंपत्तियों को परिवार नियोजन के साधन अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा, अभियान के दौरान सास-बहु-बेटा सम्मेलन का आयोजन कर उचित उम्र पर विवाह, बच्चों के जन्म में अंतर रखने, प्रसव उपरान्त परिवार नियोजन की सेवायें, परिवार नियोजन में पुरूषों की भागीदारी, गर्भसमापन के पश्चात परिवार नियोजन की सेवाओं के बारे में जागरूक किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस बार विश्व जनसंख्या दिवस की थीम '' माँ और बच्चे की भलाई के लिए गर्भधारण का स्वस्थ समय और अंतर'' एवं ''विकसित भारत की नयी पहचान, परिवार नियोजन हर दम्पति की शान'' के नारे से लोगों को जागरुक किया जायेगा।

जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने रैली को रवाना करते हुये कहा कि सीमित परिवार खुशहाली का आधार है, छोटा परिवार रखकर बच्चों और परिवार को बेहतर भविष्य दिया जा सकता है, मातृ शिशु स्वास्थ्य को बनाए रखने में और मातृ शिशु मृत्यु दर को कम करने में परिवार नियोजन की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों का परिवार पूरा हो गया है वह नसबंदी का स्थायी साधन अपना सकते हैं, ऐसे व्यक्ति विश्व जनसंख्या स्थिरता दिवस पखवाडे के मध्य सेवा प्रदायगी चरण के तहत निर्धारित सेवा दिवस का लाभ उठायें। उन्होने आव्हान करते हुये कहा कि जनसंख्या नियत्रण में सभी अपनी स्वेच्छा से भागीदारी करें।

दोस्त की हत्या करने वाले नामजद तीन आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

सुल्तानपुर। जिले के धम्मौर थाना क्षेत्र के शाहपुर सरकंडेडीह गांव में सोमवार शाम युवक की गोली मारकर हत्या केस में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर बुधवार को कोर्ट में पेश किया। पुलिस की मानें तो नशे में कहासुनी और पहले से मनमुटाव को लेकर हत्या की गई। न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तार तीनों युवकों को जेल भेज दिया गया। धम्मौर थाना क्षेत्र के शाहपुर सरकंडेडीह गांव में सोमवार रात्रि करीब 8.30 बजे गांव निवासी फुजैल (25)पुत्र उबैद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मंगलवार को मृतक के पिता उबैद ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव निवासी तीन युवकों ने अपने साथियों के साथ पहुंचकर मस्जिद के पास फुजैल को कनपटी में गोली मार कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दिया। बुधवार को पुलिस ने नामजद आरोपी नय्यर उर्फ बंगाली पुत्र लतीफ,अरशद पुत्र अकरम उर्फ टेनी व मिनहाज पुत्र अनीश निवासी गण शाहपुर सरकंडेडीह को महेशरगंज पुल के पास से गिरफ्तार किया।

बल्दीराय तहसील कार्यालय में प्राईवेट कर्मचारियों का बोलबाला

अवधनामा संवाददाता

बल्दीराय,सुल्तानपुर। जिले की नवनिर्मित पांचवी तहसील बल्दीराय में इस समय बाहरी लोगों का बोलबाला है।तहसील कार्यालय पर तैनात इन बाहरी लोगों पर आए दिन कोई न कोई आरोप प्रायः लग रहे है। किन्तु जिम्मेदार अधिकारियों का इन कर्मचारियों से मोह भंग नही हो रहा है। कार्यालय से कभी महत्व पूर्ण फाइलों को गायब करना, खतौनी चढ़ाने के नाम पर अवैध वसूली करना, अधिकारियों के आदेश को समय से फीडिंग न करना, क्षेत्र के वादी को बार-बार तहसील का चक्कर लगवाना। यह सब प्राइवेट कर्मचारी के अंदर की बात है। कई बार शिकायत करने के बावजूद भी तहसील के जिम्मेदार अधिकारियों ने इन प्राइवेट कर्मचारियों के ऊपर कोई भी कार्रवाई नहीं की,न ही इन्हें कार्यालय से हटाया गया। बता दे कि उप जिलाधिकारी कार्यालय, तहसीलदार कार्यालय व नायब तहसीलदार कार्यालय पर आये दिन ऐसे अनाधिकृत कर्मचारियों द्वारा मुकदमों में लंबा खेल खेला जाता है।जिससे वादी को तो परेशानी झेलनी पड़ती साथ-साथ धन दोहन भी किया जा रहा है। कई बार अधिवक्ता संघ बल्दीराय द्वारा कई मामले को लेकर शिकायत भी की गई।लेकिन जिम्मेदारों का हाल वही ढाक के तीन पात जैसी कहावत चरित्रार्थ होकर रह गई। तहसील के जिम्मेदार अधिकारियों व प्राईवेट कर्मचारियों की कार्यशैली से नाराज तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज कुमार सिंह ने उप जिलाधिकारी बल्दीराय से जन सूचना का अधिनियम 2005 के अन्तर्गत सात बिंदु को लेकर सूचना मांगी है। जिसमे उप जिलाधिकारी कार्यालय पर पद रीडर अहलमद, फौजदारी अहलमद, राजस्व आशुलिपिक आदि कर्मचारी संविदा पर है। या प्राईवेट प्रमुख सूचना सहित तहसीलदार कार्यालय अथवा नायब तहसीलदार कार्यालय से संबधित कर्मचारियों के बारे अवगत कराते हुए सूचना मांगी गई है।

कार्यालय ग्राम पंचायत- बायताल वि.खं. डुमरियागंज, जनपद-सिद्धार्थनगर

अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत बायताल विकास खण्ड डुमरियागंज द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/क्रेन्द्रीय वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों व आरआरसी, वर्मी कंपोस्ड, नेडफ एवं एस.एल.डब्लू. एम के अंतर्गत अन्य कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट ह्यूम पाइप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 22.06.2024 को 12:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत बायताल के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 01:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

नियम एवं शर्ते -

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत बायताल के नाम बंधक हो संलग्न कर

मुख्यालय में डग्गामार निजी बस संचालकों का आतंक

- बस स्टैंड के आसपास खोले हैं काउंटर
- परिवहन विभाग को लगा रहे हैं लाखों का चूना

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। डग्गामार वाहनों ने मुख्यालय में आतंक मचाया हुआ है। यहां दर्जनों डबल डेकर बसें डग्गामारी करते हुए दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान सहित अन्य प्रदेशों के लिए रोज़ फर्राटा भरती हैं। जिनसे ना सिर्फ हादसों का खतरा बना रहता है बल्कि उत्तर प्रदेश परिवाहन निगम की बसों को यात्री नहीं मिलते और राजस्व का नुकसान हो रहा है। डग्गामार वाहन संचालकों ने बस स्टैंड के आसपास ही अपने काउंटर खोल रखे हैं जो परिवाहन निगम को नुकसान पहुंचा रहे हैं, लेकिन कोई अधिकारी इन काउंटरों को बंद कराने की ज़हमत नहीं उठाता। हमीरपुर मुख्यालय से दिल्ली-हरियाणा, राजस्थान सहित अन्य प्रदेशों के लिए फर्राटा भरने वाली डग्गामार बसों पर गाहे-बगाहे कार्यवाही भी होती रहती है, लेकिन वह सिर्फ कुछ समय के लिए ही होती है और डग्गामार वाहन संचालकों का यह खेल फिर शुरू हो जाता है। उन्नाव हादसे के बाद ARTO अमिताभ राय ने चेकिंग अभियान चला कर एक दो बसों का चालान भी किया और कहा था की बसों की समय समय पर चेकिंग की जाती है। पेपर कम्प्लीट ना होने पर बसों को चलने नहीं दिया जाता है। हमीरपुर मुख्यालय में शताब्दी ट्रेवल्स, वारसी ट्रेवल्स, विशाखा ट्रेवल्स, सहरा ट्रेवल्स, प्रिंस ट्रेवल्स साई ट्रेवल्स सहित अन्य नामों से काउंटर खुले हुए हैं। जिसको लेकर परिवाहन निगम चिंतित है। एआरएम हमीरपुर रामप्रताप साहू का कहना है की डग्गामार बसों के लिए हमने कई बार एआरटीओ को लिखा है। जिसपर परिवहन विभाग ने कई बार कार्यवाही भी की है। हम लोग इनका चालान या कार्यवाही नहीं कर सकते यह सब परिवहन विभाग के अधीन ही होता है।

सवारियां बैठाने को लेकर हुआ जमकर विवाद, वीडियो वायरल

अवधनामा संवाददाता

मौदहा हमीरपुर। सूबे के मुखिया द्वारा अवैध रूप से संचालित हो रहे आटो स्टैण्डों को खत्म करने के आदेश को धता बताते हुए परिवहन विभाग और पुलिस विभाग की मिली भगत से कस्बे के बड़ा चौराहा, गुड़ाही बाजार सहित अन्य स्थानों पर अवैध आटो स्टैंड चल रहे हैं जिनमें अक्सर सवारियों को लेकर विवाद होता रहता है।

गुरुवार की दोपहर कस्बे के मलीकुआ चौराहे में संचालित अवैध आटो स्टैंड में सवारियों को बैठाने को लेकर जमकर गाली गलौज और मारपीट हुई।जिसका किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया वीडियो वायरल होते ही लोगों ने वायरल वीडियो को ट्रेंड करना शुरू कर दिया। बताते चलें कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अवैध आटो स्टैंड बन करने के आदेश के बाद भी परिवहन विभाग और पुलिस विभाग द्वारा गुलाबी गांधी की आंधी के कारण आंखें बंद किए रहने के चलते कस्बे के गुड़ाही बाजार, स्टेशन रोड, मलीकुआ चौराहा और बड़े चौराहे में धडल्ले से अवैध आटो स्टैंड चल रहे हैं सबसे मजेदार बात यह है कि इन सभी आटो स्टैंड के आसपास चौबीसों घंटे पुलिस और यातायात पुलिस जवानों की ड्यूटी लगी रहती है फिर भी इन अवैध आटो स्टैण्डों में आटो और ई रिक्शा चालकों द्वारा सवारियों को बैठाने को लेकर विवाद होता रहता है और अक्सर तो सवारियों के साथ गाली गलौज के मामले भी सामने आते रहते हैं। लेकिन पुलिस और परिवहन विभाग को इसकी चिंता नहीं है।

फिटनेश कैंप लगाकर स्कूली वाहनों की हुई जांच

- एक का फिटनेश व दो के परमिट खत्म समाप्त मिले
- एआरटीओ ने शीघ्र बनवाने की दी हिदायत

अवधनामा संवाददाता

भरुआ सुमेरपुर। उन्नाव में सड़क हादसा होने के बाद परिवहन विभाग ने कस्बे की तपोभूमि में स्कूल वाहन फिटनेस जांच कैंप लगाया। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न विद्यालयों के 30 वाहनों को जांच कर उन्हें सड़क पर चलने लायक बताया। उन्नाव में सड़क दुर्घटना में 18 बस यात्रियों की मौत के बाद प्रशासन जाग उठा है और सड़क पर चलने वाली विभिन्न वाहनों की जांच पड़ताल में जुट गया। इसी के मद्देनजर उप संभागीय परिवहन विभाग के एआरटीओ अमिताभ राय व आरपी सिंह तथा पीटीओ चंदन पांडेय ने कस्बे के तपोभूमि में एकदिवसीय स्कूल वाहन फिटनेस जांच कैंप का आयोजन किया। इस मौके पर कस्बे में संचालित विभिन्न विद्यालयों के 30 वाहनों की जांच की गई। जिसमें स्कूल वाहन का पीला कलर, फर्स्ट एड बॉक्स, फायर इंस्ट्रूमेंट, विंडो गेट आदि की बारीकी से जांच की गई।एआरटीओ अमिताभ राय ने बताया कि 30 वाहनों जांच की गई। जिसमें एक वाहन का फिटनेस समाप्त हो गया है।जिसका फिटनेश जांच की आज ही डेट लगी है।वही दो वाहनों का परमिट नहीं मिला। जिन्हें निर्देशित किया गया कि वह आवेदन कर शीघ्र परमिट प्राप्त करें।उन्होंने बताया कि चालकों को भी यातायात के नियमों के पालन करने को निर्देशित किया गया है।स्कूली बच्चों को चढ़ाते व उतारते समय सावधनी बरते और वाहन को पूरी तरह से रोक कर ही उतारे व चढ़ाएं। उधर यातायात प्रभारी हरिविन्दर सिंह ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय के बच्चों को लाने व ले जाने वाहनों चालको व वाहनों की जांच की गई। उन्होंने बताया कि अधिक बच्चे बैठाने पर एक ई रिक्शा व दो चार पहिया वाहनों को चालान किया गया है और हिदायत दी गई कि क्षमता के अनुसार ही सवारियां बैठाएं।उन्होंने बताया कि स्कूली बच्चों को भी समझया गया कि वाहन में बैठने के बाद शरीर का कोई अंग बाहर न निकाले और लटक कर न बैठें।

ग्राम पंधरी में खंभे में उतरे करेंट से भैंस की मौत

सुमेरपुर। ग्राम पंधरी में गत दिवस विद्युत पोल में बह रहे करेंट की चपेट में आकर दुधारू भैंस की मौत हो गई, पशु पालक की ओर से तहरीर देकर थाना सुमेरपुर में सूचना दर्ज कराई गई है। सीमा वर्मा पत्री बिन्दा प्रसाद वर्मा निवासी पन्धरी थाना सुमेरपुर हमीरपुर ने थाना सुमेरपुर में तहरीर देकर अवगत कराया कि 10जुलाई को समय लगभग 1.30 बजे वह घर से खेत में भैंस चराने के लिये उसे ले जा रही थी तभी घर के पास लगे पोल में करन्ट आ जाने के कारण उसकी भैस चपेट में आ गई जिससे अचानक करन्ट लग जाने से भेस की मृत्यु हो गई, पुलिस ने तहरीर के आधार पर सूचना दर्ज कर ली है, वही ग्राम प्रधान आरती वर्मा ने घटना की पुष्टि की है। मृत भैंस की अच्छी खासी कीमत बताई जा रही है, उक्त घटना के संदर्भ में ग्रामीणों का कहना है कि यह विभागीय घोर लापरवाही का परिणाम है, लाइन मैनो के जरिए खंभों की चेकिंग कराई जानी चाहिए वरना आज भैंस मरी कल अन्य किसी की जान जा सकती है।

बच्चों के सुरक्षा एवं संरक्षण के विषय पर की गयी चर्चा

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। गुरुवार को पुलिस लाइन चुर्क,जनपद सोनभद्र के सभागार में पुलिस महानिदेशक, महिला सम्मान प्रकोष्ठ,उ0प्र0, लखनऊ के आदेश व पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देश के क्रम में एसजेपीयू एवं एएचटी की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक अपर पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) त्रिभुवननाथ त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न की गई। उक्त बैठक में पास्को एक्ट के मुकदमों में पीड़िता को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करने व पास्को के मामलों में प्रारूप क व प्रारूप ख भरने तथा किशोर न्याय बोर्ड से निर्गत सम्मन की तमिला, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी/विवेचक के समक्ष आ रही समस्याएं , बालश्रम व बाल विवाह की रोकथाम आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर/ कार्यालय, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, सदस्य बाल कल्याण समिति, जिला प्रोवेशन कार्यालय, जिला बाल संरक्षण इकाई, श्रम विभाग से श्रम प्रवर्तन अधिकारी, चाइल्ड लाइन, बाल गृह बालिका , वन स्टॉप सेन्टर थाना एएचटी,एसजेपीयू व सभी थाने के बाल कल्याण अधिकारी तथा हेड मुहर्रिर/ कांस्टेबल मुहर्रिर उपस्थित रहे।

नगर पालिका अध्यक्ष ने व्यापारियों के साथ की बैठक

और व्यापारियों से की नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने की अपील

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। रूबी प्रसाद, मा0 अध्यक्ष एवं विजय कुमार यादव अधिषासी अधिकारी नगर पालिका परिशद सोनभद की उपस्थिति में नगर पालिका के सभाकक्ष में नगर के प्रतिश्ठित पदाधिकारियों व सम्मानित व्यापारियों के साथ बैंठक किया गया। बैंठक में रूबी प्रसाद मा0 अध्यक्ष द्वारा उपस्थित सम्मानित पदाधिकारियों व व्यापारियों के साथ आटो/टैम्पू वाहनों द्वारा आये दिन नगर में जाम की समस्या, दुकानदारों द्वारा अपने दुकान/प्रतिश्ठानों में प्रतिबंन्धित पॉलिथीन का उपयोग, भण्डारण तथा नगर को साफ एवं स्वच्छ बनाने के उद्देष्य से नागरिकों द्वारा अपने आवास/दुकान के सामने गन्दगी न करने एवं निर्माण सामग्री/मलवा सावर्जनिकि स्थान पर रखे जाने से नाली की सफाई के साथ-साथ नागरिक सुविधाओं एवं आवागमन आदि में आ रही कठिनाइयों आदि के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की गयी।

इस अवसर पर राजेष गुप्ता, जिलाध्यक्ष, उ0प्र0 उद्योग व्यापार मण्डल सोनभद्र के द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व में आटो/टैम्पू स्टैण्ड हेतु निर्धारित स्थल फ्लाई ओवर के नीचे चण्डी तिराहा, धर्मषाला चौराहा एवं मण्डी समिति के सामने, हाइण्डिल मैदान तथा स्वामी विवेकानन्द के पास स्थान निर्धारित किया गया है।

नगर में व्यापारियों के व्यापार में आ रही कठिनाइयों के देखते हुए दो अन्य स्थानो क्रमषः रामलीला मैदान व दीपनगर तालाब के पास आटो/टैम्पू स्टैण्ड बनाया जाय। रेहड़ी पटरी दुकानदारो को नगर में पूर्व निर्धारित वेडिंग जोन में ही व्यवसाय लगाया जाये एवं नान वेण्डिंग जोन में दुकानों एवं वाहनो को हटाया जाय एवं विजय कुमार यादव अधिषासी अधिकारी द्वारा बताया गया कि षासन द्वारा आवास/दुकान के सामने गंदगी पाये जाने पर रू 300.00 तथा सार्वजनिक स्थल पर निर्माण सामग्री पाये जाने पर जुर्माना रू0 1500.00 अर्थदण्ड का प्राविधान है तथा 50 माइक्रोन से कम घनत्व के प्लास्टिक कैरी बैगों और 50 अथवा उससे अधिक माइक्रोन के धनत्व के निस्तारण योग प्लास्टिक कैरी बैगों को प्रतिशिद्व कर दिया गया है जिसके अनुपालन में नगर मे छापेमारी की जा रही है जिस पर सभी की सहमति बनी कि अर्थदण्ड लगाने से पूर्व नगर में व्यापक रूप से प्रचार प्रसार कराया जाये। प्रचार के बाद यदि कोई न माने तो नियमानुसार उनसे अर्थदण्ड वसूला जाये तथा नगर में चल रहे आटो रिक्षा व ई- रिक्षा का पंजीयन कराया जाय। उक्त बैठक में नगर के सम्मानित व्यापारी सर्वश्री राजेष गुप्ता, मिठाई लाल सोनी, मनीश खण्डेलवाल, मनोज कुमार जालान, दीपक, चन्दन केषरी प्रितपाल सिंह, कौषल कुमार षर्मा, विमल अग्रवाल, आनन्द प्रताप, दीपचन्द्र जायसवाल, संदीप कुमार चन्देल, रमेष जायसवाल, प्रकाष केषरी के अतिरिक्त राजेष गुप्ता, परियोजना अधिकारी डूडा व यातायात पुलिस विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

आसमान से गिरी आफत छः बकरियों की हुई मौत

सरीला (हमीरपुर)। बृहस्पतिवार की दोपहर बारिश के साथ तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरने से 6 बकरियों की मौत हो गई। क्षेत्र के परछा गाँव में बारिश होने से बकरिया हनुमान मंदिर के पास मैला मैदान मे लगे पीपल के पेड़ के नीचे छुप गई। अचानक बादल जोर जोर से गरजने लगे। और बकरियों के ऊपर आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे 6 बकरियों की मौत हो गई। बकरियों का मालिक बाबूराम सैनी पुत्र शिवप्रसाद सैनी ने बताया कि वह प्रतिदिन की भांति आज भी बकरिया चराने खेतो मे गया था तभी अचानक बारिश शुरु हुई जिससे मेरी बकरिया पास मे लगे पीपल के पेड़ के नीचे छिपी हुई थी। और यह घटना हो गई। घटना की सूचना गाँव के लेखपाल को दे दी गई। और पीड़ित ने प्रशासन से आर्थिक मदद की मांग की है। इस दौरान मंगल, नन्दराम अनुरागी, उमेश, रामऔतार और खुन्टा आदि चरवाहे मौके पर मौजूद थे।

6 सूत्री मांगों को लेकर शिक्षकों ने किया विरोध प्रदर्शन

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। गुरुवार को ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में संयुक्त शैक्षिक संगठन संघर्ष समिति के बैनर तले समस्त शैक्षिक संगठनों के पदाधिकारी व हजारों शिक्षकों , शिक्षामित्रों एवं अनुदेशकों ने पूर्व से लंबित बाधित समस्याओं का निराकरण किये जाने एवं विभाग द्वारा परिषदीय शिक्षक/ शिक्षिकाओं के साथ दोहरा मापदंड अपनाते हुए परिषदीय शिक्षक /शिक्षिकाओं से विद्यालय की पंजिकाओं का डिजिटाइजेशन व डिजिटल(डिजिटल फेस छायांकन)उपस्थित कराए जाने संबंधी किस निर्देश के संबंध में बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रण अधीन शिक्षक शिक्षिकाओं की पूर्व से लंबित बाधित विभिन्न समस्याओं एवं मांगों के संबंध में प्रदेश संगठन एवं जनपद संगठन द्वारा अनेकों अनेक पत्र शासन एवं विभागीय उच्च अधिकारियों को उचित माध्यम से मांग पत्र प्रेषित कर संज्ञानित किया जा चुका है जिसमें प्रमुख रूप से शिक्षक शिक्षिकाओं के कैशलेस चिकित्सा सुविधा(बिना प्रीमियम) स्थानांतरण पदोन्नति वेतन विसंगति विद्यालयों में लिपिक की नियुक्ति एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की नियुक्ति की मांगे समस्याएं पूर्व से बाधित व लंबित हैं ,वही प्रदेश के शिक्षक शिक्षिकाओं का गंभीर मुद्दा पुरानी पेंशन बहाली की मांग सम्मिलित है,शासन विभाग एवं विभागीय उच्च अधिकारियों द्वारा प्रदेश के परिषदीय शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ दोहरा मापदंड अपनाते हुए प्रदेश के शिक्षक शिक्षकों से विद्यालय पंजिकाओं का डिजिटाइजेशन व डिजिटल ऑनलाइन फेस छायांकन उपस्थित कराए जाने जैसे निर्देश जारी कर दिया गये जो कि प्रदेश के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ पूर्णतः अव्यवहारिक है वह माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ऐसा किया जाना व्यक्ति के निजता का हनन माना गया है ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में एवं अपनी बहुत समय से लंबित मांगों के संबंध में जिलाधिकारी कार्यालय के सम्मुख विभिन्न शैक्षिक संगठनों ने उपस्थित होकर आज धरना दिया।

तमंचा दिखाकर करते थे लूट की वारदात गिरफ्तार

सोनभद्र। थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस को मिली बड़ी सफलता, पुलिस टीम ने 04 नफर जनपदीय लूटेरों को किया गिरफ्तार, लूटी गयी सोने की चैन, मंगलसुत्र, दो अदद मोबाइल व एक अदद तंमचा 315 बोर मय कारतूस बरामद दिनांक-09.07.2024 को आवेदक महेश कुमार पुत्र अमृत लाल निवासी महोखर, थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज पर लिखित सूचना दी गयी कि दिनांक-08.07.2024 को मै और मेरी पत्नि अपनी मोटरसाइकिल से पुलिस लाइन से सर्किट हाउस के तरफ जा रहे थे कि बीच रास्ते में लघु शंका के लिए रुके तभी 04 से 05 अज्ञात लोगों द्वारा हम दोनो दम्पत्ति को घेर कर तमंचा दिखाते हुए जान से मारकर इसी जंगल में फेक देने की धमकी देते हुए मेरी पत्नि का सोने का चैन, मंगल सुत्र, कान का झाल, मोबाइल व 2000 रुपये छीन लिया गया । उक्त घटना की प्राप्त सूचना पर थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0-500/2024 धारा 308(5) भारतीय न्याय संहिता का अभियोग पंजीकृत किया गया।

वाराणसी शक्तिनगर राज्य मार्ग को अवरूद्ध करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

चोपन/सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण तथा कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना चोपन पुलिस द्वारा दिनांक 09.07.2024 को समय करीब 08ः00 बजे रात्रि में चोपन बैरियर पर थाना जुगैल क्षेत्र के रहने वाले कुछ व्यक्तियों द्वारा पुरानी रंजिश पारिवारिक विवाद को लेकर वाराणसी शक्तिनगर राजमार्ग पर बैठकर व लेटकर राज्य मार्ग को अवरूद्ध कर दिया गया था जिससे छोटे बड़े वाहनों का आवागमन बन्द हो गया तथा लगभग 35 से 40 मिनट तक वाराणसी शक्तिनगर राज्य मार्ग को अवरूद्ध रखा गया जिसके सम्बन्ध में थाना चोपन में दिनांक 10.07.2024 को मु0अ0सं0 132/2024 धारा 126 (2)/189 (2) भारतीय न्याय संहिता- 2023 बनाम सुनील कन्नौजिया आदि 07 नफर व कुछ अन्य व्यक्ति नाम पता अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत किया गया। जिसके क्रम में गुरुवार को समय करीब 11.20 बजे प्रातः अभियुक्त गण सुनील कन्नौजिया पुत्र बृजमोहन कन्नौजिया व बृजमोहन कन्नौजिया पुत्र स्व0 त्रिभुवन कन्नौजिया निवासीगण ग्राम घटिहटा थाना जुगैल जनपद सोनभद्र को सीएचसी चोपन के पास से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त गण को माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है। वहीं प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया ने बताया कि भविष्य में यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा इस प्रकार का कृत्य किया जायेगा तो उसके विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कर कठोरतम विधिक कार्यवाही की जायेगी। गिरफ्तार करने वाली टीम में विजय कुमार चौरसिया प्रभारी निरीक्षक ,व0उ0नि0 ओमप्रकाश नारायण सिंह, हे0का0 अनीस अहमद, म0 हे0 का0 रौनक तारा थाना चोपन सामिल रहे।

आकाशीय बिजली की चपेट में आए दो चरवाहे, एक की मौत दूसरा गंभीर

हमीरपुर,राठ। कटेहरी गांव में बकरियां चरा रहे दो चरवाहे आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। जिसमें एक चरवाहे की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरा चरवाहा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा मृतक व्यक्ति के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। राठ क्षेत्र के जलालपुर थाना अंतर्गत कटेहरी गांव का निवासी देवी दयाल अपने साथी राम सनेही के साथ खेतों में बकरियां चरा रहा था। तभी आकाशीय बिजली की चपेट में आकर देवी दयाल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। उसका साथी राम सनेही झुलस कर घायल हो गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक देवीदयाल अपनी 7 एकड़ कृषि भूमि में खेती किसानी और पशुपालन आदि कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। जो कि अपने पीछे पत्नी जयदेवी के अलावा पुत्र पहलवान और रामआसरे सहित अन्य सभी परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। मामले में जलालपुर थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक व्यक्ति के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

ज़ुल्म व फसाद करने वाले हुसैनी नहीं हो सकते: मौलाना जॉन

- सैदबाड़ा स्थित मस्जिद में ज़हूर नक़वी की ओर से मजलिस आयोजित की गई

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। शहीदे आज़म इमाम हुसैन और शहीदाने कर्बला की शहादत पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए शहर की विभिन्न इमाम बारगाहों में मजलिसों का आयोजन कर गमे हुसैन मनाया गया। घटिया अज़मत अली इमाम बारगाह में अशरे की मजलिस, सैदबाड़ा स्थित मस्जिद में जहूर नक़वी की ओर से आयोजित मजलिस में तकरीर करते हुए मौलाना मोहम्मद जॉन दिल्ली ने कहा इमाम हुसैन जब मदीना छोड़कर कर्बला रवाना हो रहे थे तो एक पैगाम दिया कि मैं कर्बला में जुल्म, फसाद करने नही बल्कि दीन और इंसानियत को बचाने जा रहे हैं अब अगर कोई इंसान जुल्म या फसाद करे तो वह हुसैनी नही हो सकता। कर्बला की एहमियत इमाम हुसैन ने बताई, इमाम हुसैन मदीने से कर्बला के बीच जहां जहां रुके वहां दीन, इस्लाम और इंसानियत का पैगाम दिया। इमाम बारगाह आलमपुरा में नजमुल हसन व दरगाह मौला अब्बास महेरे पर रज़ी हैदर, राजा करबलाई की ओर से आयोजित मजलिसों में तकरीर करते हुए मौलाना सैयद गुलज़ार हैदर छोलसी ने कहा रसूल और एहलेबैत की मार्फ़त हासिल करने वाले को अल्लाह ने जन्नत देने का वायदा किया है। रसूल अल्लाह ने फरमाया हम कुरान और एहलेबैत को छोड़कर जा रहे हैं जो कयामत तक आपस जुदा नहीं होगे। कुरान कह रहा है जमीन पर अकड़ के न चलो क्योंकि जब इंसान कब्र में जायेगा तो सारी अकड़ निकल जायेगी। कर्बला में इमाम हुसैन ने ऐसा सिर झुकाया कि जब उठा तो नोजे नेजा पर तिलावत करता हुआ। अंजुमन हैदरी कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शावेज़ नक़वी ने बताया कि साबितगंज में स्व.मुहाफ़िज़ हुसैन के घर सैफू की ओर से व पक्की सराय बड़े इमामबाड़े में गुलमुस सैयदेन व सैदबाड़ा स्थित इमामबाड़े में राहत अक़ील की ओर से आयोजित मजलिस को मौलाना अनवारूल हसन जैदी इमामे जुमा इटावा ने तकरीर की।

डिजिटलाइजेशन के विरोध में 10 सूत्रीय ज्ञापन दिया

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले बेसिक शिक्षा परिषद में डिजिटल फेस छायांकन व डिजिटलाइजेशन कराये जाने के विरोध में 10 सूत्रीय मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि उप जिलाधिकारी कौशल कुमार को गुरुवार को सैकड़ो की संख्या में आये शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सौंपा। समर्थन में विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मंगेश यादव अंतर्जनपदीय शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री संजीव यादव महिला शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष कामना सिंह टीचर्स सेल्फ केयर टीम के जिला अध्यक्ष शौकीन सिंह अटेवा के जिला अध्यक्ष अजय कुमार यादव जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रतिनिधि अच्युत त्रिपाठी शेखर यादव उपस्थित रहे। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से अनुरोध किया गया कि शिक्षकों की मूलभूत मांगों का निराकरण करने की कृपा करें। अटेवा के जिला पर्यवेक्षक राजेश जादौन ने बताया कि 15 जुलाई सोमवार को संयुक्त मोर्चा के बैनर तले भारी संख्याबल के साथ पुनःमुख्यमंत्री को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जायेगा। कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ के महामंत्री योगेंद्र त्रिपाठी जितेंद्र यादव गिरीश यादव यादवेंद्र सिंह राजकुमार नृपेंद्र यादव अरुण सोनी आशीष कृष्ण हरगोविंद अर्चना चौधरी अच्युत त्रिपाठी हरिनारायण मनोज गजेंद्र राहुल वर्मा नरेंद्र अरबिंद यादव देवेश यादव आलोक राजेश पांडेय विनोद यादव अरबिंद धनगर केपी सिंह सूर्यप्रकाश आलोक चौहान ऋषि कसाना संजीव शाक्य सहित सैकड़ों शिक्षक शिक्षिकायें उपस्थिति रही।

आशु यादव का आईआईटी रुड़की में चयन

- प्रथम प्रयास में ही आशु यादव को मिली शानदार सफलता

वहाज अली निहाल

इटावा। संत विवेकानन्द सीनियर सेकेंड्री पब्लिक स्कूल, आलमपुर हौज़ के मेधावी छात्र रहे आशु यादव ने अपनी स्कूल की पढ़ाई के साथ साथ छ्वश्वश्व की तैयारी करते हुए अपने प्रथम प्रयास में ही कड़ी मेहनत और विद्यालय के अच्छे शैक्षिक मार्ग निर्देशन के साथ आईआईटी रुड़की जैसे देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थान में दाखिला लेकर अपने विद्यालय के साथ साथ जनपद इटावा का भी नाम रोशन किया है।संत विवेकानंद के होनहार छात्र आशु यादव अलियापुर, भर्थना के निवासी है और स्व.उमेश चंद्र यादव के छोटे पुत्र है। 2020 में पढ़ाई की दौरान अचानक से सर से पिता का साया उठने के बाद भी आशु के हौसले कम नहीं हुए और वे अपने सपने को पूरा करने में लगातार ही जुटे रहे और अंततःउनकी कड़ी मेहनत के बाद आखिरकार उन्हें शानदार सफलता मिल ही गई।कहते है न कि, प्रतिभा किसी भी परिचय की मोहताज नहीं होती वह अपना परिचय सही समय आने पर स्वयं ही दे देती है।कुछ ऐसे ही अपनी प्रतिभा का परिचय संस्था के मेधावी छात्र आशु यादव ने भी दिया है। आशु के बड़े भाई अंकित यादव भी एमपी पुलिस में तैनात है।आशु के प्रथम प्रयास में ही देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थान ढ्ढढ्ढञ्ज रुड़की में चयन होने पर विद्यालय के शिक्षकों में हर्ष और खुशी का माहौल है।विद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. आनंद एवम एसएमजीआई, इटावा के चेयरमैन डॉ.विवेक यादव ने आशु यादव को समस्त विद्यालय परिवार की ओर से प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।इस शुभ अवसर पर उन्होंने विद्यालय के अन्य सभी छात्र- छात्राओं से अपील की कि, वे भी इसी तरह से कड़ी मेहनत करके विद्यालय और अपने परिवार का नाम अवश्य ही रोशन करें।

आम महोत्सव में आएं-आम की विभिन्न किस्मों का लुफ्त उठाएं

अन्य प्रदेशों के किसान, बागवान, स्टेकहोल्डर, निर्यातक होंगे शामिलः उद्यान मंत्री, दिनेश प्रताप सिंह

अवधनामा ब्यूरो

- आम के उत्पादन, प्रसंस्करण, विपणन, निर्यात एवं गुणवत्ता में उ.प्र. अग्रणी
- आम की विभिन्न प्रजातियों की लगेगी प्रदर्शनी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) श्री दिनेश प्रताप सिंह आम महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए गुरूवार को अवध शिल्प ग्राम लखनऊ पहुंचे। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम महोत्सव में आने वाले किसानों, निर्यातको एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों का विशेष ध्यान रखा जाय, उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उद्यान मंत्री ने आम महोत्सव के लिए लगे स्टालों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि स्टालों पर आम की विशेष प्रजातियों के बारे में उल्लेख किया जाय, जिससे स्टाल में आने वाले लोगों को आम की विशेष प्रजातियों और उनकी विशेषताओं के बारे में जानकारी मिल सके।

दिनेश प्रताप सिंह ने किसानों व आमजनमानस से अपील की है कि वह आम महोत्सव में आकर आम की विभिन्न किस्मों का लुफ्त उठाएं तथा किसानों को आम उत्पादन के क्षेत्र में विशेष जानकारी देने के उद्देश्य से आयोजित सेमिनार का भी लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि आम की विभिन्न प्रजातियों व उनके उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी लगायी गयी है। तीन दिवसीय आम महोत्सव में उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य प्रदेशों के किसान, बागवान, स्टेकहोल्डर, निर्यातक भी शामिल होंगे। आम की बागवानी को प्रोत्साहन मिलने से किसानों की आय बढ़ोत्तरी होगी। उत्तर प्रदेश आम के उत्पादन, प्रसंस्करण, विपणन, निर्यात एवं गुणवत्ता में अग्रणी स्थान रखता है। आम महोत्सव-2024 में लगभग 800 से अधिक आम की प्रजातियों का प्रदर्शन किया जायेगा। बागवानों को आम उत्पादन की उन्नत तकनीकी, तुड़ाई उपरान्त प्रबन्धन, निर्यात हेतु प्रदत्त सुविधायें, कीट-व्याधियों का प्रबन्धन, विपणन तथा निर्यात हेतु प्रदान की जाने वाली सुविधाओं आदि के बारे में कार्यशाला का आयोजन भी किया जायेगा। आम से बने विभिन्न पकवान एवं व्यंजन प्रदर्शित किये जायेंगे, साथ ही प्रतिभागियों द्वारा तैयार आम के पकवानों की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा। आम विविधता प्रदर्शनी में 120 से अधिक किस्मों के प्रदर्शन, आमंत्रण (क्रेता-विक्रेता बैठक), आम खाने की प्रतियोगिता, प्रशिक्षण सेमीनार विशेष आकर्षण होंगे। प्रदेश में आम की लगभग 1000 प्रजातियों का उत्पादन किया जा रहा है, जिनमें प्रमुख रूप से दशहरी, लंगड़ा, चौसा, गौरजीत, आम्रपाली, रामकेला, रतौल, लखनऊ सफेदा, बाम्बेग्रीन एवं अन्य रंगीन प्रजातियां प्रमुख रूप से सम्मिलित हैं। इस दौरान कृषि उत्पादन आयुक्त डा0 देवेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण श्री बी0एल0 मीणा, निदेशक उद्यान डा0 वी0बी0 द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

एलडीए को अवनीश और के.वी. राजू ने अपग्रेडेशन दिये के सुझाव

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण की नयी आवासीय योजनाओं के संबंध में गुरुवार को समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी और के.वी. राजू ने अपग्रेडेशन के सुझाव दिये। प्राधिकरण के पारिजात सभागार में नयी आवासीय योजनाओं के संबंध में गुरुवार को समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में प्राधिकरण उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने नयी आवासीय योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि वेलनेस सिटी में सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के साथ विश्व स्तरीय योग रिट्रीट सेंटर बनाए जाएंगे। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज व विश्वविद्यालय के लिए मोहान रोड योजना व वेलनेस सिटी में संस्थागत भूखण्डों का दायरा भी बढ़ाया जाएगा। बैठक में उपाध्यक्ष ने योजनाओं का प्रस्तुतिकरण देते हुए बताया कि सुल्तानपुर रोड पर वेलनेस सिटी और आईटी सिटी, मोहान रोड पर एजूकेशनल सिटी (मोहान रोड योजना)और आई.आई.एम. रोड पर प्रबंधन नगर योजना का खाका तैयार है, जिसके लिए जमीन जुटाने व मुआवजे की दर का प्रस्ताव बोर्ड बैठक में पास हो गया है। उन्होंने बताया कि ग्राम प्यारेपुर और कलियाखेड़ा की 785.02 एकड़ अर्जित भूमि पर 1544 करोड़ की लागत से मोहान रोड योजना का विकास होगा। सुल्तानपुर रोड पर लगभग 1474 एकड़ जमीन पर वेलनेस सिटी को मेडी सिटी की तरह तैयार किया जाएगा।

अजय राय ने आगरा एक्सप्रेस वे पर हुए बस हादसे के पीड़ितों से की मुलाकात

लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर महिला कांग्रेस मध्य जोन के एक प्रतिनिधिमंडल ने आगरा एक्सप्रेस वे पर हुए बस हादसे के पीड़ितों से उन्नाव में मुलाकात की। महिला कांग्रेस मध्य जोन अध्यक्ष ममता चौधरी के नेतृत्व में गये प्रतिनिधिमंडल ने जिला चिकित्सालय उन्नाव पहुंच कर हादसे में घायलों का कुशलक्षेम पूछा और आर्थिक मदद की। प्रतिनिधिमंडल ने अस्पताल का जायजा भी लिया और चिकित्सकों से मिल घायलों के समुचित इलाज का आग्रह भी किया। प्रतिनिधिमंडल में महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सुशीला शर्मा, विभा त्रिपाठी, लता दुबे, मधु रावत उपस्थित थीं।

भाजपा सरकार की संरक्षण में हुआ अयोध्या जमीन घोटालाः शाहनवाज

- उद्योगपतियों और अफसरशाहों ने सस्ती दर पर जमीन खरीद राजस्व का भारी नुकसान किया

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। अल्पसंख्यक कांग्रेस ने अयोध्या में जमीनों के महाघोटाले का आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार के संरक्षण में यह महाघोटाला हुआ है। सरकार और भाजपा से जुड़े नेता, उद्योगपतियों और अफसरशाहों ने सस्ती दर पर जमीन खरीद राजस्व का भारी नुकसान किया। अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने और जमीन खरीदने वालों से 2022-23 के सर्किल रेट से रिकवरी की मांग की। श्री आलम ने कहा कि वर्ष 2019 में मंदिर निर्माण के उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद अयोध्या और उसके आस-पास के इलाकों की जमीनों की कीमतें बढनी तय थी। इसीलिए सरकार के करीबी लोगों ने अयोध्या में 2017 के बाद से जमीनों का सर्किल रेट नहीं बढने दिया, क्योंकि उन्हें स्थानीय लोगों से सस्ते दरों पर जमीन खरीद मुनाफा कमाना था। स्थानीय किसान दुर्गा प्रसाद यादव ने 5 अक्टूबर 2021 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ बेंच में मामला उठाया तब योगी सरकार ने 18 मई 2022 को हलफनामा दाखिल कर बताया कि सरकार ने सर्किल रेट बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन पाया कि 2018, 2019, 2020 और 2021 में जमीनों की कीमतें 2017 के ही बराबर थी इसलिए जमीनों का सर्किल रेट नहीं बढ़ाया गया। उन्होंने कहा कि ऐसा कैसे हो सकता है कि इस दौरान अयोध्या से सटे बाराबंकी, सुल्तानपुर, गोण्डा और अम्बेडकर नगर में तो जमीनों का सर्किल रेट बढ़ा लेकिन अयोध्या के संदर्भ में कहा कि यहां जमीनों के रेट में कोई वृद्धि नहीं हुई। उन्होंने एक समाचार पत्र में प्रदेश के स्टाम्प और पंजीयन महानिरीक्षक रूपेश कुमार के वर्ष 2022 और 2023 में सर्किल रेट बढ़ाने के सुझाव के बयान लेकिन सरकार के अनुमोदन न करने का जिक्र करते हुए कहा कि योगी सरकार खुद अयोध्या की जमीनों के महाघोटाले की संरक्षक है।

अप यार्ड रनिंग रूम का डीआरएम ने किया निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। चारबाग रेलवे स्टेशन स्थित लोको पॉयलेट क्रू और ट्रेन मैनेजर अप यार्ड रनिंग रूम का डीआरएम ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने रनिंग रूम में सुलतानपुर, अयोध्या, रायबरेली, प्रतापगढ़, गोंडा, गोरखपुर, रोज़ा, बरेली, मुरादाबाद और कानपुर मुख्यालय के लोको पॉयलेट क्रू एवं ट्रेन मैनेजर विश्राम के लिए आते हैं। जिनके आरामदायक विश्राम के लिए उच्च स्तरीय खानपान और रहन.सहन की सुविधाएं देखीं। डीआरएम एसएम शर्मा ने बताया कि 76 बेड के रनिंग रूम में कर्मचारियों के लिए आरओ का शुद्ध पानी और एसी कमरे हैं। स्टॉफ के साथ संरक्षा संवाद के लिए अलग कक्ष है। बाथरूम व किचन में गरम पानी के लिए गीजर है। 24 घण्टे बिजली बैकअप है। सफाई व धुलाई मशीनों से होती है। रियायती दरों पर उच्च गुणवत्ता का खानपान मुहैया होता है। हर कर्मचारी का विवरण पंजिका में अंकित किया जाता हैं। इस रनिंग रूम में महिला रनिंग स्टॉफ के लिए अलग कमरा है। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा ने बताया कि क्रू और ट्रेन मैनेजर को और अच्छी सुविधाएं देने के लिए 250 बेड का नया रनिंग रूम बनाया जा रहा है। यह रनिंग रूम चारबाग रेलवे स्टेशन के सेकेंड इंट्री साइड में बनाया जा रहा है।

एरा यूनिवर्सिटी को उजबेकिस्तान से मिला न्योताः प्रो. फरीदी

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। चिकित्सा के क्षेत्र में लगातार नई ऊचाइंया छू रही एरा यूनिवर्सिटी को उजबेकिस्तान से न्योता मिला है। उजबेकिस्तान के राजदूत सरदार मिर्जायुस्पोविच रूस्तमबिव ने एरा यूनिवर्सिटी प्रबंधन के समक्ष प्रस्ताव रखा कि उनके देश के साथ मिलकर चिकित्सा के क्षेत्र में काम करें। यह जानकारी एराज लखनऊ मेडिकल एडं हॉस्पिटल के डीन एमिरिट्स प्रो. एमएमए फरीदी ने दी। गुरुवार को एराज लखनऊ मेडिकल कालेज एडं हॉस्पिटल में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सरदार ने उजबेकिस्तान की बढ़ती अर्थव्यवस्था पर प्रकाश डाला। भारत के साथ अपने देश के सम्बंधों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि उजबेकिस्तान तेजी से विकास कर रहा है। केवल चिकित्सा ही नहीं सभी क्षेत्रों में उनका देश आगे बढ़ रहा है। सरदार ने बताया कि देश की सरकार चाहती है कि भारत के चिकित्सा संस्थान उनके देश में निवेश करें। इससे दोनों देशों खासकर यहां के छात्रों और युवा चिकित्सकों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि आज भारत आईटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है। इस फील्ड में अपार संभावनाएं हैं। ऐसे में अगर दोनों देश मिलकर काम करें तो आम लोगों को इसका फायदा मिलेगा।

एरा तेजी से उभरता हुआ नाम

सरदार ने कहा कि आज चिकित्सा के क्षत्र में एरा यूनिवर्सिटी तेजी से उभरता हुआ नाम है। मेडिकल फील्ड में एरा बहुत काम कर रहा है इसका सीधा लाभ जनता को मिलेगा। अगर एरा यूनिवर्सिटी उजबेकिस्तान में अपना संस्थान स्थापित करता है या फिर उनके देश की किसी संस्था के साथ मिलकर काम करता है तो डाक्टरी के क्षेत्र में आने वाले युवाओं को उसका फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारत के सैकड़ों छात्र यूक्रेन में मेडिकल की पढ़ाई करने जाते रहे हैं। मगर जब से रूस व यूक्रेन में युद्ध शुरू हुआ वहां पढ़ाई का माहौल नहीं रह गया है। इस स्थिति में उजबेकिस्तान में चिकित्सा संस्थान की संभावनाएं बढ़ गई हैं। इसका लाभ एरा यूनिवर्सिटी को उठाना चाहिए।

मजलिस वा शब्बेदारी 19 मोहर्रम को

लखनऊ। पब्लिक एजुकेशनल कौंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन और जामिया उर्दू अलीगढ़ के सेन्टर इंचार्ज डाश हुसैन मोहसिन ज़ैदी के अजाखाना हरदोई रोड स्थित मोहसिन लेन, मेंहदी इंक्लेव, सरफराज गंज लखनऊ में एक सालाना मजलिस वा इस बार शब्बेदारी का भी आयोजन 19 मोहर्रम दिन शुक्रवार को रात ठीक 8 बजे किया गया है जिसमे मुकामी वा बैरूनी अंजुमने नौहा खानी वा सीनाजनी करेंगी। मजलिस को आलीजनाब मौलाना सैयद तनवीर अब्बास नजफी साहब खिताब करेंगे। उसके फौरन बाद अंजुमन सिपाहे अब्बास, सरफराजगंज लखनऊ, अंजुमन मुहाफेजुल ईमान जलालपुर, दुबग्गा, लखनऊ, उसके बाद अंजुमन पंजतनी ,गौरी खालसा, सरफराज गंज लखनऊ उसके बाद अंजुमन सज्जादिया महमूदाबाद, सुगरा इमामबाड़ा, लखनऊ अपने मखसूस अंदाज में नोहा खानी वा सीनाजनि करेंगी।

रेल राज्य मंत्री ने उत्तर रेलवे की कार्य-प्रगति की समीक्षा की

- संरक्षा, समयपालनबद्धता और स्वच्छता पर बल
- स्टेशनों के पुनर्विकास और उन्नयन पर ध्यान केंद्रित

अवधनामा ब्यूरो

नई दिल्ली/लखनऊ। रवनीत सिंह बिट्टू, केंद्रीय रेल राज्य मंत्री और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री ने आज नई दिल्ली के बड़ौदा हाउस में उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की। रवनीत सिंह बिट्टू ने संरक्षा, समयपालनबद्धता के साथ-साथ अमृत भारत योजना के तहत स्टेशन पुनर्विकास कार्यक्रम और एक स्टेशन एक उत्पाद (ओएसओपी) योजना का गहन विश्लेषण किया। उन्होंने राष्ट्रीय महत्व की विभिन्न ढाँचागत परियोजनाओं जैसे उधमपुर - श्रीनगर- बारामुला रेल लिंक परियोजना (यूएसबीआरएल) और ऋषिकेश - कर्णप्रयाग रेल लिंक परियोजना का भी जायजा लिया । 272 किलोमीटर की यूएसबीआरएल परियोजना में से 209 किलोमीटर पहले से ही चालू है। उन्होंने कहा कि हर मौसम में उपलब्ध रहने वाला रेल संपर्क जम्मू-कश्मीर के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा, जिससे पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी और माल, खासकर फलों और उत्पादकों के लिए सस्ता परिवहन उपलब्ध होगा, जिससे व्यापार और आवगमन में सुधार होगा।

उन्होंने ऋषिकेश - कर्णप्रयाग रेल लिंक परियोजना के निर्माण कार्य की भी गहन समीक्षा की। उन्होंने बताया कि ऋषिकेश - कर्णप्रयाग रेल लिंक परियोजना से उत्तराखंड राज्य में स्थित तीर्थस्थलों तक पहुंच सुगम हो जाएगी और राज्य में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

शोभन चौधुरी , महाप्रबंधक ने उत्तर रेलवे का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया तथा उत्तर रेलवे में चल रही विभिन्न परियोजनाओं के बारे में मंत्री जी को अवगत कराया। बैठक में अन्य प्रमुख विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे।

रवनीत सिंह बिट्टू केंद्रीय रेल राज्य मंत्री ने निर्देश दिया कि संरक्षा, समयपालनबद्धता, स्वच्छता और बुनियादी ढांचागत परियोजनाएं रेलवे की मुख्य प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं में सुधार और ट्रेनों के सुरक्षित संचालन पर जोर दिया।

भारतीय रेलवे को आधुनिक और कुशल नेटवर्क में बदलने के लिए उनकी प्रतिबद्धता पूरी बैठक के दौरान स्पष्ट दिखाई दी। रवनीत सिंह बिट्टू ने उत्तर रेलवे के कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों की सराहना की तथा उत्तर रेलवे द्वारा अब तक की गई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

हबीब इब्ने मजाहिर का गम मनायेंगे, हम उनपर रोयेंगे फर्श-ए-अजा बिछायेंगे

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। हबीब इब्ने मजाहिर का गम मनायेंगे, हम उनपर रोयेंगे फर्श-ए-अजा बिछायेंगे। मोहर्रम के चौथे दिन बृहस्पतिवार को कर्बला के शहीदों का गम मनाते हुए शहर के इमामबाड़ों में उलमा ने मजलिसों को खिताब किया। किसी ने हजरत इमाम हुसैन (अ.स) की बहन शहजादी जनाबे जैनब (स.अ.) के बच्चों हजरत औन व हजरत मोहम्मद (अ.स) तो किसी ने बचपन के दोस्त हजरत हबीब इब्ने मजाहिर (अ.स) का और किसी ने हजरत हुर (अ.स) का जिक्र किया। गम-ए-हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) में देर रात तक मजलिसें होती रही। महिलाओं ने मगरिब की नमाज अदा करने के बाद अपने इलाकों के घरों में जाकर मातम किया और इमाम (अ.स) के गम में आंसू बहाये।

इमामबाड़ा गुफरामाआब चौक में मौलाना कल्बे जव्वाद ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि हमारे लिए रसूल अल्लाह (स.) की सीरत और सुन्नत हुज्जत है। जिस तरह पहले मुहम्मद (स.) की सीरत हुज्जत है उसी तरह आख़री मुहम्मद (स.) की सीरत भी हुज्जत है क्योकि ये सब के सब मुहम्मद है। उन्होंने कहा कि हजरत मोहम्मद साहब ने फरमाया कुरान और अहलेबैत इनसे वबस्ता रहना। इनमें कभी जुदाई नहीं होगी। कुदरत ने हिदायत के यही दो जरिये रखें हैं इसी से आलमे इंसानियत को हिदायत दी है।

इममाबाड़ा जन्नतमाब तकी साहब चौक में मौलाना सैफ अब्बास ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) के सफर करने का मकसद यह था कि सत्य और असत्य को दुनिया के सामने लाया जाए और दुनिया को मूलम हो कि जो धर्म और मानवता पर अत्याचार करे वह जालिम है और जिस पर अत्याचार हो रहे है वह मजलूम है।

इमामबाड़ा शहनाजफ हजरतगंज में मजलिस को मौलाना अली अब्बास खान ने खिताब करते हुए कहा कि एक निजाम को बनाने के लिए इल्म की जरुरत है जैसा इल्म होगा उसी तरह का निजाम बनेगा।

रौजाए हजरत मुस्लिम रईस मंजिल में मौलाना तकी रजा ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि हर इंसान को गौर-ओ-फिक्र करना चाहिए कि अल्लाह ने कुरान-ए-पाक में सिराते मुस्तकीम का जिक्र फरमाया है, जिसका मतलब होता है सीधा रास्ता। यह कुरान जब तक है उस वक्त तक यह रास्ता रहेगा।

दरगाह हजरत अब्बास (अ.स.) रूस्तम नगर में मौलाना हैदर मेहदी ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि मोहर्रम जिन्दगी के बारे में इंसान की सोच बदलने का महीना है। मोहर्रम के जरिये इंसान की जिन्दगी में बहुत बड़ी तब्दीलियां आ सकती हैं। हजरत इमाम हसैन (अ.स.) की राह पर चल कर इंसान न सिर्फ अपने बल्कि समाज में भी क्रांति ला सकता है।

इमामबाड़ा आगा बाकिर चौक में मौलाना मीसम जैदी ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि रसूल (स.) के बाद हमने उन्हें इमाम माना है कि जिसकी अदालत इस मंजिल पर है कि पैगम्बरे इस्लाम (स.) फरमा रहे हैं कि कायनात में अली से बेहतर फैसला करने वाला नहीं है। इमामबाड़ा मजहर हुसैन गोलागंज में मौलाना राहिब हसन ने कहा कि दीन की हिफाज़त के लिए इमाम कर्बला गए थे इस लिए हर अज़ादार पर वाजिब व लाज़िम है की वह दीन की हिफाज़त करे और दीन को फैलाए ताकि हुसैनी होने का सबूत दे सकें। इमाम हुसैन (अ.स) के चाहने वाले राहे हिदायत पर हैं और मौला अली (अ.स) की मोहब्बत हमको हक़ पर चलाती है।

इमामबाड़ा कसरे हुसैनी बिल्लौचपुरा में मौलाना मोहम्मद मियां आब्दी ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि अल्लाह अहलेबैत (अ.स) की मोहब्बत जब ही दिल मे डालता जब बंदे का इम्तिहान ले लेता है। उन्होंने कहा कि रसूल-ए-अकरम (स.) ने फरमाया कि जो कुरान और अहलेबैत दोनों को लेगा वह कामयाब होगा।

हसन कालोनी में करायी औन व मोहम्मद के ताबूतों की जियारतः हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) के भांजे और शहजादी हजरत जैनब (स.अ.) के बेटे औन व मोहम्मद (अ.स.) की शहादत की याद में हसन कालोनी दौलतगंज में आयोजित मजलिस को मौलाना खलीक अहमद जरवली ने खिताब किया। इसके बाद उनके ताबूतों और जुलजनाह की जियारात करायी गयी। इस मौके पर मातमी अंजुमनों ने नौहाख्वानी व सीनाजनी की और अजादारों ने कमा का मातम भी किया। कार्यक्रम का आयोजन अंजुमन हुसैनी ने किया था।

हिचकी के साथ रूह बदन से निकल गईः इमामबाड़ा नाजिम साहब आज चौथी मोहर्रम की मजलिस को औन रिजवी ने मीर वहीद का हजरत ए हुर्र के हाल का मर्सिया अपने मख़सूस अंदाज में पढ़ाः ये सुन के बेकरार हुवा हुर्रे नामवर,तड़पा मियाने महिये बे आब खाक पर,आसारे नजा हो गए रुख पर भी जलवा गर,आंखे फिरा दी पाए शहे दीं पा रखकर,थर्राया जिस्म चेहरे की रंगत बदल गई,हिचकी के साथ रूह बदन से निकल गई।

यहां भी हुआ जिक्रे कर्बलाः इसके अतिरक्ति इमामबाड़ा सैयद आगा विक्टरिया स्ट्रीट में मौलाना अखतर अब्बास, शिया पीजी कालेज में मौलाना अब्बास नासिर सईद, इमामबाड़ा राजा झाऊलाल में मौलाना अखतर अब्बास जौन, इमामबाड़ा नवाब अफसर जहां विक्टोरिया स्ट्रीट में मौलाना मुर्तजा नासिर सईद अबाकाती,इमामबाड़ा उम्मुल बनीन मंसूर नगर में मौलाना अली हाशिम आब्दी व मौलाना रजा अब्बास, रौजाए जैनबया टिकैतराय तलाब में मौलाना तकी रजा, इमामबाड़ा जकी अली खां में मौलाना अरशद जाफरी, इमामबाड़ा मकसदे हुसैनी घासमंडी मौलाना रईस काजमी ने मजलिस को खिताब किया।

मौलाना सैयद सैफ अब्बास नकवी ने मजलिस को किया संबोधित

विलायत के विषय पर इमामबाड़ा सैयद तकी साहब अकबरी गेट पर उशराए मोहर्रम की चौथी मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना सैयद सैफ अब्बास नकवी ने कहा कि कुरान का आदेश है कि आप अल्लाह और उसके रसूल और साहिबे अम्र कमांडिंग ऑफिसर का पालन करें और यदि कुछ भी भेदभाओ हो तो अल्लाह और उसके रसूल की ओर पलटा दो तो यहा सोचना है कि असहमति किस बात पर है! अल्लाह पर कोई असहमति नही रसूल पर कोई असहमति नही किताब पर कोई असहमति नही धर्म पर कोई नही असहमति है तो असहमति इस बात पर है कि साहिबे अम्र कौन है? तो हम पैगम्बर के कहे अनुसार अली को साहिबे अम्र मानते हैं अन्य लोग दुसरो को मानते है जबके सारी चीज अल्लाह की ओर से है इस बात पर सब सहमत है तो फिर साहिबे अम्र में असहमति क्यो जबके यह आदेश भी अल्लाह का है जिसे पहुंचाने का हुक्म अल्लाह ने अपने दूत मोहम्मद साहब को दिया और पैगंबर ने अली की विलायत की घोषणा की और कहा कि यह आदेश का पालन करना है। अंत में मौलाना ने हजरत हबीब इब्ने मजाहिर के इमाम हुसैन की मदद के लिए आने और अपनी जान कुर्बान करने का जिक्र किया !जिसे सुनकर मजलिस में उपस्थित लोगो ने सोग व्यक्त किया।

आग पर मातम आज

इमामबाड़ा शाहनजफ हजरतगज में शुक्रवार को रात आठ बजे आग पर मातम होगा। इससे पूर्व आयोजित मजलिस को मौलाना फरीदुल हसन खिताब करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन अंजुमन मासूमिया असगरिया ने किया है। इसी तरह कैम्पस मस्जिद आमली कश्मीरी मोहल्ला में भी रात 9 बजे आग पर मातम का होगा। इससे पूर्व मजलिस को मौलाना अखतर हुसैन नकवी खिताब करेंगे।

आज पहनी जायेगी मन्नत

हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) के बेटे और चौथे इमाम हजरत इमाम जैनुल आब्दीन (अ.स.) की याद में शुक्रवार को अजादार मन्नत पहनेंगे। हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की शहादत के बाद उनके बीमार बेटे हजरत इमाम जैनुल आबदीन (अ.स.) को कैदी बनाकर कूफे व शाम के बाजारों में घुमाया गया था इसी याद में अजादार अपने घरों के इमामबाड़ों में इनकी नज्र करके अपने बच्चों को हथकड़ी और बेढ़ी पहनाते है।

औन व मोहम्मद के ताबूत आज

हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की बहन शहजादी जनाबे जैनब (स.अ.) के बेटों हजरत औन व हजरत मोहम्मद (अ.स.) की याद में शुक्रवार को कर्बला मुंशी फजले हुसैनी हैदरगंज में शाम 4 बजे उनके ताबूतों की जियारत करायी जायेगी। इससे पूर्व मौलाना मिर्जा अनवर मजलिस को खिताब करेंगे। मजलिस के बाद ताबूत,अलम और जुलजनाह की जियारत होगी कार्यक्रम का आयोजन अंजुमन ऐनुल अजा ने किया है।

ख़ालिक़ ए कायनात हर मुमकिन काम पर क़ुदरत रखता है : मौलाना अली अब्बास खान

लखनऊ। हज़रतगंज के तारीख़ी इमामबाड़ा शहनाजफ में मजलिस ए अज़ा का सिसिला जारी है, इन मजालिस को फरज़नन्दे अयातुल्लाह रोशन अली ख़ान नजफी मरहूम, मौलाना अली अब्बास खान साहब ख़िताब फ़रमा रहें हैं। कल मौलाना ने मजलिस को ख़िताब करते हुए फ़रमाया के एक निज़ाम को बनाने के लिए इल्म ज़रुरत है जैसा इल्म होगा उसी तरह का निज़ाम बनेगा। अल्लाह आलिम और क़ादिर ए मुतलक़ है लेहाज़ा वो शह को हलक़ करने की क़ुदरत रखता है। अल्लाह क़ादिर है तो इसका मतलब है के जब फ़ाएल एक काम को अंजाम देने की सलाहियत रखता हो और साथ ही साथ अपने काम की इल्म और अख्तियार भी रखता हो तब कहा तब कहा जाता है ये फ़ाएल इस काम पर क़ुदरत रखता है और क़ादिर है। इस मक़ाम पर एक एतेराज़ होता है क्या ख़ुदा नामुमकिन काम पर क़ुदरत रखता है ? तो इसका जवाब ये है फ़ाएल की ख़ुसियात से कतह नज़र करते हुए पहली शर्त ये है की ख़ुद फ़ाएल में मजूद होने की सलाहियत होनी चाहिए लेहाज़ा मुहालात से ख़ुदा क़ुदरत का तालुक नहीं है। इसके बाद मौलाना ने हज़रत हुर अस के मसाएब पढ़े तो मजमा अश्कबार हो गया।